Website- Edristi.in

नवत्र

समसामयिक घटनाओं की मासिक पत्रिका

वर्ष - 7 >>> अंक - 5 >>> नवम्बर, 2023

आईसीसी पुरुष क्रिकेट विश्वकप, 2023

आईसीसी पुरुष क्रिकेट विश्वकप, 2023

प्रश्न - आईसीसी पुरुष क्रिकेट विश्वकप, 2023 के संबंध में निम्न कथनों पर विचार कीजिए-

(i) आईसीसी पुरुष क्रिकेट विश्वकप का 13वां संस्करण 5 अक्टूबर, 2023 से 19 नवंबर, 2023 तक भारत में आयोजित हुआ।

(ii) विश्वकप का खिताब ऑस्ट्रेलिया ने भारत को पराजित कर छठी बार जीता है।

(iii) इस विश्वकप में विराट कोहली (भारत) प्लेयर ऑफ द टूर्नामेंट चुने गए।

(iv) विश्वकप में सर्वाधिक 24 विकेट भारतीय गेंदबाज मोहम्मद शमी ने लिए।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से कथन सही है/हैं?

(a) केवल (i),(ii) एवं (iii)

(b) केवल (i), (iii) एवं (iv)

(c) केवल (ii),(iii) एवं (iv)

(d) उपर्युक्त सभी

उत्तर - (d)

संबंधित तथ्य -

आईसीसी पुरुष क्रिकेट विश्वकप, 2023

- **आयोजित-** 5 अक्टूबर, 2023 से 19 नवंबर, 2023
- **मेजबान देश-** भारत
- **संस्करण-** 13वां।
- **फाइनल मुकाबला हुआ —** नरेंद्र मोदी स्टेडियम, अहमदाबाद
- **खिताब विजेता**-ऑस्ट्रेलिया (छठी बार)
- **उपविजेता —** भारत
- **प्रतिभागी टीमें —** 10
- **कुल मैच खेले गए —** 48
- **फाइनल में प्लेयर ऑफ द मैच —** ट्रैविस हेड (ऑस्ट्रेलिया), 137 रन एवं 1 कैच
- **प्लेयर ऑफ द टूर्नामेंट —** विराट कोहली (भारत)
- **उच्चतम स्कोर —** ग्लेन मैक्सवेल (ऑस्ट्रेलिया), नाबाद, 201 रन मुंबई में अफगानिस्तान के विरुद्ध
- **सर्वाधिक शतक** (4) — क्विंटन डी कॉक (दक्षिण अफ्रीका)
- **सर्वाधिक अर्धशतक** (6) — विराट कोहली (भारत)
- **सर्वाधिक रन** (765) — विराट कोहली (भारत), 11 पारियों में
- **सर्वाधिक विकेट** (24) — मोहम्मद शमी (भारत)
- **बेस्ट बॉलिंग फिगर (इनिंग्स) —** मोहम्मद शमी (भारत)-7/57
- **सर्वाधिक जीत —** भारत (10)
- **सर्वश्रेष्ठ जीत का प्रतिशत —** भारत (90.909 प्रतिशत)
- **सर्वाधिक हार —** नीदरलैंड्स (7)
- **उच्चतम इनिंग्स स्कोर** (428/5) — दक्षिण अफ्रीका-श्रीलंका के विरुद्ध दिल्ली में
- **मैच में बना सर्वाधिक स्कोर** (771) — ऑस्ट्रेलिया VS न्यूजीलैंड
- **सबसे बड़ी जीत (रनों की दृष्टि से) —** ऑस्ट्रेलिया (नीदरलैंड्स को 309 रनों से हराया)
- **सबसे तेज शतक बनाया —** ग्लेन मैक्सवेल, ऑस्ट्रेलिया (नीदरलैंड्स के विरुद्ध 40 गेंदों पर)
- **सबसे तेज अर्धशतक बनाया —** कुशल परेरा, श्रीलंका (22 गेंदों पर 50 रन)
- **सबसे अधिक छक्के लगाए (31) —** रोहित शर्मा (भारत)
- **सबसे अधिक कैच लिए (11) —** डेरिल मिशेल (न्यूजीलैंड)
- **सर्वाधिक डिसमिसल विकेट (20) —** क्विंटन डी कॉक (दक्षिण अफ्रीका)
- **उच्चतम स्ट्राइक रेट (150.37) —** ग्लेन मैक्सवेल (ऑस्ट्रेलिया)

❖ फाइनल में भारत ने 50 ओवर में कुल 240 रन बनाए।

❖ ऑस्ट्रेलिया ने 43 ओवर में 4 विकेट के नुकसान पर 241 रन बनाकर

यह लक्ष्य हासिल कर भारत को 6 विकेट से पराजित कर छठी बार खिताब जीत लिया।

- ❖ इससे पूर्व ऑस्ट्रेलिया ने वर्ष 1987,1999,2003,2007 और 2015 में विश्वकप का खिताब जीता था।
- ❖ विश्वकप, 2023 में भारतीय टीम के कप्तान रोहित शर्मा और ऑस्ट्रेलियाई टीम के कप्तान पैट कमिंस थे।
- ❖ न्यूजीलैंड के रचिन रवींद्र (578 रन) अपने पहले ही विश्वकप में सर्वाधिक रन बनाने वाले खिलाड़ी बने और साथ ही 25 वर्ष से कम उम्र में सर्वाधिक रन बनाने का रिकॉर्ड भी बनाया।
- ❖ पाकिस्तान ने श्रीलंका के खिलाफ 345 रन का लक्ष्य दस गेंद शेष रहते चार विकेट खोकर हासिल कर लिया जो विश्व कप इतिहास का सबसे बड़ा लक्ष्य हासिल करने का रिकॉर्ड है।
- ❖ भारत ने न्यूजीलैंड के खिलाफ सेमीफाइनल में चार विकेट पर 397 रन बनाए जो विश्वकप के नॉकआउट में किसी भी टीम का सबसे बड़ा स्कोर रहा।
- ❖ इस विश्वकप में पहली बार पांच सौ से अधिक छक्के लगाने का एक नया रिकॉर्ड बना।
- ❖ इस विश्वकप में रिकॉर्ड कुल 644 छक्के लगे।
- ❖ इस विश्व कप में कुल 40 शतक बनाए गए जो एक सत्र में शतकों का रिकॉर्ड है।
- ❖ इस विश्वकप में अंतिम शतक फाइनल में ट्रेविस हेड (ऑस्ट्रेलिया) ने बनाया।
- ❖ विराट कोहली विश्वकप में सर्वाधिक रन (37 मैचों में 1795) बनाने वाले विश्व के दूसरे बल्लेबाज बन गए हैं।
- ❖ उन्होंने यह उपलब्धि ऑस्ट्रेलिया के रिकी पोंटिग (1743 रन, 46 मैच) का रिकॉर्ड तोड़कर हासिल की है।
- ❖ कोहली के आगे सचिन तेंदुलकर (2278 रन, 45 मैच) हैं।
- ❖ इस विश्वकप में रोहित शर्मा विश्वकप के एक सत्र में सर्वाधिक रन बनाने वाले कप्तान बन गए हैं।
- ❖ विराट कोहली 9 बार विश्वकप के एक सत्र में 50 प्लस का स्कोर बनाने वाले पहले क्रिकेटर बन गए हैं।
- ❖ उन्होंने इस संदर्भ में सचिन तेंदुलकर का रिकॉर्ड तोड़ा है, जिन्होंने 7 बार एक सत्र में 50 प्लस का स्कोर बनाया था।
- ❖ इस विश्वकप में विराट कोहली ने न्यूजीलैंड के विरुद्ध 50 वनडे शतक लगाकर सचिन तेंदुलकर का रिकॉर्ड (49) तोड़ दिया हैं।
- ❖ विश्वकप के इतिहास में पहली बार चार भारतीय बल्लेबाजों ने 500 या उससे अधिक रन बनाए हैं।
- ❖ कप्तान रोहित शर्मा विश्वकप में सर्वाधिक शतक (7) बनाने वाले पहले क्रिकेटर बन गए हैं।
- ❖ मोहम्मद शमी विश्वकप में 5-5 विकेट 4 बार लेने वाले पहले गेंदबाज बन गए हैं।
- ❖ इस विश्वकप में रोहित शर्मा ने 31 छक्के लगाए जो एक सत्र में रिकॉर्ड है।
- ❖ विश्वकप के 48 साल के इतिहास में रोहित शर्मा छक्कों का अर्धशतक (27 मैचों में 55) लगाने वाले पहले क्रिकेटर बने।
- ❖ उन्होंने क्रिस गेल का रिकॉर्ड तोड़ा है, जिन्होंने 36 मैचों में 49 छक्के लगाए थे।
- ❖ रोहित शर्मा लगातार दस मैच विश्वकप में जीतने वाले पहले भारतीय कप्तान हैं।
- ❖ मोहम्मद शमी विश्वकप में सबसे तेज 50 विकेट लेने वाले गेंदबाज बन गए हैं।
- ❖ शमी 18 पारियों में 5.8 की इकॉनामी से 55 विकेट ले चुके हैं।
- ❖ के.एल. राहुल ने विकेट के पीछे 17 शिकार (16 कैच, 1 स्टंप) किए, जो एक सत्र में भारतीय रिकॉर्ड है।
- ❖ के.एल.राहुल ने राहुल द्रविड़ का 20 वर्ष पुराना रिकॉर्ड (16 कैच, वर्ष 2003) तोड़ा है।

राष्ट्रीय परिदृश्य

इंडिया स्किल्स 2023-24 का शुभारंभ

प्रश्न - अक्टूबर, 2023 में कहां पर इंडिया स्किल्स 2023-24 का शुभारंभ किया गया?

(a) बंगलुरू
(b) नई दिल्ली
(c) पुणे
(d) जयपुर

उत्तर - (b)

संबंधित तथ्य -

इंडिया स्किल्स, 2023-24 का शुभारंभ

- **कब —** 17 अक्टूबर, 2023 को
- **कहां —** नई दिल्ली में
- **किसके द्वारा —** केंद्रीय शिक्षा और कौशल विकास एवं उद्यमिता मंत्री धर्मेंद्र प्रधान
- इस अवसर पर उन्होंने विश्व कौशल 2022 के विजेताओं को सम्मानित किया
- भारत ने इस वैश्विक प्रतिस्पर्धा में 11वां स्थान हासिल किया है, जो अब तक की सबसे अच्छी रैंकिंग है
- ज्ञातव्य है कि वर्ल्ड स्किल्स प्रतियोगिता विश्व की सबसे बड़ी कौशल प्रतियोगिता है, जो हर दो वर्ष में एक बार आयोजित की जाती है
- इसका संचालन वर्ल्ड स्किल्स इंटरनेशनल द्वारा किया जाता है
- जिसके 86 सदस्य देश हैं।

7वां इंडिया मोबाइल कांग्रेस, 2023

प्रश्न - '7 वें इंडिया मोबाइल कांग्रेस, 2023' से संबंधित निम्न कथनों पर विचार कीजिए-

(1) 27-29 अक्टूबर, 2023 के मध्य इसका आयोजन हैदराबाद में किया गया।
(2) प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने इस कार्यक्रम का उद्घाटन किया।
उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से कथन सही है/हैं?

(a) केवल (1)
(b) केवल (2)
(c) (1) एवं (2) दोनों
(d) उपर्युक्त में से कोई नहीं

उत्तर - (b)

संबंधित तथ्य -

7वां इंडिया मोबाइल कांग्रेस, (IMC) 2023 आयोजित

- **कब —** 27-29 अक्टूबर, 2023 तक
- **कहां —** भारत मंडपम, प्रगति मैदान, नई दिल्ली में
- **किसके द्वारा —** दूरसंचार विभाग (DoT) और सेल्युलर ऑपरेटर्स एसोसिएशन ऑफ इंडिया (COAI)
- **उद्घाटन किया —** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने
- **मुख्य विषय (Theme) —** ''वैश्विक डिजिटल नवाचार''
- यह एशिया का सबसे बड़ा दूरसंचार, मीडिया और प्रौद्योगिकी मंच है
- इस कार्यक्रम के दौरान प्रधानमंत्री ने देशभर में शैक्षणिक संस्थानों को 100 '5 जी यूज केस लैब्स' प्रदान किया
- इन प्रयोगशालाओं को 100 '5 जी लैब्स पहल' के तहत विकसित किया जा रहा है
- यह पहल, 5 जी अनुप्रयोगों के विकास को प्रोत्साहित करके 5 जी तकनीक से जुड़े अवसरों को साकार करने का एक प्रयास है, जो भारत की विशिष्ट जरूरतों के साथ-साथ वैश्विक मांगों को भी पूरा करेगा
- इसमें 5 जी, 6 जी, कृत्रिम बुद्धिमत्ता (AI) जैसी प्रौद्योगिकियों पर प्रकाश डाला गया
- साथ ही, सेमीकंडक्टर उद्योग हरित प्रौद्योगिकी साइबर सुरक्षा आदि से जुड़े मुद्दों पर चर्चा की गई।
- इस वर्ष आईएमसी ने (IMC) एक स्टार्टअप कार्यक्रम - 'एस्पायर' शुरू किया।
- यह कार्यक्रम नई उद्यमिता पहल और सहयोग को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से स्टार्टअप, निवेशकों और स्थापित व्यवसायों के बीच आपसी संबंधों को बढ़ावा देगा।

प्रथम सैन्य विरासत महोत्सव, 2023

प्रश्न - निम्न कथनों पर विचार कीजिए-

(1) 21-22 अक्टूबर, 2023 के मध्य प्रथम सैन्य विरासत महोत्सव, 2023 जयपुर में आयोजित हुआ।
(2) केंद्रीय रक्षामंत्री राजनाथ सिंह ने 'प्रोजेक्ट उद्भव' लॉन्च किया।
उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से कथन सही है/हैं?

(a) केवल (1)
(b) (1) एवं (2) दोनों
(c) केवल (2)
(d) उपर्युक्त सभी

उत्तर - (b)

प्रथम सैन्य विरासत महोत्सव, 2023 आयोजित

- **कब —** 21-22 अक्टूबर, 2023 तक
- **कहां —** नई दिल्ली में
- **किसके द्वारा —** रक्षा मंत्रालय, भारत सरकार
- **उद्घाटन किया —** केंद्रीय रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह
- **उद्देश्य —** बात-चीत, कला, नृत्य, नाटक, गाथाओं और प्रदर्शनियों के माध्यम से सदियों से विकसित भारत की समृद्ध सैन्य संस्कृति और विरासत का उत्सव मनाना
- इस दौरान रक्षा मंत्री ने सैन्य क्षेत्र में प्राचीन रणनीतिक कौशल की खोज और समकालीन सैन्य क्षेत्र में एकीकरण के माध्यम से स्वदेशीय संवाद को बढ़ावा देने के लिए 'प्रोजेक्ट उद्भव' लॉन्च किया।

राजस्थान सरकार की नई ग्रीन (हरित) हाइड्रोजन नीति

प्रश्न - राजस्थान सरकार की नई ग्रीन (हरित) हाइड्रोजन नीति के संबंध में विकल्प में कौन-सा तथ्य सही नहीं है।

(a) 1 अक्टूबर, 2023 को राजस्थान मंत्रिमंडल ने नई ग्रीन हाइड्रोजन नीति को मंजूरी प्रदान की।

(b) इस नीति का लक्ष्य वर्ष 2030 तक राज्य में 2000 किलोटन प्रतिवर्ष (केटीपीए) ग्रीन हाइड्रोजन का उत्पादन है।

(c) नई नीति के अनुसार ग्रीन हाइड्रोजन उत्पादन के लिए अक्षय ऊर्जा प्लांट की स्थापना हेतु भूमि का आवंटन भू-राजस्व नियम, 2012 के अनुसार किया जाएगा।

(d) तीसरे पक्ष से अक्षय ऊर्जा क्रय करने पर अतिरिक्त एवं क्रॉस सब्सिडी सरचार्ज में 10 वर्ष तक छूट मिलेगी।

उत्तर - (c)

संबंधित तथ्य -

राजस्थान सरकार की नई ग्रीन (हरित) हाइड्रोजन नीति

- **मंजूरी** — 1 अक्टूबर, 2023 को
- **मंजूरी प्रदत्त** — राजस्थान मंत्रिमंडल द्वारा
- **नीति के प्रावधानों के अनुसार ग्रीन हाइड्रोजन प्रोजेक्ट की स्वीकृति** — मुख्य सचिव की अध्यक्षता में गठित राज्य स्तरीय सक्षम समिति द्वारा
- **लक्ष्य** — वर्ष 2030 तक राज्य में 2000 किलो-टन प्रतिवर्ष (केटीपीए) हरित (ग्रीन) हाइड्रोजन का उत्पादन
- **उद्देश्य** — रिफाइनरी एवं फर्टिलाइजर प्लांट की मांग की पूर्ति हेतु न्यूनतम एक ग्रीन हाइड्रोजन वैली की स्थापना करना
- **भूमि का आवंटन** — इस नई नीति के अनुसार ग्रीन हाइड्रोजन उत्पादन के लिए अक्षय ऊर्जा प्लांट की स्थापना हेतु भूमि का आवंटन भू-राजस्व नियम, 2007 के अनुसार
- **हाइड्रोजन प्लांट के लिए भूमि का आवंटन** — औद्योगिक क्षेत्र में राजस्थान स्टेट इंडस्ट्रियल डेवलपमेंट एंड इन्वेस्टमेंट कॉर्पोरेशन लिमिटेड (रीको) द्वारा
- **इसके अलावा प्लांट स्थापित किया जा सकता है** — निजी भूमि पर भी
- **नीति अंतर्गत लाभ देय होंगे** — इन्वेस्टमेंट एवं प्रमोशन स्कीम के अनुसार
- **प्लांट स्थापना पर प्रसारण एवं वितरण शुल्क में छूट** — 50 प्रतिशत तक की छूट 10 वर्ष तक
- **तीसरे पक्ष से अक्षय ऊर्जा क्रय करने पर छूट** — अतिरिक्त ए क्रॉस सब्सिडी सरचार्ज में 10 वर्षों तक
- **अनुसंधान केंद्र की स्थापना हेतु अनुदान** — लागत का 30 प्रतिशत

❖ इस नीति के तहत कम-से-कम एक गीगावॉट इलेक्ट्रोलाइजर मैन्युफैक्चरिंग यूनिट की स्थापना की जाएगी।

❖ भारत से ग्रीन हाइड्रोजन का न्यूनतम 20 प्रतिशत आपूर्ति राजस्थान से करने का लक्ष्य है तथा राज्य में उत्पादित नेचुरल गैस में 10 प्रतिशत तक ग्रीन हाइड्रोजन की ब्लेंडिंग है।

❖ ग्रीन हाइड्रोजन के लिए अक्षय ऊर्जा प्लांट की क्षमता कॉन्ट्रैक्ट डिमांड से 2.5 गुना तक अनुमति दी जाएगी।

❖ नीति के तहत ब्रायन वाटर या ट्रीटेड वॉटर से ग्रीन हाइड्रोजन के उत्पादन पर राजकीय भूमि आवंटन में प्राथमिकता दी जाएगी।

उत्तर प्रदेश में 'वन्यजीव संरक्षण और सतत पर्यटन विकास' विषयक कार्यशाला

प्रश्न - अक्टूबर, 2023 में वन्यप्राणी सप्ताह के अवसर पर 'वन्यजीव संरक्षण और सतत पर्यटन विकास' विषयक कार्यशाला का आयोजन कहां किया गया है?

(a) लखनऊ

(b) लखीमपुर खीरी

(c) चित्रकूट

(d) पीलीभीत

उत्तर - (d)

संबंधित तथ्य -

उत्तर प्रदेश में 'वन्यजीव संरक्षण और सतत पर्यटन विकास' विषयक कार्यशाला

- **कार्यशाला का शुभारंभ** — 6 अक्टूबर, 2023 को 'वन्यप्राणी सप्ताह के अवसर पर
- **कहां** — पीलीभीत जिले में
- **शुभारंभकर्त्ता** — मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ
- **इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने लोकार्पण और शिलान्यास किया** — पीलीभीत जिले के विकास की 26 परियोजनाओं एवं 5 करोड़ रुपये की लागत से 51 उच्चीकृत वन विश्राम भवनों का
- **विमोचन किया** — सारस गणना रिपोर्ट - 2023, लग्गा-बग्गा कॉरिडोर पुस्तक तथा वृक्षारोपण जन अभियान, 2023 की 'कॉफी टेबल बुक' का।
- **बाघ मित्र ऐप का शुभारंभ किया** — बाघों की सुरक्षा हेतु
- **मुख्यमंत्री ने जंगल सफारी की** — चूका स्पॉट में
- **पुरस्कृत किया गया है** — यू.एन.डी.पी., आई.यू.सी.एन., जी.टी.एफ., डब्ल्यू. डब्ल्यू.एफ., सी.ए.टी.एस. और द लॉयन्स शेयर द्वारा संयुक्त रूप से पीलीभीत टाइगर रिजर्व को T×2 के प्रथम ग्लोबल अवॉर्ड से

❖ 6 अक्टूबर, 2023 को ही वन विभाग द्वारा गांगेय डॉल्फिन को उत्तर प्रदेश के जलीय जीव के रूप में मान्यता देने की भी घोषणा की गई है।

❖ उत्तर प्रदेश में वर्ष 2018 की बाघ गणना में बाघों की संख्या 173 थी, जो कि आज यह संख्या बढ़कर 205 हो गई है।

❖ इस अवसर पर मुख्यमंत्री का वन एवं पर्यावरण राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) अरुण कुमार सक्सेना ने पीलीभीत टाइगर रिजर्व को प्राप्त कैट्स अवॉर्ड भेंट किया।

❖ लग्गा-बग्गा कॉरिडोर पुस्तक डब्ल्यू.डब्ल्यू.एफ. इंडिया एवं उत्तर-प्रदेश वन विभाग द्वारा संकलित है।

मेरा युवा भारत (एमवाई भारत)

प्रश्न - मेरा युवा भारत (एमवाई भारत) के संबंध में विकल्प में कौन-सा तथ्य सही नहीं है?

(a) 11 अक्टूबर, 2023 को केंद्रीय मंत्रिमंडल ने मेरा युवा भारत (एमवाई भारत) नामक निकाय की स्थापना को मंजूरी प्रदान की।
(b) यह एक स्वायत्तशासी निकाय होगा।
(c) राष्ट्रीय युवा नीति में दी गई 'युवा' की परिभाषा के अनुरूप 15-29 वर्ष के युवा इससे लाभान्वित होंगे।
(d) विशेष रूप से किशोरों के लिए बनाए गए कार्यक्रम घटकों के मामले में लाभार्थी 10-15 वर्ष के आयु वर्ग के होंगे।

उत्तर - (d)

संबंधित तथ्य -

मेरा युवा भारत (एमवाई भारत)

- **इस निकाय की स्थापना को मंजूरी —** 11 अक्टूबर, 2023 को
- **मंजूरी प्रदाता —** केंद्रीय मंत्रिमंडल
- **यह निकाय होगा —** एक स्वायत्तशासी (Autonomous) निकाय
- **उद्देश्य —** युवाओं के विकास और युवा नेतृत्व वाले विकास के लिए प्रौद्योगिकी द्वारा संचालित एक व्यापक सक्षम तंत्र के रूप में कार्य करना।
  - ➲ युवाओं को समान पहुंच प्रदान करते हुए उनकी आकांक्षाओं को साकार करना।
  - ➲ सरकार के संपूर्ण दायरे में विकसित भारत का निर्माण करना।
- **लाभान्वित होंगे —** राष्ट्रीय युवा नीति में दी गई 'युवा' की परिभाषा अनुरूप 15-29 वर्ष के युवा
- **यह कार्यक्रम बनाया गया है —** विशेष रूप से किशोरों के लिए
- **किशोरों के लिए बनाए गए कार्यक्रम घटकों के मामले में लाभार्थी होंगे —** 10-19 वर्ष के आयु वर्ग के युवा।
- **इसकी स्थापना से बढ़ावा —** युवाओं में नेतृत्व विकास
  - ➲ युवा आकांक्षाओं और समुदायिक आवश्यकताओं के बीच बेहतर तालमेल।
  - ➲ मौजूदा कार्यक्रमों का सम्मिलन कर युवाओं की दक्षता में वृद्धि करना।
  - ➲ युवा लोगों और मंत्रालयों के लिए वन स्टॉप शॉप के रूप में कार्य करना।
  - ➲ युवा सरकारी पहलों और युवाओं के साथ जुड़ने वाले अन्य हितधारकों की गतिविधियों को जोड़ने हेतु दोतरफा संचार में सुधार।
  - ➲ एक भौतिक पारिस्थितिकी तंत्र का निर्माण करते हुए पहुंच सुनिश्चित करना।

खान और खनिज (विकास और विनियमन) अधिनियम, 1957

प्रश्न - 11 अक्टूबर, 2023 को केंद्रीय मंत्रिमंडल ने तीन महत्वपूर्ण और रणनीतिक खनिजों लिथियम, नायोबियम और रेयर अर्थ एलिमेंट्स (आरईई) के संबंध में रॉयल्टी की दर निर्धारित करने हेतु खान और खनिज (विकास और विनियमन) अधिनियम, 1957 की किस अनुसूची में संशोधन को मंजूरी प्रदान की है?

(a) पहली
(b) दूसरी
(c) तीसरी
(d) चौथी

उत्तर - (b)

संबंधित तथ्य -

खान और खनिज (विकास और विनियमन) अधिनियम, 1957

- **इस अधिनियम की दूसरी अनुसूची में संशोधन को मंजूरी —** प्रधानमंत्री की अध्यक्षता में केंद्रीय मंत्रिमंडल द्वारा
- **कब —** 11 अक्टूबर, 2023 को
- **किसलिए —** तीन महत्वपूर्ण और रणनीतिक खनिजों लिथियम, नायोबियम और रेयर अर्थ एलिमेंट्स (आरईई) के संबंध में रॉयल्टी की दर निर्धारित करने हेतु
- **संशोधन करने का निर्णय लिया गया है —** उचित रॉयल्टी दर निर्धारित करने हेतु
- **लिथियम की रॉयल्टी दर —** लंदन मेटल एक्सचेंज मूल्य का 3 प्रतिशत
- **नायोबियम की रॉयल्टी दर —** औसत ब्रिकी मूल्य का 3 प्रतिशत (प्राथमिक और द्वितीयक दोनों स्रोतों के लिए)
- **आरईई की रॉयल्टी दर —** रेयर अर्थ ऑक्साइड के औसत बिक्री मूल्य का 1 प्रतिशत।

- ❖ इस अधिनियम की दूसरी अनुसूची में विभिन्न खनिजों की रॉयल्टी दर निर्धारित करने का प्रावधान है।
- ❖ दूसरी अनुसूची की मद संख्या 55 में यह प्रावधान है कि जिन खनिजों की रॉयल्टी दर विशेष रूप से उपलब्ध नहीं की गई है, उनके लिए रॉयल्टी दर औसत बिक्री मूल्य (एएसपी) का 12 प्रतिशत होगी।
- ❖ इसीलिए इस सूची में संशोधन कर तीनों महत्वपूर्ण खनिजों की नई दरें निर्धारित की गई हैं।
- ❖ रॉयल्टी दर के मामलें में केंद्रीय मंत्रिमंडल की मंजूरी से केंद्र सरकार देश में पहली बार लिथियम, नायोबियम और आरईई के लिए ब्लॉकों की नीलामी करने में सक्षम होगी।
- ❖ उल्लेखनीय है कि अगस्त, 2023 में खान और खनिज (विकास और विनियमन) संशोधन अधिनियम, 2023 संसद द्वारा पारित किया गया था।
- ❖ यह अधिनियम, 17 अगस्त, 2023 से लागू हो गया है।
- ❖ इसमें संशोधन के माध्यम से अन्य बातों के अतिरिक्त लिथियम एवं नायोबियम सहित 6 खनिजों को परमाणु खनिजों की सूची से हटा दिया गया है।
- ❖ इस संशोधन में यह भी प्रावधान है कि लिथियम, नायोबियम और आरईई (यूरेनियम और थोरियम सहित) के साथ 24 महत्वपूर्ण और रणनीतिक खनिजों (जो अधिनियम की पहली अनुसूची के भाग डी में सूचीबद्ध हैं) के खनन पट्टे और समग्र लाइसेंस की नीलामी केंद्र सरकार करेगी।

पांच राज्यों की विधानसभाओं के आम चुनाव, 2023 के कार्यक्रम की घोषणा

प्रश्न - 9 अक्टूबर, 2023 को भारत निर्वाचन आयोग ने पांच राज्यों की विधानसभाओं के आम चुनाव, 2023 के कार्यक्रम की घोषणा की। इससे संबंधित निम्न कथनों पर विचार कीजिए-

1. इन पांच राज्यों में छत्तीसगढ़, मध्य प्रदेश, मिजोरम, राजस्थान तथा तेलंगाना शामिल हैं।

2. मतगणना 1 दिसंबर, 2023 को होगी।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से कथन सही है/हैं?

(a) केवल (1)
(b) केवल (2)
(c) (1) एवं (2) दोनों
(d) उपर्युक्त में से कोई नहीं

उत्तर - (a)

संबंधित तथ्य -

पांच राज्यों की विधानसभाओं के आम चुनाव, 2023 के कार्यक्रम की घोषणा

- **कब —** 9 अक्टूबर, 2023 को
- **किसके द्वारा —** भारत निर्वाचन आयोग।
- **इन पांच राज्यों में शामिल हैं —** छत्तीसगढ़, मध्य प्रदेश, मिजोरम, राजस्थान और तेलंगाना
- मिजोरम में 40 सदस्यों की विधानसभा के लिए मतदान एक चरण में 7 नवंबर, 2023 को होगा
- 90 सदस्यीय छत्तीसगढ़ विधानसभा के चुनाव 2 चरणों में होंगे
- पहले चरण का चुनाव 7 नवंबर, 2023 को तथा दूसरे चरण का चुनाव 17 नवंबर को होगा
- 230 सदस्यीय मध्य प्रदेश विधानसभा का चुनाव एक चरण में 17 नवंबर, 2023 को होगा
- 200 सदस्यीय राजस्थान विधानसभा का चुनाव एक चरण में 23 नवंबर, 2023 को होगा।
- 119 सदस्यीय तेलंगाना विधानसभा का चुनाव एक चरण में 30 नवंबर, 2023 को होगा
- इन पांच राज्यों में मतगणना 3 दिसंबर, 2023 को होगी।

आधिकारिक तौर पर अपने वृक्ष, फूल, पक्षी और प्रजातियों को नामित करने वाला भारत का पहला जिला

प्रश्न - अक्टूबर, 2023 में कौन-सा जिला आधिकारिक तौर पर अपने वृक्ष, फूल, पक्षी और प्रजातियों को नामित करने वाला भारत का पहला जिला बन गया है?

(a) वायनाड
(b) कासरगोड
(c) कोल्लम
(d) मलप्पुरम

उत्तर - (b)

संबंधित तथ्य -

आधिकारिक तौर पर अपने वृक्ष, फूल, पक्षी और प्रजातियों को नामित करने वाला भारत का पहला जिला

- **बन गया—** कासरगोड (केरल)
- **कब —** अक्टूबर, 2023 में
- **आधिकारिक वृक्ष—** कांजीरम (स्ट्राइक्नोस नक्स-वोमिका)
- **आधिकारिक पक्षी-**व्हाइट बेलिड सी हॉक (हलियाएट्स लयूकोगास्टर)
- **आधिकारिक फूल —** पेरिया पोलाथली (क्रिनम मालाबेरिकन)
- **आधिकारिक प्रजाति-**कैंटर का विशालकाय सॉफ्टशेल कछुआ (भीमन अम्मा)।

- ❖ कासरगोर्ड जिला पंचायत द्वारा राज्य जैव-विविधता प्रबंधन समिति के साथ मिलकर यह घोषणा की गई है।
- ❖ संरक्षण गतिविधियों को मजबूत करने के लिए लुप्तप्राय प्रजातियों को जिले की प्रजाति घोषित किया गया है।
- ❖ इस घोषणा के पीछे का उद्देश्य इन प्रजातियों की रक्षा करना, उनके विकास को बढ़ावा देना और सार्वजनिक जागरूकता बढ़ाना है।
- ❖ आधिकारिक वृक्ष कांजीरम का नाम एक प्रजाति 'कसारा' के नाम पर रखा गया है, जिसका अर्थ है कीड़ाजड़ी, जिससे जिले का नाम उत्पन्न हुआ है।
- ❖ घोषित आधिकारिक पक्षी माहे से मंजेश्वरम तक फैले क्षेत्र का मूल निवासी है।
- ❖ घोषित आधिकारिक प्रजाति एक दुर्लभ प्रजाति है, जो लुप्तप्राय मीठे पानी के कछुओं की लाल सूची में सूचीबद्ध है।
- ❖ जिले का फूल पेरिया पोलाथली सफेद और लाल रंग के होते हैं, जो विशेष रूप से कासरगोड में लेटेराइट पहाड़ियों से निकलने वाली नदियों में पाया जाता है।

भारत का पहला रीजनल रैपिड ट्रांजिट सिस्टम (आरआरटीएस)

प्रश्न - अक्टूबर, 2023 में प्रधानमंत्री द्वारा शुभारंभ किए गए भारत के पहले रीजनल रैपिड ट्रांजिट सिस्टम (आरआरटीएस) के संबंध में विकल्प में कौन-सा तथ्य सही नहीं है?

(a) 20 अक्टूबर, 2023 को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने उत्तर-प्रदेश के गाजियाबाद में साहिबाबाद रैपिडएक्स स्टेशन पर दिल्ली गाजियाबाद-मेरठ आरआरटीएस गलियारे के प्राथमिकता वाले खंड का उद्घाटन करके भारत के पहले रीजनल रैपिड ट्रांजिट सिस्टम (आरआटीएस) की शुरुआत की।
(b) इस अवसर पर उन्होंने भारत की पहली रैपिड रेल सेवा, नमो भारत ट्रेन का शुभारंभ किया।
(c) इसके अलावा प्रधानमंत्री ने बंगलुरू मेट्रो के उत्तर-दक्षिण गलियारा की दो लाइनों को राष्ट्र को समर्पित किया।
(d) दिल्ली-गाजियाबाद-मेरठ आरआरटीएस कॉरिडोर का प्राथमिकता वाला खंड गाजियाबाद, गुलधार और दुहाई स्टेशनों के साथ साहिबाबाद को दुहाई डिपो से जोड़ेगा।

उत्तर - (c)

संबंधित तथ्य -

भारत का पहला रीजनल रैपिड ट्रांजिट सिस्टम (आरआरटीएस)

- **शुभारंभ —** 19 अक्टूबर, 2023
- **कहां —** उत्तर प्रदेश के गाजियाबाद में स्थित साहिबाबाद रैपिड एक्स स्टेशन पर
- **शुभारंभकर्त्ता —** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी
- **प्रधानमंत्री ने इसकी शुरुआत की—** दिल्ली-गाजियाबाद-मेरठ आरआरटीएस गलियारे के 17 किमी. लंबे प्राथमिकता वाले खंड का उद्घाटन करके
- **यह प्राथमिकता वाला खंड जोड़ेगा —** गाजियाबाद, गुलधार और दुहाई स्टेशनों के साथ साहिबाबाद को दुहाई डिपो से
- **प्रधानमंत्री ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया —** भारत की पहली रैपिड रेल सेवा, नमो भारत ट्रेन को
- **प्रधानमंत्री ने राष्ट्र को समर्पित किया —** बंगलुरू मेट्रो के पूर्व-पश्चिम गलियारे की दो लाइनों को
- **इन दो मेट्रो लाइनों में शामिल हैं —** बैयप्प हल्ली को कृष्णराजपुरा और केंगेंरी को चैल्लाघट्टा से जोड़ने वाला खंड।

❖ नए विश्वस्तरीय परिवहन बुनियादी ढांचे के निर्माण के माध्यम से देश में क्षेत्रीय कनेक्टिविटी को बदलने के उद्देश्य से क्षेत्रीय (रीजनल) रैपिड ट्रांजिट सिस्टम (आरआरटीएस) परियोजना विकसित की जा रही है।

❖ आरआरटीएस एक नई रेल-आधारित, सेमी हाई-स्पीड, हाईफ्रीक्वेंशी वाली कंप्यूटर ट्रांजिट प्रणाली है।

❖ 180 किमी. प्रति घंटे की गति के साथ आरआरटीएस एक परिवर्तनकारी क्षेत्रीय विकास पहल है, जिसे प्रति 15 मिनट में इंटरसिटी आवागमन हेतु हाई-स्पीड ट्रेनें प्रदान करने के लिए डिजाइन किया गया है, जो आवश्यकतानुसार प्रति 5 मिनट की फ्रीक्वेंशी तक जा सकती है।

❖ एनसीआर (राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र) में तैयार किए जाने वाले कुल 8 आरआरटीएस कॉरिडोर की पहचान की गई।

❖ इस 8 में से तीन कॉरिडोर-दिल्ली-गाजियाबाद-मेरठ कॉरिडोर, दिल्ली-गुरुग्राम -एसएनबी-अलवर कॉरिडोर और दिल्ली-पानीपत कॉरिडोर को पहले चरण में प्राथमिकता के रूप में शुरू किया जाएगा।

❖ दिल्ली-गाजियाबाद-मेरठ आरआरटीएस की निर्माण लागत राशि 30,000 करोड़ रुपये से अधिक है।

शेष बाघ सुरक्षा बल (एसटीपीएफ)

प्रश्न - 18 अक्टूबर, 2023 को किस राज्य में बाघ अभयारण्यों की सुरक्षा के लिए विशेष बाघ सुरक्षा बल (एसटीपीएफ) के गठन को मंजूरी प्रदान की गई है?

(a) असम
(b) कर्नाटक
(c) अरुणाचल प्रदेश
(d) गुजरात

उत्तर - (c)

संबंधित तथ्य -

विशेष बाघ सुरक्षा बल (एसटीपीएफ)

- **गठन को मंजूरी —** 18 अक्टूबर, 2023
- **मंजूरी प्रदाता —** अरुणाचल प्रदेश मंत्रिमंडल
- **गठन किया गया है —** राष्ट्रीय बाघ संरक्षण प्राधिकरण (एनटीसीए) के दिशा-निर्देशों के अनुसार
- **किसलिए —** राज्य के तीन बाघ अभयारण्यों नामदाफा, पक्के और कमलांग के लिए
- **इस बल में शामिल होगी —** 112 कर्मियों की एक कंपनी
- **प्रत्येक कंपनी को वितरित किया जाएगा —** तीन प्लाटून और 18 वर्गों में
- **उद्देश्य —** राज्य के इन तीन बाघ अभयारण्यों की सुरक्षा करना
- **इस बल का प्राथमिक उद्देश्य —** बाघों के आवासों की सुरक्षा करना, वन्यजीवों की तस्करी को रोकना, पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय की संपत्तियों की रक्षा करना और वैज्ञानिक वन प्रबंधन में सहायता करना
- **विशेष तथ्य —** वर्ष 2022 की राष्ट्रीय बाघ जनगणना के अनुसार राज्य के इन तीन अभयारण्यों में कुल 9 बाघ हैं, जबकि वर्ष 2018 में की गई जनगणना में 29 बाघ थे।
  - ❖ वर्ष 2018 की तुलना में वर्ष 2022 में 20 बाघ कम हो गए हैं।

❖ इसके अलावा मंत्रिमंडल द्वारा अरुणाचल प्रदेश राज्य औद्योगिक और निवेश नीति, 2020 में संशोधन को भी मंजूरी प्रदान की गई है।

❖ संशोधित नीति में अरुणाचल प्रदेश को निवेश के लिए पसंदीदा स्थल बनाना, नवीनतम तकनीक का कौशल प्रदान करना और एक अनुकूल पारिस्थितिकी तंत्र प्रदान करना आदि शामिल है।

प्रमोद महाजन ग्रामीण कौशल्य विकास केंद्र

प्रश्न - 19 अक्टूबर, 2023 को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से महाराष्ट्र में कितने प्रमोद महाजन ग्रामीण कौशल्य विकास केंद्रों का शुभारंभ किया?

(a) 425
(b) 450
(c) 500
(d) 511

उत्तर - (d)

संबंधित तथ्य -

प्रमोद महाजन ग्रामीण कौशल्य विकास केंद्र

- **शुभारंभ —** 19 अक्टूबर, 2023 को वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से
- **कहां —** महाराष्ट्र में
- **शुभारंभकर्ता —** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी
- **शुभारंभ किए गए केंद्रों की संख्या —** 511
- **ये केंद्र स्थापित किए जा रहे हैं —** राज्य के 34 ग्रामीण जिलों में
- **इस केंद्र में आयोजित होगा —** ग्रामीण युवाओं को रोजगार के अवसर प्रदान करने हेतु विभिन्न क्षेत्रों में कौशल विकास प्रशिक्षण कार्यक्रम
- **प्रत्येक केंद्र प्रशिक्षित करेगा —** कम से कम दो व्यावसायिक पाठ्यक्रमों में लगभग 100 युवाओं को
- **यह प्रशिक्षण प्रदान किया जा रहा है —** राष्ट्रीय कौशल विकास परिषद के तहत सूचीबद्ध उद्योग जगत के भागीदारों और एजेंसियों

❖ इन केंद्रों की स्थापना से संबंधित क्षेत्रों को अधिक सक्षम एवं कुशल जनशक्ति विकसित करने की दिशा में महत्वपूर्ण प्रगति हासिल करने में मदद मिलेगी।

प्रश्न - 18 अक्टूबर, 2023 को आर्थिक मामलों की मंत्रिमंडलीय समिति द्वारा लद्दाख में कितनी क्षमता की नवीकरणीय ऊर्जा परियोजना के लिए हरित ऊर्जा गलियारा (जीईसी)-II- अंतर-राज्य ट्रांसमिशन सिस्टम (आईएसटीएस) परियोजना को स्वीकृति प्रदान की गई है?

(a) 8 गीगावॉट
(b) 12 गीगावॉट
(c) 13 गीगावॉट
(d) 15 गीगावॉट

उत्तर - (c)

संबंधित तथ्य -

हरित ऊर्जा गलियारा (जीईसी) चरण-II अंतर-राज्य ट्रांसमिशन सिस्टम (आईएसटीएस) परियोजना

- **स्वीकृति —** 18 अक्टूबर, 2023
- **स्वीकृति प्रदाता —** आर्थिक मामलों की मंत्रिमंडलीय समिति
- **किसलिए —** 13 गीगावॉट नवीकरणीय ऊर्जा परियोजना के लिए
- **कहां —** लद्दाख में
- **परियोजना के स्थापित होने की अवधि —** वित्त वर्ष 2029-30 तक
- **अनुमानित लागत राशि —** 20,773.70 करोड़ रुपये
- **केंद्रीय वित्तीय सहायता के रूप में प्रदत्त की जाने वाली राशि —** 8,309.48 करोड़ रुपये (40 प्रतिशत)
- **लागूकर्ता एजेंसी —** पॉवर ग्रिड कॉर्पोरेशन ऑफ इंडिया लिमिटेड (पॉवरग्रिड)
- **इसमें लगाई जाएगी —** अत्याधुनिक वोल्टेज सोर्स कन्वर्टर (वीएससी) आधारित हाई वोल्टेज डायरेक्ट करंट (एचवीडीसी) सिस्टम और एक्स्ट्रा हाई वोल्टेज अल्टरनेटिंग करंट (ईएचवीएसी)

❖ बिजली ट्रांसमिशन लाइन हिमाचल प्रदेश और पंजाब से होकर हरियाणा के कैथल तक जाएगी, जहां इसे राष्ट्रीय ग्रिड के साथ जोड़ा जाएगा।

❖ इस परियोजनांतर्गत मौजूदा लद्दाख ग्रिड तक इंटरकनेक्शन की योजना बनाई गई है।

❖ इसे जम्मू-कश्मीर को बिजली प्रदान करने हेतु लेह-अलुस्टेंग-श्रीनगर लाइन से भी जोड़ा जाएगा।

❖ इस परियोजना में पांग (लद्दाख) और कैथल (हरियाणा) में 713 किमी. ट्रांसमिशन लाइनें (480 किमी. एचवीडीसी लाइन सहित) और 5 गीगावॉट क्षमता वाले हाई वोल्टेज डायरेक्ट करेंट टर्मिनल की स्थापना भी किया जाना शामिल है।

❖ यह परियोजना वर्ष 2030 तक गैर-जीवाश्म ईंधन से 500 गीगावॉट स्थापित बिजली क्षमता के लक्ष्य को प्राप्त करने में योगदान देगी।

❖ यह परियोजना अंतरराज्यीय ट्रांसमिशन सिस्टम ग्रीन एनर्जी कॉरिडोर चरण-II (आईएनएसटीएस, जीईसी-II) के अतिरिक्त है, जो पहले से ही गुजरात, हिमाचल प्रदेश, कर्नाटक, केरल, राजस्थान, तमिलनाडु और उत्तर प्रदेश राज्यों में ग्रिड एकीकरण बिजली से ग्रिड तक पहुंचाने के क्रम में है।

❖ वर्ष 2026 तक 20 गीगावॉट नवीकरणीय ऊर्जा प्राप्त होने की संभावना है।

❖ आईएनएसटीएस जीईसी-II योजना के अंतर्गत 10753 सर्किट किमी. ट्रांसमिशन लाइनें और 27546 मेगा सब-स्टेशनों की क्षमता को जोड़ने का लक्ष्य रखा गया है।

❖ इसकी अनुमानित लागत 12031.33 करोड़ रुपये और सीएफए 33 प्रतिशत दिया जाएगा। अर्थात कुल 3970.34 करोड़ सीएफए के अंतर्गत प्रदान किए जाएंगे।

हिमाचल प्रदेश में जिला सुशासन सूचकांक की वार्षिक रिपोर्ट-2022

प्रश्न - हिमाचल प्रदेश में जारी की गई जिला सुशासन सूचकांक की वार्षिक रिपोर्ट- 2022 के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए-

(i) 10 अक्टूबर, 2023 को मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू ने हिमाचल प्रदेश जिला सुशासन सूचकांक पर वार्षिक रिपोर्ट, 2022 जारी की।
(ii) इस रिपोर्ट में 8 मूल विषय, 19 केंद्र बिंदु और 90 विशिष्ट कारक शामिल हैं।
(iii) वर्ष 2022 की रैंकिंग में कांगड़ा जिला ने प्रथम पुरस्कार प्राप्त किया है।
(iv) इस रैंकिंग में लाहौल-स्फीति जिला ने दूसरा पुरस्कार प्राप्त किया है।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से कथन सही है/हैं?

(a) केवल (i) एवं (ii)
(b) केवल (ii) एवं (iv)
(c) केवल (i),(ii) एवं (iii)
(d) उपर्युक्त सभी

उत्तर - (c)

संबंधित तथ्य -

हिमाचल प्रदेश में जिला सुशासन सूचकांक की वार्षिक रिपोर्ट, 2022

- **जारी —** 10 अक्टूबर, 2023 को
- **जारीकर्ता —** हिमाचल प्रदेश के मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू
- **रिपोर्ट तैयार की गई है —** आर्थिकी और सांख्यिकी विभाग द्वारा
- **रिपोर्ट में शामिल —** 8 मूल विषय, 19 केंद्र बिंदु और 90 विशिष्ट कारक
- **संस्करण —** चौथा
- **चौथी रिपोर्ट तैयार की गई —** 12 जिलों के माध्यमिक आंकड़ों के आधार पर
- **8 मूल विषय —** आवश्यक बुनियादी ढांचा, मानव विकास, सामाजिक संरक्षण, महिलाएं एवं बच्चे, अपराध, कानून एवं व्यवस्था, पर्यावरण, पारदर्शिता और जवाबदेही तथा आर्थिक प्रदर्शन
- **दूसरे स्तर पर रखे गए हैं —** 19 केंद्र बिंदु
- **तीसरे स्तर पर 90 विशिष्ट कारकों के आधार पर —** जिलों में उपलब्ध आंकड़ों का एकीकरण एवं विश्लेषण
- **रैंकिंग की गई है —** जिला स्तर सूचकांकों के त्रि-स्तरीय मूल्यांकन के आधार पर सभी 12 जिलों की
- **वर्ष 2022 की रैंकिंग में प्रथम पुरस्कार प्राप्त जिला —** कांगड़ा (50 लाख रुपये)
- **द्वितीय पुरस्कार प्राप्त जिला —** हमीरपुर (35 लाख रुपये)
- **तृतीय पुरस्कार प्राप्त जिला —** लाहौल-स्पीति (25 लाख रुपये)

❖ हिमाचल प्रदेश देश का पहला राज्य है, जिसने महत्वपूर्ण क्षेत्रों में प्रशासन की गुणवत्ता मापन का कार्य शुरू किया है।

ट्रांसकॉन, 2023

प्रश्न - अक्टूबर, 2023 में इंडियन सोसाइटी ऑफ ब्लड ट्रांसफ्यूजन एंड इम्यूनोहिमैटोलॉजी की 48वीं कॉन्फ्रेंस 'ट्रांसकॉन, 2023' का आयोजन कहां किया गया?

(a) नोएडा
(b) वाराणसी
(c) लखनऊ
(d) गाजियाबाद

उत्तर - (c)

संबंधित तथ्य -

ट्रांसकॉन, 2023

- **क्या है? —** इंडियन सोसाइटी ऑफ ब्लड ट्रांसफ्यूजन एंड इम्यूनोहिमैटोलॉजी की 48वीं कॉन्फ्रेंस
- **आयोजन —** 6-8 अक्टूबर, 2023
- **आयोजन स्थल —** लखनऊ, उत्तर प्रदेश
- **शुभारंभकर्ता —** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ
- **आयोजनकर्ता —** इंडियन सोसाइटी ऑफ ब्लड ट्रांसफ्यूजन एंड इम्यूनोहिमैटोलॉजी का यू.पी. चैप्टर तथा ब्लड ट्रांसफ्यूजन एवं इम्यूनोहिमैटोलॉजी विभाग, किंग जॉर्ज मेडिकल यूनिवर्सिटी, लखनऊ।

❖ इस कॉन्फ्रेंस का आयोजन लगभग 15 वर्षों बाद उत्तर प्रदेश में किया गया।

❖ मुख्यमंत्री ने ब्लड बैंकिंग के क्षेत्र में बेहतर कार्य करने वाले चिकित्सकों और चिकित्साकर्मियों को आई.एस.बी.टी.आई. (ISBTI) अवॉर्ड प्रदान किया और ट्रांसकॉन, 2023 स्मारिका का विमोचन भी किया

यातायात परिदृश्य के लिए स्वदेशी इंटेलिजेंट ट्रांसपोर्टेशन सिस्टम सॉल्यूशंस

प्रश्न - 12 अक्टूबर, 2023 को 11वें ट्रैफिक एक्सपो और स्मार्ट मोबिलिटी सम्मेलन में शुरू की गई तीन प्रौद्योगिकियों में विकल्प में कौन-सी प्रौद्योगिकी शामिल नहीं है?

(a) औद्योगिक अनुप्रयोग के लिए सीएमओएस सेंसर आधारित कैमरा।
(b) इंटेलिजेंट ट्रांसपोर्ट सिस्टम (टीवीआईटीएस) के लिए थर्मल सेंसर कैमरा।
(c) ऑनलाइन सुक्रो क्रिस्टल इमेजिंग सिस्टम (ओएसआईएस)
(d) यातायात के लिए हाई जूम इमेजिंग सिस्टम

उत्तर - (d)

संबंधित तथ्य -

यातायात परिदृश्य के लिए स्वदेशी इंटेलिजेंट ट्रांसपोर्टेशन सिस्टम सॉल्यूशंस

- **शुभारंभ —** 12 अक्टूबर, 2023; 11वें ट्रैफिक एक्सपो और स्मार्ट मोबिलिटी सम्मेलन में
- **लांचकर्त्ता —** इलेक्ट्रॉनिक्स और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय के सचिव एस. कृष्णन
- **स्वदेशी रूप से विकसित शुरू की गई तीन प्रौद्योगिकियां —** औद्योगिक अनुप्रयोग हेतु सीएमओएस सेंसर आधारित कैमरा, इंटेलीजेंट ट्रांसपोर्टेशन सिस्टम (टीवीआईटीएस) के लिए थर्मल सेंसर कैमरा और ऑनलाइन सुक्रो क्रिस्टल इमेजिंग सिस्टम (ओएसआईएस)
- **औद्योगिक विजन अनुप्रयोगों के लिए सीएमओएस सेंसर आधारित कैमरा (आईवीआईएस) —**
  - ➲ विभिन्न वस्तुओं के स्वचालित निरीक्षण एवं पहचान हेतु स्वदेशी प्रौद्योगिकी
  - ➲ यह प्रौद्योगिकी लर्निंग और डीप लर्निंग तकनीकों को नियोजित करने वाले एआई (AI) आधारित अनुप्रयोगों में मददगार
- **टीवीआइटीएस —**
  - ➲ सड़क यातायात अनुप्रयोगों के लिए कृत्रिम बुद्धिमता (एआई) युक्त थर्मल सेंसर आधारित स्मार्ट विजन कैमरा
  - ➲ यह मौसम की सभी स्थितियों, यहां तक कि पूर्णत: अंधेरे के वातावरण में भी उच्च सटीकता के साथ स्थिर और गतिशील वस्तुओं का डेटा प्रदान करने में सक्षम है।
- **ओएसआईएस —**
  - ➲ यह प्रणाली चीनी उद्योगों में क्रिस्टल का आकार मापने के लिए औद्योगिक कैमरे का उपयोग करके विकसित किया गया है।
  - ➲ यह एक महत्वपूर्ण गुणवत्ता मानदंड, जो चीनी उद्योगों के लिए अत्यंत आवश्यक है।
- **विशेष तथ्य —** इन प्रौद्योगिकियों को इलेक्ट्रॉनिक्स और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय की भारतीय शहरों के लिए इंटेलिजेंट ट्रांसपोर्टेशन सिस्टम प्रयास पहल के तहत विकसित किया गया है।

सतत संचालन संदर्भ स्टेशन (सीओआरएस)

प्रश्न - अक्टूबर, 2023 में लांच किए गए सतत संचालन संदर्भ स्टेशन (सीओआरएस) के संबंध में विकास में कौन-सा तथ्य सही नहीं है?

(a) 12 अक्टूबर, 2023 को केंद्रीय मंत्री डॉ. जितेंद्र सिंह ने यह अत्याधुनिक नवीनतम राष्ट्रीय सर्वेक्षण नेटवर्क लांच किया।

(b) सीओआरएस नेटवर्क का संचालन भारतीय सर्वेक्षण विभाग द्वारा किया जाएगा।

(c) यह वास्तविक समय में मीटर स्तर की पोजिशनिंग सेवाएं प्रदान करने में सक्षम है।

(d) सतत संचालन संदर्भ स्टेशन आधारित सटीक सेवाएं कृषि, खनन, निर्माण, परिवहन और नागर विमानन क्षेत्र में ऑटो नेविगेशन एवं मशीन नियंत्रित समाधान को बढ़ावा देंगी।

उत्तर - (c)

संबंधित तथ्य -

सतत संचालन संदर्भ स्टेशन (सीओआरएस)

- **क्या है —** एक अत्याधुनिक नवीनतम राष्ट्रीय सर्वेक्षण नेटवर्क
- **लांच —** 12 अक्टूबर, 2023 को
- **लांचकर्ता —** केंद्रीय मंत्री जितेंद्र सिंह
- **सीओआरएस नेटवर्क का संचालन —** भारतीय सर्वेक्षण विभाग द्वारा
- **यह सक्षम है —** वास्तविक समय में सेंटीमीटर स्तर की पोजिशनिंग सेवाएं प्रदान करने में
- **पूरे देश में सीओआरएस स्टेशन स्थापित किए गए हैं —** 1000, भारतीय सर्वेक्षण विभाग द्वारा
- **सतत संचालन संदर्भ स्टेशन आधारित सटीक सेवाएं बढ़ावा देंगी —** कृषि, खनन निर्माण, परिवहन और नागर विमानन क्षेत्र में ऑटो नेविगेशन एवं मशीन नियंत्रित समाधान को

❖ इससे नवाचार और अनुसंधान के नए क्षेत्र खुलेंगे और इन क्षेत्रों में भू-स्थापित आधारित इकोसिस्टम निर्मित होगा।

❖ सीओआरएस डेटा विभिन्न वैज्ञानिक अध्ययनों यथा ऊपरी, वायुमंडल और अंतरिक्ष मौसम अध्ययन, मौसम विज्ञान एवं मौसम संबंधी पूर्वानुमान, प्लेट मोशन और टेक्टोनिक अध्ययन, भूकंप विज्ञान और जल विज्ञान आदि में भी मददगार होगा।

बच्चों में कुपोषण के प्रबंधन के लिए प्रोटोकॉल

प्रश्न - अक्टूबर, 2023 में बच्चों में कुपोषण के प्रबंधन के लिए शुरू किए गए नए मानकीकृत प्रोटोकॉल के संबंध में विकल्प में कौन-सा तथ्य सही नहीं है?

(a) 10 अक्टूबर, 2023 को केंद्रीय महिला एवं बाल विकास मंत्री स्मृति जुबिन ईरानी ने इसकी शुरुआत की।

(b) यह प्रोटोकॉल महिला एवं बाल विकास मंत्रालय तथा स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय द्वारा तैयार किया गया है।

(c) मिशन सक्षम आंगनबाड़ी और पोषण 2.0 के माध्यम से कुपोषण को कम करने के महिला एवं बाल विकास मंत्रालय के प्रयासों में यह प्रोटोकॉल एक महत्वपूर्ण घटक होगा।

(d) महिला एवं बाल विकास मंत्रालय द्वारा 15 मंत्रालयों के समन्वय से देश के 11 लाख से अधिक आंगनबाड़ी केंद्रों के लिए यह प्रोटोकॉल जारी किया गया है।

उत्तर - (d)

संबंधित तथ्य -

बच्चों में कुपोषण प्रबंधन के लिए प्रोटोकॉल

- **नए मानकीकृत प्रोटोकॉल की शुरुआत —** 10 अक्टूबर, 2023 को
- **शुरुआतकर्त्ता —** केंद्रीय महिला एवं बाल विकास मंत्री स्मृति जुबिन ईरानी
- **तैयार किया गया है —** महिला एवं बाल विकास मंत्रालय तथा स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय द्वारा
- **यह प्रोटोकॉल एक महत्वपूर्ण घटक होगा —** मिशन सक्षम आंगनबाड़ी और पोषण 2.0 के माध्यम से कुपोषण को कम करने के महिला एवं बाल विकास मंत्रालय के प्रयासों में
- **यह प्रोटोकॉल जारी किया गया है —** मंत्रालय द्वारा 18 मंत्रालयों के समन्वय से 13 लाख से अधिक आंगनबाड़ी केंद्रों के लिए
- **प्रोटोकॉल में परिभाषित किया गया है —** आंगनबाड़ी और चिकित्सा इको-सिस्टम के माध्यम से कुपोषित बच्चों का आकलन करने और उन्हें देखभाल मुहैया कराने की प्रक्रिया को स्पष्ट रूप से
- **यह प्रोटोकॉल है —** आंगनबाड़ी स्तर पर बच्चों की पहचान और प्रबंधन के लिए एक विस्तृत कार्यक्रम, जिसमें रेफरल, पोषण प्रबंधन और अनुवर्ती देखभाल के संबंध में निर्णय लेना शामिल हैं।
- **विशेष तथ्य —** प्रोटोकॉल में बताए गए प्रमुख चरणों में विकास निगरानी और स्क्रीनिंग, सैम बच्चों के लिए भूख परीक्षण, चिकित्सा मूल्यांकन, देखभाल के स्तर के बारे में निर्णय लेना, पोषण प्रबंधन, चिकित्सा प्रबंधन, पोषण, स्वास्थ्य शिक्षा और वॉश प्रथाओं सहित परामर्श, घर का दौरा आंगनबाड़ी कार्यकर्त्ता और रेफरल द्वारा, निगरानी और अनुवर्ती देखभाल शामिल हैं।

❖ यह प्रोटोकॉल आंगनबाड़ी कार्यकत्ताओं और आशा कार्यकर्त्ताओं महिला सुपरवाइजरों, बाल विकास परियोजनाओं के अधिकारियों और इसे लागू करने के लिए जिम्मेदार पदाधिकारियों सहित सभी लोगों को स्पष्टता और मार्ग निर्देशन देता है।

बिहार जाति आधारित गणना, 2022

प्रश्न - बिहार जाति आधारित गणना, 2022 के संबंध में निम्न कथनों पर विचार कीजिए-

(i) 2 अक्टूबर, 2023 को बिहार सरकार ने बिहार जाति आधारित गणना, 2022 के आंकड़े जारी किए।

(ii) आंकड़ों के अनुसार बिहार की सीमा में रहने वाले लोगों की संख्या-125353288 है।

(iii) बिहार में रहने वाली जातियों में सर्वाधिक आबादी 14.26 प्रतिशत यादव जाति की है।

(iv) इस गणना के अनुसार बिहार में हिंदुओं की आबादी 81.99 प्रतिशत है।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से कथन सही है/हैं?

(a) केवल (i),(ii) एवं (iii)

(b) केवल (i),(iii) एवं (iv)

(c) केवल (i),(ii) एवं (iv)

(d) उपर्युक्त सभी

उत्तर - (d)

संबंधित तथ्य -

बिहार जाति आधारित गणना, 2022

- **आंकड़ा जारी —** 2 अक्टूबर, 2023
- **जारीकर्त्ता —** बिहार सरकार
- **जातीय गणना पर किताब जारी की —** प्रभारी मुख्य सचिव विवेक कुमार सिंह ने
- **बिहार की सीमा में निवासरत लोग —** 12,53,53,288
- **कुल पुरुष —** 6,41,31,992
- **कुल महिला —** 6,11,38,460
- **अन्य —** 82,836
- **सर्वेक्षित परिवारों की कुल संख्या —** 2,83,44,107
- **बिहार से संबंधित व्यक्तियों की कुल संख्या —** 13,07,25,310
- **बिहार से बाहर रहने वाली अस्थायी प्रवासी —** 53,72,022
- **राज्य में लिंगानुपात —** 1000 पुरुषों पर 953 महिलाएं
- **बिहार में सर्वाधिक जनसंख्या —** अत्यंत पिछड़ा वर्ग (36.01 प्रतिशत)

❖ **जाति आधारित जनसंख्या-**

जाति आधारित जनसंख्या		
क्रम	**जाति का नाम**	**आबादी का प्रतिशत**
1.	यादव	14.26 प्रतिशत
2.	ब्राह्मण	3.66 प्रतिशत
3.	राजपूत	3.45 प्रतिशत
4.	भूमिहार	2.86 प्रतिशत
5.	कोइरी	4.27 प्रतिशत
6.	कुर्मी	2.87 प्रतिशत
7.	कायस्थ	0.6 प्रतिशत
8.	मोची, चमार, रैदास	5.2 प्रतिशत
9.	मुसहर	3.08 प्रतिशत
10.	बनिया	2.31 प्रतिशत

❖ **धार्मिक आधारों पर आंकड़े और प्रतिशत-**

धार्मिक आधारों पर आंकड़े और प्रतिशत		
धर्म	**जनसंख्या (आबादी)**	**प्रतिशत**
हिंदू	107192958	81.99
इस्लाम	23149925	17.70
ईसाई	75238	0.05
सिख	14753	0.011
बौद्ध	111201	0.0851
जैन	12523	0.0096
अन्य धर्म	166566	0.1274
कोई धर्म नहीं	2146	0.0016

❖ **वर्ग/श्रेणी की आबादी-**

वर्ग/श्रेणी की आबादी		
वर्ग/श्रेणी	**जनसंख्या (आबादी)**	**प्रतिशत**
पिछड़ा वर्ग	35463936	27.12
अत्यंत पिछड़ा जाति	47080514	36.0148
अनुसूचित जाति	25689820	19.6518
अनुसूचित जनजाति	2199361	1.68
सामान्य/अनारक्षित	20291679	15.5

❖ बिहार जातीय गणना आंकड़े जारी करने वाला देश का पहला राज्य है।

❖ जाति आधारित गणना दो चरणों में हुई।

❖ पहला चरण 7 जनवरी, 2023 से 21 जनवरी, 2023 तक आयोजित हुआ।

❖ पहले चरण में घरों की संख्या गिनी और दर्ज की गई।

❖ दूसरा चरण 15 अप्रैल से 15 मई, 2023 तक आयोजित हुआ।

❖ दूसरे चरण में परिवारों की संख्या, उनकी जाति, उपजातियों, सामाजिक-आर्थिक स्थिति आदि के बारे में जानकारी हासिल की गई।

❖ बिहार में कुल 215 जातियों की गणना हुई है।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा जोधपुर में कई परियोजनाओं का शिलान्यास और लोकार्पण

प्रश्न - 5 अक्टूबर, 2023 को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा जोधपुर, राजस्थान में शिलान्यास की गई और राष्ट्र को समर्पित की गई परियोजनाओं के संबंध में विकल्प में कौन-सा तथ्य सही नहीं है?

(a) प्रधानमंत्री ने लगभग 5000 करोड़ रुपये की कई परियोजनाओं का शिलान्यास किया और उन्हें राष्ट्र को समर्पित किया।

(b) जोधपुर हवाई अड्डे के नए टर्मिनल भवन की आधारशिला रखी।

(c) जोधपुर को दिल्ली से जोड़ने वाली नई ट्रेन रुणिचा एक्सप्रेस को हरी झंडी दिखाई।

(d) मारवाड़ जंक्शन को खम्बली घाट से जोड़ने वाली नई हेरिटेज ट्रेन को भी हरी झंडी दिखाई।

उत्तर - (c)

संबंधित तथ्य -

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा जोधपुर, राजस्थान में कई परियोजनाओं का शिलान्यास और लोकार्पण

- **कब—** 5 अक्टूबर, 2023 को
- **शिलान्यास और राष्ट्र की समर्पित परियोजनाओं की लागत राशि —** लगभग 5000 करोड़ रुपये
- **परियोजनाएं संबंधित—** सड़क, रेल, विमानन, स्वास्थ्य और उच्च शिक्षा
- **आधारशिला रखी गई परियोजनाएं —** जोधपुर के एम्स में 350 बिस्तरों वाला ट्रामा सेंटर और क्रिटिकल केयर हॉस्पिटल ब्लॉक
- पीएम एबीएचआईएम के तहत 7 क्रिटिकल केयर ब्लॉक और जोधपुर हवाई अड्डे पर नए टर्मिनल भवन का विकास कार्य
- कई सड़क परियोजनाएं
- **राष्ट्र को समर्पित किया —** आईआईटी जोधपुर परिसर और राजस्थान केंद्रीय विश्वविद्यालय के बुनियादी ढांचे का उन्नयन कार्य
- 145 किमी. लंबी डेगाना-राय का बाग रेल लाइन
- 58 किमी. लंबी डेगाना-कुचामन सिटी रेल लाइन के दोहरीकरण का कार्य
- **हरी झंडी दिखाई-**जैसलमेर को दिल्ली से जोड़ने वाली नई ट्रेन रुणिचा एक्सप्रेस
- मारवाड़ जंक्शन वाली नई हेरिटेज ट्रेन।

❖ रुणिचा एक्सप्रेस जोधपुर, डेगाना, कुचामन सिटी, फुलेरा, रींगस, श्री माधोपुर, नीम का थाना, नारनौल, अटेली, रेवाड़ी से होकर गुजरेगी।

ग्लोबल मैरीटाइम इंडिया समिट, 2023

प्रश्न - निम्न कथनों पर विचार कीजिए-

1. 17-19 अक्टूबर, 2023 के मध्य तीसरा ग्लोबल मैरीटाइम इंडिया समिट, 2023 अहमदाबाद में आयोजित हुआ।

2. प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने वर्चुअल माध्यम से इस सम्मेलन का उद्घाटन किया।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से कथन सही है/हैं?

(a) केवल (1)
(b) केवल (2)
(c) (1) एवं (2) दोनों
(d) उपर्युक्त में से कोई नहीं

उत्तर - (c)

संबंधित तथ्य -

तीसरा ग्लोबल मैरीटाइम इंडिया समिट आयोजित

(3rd Global Maritime India Summit), 2023

- **कब-** 17-19 अक्टूबर, 2023
- **कहां —** मुंबई, महाराष्ट्र
- **किसके द्वारा-**केंद्रीय पोत परिवहन एवं नौवहन मंत्रालय, भारत सरकार
- प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने वर्चुअल माध्यम से इस सम्मेलन का उद्घाटन किया।

❖ इस कार्यक्रम के दौरान प्रधानमंत्री ने भारतीय समुद्री नीली अर्थव्यवस्था के लिए दीर्घकालिक मूल योजना (ब्लूप्रिंट) 'अमृतकाल विजन, 2047' का भी अनावरण किया।

❖ इस मूल योजना में बंदरगाह सुविधाओं को बढ़ाने टिकाऊ प्रथाओं को बढ़ावा देने और अंतरराष्ट्रीय सहयोग को सुविधाजनक बनाने के उद्देश्य से रणनीतिक पहल की रूपरेखा तैयार की गई है।

❖ इसके अलावा, प्रधानमंत्री ने गुजरात में दीनदयाल बंदरगाह प्राधिकरण में टूना टेकरा ऑल वेदर डीप ड्राफ्ट टर्मिनल की आधारशिला रखी।

❖ इस पर 4500 करोड़ रुपये से अधिक की लागत आएगी।

❖ इस अत्याधुनिक ग्रीनफील्ड टर्मिनल को पीपीपी मोड में विकसित किया जाएगा।

❖ यह भारत-मध्य पूर्व-यूरोप आर्थिक गलियारे वâे माध्यम से भारतीय व्यापार के लिए प्रवेश द्वारा के रूप में कार्य करेगा।

❖ **इस सम्मेलन के बारे में-**

❖ यह देश का सबसे बड़ा समुद्री कार्यक्रम है।

❖ इसमें यूरोप, अफ्रीका, दक्षिण अमेरिका और एशिया (मध्य एशिया, मध्य-पूर्व और बिम्सटेक क्षेत्र सहित) के देशों का प्रतिनिधित्व करने वाले विश्वभर के मंत्रियों ने भाग लिया।

❖ इसमें समुद्री क्षेत्र के प्रमुख मुद्दों पर चर्चा और विचार-विमर्श किया गया।

❖ पहली बार यह शिखर वर्ष, 2016 में मुंबई में ही आयोजित किया गया था।

❖ जबकि दूसरा सम्मेलन वर्चुअल तरीके से वर्ष 2021 में आयोजित किया गया था।

पीएम गतिशक्ति का सार-संग्रह

प्रश्न - 13 अक्टूबर, 2023 को पीएम गतिशक्ति योजना के 2 वर्ष पूरे होने पर किसने पीएम गतिशक्ति सार-संग्रह जारी किया?

(a) नरेंद्र मोदी
(b) नितिन गडकरी
(c) पीयूष गोयल
(d) अश्विनी वैष्णव

उत्तर - (c)

संबंधित तथ्य -

पीएम गतिशक्ति सार-संग्रह

- **जारी —** 13 अक्टूबर, 2023
- **जारीकर्त्ता-**केंद्रीय वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल
- **इसे जारी किया गया है —** पीएम गतिशक्ति योजना के 2 वर्ष पूरे होने के अवसर पर
- **इस सार-संग्रह में प्रकाश डाला गया है —** पीएम गतिशक्ति को अपनाने और इसके लाभों के संबंध में 8 अनुकरणीय उपयोग के मामलों पर

- विगत 2 वर्षों में पीएम गतिशक्ति 7000 किमी. से अधिक दूरी के एक्सप्रेस-वे की योजना बनाने की दृष्टि से महत्वपूर्ण रही, जिसमें जीआईएम मानचित्रों के माध्यम से क्षेत्रीय सर्वेक्षणों में तेजी आई है।
- पीएम गतिशक्ति के तहत वर्ष 2022-23 में नई रेलवे लाइनों के लिए 400 से अधिक परियोजनाओं हेतु अंतिम अवस्थिति का सर्वेक्षण किया गया है, जबकि विगत वर्ष 57 परियोजनाओं हेतु यह सर्वेक्षण किया गया था।
- इसके परिणामस्वरूप 13,500 किमी. लंबी रेलवे लाइनों की योजना बनाई गई है।
- 13 अक्टूबर, 2021 को पीएम गतिशक्ति राष्ट्रीय मास्टर प्लान की शुरुआत की गई थी।
- इस योजना का प्राथमिक उद्देश्य विभिन्न आर्थिक क्षेत्रों को मल्टी-मॉडल कनेक्टिविटी बुनियादी ढांचा प्रदान करना है।

जम्मू एवं कश्मीर डेमोक्रेटिक फ्रीडम पार्टी

प्रश्न - अक्टूबर, 2023 में गृह मंत्रालय ने जम्मू एवं कश्मीर डेमोक्रेटिक फ्रीडम पार्टी (JKDFP) को विधिविरुद्ध क्रियाकलाप (निवारण) अधिनियम (UAPA), 1967 की किस धारा के अंतर्गत 'विधिविरुद्ध संगठन' घोषित किया है?

(a) धारा 2 (1)
(b) धारा 3 (1)
(c) धारा 3 (2)
(d) धारा 4 (3)

उत्तर - (b)

संबंधित तथ्य -

जम्मू एवं कश्मीर डेमोक्रेटिक फ्रीडम पार्टी (JKDFP)

- **'विधि विरुद्ध संगठन' घोषित —** 5 अक्टूबर, 2023
- **घोषितकर्ता —** गृह मंत्रालय, भारत सरकार
- **घोषित किया गया है —** विधिविरुद्ध क्रियाकलाप (निवारण) अधिनियम (UAPA), 1967 की धारा 3(1) के अंतर्गत
- **यह संगठन राष्ट्रविरोधी गतिविधियों में संलिप्त —** वर्ष 1998 से
- **कृत्य —** भारत में अलगाववाद तथा आतंकवादी कृत्यों को बढ़ावा
- **इस संगठन के विरुद्ध आपराधिक मामले पंजीकृत —** UAPA, 1967 IPC 1860, आर्म्स एक्ट-1959 एवं रणबीर दंड संहिता-1932 की विभिन्न धाराओं के अंतर्गत

अंतर्राष्ट्रीय परिदृश्य

7वां फ्यूचर इन्वेस्टमेंट इनिशिएटिव, 2023

प्रश्न - अक्टूबर, 2023 में '7वां फ्यूचर इन्वेस्टमेंट इनिशिएटिव, 2023' कहां आयोजित हुआ?

(a) अबूधाबी
(b) रियाद
(c) नई दिल्ली
(d) जयपुर

उत्तर - (b)

संबंधित तथ्य -

7वां फ्यूचर इन्वेस्टमेंट इनिशिएटिव, 2023 आयोजित

- **कब —** 24-26 अक्टूबर, 2023 को
- **कहां —** रियाद, सऊदी अरब में
- **मुख्य विषय (Theme) —** ''द न्यू कंपास''
- इसमें भारतीय प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व केंद्रीय वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने किया
- **फ्यूचर इन्वेंस्टमेंट इनिशिएटिव (FII) इंस्टीट्यूट के बारे में —**
  - यह सऊदी अरब द्वारा शुरू किया गया एक वैश्विक गैर-लाभकारी फाउंडेशन है।
  - इसका उद्देश्य वैश्विक ''मानवता पर प्रभाव'' बनाने के लक्ष्य के साथ निवेश के नए रास्तों पर चर्चा के लिए दुनिया भर की सरकार और व्यापारिक नेताओं को इकट्ठा करना है।
- इसके चार प्रमुख क्षेत्रों में आर्टिफिशिएल इंटेलिजेंस (AI) और रोबोटिक्स, शिक्षा, स्वास्थ्य देखभाल तथा स्थिरता शामिल हैं।

जी-7 व्यापार मंत्रियों की बैठक, 2023

प्रश्न - अक्टूबर, 2023 में जी-7 व्यापार मंत्रियों की बैठक, 2023 कहां आयोजित हुआ?

(a) ओसाका
(b) वियना
(c) वाशिंगटन डीसी
(d) जिनेवा

उत्तर - (a)

संबंधित तथ्य -

जी-7 व्यापार मंत्रियों की बैठक, 2023 आयोजित

- **कब** — 28-29 अक्टूबर, 2023
- **कहां** — ओसाका, जापान में
- जापान ने इस बैठक की अध्यक्षता की
- इसमें भारत को भी शामिल होने के लिए आमंत्रित किया गया था
- केंद्रीय वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने इस बैठक में भारत का प्रतिनिधित्व किया
- **जी-7 क्या है? —**
  - यह एक अंतर-सरकारी राजनीतिक मंच है।
  - इसकी स्थापना वर्ष 1975 में हुई थी।
  - इसमें अमेरिका, यूनाइटेड किंगडम, जापान, इटली, फ्रांस, कनाडा और जर्मनी शामिल हैं।
  - इसके अतिरिक्त, यूरोपीय संघ (EU) एक नॉन-इन्यूमरेटेड सदस्य है।
  - इसके सदस्य देश विश्व की आबादी का लगभग 10 प्रतिशत हिस्सा हैं, जो विश्व के जीडीपी का लगभग 40 प्रतिशत पूरा करते हैं।

ली केकियांग

प्रश्न - 27 अक्टूबर, 2023 को किस देश के पूर्व प्रधानमंत्री ली केकियांग का निधन हुआ है?

(a) सिंगापुर
(b) मलेशिया
(c) दक्षिण कोरिया
(d) चीन

उत्तर - (d)

संबंधित तथ्य -

ली केकियांग (Li Keqiang)

- कौन-के पूर्व प्रधानमंत्री
- **चर्चा में क्यों? —**
  - 27 अक्टूबर, 2023 को निधन।
  - वह मार्च 2013 से मार्च 2023 तक चीन के प्रधानमंत्री रहे।
  - वह प्रसिद्ध अर्थशास्त्री भी थे।

एससीओ परिषद के शासनाध्यक्षों की 22वीं बैठक, 2023

प्रश्न - निम्न कथनों पर विचार कीजिए-

(1) 26 अक्टूबर, 2023 के मध्य शंघाई सहयोग संगठन (SCO) परिषद के शासनाध्यक्षों की 22वीं बैठक बिश्केक (किर्गिस्तान) में आयोजित हुई।
(2) इस बैठक में भारत का प्रतिनिधित्व उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने किया था।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से कथन सही है/हैं?

(a) केवल (1)
(b) केवल (2)
(c) (1) एवं (2) दोनों
(d) उपर्युक्त में से कोई नहीं

उत्तर - (a)

एससीओ परिषद के शासनाध्यक्षों की 22वीं बैठक, 2023 आयोजित

- **कब** — 26 अक्टूबर, 2023 को
- **कहां** — बिश्केक, किर्गिस्तान में
- मध्य एशियाई देश किर्गिस्तान ने इस समूह के वर्तमान अध्यक्ष के तौर पर इस बैठक की मेजबानी की।
- केंद्रीय विदेश मंत्री डॉ. एस. जयशंकर ने इस बैठक में भारत का प्रतिनिधित्व किया
- इस दौरान, उन्होंने एससीओ के अन्य सदस्य देशों के शीर्ष नेतृत्व एवं प्रतिनिधियों से मुलाकात की
- इसमें सभी सदस्य के बीच आर्थिक विकास स्वास्थ्य एवं आतंकवाद सहित विभिन्न मुद्दों पर विचार-विमर्श हुआ
- **एससीओ के बारे में —** यह एक अंतर-सरकारी संगठन है, जिसकी स्थापना 15 जून, 2001 को हुई थी
- **मुख्यालय —** बीजिंग, चीन में
- **वर्तमान में इस समूह के 9 सदस्यों में —** चीन, भारत, कजाख्स्तान, किर्गिस्तान, रूस, पाकिस्तान, ताजिकिस्तान, उज्बेकिस्तान और ईरान शामिल हैं।

वैश्विक पेंशन सूचकांक, 2023

प्रश्न - हाल ही में जारी वैश्विक पेंशन सूचकांक, 2023 से संबंधित निम्न कथनों पर विचार कीजिए-

(1) इस सूचकांक में नीदरलैंड्स को शीर्ष स्थान प्राप्त हुआ।
(2) इसमें भारत 40वें स्थान पर रहा।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से कथन सही है/हैं?

(a) केवल (1)
(b) (1) एवं (2) दोनों
(c) केवल (2)
(d) उपर्युक्त में से कोई नहीं

उत्तर - (a)

वैश्विक पेंशन सूचकांक (Global Pension Index), 2023

- **कब जारी** — 17 अक्टूबर, 2023 को
- **किसके द्वारा** — मर्सर सीएफए इंस्टीट्यूट
- **संस्करण** — 15वां
- **इसमें शामिल कुल देश** — 47
- **सूचकांक में शामिल शीर्ष 3 देश —**
  1. नीदरलैंड्स (ग्रेड 'ए')।
  2. आइसलैंड (ग्रेड 'ए')।
  3. डेनमार्क (ग्रेड 'ए')।
- इस सूचकांक में भारत 45वें (ग्रेड 'डी') स्थान पर है।

6वां अंतरराष्ट्रीय चावल कांग्रेस, 2023

प्रश्न - अक्टूबर, 2023 में 6वां अंतरराष्ट्रीय चावल कांग्रेस, 2023 कहां आयोजित हुआ?

(a) टोक्यो
(b) मनीला
(c) नई दिल्ली
(d) जकार्ता

उत्तर - (b)

संबंधित तथ्य -

6वां अंतरराष्ट्रीय चावल कांग्रेस (6th International Rice Congerss), 2023

- **कब —** 16-19 अक्टूबर, 2023 को
- **कहां —** मनीला, फिलीपींस
- **मुख्य विषय—** "Acclerating Transformation of Rice Based Food System: From Gene to Globe" ।
- पहला अंतरराष्ट्रीय चावल कांग्रेस वर्ष 2002 में बीजिंग (चीन) में तथा दूसरा वर्ष 2006 में नई दिल्ली (भारत) में हुआ था
- उल्लेखनीय है कि मनीला (फिलीपींस) में ही 'अंतरराष्ट्रीय चावल अनुसंधान संस्थान (IRRI) का मुख्यालय भी है।

अपतटीय पोत से विद्युत चुंबकीय रेलगन लांच करने वाला पहला देश

प्रश्न - 17 अक्टूबर, 2023 को कौन-सा देश अपतटीय पोत से विद्युत चुंबकीय रेलगन लांच करने वाला पहला देश बन गया है?

(a) चीन
(b) जापान
(c) अमेरिका
(d) फ्रांस

उत्तर - (b)

संबंधित तथ्य -

अपतटीय पोत से विद्युत चुंबकीय रेलगन लांच करने वाला पहला देश

- **बन गया है—** जापान
- **कब —** 17 अक्टूबर, 2023 को
- **यह उपलब्धि हासिल की है—** एक अपतटीय प्लेटफार्म के माध्यम से एक मध्यम-कैलिबर समुद्री विद्युत चुंबकीय रेलगन का सफलतापूर्वक परीक्षण करके
- **यह परीक्षण किया गया है-**जापानी समुद्री आत्मरक्षा बल (जेएमएसडीएफ) द्वारा जापानी रक्षा मंत्रालय के एक प्रभाग एक्विजिशन टेक्नोलॉजी एंड लॉजिस्टिक्स एजेंसी (एटीएलए) के सहयोग से
- **विशेष तथ्य—** जापान की योजना इस तकनीक को जमीन और समुद्र दोनों पर नियोजित करने की है।

❖ रेलगन एक अत्याधुनिक विद्युत चुंबकीय हथियार है, जिसे अविश्वसनीय रूप से उच्च वेग पर प्रोजेक्टाइल लांच करने के लिए डिजाइन किया गया है।

❖ यह लगभग 6.5 मैक या उससे अधिक 7 की गति से पहुंचने में सक्षम है, जो ध्वनि की गति से लगभग सात गुना अधिक है।

❖ यह तकनीक जहाजों, मिसाइलों और विमानों सहित विभिन्न वस्तुओं को निशाना बनाने में सक्षम है।

❖ जापान के रेलगन कार्यक्रम का उद्देश्य इस तकनीक को लंबी दूरी की मिसाइलों के साथ एकीकृत करना है, जिससे हवाई लक्ष्यों की प्रभावी ढंग से रोकने की क्षमता में वृद्धि हो सके।

❖ रेलगनों का उपयोग समुद्र में कई प्रकार के हवाई खतरों का प्रतिकार करने के लिए किया जाता है, जिसमें आने वाली हाइपरसोनिक क्रूज मिसाइलों और हाइपरसोनिक बैलिस्टिक मिसाइलों को रोकना शामिल है।

सर्वश्रेष्ठ पर्यटन गांव, 2023

प्रश्न - 19 अक्टूबर, 2023 को संयुक्त राष्ट्र विश्व पर्यटन संघठन (यूएनडब्ल्यूटीओ) द्वारा घोषित सर्वश्रेष्ठ पर्यटन गांव, 2023 की सूची में भारत के शामिल एकमात्र गांव का क्या नाम है?

(a) माधापर
(b) मांडवी
(c) धोरडो
(d) धरब

उत्तर - (c)

संबंधित तथ्य -

सर्वश्रेष्ठ पर्यटन गांव, 2023

- **सूची में घोषणा —** अक्टूबर, 2023
- **संस्करण —** तीसरा
- **घोषणाकर्त्ता —** संयुक्त राष्ट्र विश्व पर्यटन संगठन (यूएनडब्ल्यूटीओ)
- **यह पुरस्कार मान्यता देता है—** ग्रामीण क्षेत्रों के पोषण और परिदृश्य, सांस्कृतिक विविधता, स्थानीय मूल्यों और खान-पान (पाक) परंपराओं से संरक्षित करने में अग्रणी रहने वाले गांवों की पहल का
- **अपग्रेड प्रोग्राम में शामिल —** 20 गांव
- **अपग्रेड प्रोग्राम के तहत शामिल भारतीय गांव-मांडला, मध्य प्रदेश**
- **सर्वश्रेष्ठ पर्यटन गांव की सूची में शामिल —** विश्व के विभिन्न देशों के 54 गांव
- **गांवों का मूल्यांकन —** नौ प्रमुख क्षेत्रों के तहत
- **नौ प्रमुख क्षेत्र —** सांस्कृतिक और प्राकृतिक संसाधन, सांस्कृतिक संसाधनों का संवर्धन एवं संरक्षण, आर्थिक स्थिरता, सामाजिक स्थिरता, पर्यावरणीय स्थिरता, पर्यटन विकास और मूल्य शृंखला एकीकरण, पर्यटन का प्रशासन और प्राथमिकता, बुनियादी ढांचा और कनेक्टिविटी तथा स्वास्थ्य सुरक्षा ओर संरक्षा
- इस सूची में शामिल भारत का एकमात्र गांव-धोरडो कच्छ जिला, गुजरात
- **सूची में शामिल सर्वाधिक 5 गांव—** पेरू के
- **विशेष तथ्य —** घोषित 74 नए सदस्यों (54 सर्वश्रेष्ठ पर्यटन गांव + 20 अपग्रेड प्रोग्राम में शामिल गांव) के साथ अब 190 गांव यूएनडब्ल्यूटीओ सर्वश्रेष्ठ पर्यटन ग्रामीण गांव नेटवर्क का हिस्सा हैं
- धोरडो गांव वार्षिक रण उत्सव के लिए प्रसिद्ध है
- पर्यटन के क्षेत्र में अग्रणी अंतरराष्ट्रीय संगठन संयुक्त राष्ट्र विश्व पर्यटन संगठन (यूएनडब्ल्यूटीओ) हैं
- इसका मुख्यालय मैड्रिड, स्पेन में स्थित है

दक्षिण-पूर्व एशिया की पहली हाई-स्पीड रेल (ट्रेन)

- **क्या है —** बुलेट ट्रेन
- **लांच —** 2 अक्टूबर, 2023 को
- **लांचकर्त्ता देश —** इंडोनेशिया
- **उद्घाटन किया —** इंडोनेशिया के राष्ट्रपति जोको विडोडो ने
- **ट्रेन का नाम —** हूज (Whoosh)
- **अधिकतम गति —** 350 किमी. प्रति घंटा
- **ट्रेन का निर्माण —** पीटी केरेटा सेपैट इंडोनेशिया-चीन (पीटी केसीआईसी) द्वारा
- **पीटी केसीआईसी है —** चार इंडोनेशियाई कंपनियों और चीन रेलवे इंटरनेशनल कंपनी लिमिटेड के बीच एक संयुक्त उद्यम
- **यह परियोजना है —** चीन की बेल्ट एंड रोड इंफ्रास्ट्रक्चर पहल का हिस्सा
- **लागत राशि —** 7.3 बिलियन डॉलर
- **वित्तपोषित —** पूर्णत: चीन द्वारा
- **यह ट्रेन जोड़ेगी —** जकार्ता को पश्चिमी जावा प्रांत की राजधानी बांडुंग से
- **दोनों शहरों के मध्य —** यात्रा का समय मौजूदा 3 घंटे से घटकर लगभग 40 मिनट

❖ उल्लेखनीय है कि हूज (Whoosh) को इंडोनेशियाई भाषा में वक्तु हेमट (Waktu Hemat), ऑपरेशी ऑप्टिमल (Operasi Optimal), सिस्टेम हैंडल (Sistem Handal) कहा जाता है। जिसका अर्थ है- समय की बचत, इस्टतम संचालन, विश्वसनीय प्रणाली।

क्षिण-पूर्व एशिया की पहली हाई-स्पीड रेल

प्रश्न - दक्षिण-पूर्व एशिया की पहली हाई-स्पीड रेल (ट्रेन) के संबंध में विकल्प में कौन-सा तथ्य सही नहीं है?

(a) 2 अक्टूबर, 2023 को इंडोनेशिया ने दक्षिण-पूर्व एशिया की पहली हाई-स्पीड रेल को लांच किया।
(b) इस ट्रेन का नाम वुशु (Wushu) रखा गया है।
(c) इस ट्रेन की अधिकतम गति 350 किमी. प्रति घंटा है।
(d) यह ट्रेन जकार्ता को पश्चिमी जावा प्रांत की राजधानी बांडुंग से जोड़ती है।

उत्तर - (b)

संबंधित तथ्य -

क्रिस्टोफर लक्सन

प्रश्न - अक्टूबर, 2023 में क्रिस्टोफर लक्सन किस देश के प्रधानमंत्री निर्वाचित हुए?

(a) फिनलैंड
(b) आयरलैंड
(c) न्यूजीलैंड
(d) क्रोएशिया

उत्तर - (c)

संबंधित तथ्य -

क्रिस्टोफर लक्सन

- न्यूजीलैंड नेशनल पार्टी के नेता तथा कारोबारी
- **चर्चा में क्यों? —** 14 अक्टूबर, 2023 को न्यूजीलैंड के 42वें प्रधानमंत्री निर्वाचित
- **स्थान लिया —** क्रिस हिपकिंस
- न्यूजीलैंड प्रशांत महासागर में ऑस्ट्रेलिया के पास स्थित एक-एक देश है।
- **राजधानी —** वेलिंगटन
- **मुद्रा —** न्यूजीलैंड डॉलर।

विश्व स्वास्थ्य शिखर सम्मेलन, 2023

प्रश्न - 15-17 अक्टूबर, 2023 के मध्य विश्व स्वास्थ्य शिखर सम्मेलन, 2023 कहां आयोजित हुआ?

(a) जिनेवा
(b) बर्लिन
(c) नई दिल्ली
(d) न्यूयॉर्क

उत्तर - (b)

संबंधित तथ्य -

विश्व स्वास्थ्य शिखर सम्मेलन, 2023 आयोजित

- **कब —** 15-17 अक्टूबर, 2023
- **कहां —** बर्लिन, जर्मनी
- **मुख्य विषय —** ''वैश्विक स्वास्थ्य कार्रवाई के लिए एक निर्णायक वर्ष''।
- केंद्रीय स्वास्थ्य और परिवार कल्याण राज्य मंत्री डॉ. भारती प्रविण पवार ने इस सम्मेलन में वर्चुअली भाग लिया।

वैश्विक भुखमरी सूचकांक, 2023

प्रश्न - हाल ही में जारी वैश्विक भुखमरी सूचकांक, 2023 से संबंधित निम्न कथनों पर विचार कीजिए-

1. इस सूचकांक में 125 देशों को शामिल किया गया है।
2. इसमें भारत को 111वां स्थान प्राप्त हुआ है।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से कथन सही है/हैं?

(a) केवल (1)
(b) केवल (2)
(c) (1) एवं (2) दोनों
(d) उपर्युक्त में से कोई नहीं

उत्तर - (c)

संबंधित तथ्य -

वैश्विक भुखमरी सूचकांक (Global Hunger Index) 2023 जारी

- **कब —** अक्टूबर, 2023
- **किसके द्वारा —** संयुक्त रूप से दो गैर-सरकारी संगठनों - जर्मन स्थित कंसर्न वर्ल्ड वाइड (Concern World Wide) एवं आयरलैंड स्थित -वेल्ट हंगर हिल्फ' (Welt Hunger Hilfe)
- **संस्करण —** 18वां
- **इसमें शामिल कुल देश —** 125
- यह सूचकांक एक ऐसी युक्ति है, जो वैश्विक क्षेत्रीय तथा राष्ट्रीय स्तर पर भुखमरी की गणना एवं उसकी वस्तुस्थिति का पता लगाने के लिए डिजाइन की गई है।
- इस सूचकांक का सृजन वर्ष 2006 में वाशिंगटन डी.सी. स्थित अंतरराष्ट्रीय खाद्य नीति अनुसंधान संस्थान (IFPRI) के अनुसंधान-कर्ताओं द्वारा किया गया था।
- हालांकि वर्ष 2018 में IFPRI ने इस सूचकांक के प्रकाशन से स्वयं को अलग कर लिया।
- अब यह सूचकांक कंसर्न वर्ल्डवाइड एवं वेल्ट हंगर हिल्फ की संयुक्त परियोजना के रूप में प्रकाशित किया जा रहा है।
- इस सूचकांक को निम्न 4 संकेतकों के आधार पर तय किया जाता है-
  1. अल्पपोषण (Undernourishment)
  2. बाल दुबलापन (Child Wasting)
  3. बाल ठिगनापन (Child Stunting)
  4. बाल मृत्यु दर (Child Mortality)
- यह सूचकांक 100 आधार बिंदुओं के पैमाने पर तैयार किया जाता है, जिसमें (शून्य) सबसे अच्छा स्कोर माना जाता है, जबकि 100 सबसे खराब स्कोर होता है।
- स्पष्ट है कि यदि किसी देश का GHI स्कोर शून्य है तो इसका अर्थ है कि वहां कोई भूखा नहीR है, जबकि GHI स्कोर 100 से तात्पर्य है कि उस देश में सभी भुखमरी की स्थिति में हैं।
- फिलहाल यह दोनों स्थितियां व्यवहार में नहीं पाई जाती है।
- व्यवहार में शून्य से सौ (0-100) के बीच की स्थिति पाई जाती है।
- इस सूचकांक में GHI स्कोर के 5 वर्ग बनाए गए हैं, जिनके आधार पर किसी देश में भुखमरी की तीव्रता (Severity) का आकलन किया जाता है-
  1. **50.0 या उससे अधिक स्कोर —** भुखमरी की चरम भयावह (Extremely Alarming)
  2. **35.0-49.9 स्कोर —** भयावह (Alarming)
  3. **20.0-34.9 स्कोर —** गंभीर (Serious)
  4. **10.0-19.9 स्कोर —** मध्यम (Moderate)
  5. **9.9 या उससे कम स्कोर —** अल्प (Low)

- GHI - 2023 में 20 ऐसे देश शामिल हैं, जिनका GHI स्कोर 5 से कम है, इन देशों को अलग-अलग व्यक्तिगत रैंक प्रदान नहीं की गई है, बल्कि सामूहिक रूप से इन्हें 1-20 रैंक तक सूचीबद्ध किया गया है।
- **जिसमें शीर्ष 5 देश हैं —**
  1. बेलारूस
  2. बोस्निया एवं हर्जेगोविना
  3. चिली
  4. चीन
  5. क्रोएशिया
- GHI - 2023 में भारत को 111वां स्थान प्राप्त हुआ है।
- भारत का GHI स्कोर 28.7 है।
- जबकि गत वर्ष भारत को 107वां स्थान (121 देशों में) प्राप्त हुआ था।
- GHI - 2023 में भारत का अपने पड़ोसी देशों - चीन (1-20), श्रीलंका (60वां स्थान), नेपाल (69वां स्थान), बांग्लादेश (81वां स्थान) तथा पाकिस्तान (102वां स्थान) की तुलना में निचली रैंक प्राप्त हुई है।

रूस द्वारा बांग्लादेश को यूरेनियम की आपूर्ति

प्रश्न - निम्न कथनों पर विचार कीजिए?

(i) हाल ही में बांग्लादेश को रूस से यूरेनियम की प्रथम डिलीवरी (खेप) प्राप्त हुई है।

(ii) यूरेनियम का उपयोग बांग्लादेश के रूपपुर परमाणु ऊर्जा संयंत्र को ईंधन देने के लिए किया जाएगा।

(iii) बांग्लादेश परमाणु ऊर्जा का उपयोग करने वाला विश्व का 33वां देश बन जाएगा।

निम्नलिखित में से कौन-सा/से कथन सत्य है/हैं?

(a) (i), (ii), (iii)

(b) (i), (ii)

(c) (i), (iii)

(d) (ii), (iii)

उत्तर - (a)

रूस द्वारा बांग्लादेश को यूरेनियम की आपूर्ति -

- 5 अक्टूबर, 2023 को बांग्लादेश को रूस समर्थित रूपपुर परमाणु ऊर्जा संयंत्र हेतु यूरेनियम की प्रथम डिलीवरी (खेप) प्राप्त हुई।
- ध्यातव्य है कि रूपपुर में बांग्लादेश का प्रथम परमाणु ऊर्जा संयंत्र बनाने हेतु रूस लगभग 12.65 बिलियन अमरिकी डॉलर की परियोजना का 90 प्रतिशत वित्तपोषण कर रहा है।

रूस द्वारा बांग्लादेश को यूरेनियम की आपूर्ति

- इस यूरेनियम का उपयोग रूपपुर परमाणु ऊर्जा संयंत्र को ईंधन देने हेतु किया जाएगा।
- बांग्लादेश शांति और समृद्धि के लिए परमाणु ऊर्जा का उपयोग हेतु प्रतिबद्ध है।
- शेष यूरेनियम वितरण के बाद रूपपुर परमाणु ऊर्जा संयंत्र को ईंधन देने वाला रूस प्रथम देश बन जाएगा।
- बांग्लादेश परमाणु ऊर्जा का उपयोग करने वाला विश्व का 33वां देश बन जाएगा।
- बांग्लादेश को वर्ष 2030 तक कार्बन उत्सर्जन में उल्लेखनीय कटौती करने में मदद मिलगी।
- इस परियोजना का उद्देश्य बांग्लादेश द्वारा अपने ऊर्जा ग्रिड को सुदृढ़ करना है तथा 2400 मेगावॉट बिजली उपलब्ध कराना।

अन्य महत्वपूर्ण तथ्य -

- ध्यातव्य है कि बांग्लादेश स्थित रूपपुर परमाणु ऊर्जा संयंत्र का निर्माण कार्य वर्ष 2017 में प्रारंभ किया गया था।
- रूपपुर परमाणु ऊर्जा संयंत्र पूर्ण रूप से सक्रिय होने के बाद बांग्लादेश का सबसे बड़ा बिजली स्टेशन होगा।
- बांग्लादेश में कोयले और गैस से चलने वाले कई और संयंत्र निर्माणाधीन हैं, परंतु वह जीवाश्म ईंधन पर अपनी लगभग पूरी निर्भरता को कम करने हेतु प्रयत्नशील है।
- रूपपुर परमाणु ऊर्जा संयंत्र का डिजाइन और निर्माण रोसाटॉम के इंजीनियरिंग डिवीजन द्वारा किया जा रहा है।
- ध्यातव्य है कि परमाणु ऊर्जा विश्व के उत्सर्जन-मुक्त ऊर्जा के सबसे बड़े स्रोत में से एक है।

इस्त्राइल - हमास संघर्ष, 2023

प्रश्न - निम्न कथनों पर विचार कीजिए?

(i) हाल ही में (7 अक्टूबर, 2023) हमास चरमपंथियों (आतंकी) द्वारा इस्त्राइल पर भीषण हमला किया गया, जिससे दोनों के मध्य पुराने विवाद ने संघर्ष का रूप धारण कर लिया है।

(ii) हमास, फिलिस्तीन का इस्लामिक चरमपंथी समूह है, जो गाजा पट्टी से संचालित होता है, तथा इसे अमेरिका सहित कई राष्ट्रों द्वारा आतंकवादी समूह घोषित किया गया है।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से कथन सही है/हैं?

(a) (i) तथा (ii) दोनों

(b) केवल (i)

(c) केवल (ii)

(d) इनमें से कोई नहीं।

उत्तर - (a)

इस्त्राइल - हमास संघर्ष 2023

- 7 अक्टूबर, 2023 को हमास ने इस्त्राइल पर अप्रत्याशित रूप से आक्रमण कर दिया, जिससे दोनों के मध्य संघर्ष जारी है।
- यद्यपि इस्त्राइल सरकार द्वारा घोषणा किया गया है कि ''युद्ध तब तक

समाप्त नहीं होगा जब तक कि हमास के मिलिट्री इंफ्रास्ट्रक्चर को नष्ट नहीं कर देता है''।

❖ हमास व इसकी मिलिट्री विंग को इस्त्राइल, अमेरिका, यूरोपियन यूनियन, ब्रिटेन और कई अन्य देशों ने आतंकवादी समूह घोषित कर रखा है।

इस्त्राइल - हमास संघर्ष 2023

→ 8 अक्टूबर को इस्त्राइल ने युद्ध की औपचारिक घोषणा की।

→ 9 अक्टूबर, 2023 को इस्त्राइल द्वारा गाजा पट्टी पर पूर्ण घेराबंदी का आदेश।

→ लगभग 2.3 मिलियन लोगों को भोजन, जल, ईंधन की आपूर्ति इजरायल ने रोक दी है।

→ हमास द्वारा किए गए हमलों के बाद अमेरिका, फ्रांस, जर्मनी, इटली और ब्रिटेन सहित कई देश इस्त्राइल के समर्थन में हैं।

→ वैश्विक व्यापार व अर्थव्यवस्था पर गहरा प्रभाव तथा तेल की कीमतों में वृद्धि हुई है।

→ ईरान हमास का सबसे बड़ा समर्थक है, जो इसे आर्थिक सहायता हथियार व ट्रेनिंग सुविधाएं प्रदान करता है।

अन्य महत्वपूर्ण तथ्य -

❖ हमास फिलिस्तीन का इस्लामिक चरमपंथी समूह (आतंकवादी संगठन) है, जो ग़ाजा पट्टी से संचालित होता है।

❖ वर्ष 1947 में संयुक्त राष्ट्र ने फिलिस्तीन को दो भागों में विभाजित कर दिया था, पहला अरब राज्य तथा दूसरा इस्त्राइल बना था।

❖ ध्यातव्य है कि फिलिस्तीन का अस्तित्व रोमन काल से ही माना जाता है।

❖ फिलिस्तीन के तहत वेस्ट बैंक और ग़ाजा पट्टी तथा पूर्वी येरुशलम और इस्त्राइल के कब्जे वाला पूरा क्षेत्र आता है।

❖ वर्ष 1948 में इस्त्राइल ने अपने को स्वतंत्र राष्ट्र के रूप में घोषित किया था, परंतु इस्त्राइल के अस्तित्व को अस्वीकार करने वाले पूरे क्षेत्र को फिलिस्तीन के रूप में मान्यता देते हैं।

❖ इस्त्राइल, मिस्र और भूमध्य सागर की बीच जिस पट्टी को ग़ाजा पट्टी कहते हैं, वह 41 किलोमीटर लंबा और 10 किलोमीटर चौड़ा क्षेत्र है।

आर्थिक परिदृश्य

सतत शहरी विकास और सेवा वितरण कार्यक्रम का उप-कार्यक्रम 2

प्रश्न - 24 अक्टूबर, 2023 को एशियाई विकास बैंक (एडीबी) ने सतत शहरी विकास और सेवा वितरण कार्यक्रम के उप-कार्यक्रम 2 के लिए भारत को कितनी राशि के नीति-आधारित ऋण को मंजूरी प्रदान की है?

(a) 250 मिलियन डॉलर
(b) 300 मिलियन डॉलर
(c) 350 मिलियन डॉलर
(d) 400 मिलियन डॉलर

उत्तर - (d)

संबंधित तथ्य -

सतत शहरी विकास और सेवा वितरण कार्यक्रम का उप-कार्यक्रम 2

→ **इसके लिए भारत को मंजूरी नीति-आधारित ऋण —** 400 मिलियन डॉलर

→ **मंजूरी —** 24 अक्टूबर, 2023 को

→ **मंजूरी प्रदाता —** एशियाई विकास बैंक (एडीबी)

→ **कार्यक्रम का उद्देश्य —** उच्च गुणवत्तायुक्त शहरी बुनियादी ढांचे, सुनिश्चित सार्वजनिक सेवाओं और कुशल प्रणालियों के निर्माण के माध्यम से शहरी जीवन की गुणवत्ता में सुधार हेतु सरकार के शहरी सुधार एजेंडे का समर्थन करना

→ **उप-कार्यक्रम 2 के तहत किया जाएगा —** राज्य और शहरी स्थानीय निकाय (यूएलबी) स्तरों पर निवेश योजना और सुधार कार्यों का समर्थन।

❖ इस कार्यक्रम में शहरी फैलाव (प्रसार) को नियंत्रित करने और यूएलबी की क्षमता निर्माण और सामुदायिक जागरूकता के साथ-साथ कानूनी, नियामक और संस्थागत सुधारों के पूरे पारिस्थितिकी तंत्र को बढ़ाने के माध्यम से प्रणालीगत और नियोजित शहरीकरण को बढ़ावा देने हेतु एकीकृत शहरी नियोजन सुधारों की भी परिकल्पना की गई है।

❖ वर्ष 2021 में स्वीकृत उप-कार्यक्रम 1 ने शहरी सेवाओं में सुधार के लिए राष्ट्रीय नीतियों और दिशा-निर्देशों की स्थापना की है।

फोर्ब्स इंडिया रिच लिस्ट, 2023

प्रश्न - 11 अक्टूबर, 2023 को फोर्ब्स द्वारा जारी भारत के 100 सबसे अमीर व्यक्तियों की सूची, 2023 से संबंधित निम्न कथनों पर विचार कीजिए-

1. इस सूची में गौतम अडानी को शीर्ष स्थान प्राप्त हुआ।
2. मुकेश अंबानी को दूसरा स्थान प्राप्त हुआ।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से कथन सही हैं?

(a) केवल (1)
(b) केवल (2)
(c) (1) एवं (2) दोनों
(d) उपर्युक्त में से कोई नहीं

उत्तर - (d)

संबंधित तथ्य -

फोर्ब्स इंडिया रिच लिस्ट, 2023 जारी

→ **कब —** 11 अक्टूबर, 2023 को

→ प्रतिष्ठित अमेरिकी पत्रिका 'फोर्ब्स' द्वारा भारत के 100 सबसे अमीर व्यक्तियों की (India's 100 Richest People), 2023 की सूची जारी

→ **सूची में शामिल शीर्ष 10 व्यक्ति एवं कुल संपत्ति (Net worth) —**

क्रम	व्यक्ति	कुल संपत्ति
1.	मुकेश अंबानी	92 बिलियन डॉलर
2.	गौतम अडानी	68 बिलियन डॉलर
3.	शिव नाडर	29.3 बिलियन डॉलर
4.	सावित्री जिंदल	24 बिलियन डॉलर
5.	राधाकिशन दमानी	23 बिलियन डॉलर
6.	साइरस पूनावाला	20.7 बिलियन डॉलर
7.	हिंदुजा परिवार	20 बिलियन डॉलर
8.	दिलीप सांघवी	19 बिलियन डॉलर
9.	कुमार बिड़ला	17.5 बिलियन डॉलर
10.	सपूर मिस्त्री	16.9 बिलियन डॉलर

→ **सूची में 9 महिलाएं शामिल हैं —**

क्रम	नाम	रैंक	कुल संपत्ति
1.	सावित्री जिंदल	4	24 बिलियन डॉलर
2.	रेखा झुनझुन वाला	28	7 बिलियन डॉलर
3.	विनोद & अनिल राय गुप्ता	30	6.7 बिलियन डॉलर
4.	रेणुका जगतियानी	44	4.8 बिलियन डॉलर
5.	लीना तिवारी	45	4.75 बिलियन डॉलर
6.	अमलगमेशंस फेमिली (मल्लिका श्रीनिवासन)	83	2.84 बिलियन डॉलर
7.	अनु अगा	87	2.7 बिलियन डॉलर
8.	फाल्गुनी नायर	88	2.65 बिलियन डॉलर
9.	किरण मजूमदार शॉ	92	2.52 बिलियन डॉलर

'विश्व के सर्वश्रेष्ठ नियोक्ता 2023' की सूची

प्रश्न - निम्न कथनों पर विचार कीजिए-

1. 10 अक्टूबर, 2023 को जारी विश्व के सर्वश्रेष्ठ नियोक्ता, 2023 सूची में माइक्रोसॉफ्ट को शीर्ष स्थान प्राप्त हुआ।

2. एनटीपीसी लि. और एलआईसी इस सूची में शामिल दो मात्र भारतीय लोक उपक्रम (PSU) हैं।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से कथन सही है/हैं?

(a) केवल (1)
(b) केवल (2)
(c) (1) एवं (2) दोनों
(d) उपर्युक्त में से कोई नहीं

उत्तर - (b)

संबंधित तथ्य -

विश्व के सर्वश्रेष्ठ नियोक्ता, 2023 की सूची जारी

→ **कब —** 10 अक्टूबर, 2023 को

→ **किसके द्वारा —** प्रतिष्ठित अमेरिकी पत्रिका फोर्ब्स द्वारा

→ **फोर्ब्स ने इस वर्ष विश्व के सर्वश्रेष्ठ नियोक्ताओं की** 7वीं वार्षिक सूची बनाने के लिए मार्केट रिसर्च फर्म स्टेटिस्क के साथ साझेदारी की है

→ इसमें कुल 700 कंपनियों को शामिल किया गया है

→ फोर्ब्स प्रति वर्ष उन शीर्ष कंपनियों की पहचान करने के लिए स्वतंत्र बाजार अनुसंधान के माध्यम से विश्व के सर्वश्रेष्ठ नियोक्ताओं की सूची प्रकाशित करता है

→ इसमें उन कंपनियों को शामिल किया जाता है जो रोमांचक कामकाजी और सकारात्मक माहौल, प्रशिक्षण और कॅरियर उन्नति के अवसर, कर्मचारी लाभ, कर्मचारी केंद्रित और कार्यस्थल पर विविधता प्रदान करते हैं

→ **विश्व के शीर्ष 5 सर्वश्रेष्ठ नियोक्ता हैं —**

1. सैमसंग इलेक्ट्रॉनिक्स, दक्षिण कोरिया।
2. माइक्रोसॉफ्ट, यूएसए
3. अल्फाबेट, यूएसए
4. एप्पल, यूएसए।
5. फेरारी, इटली

→ **इस सूची में शामिल 11 भारतीय कंपनियां हैं —**

1. रिलायंस इंडस्ट्रीज (70वां स्थान)
2. बजाज (242वां स्थान)
3. आदित्य बिरला समूह (253वां स्थान)
4. एनटीपीसी लि. (261वां स्थान)
5. हीरो मोटोकार्प (288वां स्थान)
6. एक्सिस बैंक (310वां स्थान)
7. एचडीएफसी बैंक (317वां स्थान)
8. भारतीय जीवन बीमा निगम (LIC) (354वां स्थान)
9. आईसीआईसीआई बैंक (491वां स्थान)
10. इंफोसिस (645वां स्थान)।
11. एल एंड टी (649वां स्थान)।

❖ इस प्रकार एनटीपीसी लि. और एलआईसी इस सूची में शामिल भारतीय लोक उपक्रम (PSU) हैं।

सुपर पॉवर रिटेलर प्रोग्राम

प्रश्न - 15 अक्टूबर, 2023 को राष्ट्रीय कौशल विकास निगम (एनएसडीसी) ने कौशल भारत मिशन के तहत सुपर पावर रिटेलर प्रोग्राम शुरू करने हेतु किस कंपनी के साथ साझेदारी की घोषणा की?

(a) पेप्सी इंडिया
(b) कोका-कोला इंडिया
(c) पारले इंडस्ट्रीज लिमिटेड
(d) रिलायंस रिटेल

उत्तर - (b)

संबंधित तथ्य -

सुपर पॉवर रिटेलर प्रोग्राम

- **इस प्रोग्राम को शुरू करने हेतु साझेदारी की घोषणा —** 15 अक्टूबर, 2023 को
- **साझेदारी की घोषणा की —** राष्ट्रीय कौशल विकास निगम (एनएसडीसी) ने कोका-कोला इंडिया के साथ; कौशल भारत मिशन के तहत
- **साझेदारी की घोषणा हुई —** केंद्रीय मंत्री धर्मेंद्र प्रधान की उपस्थिति में
- **उद्देश्य —** ओडिशा और उत्तर प्रदेश जैसे राज्यों में खुदरा विक्रेता समुदाय को सशक्त बनाना
- **पायलट चरण शुरू किया गया है —** ओडिशा में

❖ इस पहल के तहत देश के 1.40 करोड़ खुदरा विक्रेताओं को स्किल इंडिया डिजिटल पोर्टल के माध्यम से 14 घंटे का गुणवत्तापूर्ण खुदरा प्रशिक्षण प्रदान किया जाएगा।

❖ ऐसे विक्रेताओं को व्यावसायिक रणनीतियों की योजना बनाने और उन्हें लागू करने तथा डिजिटल प्लेटफॉर्म द्वारा विस्तारित विशाल अवसरों का उपयोग करने के बारे में प्रशिक्षित किया जाएगा।

❖ राष्ट्रीय कौशल विकास निगम इस साझेदारी के तहत, स्किल इंडिया के डिजिटल प्लेटफॉर्म पर कार्यक्रम की पहुंच बढ़ाने हेतु कोका-कोला इंडिया की मदद करेगा।

❖ इसमें उद्योग-विशिष्ट कौशल आवश्यकताओं के अनुरूप प्रशिक्षण सामग्री बनाना और उसे परिष्कृत करना शामिल है।

हार का चौथा कृषि रोड मैप (2023-28)

प्रश्न - 18 अक्टूबर, 2023 को किसने बिहार के चौथे कृषि रोडमैप (2023-28) का शुभारंभ किया?

(a) द्रौपदी मुर्मु
(b) राजेंद्र विश्वनाथ आर्लेकर
(c) नीतीश कुमार
(d) नरेंद्र सिंह तोमर

उत्तर - (a)

संबंधित तथ्य -

बिहार का चौथा कृषि रोड मैप (2023-28)

- **शुभारंभ —** 18 अक्टूबर, 2023 को
- **शुभारंभकर्त्ता —** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु
- **शुभारंभ स्थल —** बापू सभागार, सम्राट अशोक कन्वेंशन केंद्र, पटना
- **इस रोड मैप का उद्देश्य —** राज्य में फसलों के उत्पादन एवं उत्पादकता को बढ़ाना
- **पहले कृषि रोड मैप का शुरुआत की गई थी —** वर्ष 2008 में
- **पहले कृषि रोड मैप की अवधि —** वर्ष 2008 से 2012 तक।

❖ दूसरे कृषि रोड मैप (वर्ष 2012 से 2017 तक) के तहत किए गए कार्य के फलस्वरूप राज्य में फल, सब्जी, दूध, अंडा एवं मछली के उत्पादन में वृद्धि हुई।

❖ वर्ष 2017 से वर्ष 2022 तक तीसरे कृषि रोड मैप के तहत कार्य किए गए थे, किन्तु इसका कार्यकाल 1 वर्ष के लिए बढ़ाकर वर्ष 2023 तक कर दिया गया था।

❖ दूसरे कृषि रोड मैप का शुभारंभ तत्कालीन राष्ट्रपति प्रणब मुखर्जी ने तथा तीसरे कृषि रोड मैप का शुभारंभ तत्कालीन राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद ने किया था।

❖ बिहार में पहले कृषि रोड मैप से किसानों को काफी लाभ हुआ है और धान, मक्का, गेहूं तथा आलू के उत्पादन और उत्पादकता में वृद्धि हुई है।

❖ वर्ष 2011-12 में नालंदा के एक किसान ने प्रति हेक्टेयर धान का सबसे अधिक उत्पादन कर चीन को पीछे छोड़ दिया।

❖ इससे पूर्व प्रति हेक्टेयर का रिकॉर्ड चीन के नाम था।

❖ आलू के उत्पाद में भी नालंदा जिले के एक किसान ने ही विश्व कीर्तिमान बनाया।

वर्ष 2022-23 के लिए प्रमुख फसलों के उत्पादन का अंतिम अनुमान

प्रश्न - अक्टूबर, 2023 में जारी वर्ष 2022-23 के लिए प्रमुख फसलों के उत्पाद के अंतिम अनुमान से संबंधित निम्न कथनों पर विचार कीजिए-

1. इसके अनुसार, देश में कुल खाद्यान्न उत्पादन रिकॉर्ड 3296.87 लाख टन होने का अनुमान है।

2. वर्ष 2022-23 के दौरान चावल का कुल उत्पादन रिकॉर्ड 1357.55 लाख टन होने का अनुमान है।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से कथन सही है/हैं?

(a) केवल (1)
(b) केवल (2)
(c) (1) एवं (2) दोनों
(d) उपर्युक्त में से कोई नहीं

उत्तर - (c)

संबंधित तथ्य -

वर्ष 2022-23 के लिए प्रमुख फसलों के उत्पादन का अंतिम अनुमान जारी

- **कब** — 18 अक्टूबर, 2023 को
- **किसके द्वारा** — केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण विभाग, भारत सरकार
- इसके अनुसार, देश में कुल खाद्यान्न उत्पादन रिकॉर्ड 3296.87 लाख टन होने का अनुमान है
- यह वर्ष 2021-22 के दौरान प्राप्त 3156.16 लाख टन खाद्यान्न उत्पादन से 140.71 लाख टन अधिक है
- अंतिम अनुमानों के अनुसार, 2022-23 के दौरान प्रमुख फसलों का अनुमानित उत्पादन इस प्रकार हैं-
- **खाद्यान्न** — 3296.87 लाख टन
  - **चावल** — 1357.55 लाख टन
  - **गेहूं** — 1105.54 लाख टन
  - **पोषक/मोटा अनाज** — 573.19 लाख टन
  - **मक्का** — 380.85 लाख टन
  - **दालें** — 260.58 लाख टन
  - **तुअर** — 33.12 लाख टन
  - **चना** — 122.67 लाख टन
- **तिलहन** — 413.55 लाख टन
  - **मूंगफली** — 102.97 लाख टन
  - **सोयाबीन** — 149.85 लाख टन
  - **रेपसीड और सरसों** — 126.43 लाख टन
- **गन्ना** — 4905.33 लाख टन
- **कपास** — 336.60 लाख टन गांठे (प्रत्येक 170 किलोग्राम की)
- **जूट और मेस्टा** — 93.92 लाख गांठे (प्रत्येक 180 किलोग्राम की)।

बागवानी फसलों के क्षेत्र व उत्पादन के लिए वर्ष 2022-23 का द्वितीय अग्रिम अनुमान

प्रश्न - हाल ही में बागवानी फसलों के क्षेत्र व उत्पादन के लिए वर्ष 2022-23 का द्वितीय अग्रिम अनुमान जारी किया गया। इसके अनुसार, कुल बागवानी उत्पादन कितने मिलियन टन होने का अनुमान है?

(a) 351.92 मिलियन टन
(b) 340.80 मिलियन टन
(c) 432.40 मिलियन टन
(d) 345.50 मिलियन टन

उत्तर - (a)

संबंधित तथ्य -

बागवानी फसलों के क्षेत्र व उत्पादन के लिए वर्ष 2022-23 का द्वितीय अग्रिम अनुमान जारी

- **कब** — 18 अक्टूबर, 2023 को
- **किसके द्वारा** — कृषि एवं किसान कल्याण मंत्रालय, भारत सरकार
- इसके अनुसार, बागवानी उत्पादन रिकॉर्ड 351.92 मिलियन टन होने का अनुमान है
- फलों का उत्पादन वर्ष 2021-22 के 107.51 मिलियन टन की तुलना में वर्ष 2022-23 में 108.34 मिलियन टन होने का अनुमान है
- सब्जियों का उत्पादन वर्ष 2022-23 में 212.91 मिलियन टन होने का अनुमान है, जबकि वर्ष 2021-22 में 209.14 मिलियन टन अनुमान था।
- वृक्षारोपण फसलों का उत्पादन वर्ष 2021-22 में 15.76 मिलियन टन से बढ़कर वर्ष 2022-23 में 16.05 मिलियन टन होने का अनुमान है
- आलू का उत्पादन वर्ष 2022-23 में 60.54 मिलियन टन होने का अनुमान है।

विपणन सीजन 2024-25 के लिए सभी रबी फसलों हेतु न्यूनतम समर्थन मूल्य

प्रश्न - 18 अक्टूबर, 2023 को विपणन सीजन, 2024-25 के लिए सभी रबी फसलों के लिए न्यूनतम समर्थन मूल्य (MSP) को स्वीकृति दी गई। इसके तहत गेहूं का न्यूनतम समर्थन मूल्य कितने रूपये प्रति क्विंटल हुआ?

(a) 2175 रुपये
(b) 2275 रुपये
(c) 1850 रुपये
(d) 2075 रुपये

उत्तर - (b)

संबंधित तथ्य -

विपणन सीजन 2024-25 के लिए सभी रबी फसलों हेतु न्यूनतम समर्थन मूल्य की स्वीकृति

- **कब** — 18 अक्टूबर, 2023 को
- **किसके द्वारा** — आर्थिक मामलों की मंत्रिमंडलीय समिति (CCEA) द्वारा
- विपणन सीजन 2024-25 के लिए रबी की फसलों हेतु न्यूनतम समर्थन मूल्य (MSP) (रुपये/क्विंटल में)

फसल	एमएसपी आरएमएस 2014-15	एमएसपी आरएमएस 2023-24	एमएसपी आरएमएस 2024-25
गेहूं	1400	2125	2275
जौ	1100	1735	1850
चना	3100	5335	5440
दाल (मसूर)	2950	6000	6425
रेपसीड एवं सरसों	3050	5450	5650
कुसुम	3000	5650	5800

- इस वर्ष एमएसपी में सबसे ज्यादा बढ़ोत्तरी दाल (मसूर) के लिए 425 रुपये प्रति क्विंटल हुई है।

भारत टेक्स, (Bharat Tex) 2024

प्रश्न - 26-29 फरवरी, 2024 के मध्य वैश्विक मेगा वस्त्र कार्यक्रम 'भारत टेक्स, 2024' कहां आयोजित होगा?

(a) मुंबई
(b) जयपुर
(c) अहमदाबाद
(d) नई दिल्ली

उत्तर - (d)

संबंधित तथ्य -

भारत टेक्स (Tex), 2024

- **क्या है? —** यह एक वैश्विक मेगा वस्त्र कार्यक्रम है
- **कब आयोजित होगा —** 26-29 फरवरी, 2024
- **कहां होगा —** नई दिल्ली में
- यह कार्यक्रम विश्व के अब तक के सबसे बड़े वस्त्र कार्यक्रमों में से एक होगा
- इसमें फाइबर से लेकर फैशन तक संपूर्ण वस्त्र मूल्य शृंखला में भारत की क्षमताओं को प्रदर्शित किया जाएगा।

भारत में लघु और मध्यम उद्यमों (एसएमई) पर फिक्की रिपोर्ट

प्रश्न - अक्टूबर, 2023 में फिक्की द्वारा भारत में लघु और मध्यम उद्यमों (एसएमई) रिपोर्ट के संबंध में निम्न कथनों पर विचार कीजिए-

(i) 19 अक्टूबर, 2023 को फिक्की ने यह रिपोर्ट जारी की।
(ii) इस रिपोर्ट में एसएमई डिजिटल परिवर्तन, स्थिरता प्रथाओं और चुनौतियों को कैसे अपना रहे हैं का उल्लेख किया गया है।
(iii) इस रिपोर्ट के अनुसार ई-कॉमर्स, डिजिटल मार्केटिंग, क्लाउड कंप्यूटिंग और ऑटोमेशन टूल के उपयोग के माध्यम से टेक्नोलॉजी को अपनाने के चलन में बढ़ोत्तरी हुई है।
(iv) एसएमई ने अपनी परिचालन लागत में कमी की है और ग्राहक आधार बढ़ाया है।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से कथन सही है/हैं?

(a) केवल (i) एवं (ii)
(b) केवल (i),(ii) एवं (iii)
(c) केवल (i),(iii) एवं (iv)
(d) उपर्युक्त सभी

उत्तर - (d)

संबंधित तथ्य -

भारत में लघु और मध्यम उद्यमों (एसएमई) पर भारतीय वाणिज्य एवं उद्योग महासंघ (फिक्की) की रिपोर्ट

- **जारी —** 19 अक्टूबर, 2023 को
- **जारीकर्ता —** फिक्की
- **रिपोर्ट की अवधारणा —** भारत में विनिर्माण क्षेत्र में लघु और मध्यम उद्यमों द्वारा डिजिटलीकरण और स्थिरता के लिए जागरूकता एवं तैयारियों का आकलन करने से प्रेरित
- **यह रिपोर्ट आधारित है —** 14 शहरों में 600 से अधिक एसएमई के राष्ट्रव्यापी सर्वेक्षण और उसके पश्चात केंद्रीय समूह चर्चा पर
- **रिपोर्ट में उल्लेख —** एसएमई डिजिटल परिवर्तन, स्थिरता प्रथाओं और चुनौतियों को कैसे अपना रहे हैं।
- **रिपोर्ट के मुख्य बिंदु —**
  - ई-कॉमर्स प्लेटफॉर्म, डिजिटल मार्केटिंग, क्लाउड कंप्यूटिंग और ऑटोमेशन टूल के उपयोग के माध्यम से टेक्नोलॉजी को अपनाने के चलन में बढ़ोत्तरी।
  - एसएमई ने अपनी वार्षिक परिचालन लागत में कमी की है, ग्राहक आधार बढ़ाया है और बाजार में उपस्थिति बढ़ाई है।
  - एसएमई द्वारा अपनाई गई टिकाऊ प्रथाएं उनके पारिस्थितिकी फुटप्रिंट और अपशिष्ट उत्पादन को कम कर सकती हैं।
  - कुशल संसाधनों की कमी, तकनीकी विशेषज्ञता और व्यवसाय-विशिष्ट प्रौद्योगिकियों समाधानों की सीमित ज्ञान भारत में एसएमई के लिए प्रमुख चुनौतियां हैं।
  - वित्त तक पहुंच में सुधार, सरकारी योजनाओं की नियमित निगरानी और मूल्यांकन और सभी अनुपालनों के लिए एकल खिड़की बनाने के संबंध में सिफारिश।

- सर्वेक्षण के अनुसार एसएमई विभिन्न व्यावसायिक कार्यों में डिजिटल प्रौद्योगिकी का उपयोग कर रहे हैं।
- जिसमें 60 प्रतिशत उद्यम मानव संसाधनों के लिए, 51 प्रतिशत बिक्री और विपणन के लिए तथा 48 प्रतिशत वित्त के लिए डिजिटल टूल का उपयोग किया गया जाना शामिल है।
- लेखांकन सॉफ्टवेयर (जैसे टैली/व्यापार/बिजी (Busy) आदि और ईआरपी और सीआरएम जैसे अनुप्रयोग एसएमई द्वारा सबसे अधिक उपयोग किए जाने वाले डिजिटल उपकरण हैं।
- लगभग 35 प्रतिशत उत्तरदाताओं ने डिजिटलीकरण के परिणामस्वरूप अपनी वार्षिक परिचालन लागत में 11-20 प्रतिशत की कमी की सूचना दी, जबकि 30 प्रतिशत उत्तरदाताओं ने संकेत दिया की उनकी वार्षिक परिचालन लागत में 20 प्रतिशत की कमी आई है।
- हाल के वर्षों में भारत में लघु एवं मध्यम उद्यमों (एसएमई) द्वारा टिकाऊ प्रथाओं को अपनाने पर जोर बढ़ रहा है।
- टिकाऊ प्रथाओं को अपनाकर एसएमई अपने पारिस्थितिकी पदचिह्न को कम कर सकते हैं, संसाधन उपयोग को अनुकूलित कर सकते हैं और अपशिष्ट उत्पादन को कम कर सकते हैं।

दो सीपीएसई को नवरत्न का दर्जा

प्रश्न - अक्टूबर, 2023 में इरकॉन इंटरनेशनल लिमिटेड के साथ ही किस केंद्रीय सार्वजनिक क्षेत्र उद्यम को नवरत्न का दर्जा प्रदान किया गया है?

(a) राइट्स लिमिटेड
(b) इंजीनियर्स इंडिया लिमिटेड
(c) एनएलसी इंडिया लिमिटेड
(d) रेल विकास निगम लिमिटेड

उत्तर - (a)

संबंधित तथ्य -

दो सीपीएसई (केंद्रीय सार्वजनिक क्षेत्र उद्यम) को नवरत्न का दर्जा

- **नवरत्न का दर्जा प्रदत्त** — 12 अक्टूबर, 2023 को
- **दर्जा प्रदाता** — वित्त मंत्रालय
- **दर्जा प्राप्त सीपीएसई** — इरकॉन इंटरनेशनल लिमिटेड (आईआरसीओएन) और राइट्स लिमिटेड (राइट्स)
- **दोनों सीपीएसई संबंधित हैं** — भारतीय रेलवे से
- **इरकॉन इंटरनेशनल लिमिटेड है** — 15वां नवरत्न का दर्जा प्राप्त सीपीएसई
- **राइट्स लिमिटेड है** — 16वां नवरत्न का दर्जा प्राप्त सीपीएसई

❖ नवरत्न का दर्जा प्राप्त होने से राइट्स लिमिटेड को अपने ब्रॉन्ड को आगे बढ़ाने, वैश्विक बाजार में अधिक प्रभावी ढंग से प्रतिस्पर्धा करने और विकास हेतु नए मोर्चे पर अधिक शक्ति से आगे बढ़ने में मदद मिलेगी।

❖ इरकॉन इंटरनेशनल लिमिटेड ने वित्तीय वर्ष 2022-23 में 10,750 करोड़ रुपये का समेकित वार्षिक कारोबार और 765 करोड़ रुपये का कर पश्चात लाभ दर्ज किया है।

भारत-जापान फंड (आईजेएफ)

प्रश्न - अक्टूबर, 2023 में राष्ट्रीय निवेश और अवसंरचना फंड (एनआईआईएफ) ने कितनी राशि का भारत-जापान फंड (आईजेएफ) लांच करने हेतु जापान बैंक फॉर इंटरनेशनल कोऑपरेशन (जेबीआईसी) के साथ साझेदारी की है?

(a) 400 मिलियन डॉलर
(b) 500 मिलियन डॉलर
(c) 600 मिलियन डॉलर
(d) 800 मिलियन डॉलर

उत्तर - (c)

संबंधित तथ्य -

भारत-जापान फंड (आईजेएफ)

- **लांच करने हेतु साझेदारी** — 4 अक्टूबर, 2023 को
- **साझेदारी हुई है** — राष्ट्रीय निवेश और अवसंरचना फंड (एनआईआईएफ) और जापान बैंक फॉर इंटरनेशनल कोऑपरेशन (जेबीआईसी) के मध्य
- **लांच किया जाने वाला फंड** — 600 मिलियन डॉलर
- **इस फंड में एंकर निवेशक होंगे** — जेबीआईसी और भारत सरकार
- **यह फंड केंद्रित होगा** — पर्यावरण स्थिरता और कम कार्बन उत्सर्जन की रणनीतियों में निवेश पर
- **यह है** — एनआईआईएफ का पहला द्विपक्षीय कोष
- **इस कोष (फंड) में हिस्सेदारी या योगदान** — भारत सरकार और जेबीआईसी का क्रमश: 49 प्रतिशत और 51 प्रतिशत
- **फंड का प्रबंधन**— एनआईआईएफ लिमिटेड और जेबीआईसी आईजी (जेबीआईसी की अनुषंगी कंपनी) द्वारा
- **विशेष तथ्य** — यह भारत में जापान के निवेश को बढ़ावा देने के लिए एनआईआईएफएल को समर्थन प्रदान करेगा।

लैंको अमरकंटक पॉवर लिमिटेड (एलएपीएल)

प्रश्न - अक्टूबर, 2023 में भारतीय प्रतिस्पर्धा आयोग (सीसीआई) ने लैंको अमरकंटक पॉवर लिमिटेड (एलएपीएल) में पीएफसी प्रोजेक्ट्स लिमिटेड, आरईसी लिमिटेड, दामोदर वैली कॉर्पोरेशन और किस कंपनी की 100 प्रतिशत हिस्सेदारी के प्रस्तावित अधिग्रहण को मंजूरी प्रदान की?

(a) एनएचपीसी लिमिटेड
(b) एनटीपीसी हाइड्रो लिमिटेड
(c) एसजेवीएन लिमिटेड
(d) रिलायंस पॉवर लिमिटेड

उत्तर - (c)

संबंधित तथ्य -

लैंको अमरकंटक पॉवर लिमिटेड (एलएपीएल)

- **प्रस्तावित अधिग्रहण को मंजूरी** — भारतीय प्रतिस्पर्धा आयोग (सीसीआई) द्वारा
- **कब** — 3 अक्टूबर, 2023 को
- **प्रस्तावित संयोजन संबंधित है** — इस कंपनी में 100 प्रतिशत हिस्सेदारी से
- **अधिग्रहणकर्ता** — पीएफसी प्रोजेक्ट्स लिमिटेड (पीपीएल), आरईसी लिमिटेड (आरईसी), एसजेवीएन लिमिटेड (एसजेवीएन) और दामोदर वैली कॉर्पोरेशन (डीवीसी)।

❖ पीपीएल, भारत सरकार के उपक्रम पॉवर फाइनेंस कॉर्पोरेशन लिमिटेड (पीएफसी) की पूर्ण स्वामित्व वाली सहायता कंपनी है।

❖ आरईसी भी पीएफसी की सहायक कंपनी है, जो वर्तमान में एक गैर-बैंकिंग

वित्तीय कंपनी है।

- आरईसी को भारतीय रिजर्व बैंक (RBI) ने अवसंरचना से संबंधित वित्तीय कंपनी के रूप में वर्गीकृत किया है।
- एसजेवीएन, हिमाचल प्रदेश सरकार और सार्वजनिक शेयरधारकों के स्वामित्व वाली एक सूचीबद्ध कंपनी है।
- वर्तमान में एसजेवीएन द्वारा हिमाचल प्रदेश, उत्तराखंड, बिहार, महाराष्ट्र और उत्तर प्रदेश में परियोजनाओं को कार्यान्वित एवं संचालित किया जा रहा है।
- डीवीसी, दामोदर वैली निगम अधिनियम, 1948 के तहत स्थापित एक वैधानिक कॉर्पोरेशन है।

भारत का प्रथम नंबरलेस क्रेडिट कार्ड लॉन्च

प्रश्न - निम्न कथनों पर विचार कीजिए?

(i) हाल ही में एक्सिस बैंक (Axis Bank) और फाइब (Fibe) द्वारा संयुक्त रूप से नंबरलेस क्रेडिट कार्ड 'Fibe Axis Bank Credit Card' लांच किया है।

(ii) Axis Bank का यह नंबरलेस कार्ड Ru Pay द्वारा संचालित है, और इस क्रेडिट कार्ड को UPI से लिंक भी कर सकते हैं।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से कथन सही है/हैं?

(a) केवल (i)

(b) (i) तथा (ii) दोनों

(c) केवल (ii)

(d) इनमें से कोई भी नहीं।

उत्तर - (b)

भारत का प्रथम नंबरलेस क्रेडिट कार्ड लॉन्च -

- अक्टूबर, 2023 एक्सिस बैंक और अग्रणी फिनटेक Fibe (जिसे पहले अर्लीसैलरी के नाम से जाना जाता था) द्वारा संयुक्त रूप से भारत का पहला नंबरलेस (बिना नंबर वाला) क्रेडिट कार्ड लॉन्च किया है।
- इस नंबरलेस क्रेडिट कार्ड को 'Fibe Axis Bank Credit Card' नाम दिया गया है।

भारत का प्रथम नंबरलेस क्रेडिट कार्ड लॉन्च

- कार्ड Ru Pay द्वारा संचालित है, जो ग्राहक को इस क्रेडिट कार्ड को UPI से लिंक करने की अनुमति देता है।
- कार्ड में जीवनपर्यन्त शून्य ज्वाइनिंग फीस और शून्य वार्षिक शुल्क है।
- कार्ड पर कोई भी कार्ड नंबर, समाप्ति तिथि, नाम या सीवीवी मुद्रित नही होगा, जिससे ग्राहकों को अतिरिक्त स्तर की सुरक्षा प्राप्त होगी।
- अतिरिक्त सुविधा हेतु 'टैप-एंड-पे' सुविधा भी प्रदान करता है।
- कार्ड सभी डिजिटल प्लेटफार्म के अलावा सभी ऑफलाइन स्टोर्स पर भी स्वीकार किया जाता है।
- ग्राहकों को सभी ऑनलाइन या ऑफलाइन लेनदेन पर 1 प्रतिशत कैश बैक भी प्राप्त होगा।

एक्सिस बैंक (AXIS BANK) एक नजर

- वर्ष 1993 से 2007 तक यूटीआई बैंक के नाम से जाना जाता था।
- जुलाई, 2007 में यूटीआई बैंक द्वारा अपना नाम बदलकर एक्सिस बैंक कर लिया गया।
- **मुख्यालय —** एक्सिस हाउस, मुंबई, (महाराष्ट्र, भारत)
- **एक्सिस बैंक के अध्यक्ष —** संजीव मोधे
- भारत में निजी क्षेत्र का तीसरा सबसे बड़ा बैंक है।

अन्य महत्वपूर्ण तथ्य -

- वैश्विक स्तर पर नंबरलेस कार्ड पहली बार वर्ष 2020 में इंग्लैंड की एक पेमेंट कंपनी कर्व (Curve) द्वारा यूरोप में पेश किया गया था।
- ध्यातव्य है कि Apple का नंबरलेस क्रेडिट कार्ड मार्च 2019 में अमेरिका में लॉन्च किया गया था।

भारत की जीडीपी वृद्धि दर, 2023-24

प्रश्न - निम्न कथनों पर विचार कीजिए?

(i) हाल ही में विश्व बैंक द्वारा भारत के जीडीपी विकास दर की रिपोर्ट प्रस्तुत की गई जिसमें भारतीय अर्थव्यवस्था चालू वित्त वर्ष 2023-24 में 6.3 प्रतिशत की दर से वृद्धि का अनुमान लगाया है।

(ii) विश्व बैंक के अनुसार वर्ष 2023 में समग्र दक्षिण एशिया अर्थव्यवस्था में 5.8 प्रतिशत की दर से वृद्धि का अनुमान है।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से कथन सही है/हैं?

(a) (i) तथा (ii) दोनों

(b) केवल (i)

(c) केवल (ii)

(d) इनमें से कोई नहीं।

उत्तर - (a)

भारत का जीडीपी वृद्धि दर, 2023-24

- 3 अक्टूबर, 2023 को विश्व बैंक द्वारा भारत के जीडीपी विकास दर से संबंधित एक रिपोर्ट प्रस्तुत किया गया है।
- ध्यातव्य है कि विश्व बैंक ने अपनी रिपोर्ट में भारतीय अर्थव्यवस्था चालू वित्त वर्ष 2023-24 में 6.3 प्रतिशत की दर से वृद्धि का अनुमान लगाया है।

भारत का जीडीपी वृद्धि दर, 2023-24

- भारत के पर्याप्त बाह्य चुनौतियों के परिणामस्वरूप सुदृढ़ आर्थिक विकास का प्रदर्शन।
- रिपोर्ट के अनुसार केंद्र सरकार का राजकोषीय घाटा सकल घरेलू उत्पाद (GDP) के 6.4 प्रतिशत से घटकर 5.9 प्रतिशत तक रहने का अनुमान है।
- विश्व बैंक का पूर्वानुमान सरकार और भारतीय रिजर्व बैंक के अनुमान से कम है, जिसने देश की विकास दर 6.5 प्रतिशत आंकी थी।
- रिपोर्ट के अनुसार भारत में प्रत्यक्ष विदेशी निवेश का विस्तार होने की संभावना है।
- भारतीय अर्थव्यवस्था को मौजूदा वैश्विक प्रतिकूलताओं, बढ़ी हुई ब्याज दरों, कम मांग और भू-राजनीतिक तनाव के कारण विभिन्न चुनौतियों का सामना करना पड़ रहा है।

अन्य महत्वपूर्ण तथ्य -

- ❖ विश्व बैंक ने अप्रैल, 2023 की समीक्षा के दौरान भारत के लिए अपना विकास पूर्वानुमान 6.5 प्रतिशत से घटाकर 6.3 प्रतिशत रखा है।
- ❖ विश्व बैंक के अनुसार खाद्य-मूल्य आधारित मुद्रास्फीति खपत को कम कर सकती है, लेकिन निजी निवेश और सरकारी खर्च मजबूत होने की संभावना है।
- ❖ विश्व बैंक के अनुसार वर्ष 2023 में समग्र दक्षिण एशिया अर्थव्यवस्था में 5.8 प्रतिशत की दर से वृद्धि की उम्मीद है।
- ❖ ध्यातव्य है कि महामारी (कोविड-19) से पहले की गति से कम है, तथा अपने विकास लक्ष्यों को पूरा करने के लिए पर्याप्त तेजी नहीं है।

मौद्रिक नीति वक्तव्य, 2023-24

प्रश्न - 6 अक्टूबर, 2023 को जारी मौद्रिक नीति वक्तव्य, 2023-24 से संबंधित निम्न कथनों पर विचार कीजिए-

1. इसमें आरबीआई ने रेपो दर को अपरिवर्तित रखा।
2. इसके अनुसार, वर्ष 2023-24 के लिए वास्तविक सकल घरेलू उत्पाद की संवृद्धि 6.5 प्रतिशत अनुमानित है।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से कथन सही है/हैं?

(a) केवल (1)
(b) केवल (2)
(c) (1) एवं (2) दोनों
(d) उपर्युक्त में से कोई नहीं

उत्तर - (c)

संबंधित तथ्य -

मौद्रिक नीति वक्तव्य, 2023-24 जारी

- **कब —** 6 अक्टूबर, 2023
- **किसके द्वारा —** आरबीआई गवर्नर शक्तिकांत दास की अध्यक्षता में मौद्रिक नीति समिति (MPC)
- इसके अनुसार, रेपो दर अपरिवर्तित रहा।
- जिससे चलनिधि समायोजन सुविधा के अंतर्गत नीतिगत रेपो दर 6.50 प्रतिशत पर यथावत है।
- **परिणामस्वरूप —**
  - ➲ **स्थायी जमा सुविधा दर —** 6.25 प्रतिशत
  - ➲ **बैंक दर —** 6.75 प्रतिशत
  - ➲ **सीमांत स्थायी सुविधा दर —** 6.75 प्रतिशत
- **अन्य प्रमुख दरें —**
  - ➲ **स्थायी रिवर्स रेपो दर —** 3.35 प्रतिशत
  - ➲ **सीआरआर (CRR) —** 4.50 प्रतिशत
  - ➲ **एसएलआर (SLR) —** 18 प्रतिशत
- आरबीआई के अनुसार, वर्ष 2023-24 के लिए वास्तविक सकल घरेलू उत्पाद की संवृद्धि 6.5 प्रतिशत होना अनुमानित है।
- सीपीआई मुद्रास्फीति वर्ष 2023-24 के लिए 5.4 प्रतिशत अनुमानित है।
- 29 सितंबर, 2023 तक भारत विदेशी मुद्रा आरक्षित निधि 589.9 बिलियन अमेरिकी डॉलर थी।

वर्ल्ड इकोनॉमिक आउटलुक अक्टूबर, 2023

प्रश्न - अक्टूबर, 2023 में जारी वर्ल्ड इकोनॉमिक आउटलुक डेटाबेस अक्टूबर, 2023 से संबंधित निम्न कथनों पर विचार कीजिए-

1. यह रिपोर्ट विश्व बैंक द्वारा जारी की गई है।
2. इसके अनुसार वर्ष 2023 में वैश्विक विकास दर 3 प्रतिशत रहने का अनुमान है।
3. वर्ष 2023 में भारत की विकास दर 6.3 प्रतिशत रहने का अनुमान है।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से कथन सही है/हैं?

(a) केवल (1) एवं (2)
(b) केवल (2) एवं (3)
(c) केवल (1) एवं (3)
(d) उपर्युक्त सभी

उत्तर - (b)

संबंधित तथ्य -

वर्ल्ड इकोनॉमिक आउटलुक अक्टूबर, 2023 जारी

- **कब —** 10 अक्टूबर, 2023
- **किसके द्वारा —** वाशिंगटन डी.सी. स्थित अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष (IMF) द्वारा।

रिपोर्ट की प्रमुख बातें

- **वैश्विक विकास दर (अनुमानित) —**
  - **वर्ष 2023 —** 3 प्रतिशत
  - **वर्ष 2024 —** 2.9 प्रतिशत
- **भारत की विकास दर (अनुमानित) —**
  - **वर्ष 2023 —** 6.3 प्रतिशत
  - **वर्ष 2024 —** 6.3 प्रतिशत
- **चीन की विकास दर (अनुमानित) —**
  - **वर्ष 2023 —** 5 प्रतिशत
  - **वर्ष 2024 —** 4.2 प्रतिशत
- **उन्नत अर्थव्यवस्थाओं की विकास दर —**
  - **वर्ष 2023 —** 1.5 प्रतिशत
  - **वर्ष 2024 —** 1.4 प्रतिशत
- **अन्य प्रमुख देशों की विकास दर (अनुमानित) —**

देश	अनुमानित विकास दर	
	वर्ष 2023	वर्ष 2024
अमेरिका	2.1 प्रतिशत	1.5 प्रतिशत
फ्रांस	1 प्रतिशत	1.3 प्रतिशत
जर्मनी	–0.5 प्रतिशत	0.9 प्रतिशत
जापान	2 प्रतिशत	1 प्रतिशत
यूके	0.5 प्रतिशत	0.6 प्रतिशत

360 वन हेल्थ हुरून इंडिया रिच लिस्ट, 2023

प्रश्न - अक्टूबर, 2023 में जारी, 360 वन वेल्थ हुरून इंडिया रिच लिस्ट, 2023 में किसे शीर्ष स्थान प्राप्त हुआ है?

(a) गौतम अडानी
(b) मुकेश अंबानी
(c) अजीम प्रेमजी
(d) साइरस पूनावाला

उत्तर - (b)

संबंधित तथ्य -

360 वन वेल्थ हुरून इंडिया रिच लिस्ट, 2023

- **कब —** 10 अक्टूबर, 2023
- **किसके द्वारा —** हुरून रिसर्च इंस्टीट्यूट और 360 वन हेल्थ द्वारा।
- सूची में कुल 1319 व्यक्तियों को शामिल किया गया है।
- **सूची में शामिल शीर्ष 10 व्यक्ति एवं उनकी संपत्ति —**

क्रम	व्यक्ति	संपत्ति
1.	मुकेश अंबानी	808,700 करोड़ रुपये
2.	गौतम अडानी एवं परिवार	474,800 करोड़ रुपये
3.	साइरस पूनावाला एवं परिवार	278,500 करोड़ रुपये
4.	शिव नाडार एवं परिवार	228,900 करोड़ रुपये
5.	गोपीचंद हिंदुजा एवं परिवार	176,500 करोड़ रुपये
6.	दिलीप सांघवी	164,300 करोड़ रुपये
7.	लक्ष्मी निवास मित्तल एवं परिवार	162,300 करोड़ रुपये
8.	राधाकिशन दमानी एवं परिवार	143,900 करोड़ रुपये
9.	कुमार मंगलम बिरला एवं परिवार	125,600 करोड़ रुपये
10.	नीरज बजाज एवं परिवार	120,700 करोड़ रुपये

वैज्ञानिक परिदृश्य

एक्सरसाइज हरिमाउ शक्ति, 2023

प्रश्न - निम्न कथनों पर विचार कीजिए-

(1) एक्सरसाइज हरिमाउ शक्ति-2023 भारतीय और इंडोनेशियाई सेना के बीच एक संयुक्त द्विपक्षीय प्रशिक्षण अभ्यास है।
(2) इसका आयोजन 23 अक्टूबर से 5 नवंबर, 2023 के मध्य उमरोई छावनी, मेघालय में किया जा रहा है।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से कथन सही है/हैं?

(a) केवल (1)
(b) (1) एवं (2) दोनों
(c) केवल (2)
(d) उपर्युक्त में से कोई नहीं

उत्तर - (c)

एक्सरसाइज हरिमाउ शक्ति, 2023

- **क्या है?** — भारतीय और मलेशियाई सेना के बीच संयुक्त द्विपक्षीय प्रशिक्षण अभ्यास का चौथा संस्करण
- **कब** — 23 अक्टूबर से 5 नवंबर, 2023 तक
- **कहां** — उमरोई छावनी, मेघालय।
- इस अभ्यास में दोनों पक्षों के लगभग 120 जवान शामिल
- भारतीय दल का प्रतिनिधित्व राजपूत रेजिमेंट की एक बटालियन कर रही है
- जबकि मलेशियाई सेना का नेतृत्व 5वीं रॉयल बटालियन कर रही है
- इसका उद्देश्य उप-पारंपरिक परिदृश्य में मल्टी डोमेन ऑपरेशन के संचालन के लिए सैन्य क्षमता को बढ़ाना है
- इस अभ्यास का पिछला संस्करण नवंबर, 2022 में पुलाई, क्रुआंग, मलेशिया में आयोजित किया गया था
- यह अभ्यास वर्ष 2012 से आयोजित किया जा रहा है।

अमेजन द्वारा प्रोटोटाइप उपग्रहों की पहली जोड़ी लॉन्च

प्रश्न - अक्टूबर, 2023 में अमेजन ने प्रोटोटाइप उपग्रहों की पहली जोड़ी लॉन्च किया। इस संबंध में विकल्प में कौन-सा तथ्य सही नहीं है?

(a) 6 अक्टूबर, 2023 को प्रोटोटाइप उपग्रहों की पहली जोड़ी को लॉन्च किया गया।
(b) इसे फ्लोरिडा के केप कैनावेरल स्पेस फोर्स स्टेशन से यूनाइटेड लॉन्च अलायंस एटलस V रॉकेट से लॉन्च किया गया।
(c) लॉन्च किए गए दो उपग्रहों का नाम कुइपरसैट-1 और कुइपरसैट-2 है।
(d) इन उपग्रहों को पृथ्वी की सतह से 750 किमी. से अधिक ऊपर की कक्षा में स्थापित किया जाएगा।

उत्तर - (d)

संबंधित तथ्य -

अमेजन द्वारा प्रोटोटाइप उपग्रहों की पहली जोड़ी लॉन्च

- **लॉन्च** — 6 अक्टूबर, 2023 को
- **कहां से** — फ्लोरिडा के कैप कैनावेरल स्पेस फोर्स स्टेशन
- **किससे** — यूनाइटेड लॉन्च अलायंस एटलस V रॉकेट से
- **लॉन्च उपग्रहों के नाम** — कुइपरसैट-1 और कुइपरसैट-2
- **लॉन्च किया गया है** — अपने नियोजित कुइपर इंटरनेट नेटवर्क हेतु
- **उद्देश्य** — एलन मस्क के स्टारलिंक की तरह किफायती इंटरनेट प्रदान करना
- **उपग्रहों को स्थापित किया जाएगा** — पृथ्वी की सतह से 500 किमी. से अधिक ऊपर की कक्षा में
- **अमेजन की योजना** — अगले कुछ वर्षों में 3236 और उपग्रहों को तैनात करने की है
- **विशेष तथ्य** — अमेजन की योजना अगले वर्ष के अंत तक सेवा शुरू करने की है।

❖ यूनाइटेड लॉन्च अलायंस बोइंग-लॉकहीड का संयुक्त उद्यम है।
❖ इन उपग्रहों को प्रोजेक्ट कुइपर के तहत लॉन्च किया गया है।
❖ प्रोजेक्ट कुइपर एक अन्य इंटरनेट मेगाकॉन्सटेलेशन-स्पेसएक्स के स्टारलिंक के साथ प्रतिस्पर्धा करेगा, जो पहले से ही पृथ्वी की निचली कक्षा में संचालित (ऑपरेशनल) है।

16वीं कृषि विज्ञान कांग्रेस, 2023

प्रश्न - अक्टूबर, 2023 में '16वीं कृषि विज्ञान कांग्रेस, 2023' कहां आयोजित हुई?

(a) कोच्चि
(b) जयपुर
(c) इंदौर
(d) वाराणसी

उत्तर - (a)

संबंधित तथ्य -

16वीं कृषि विज्ञान कांग्रेस, 2023 आयोजित

- **कब** — 10-13 अक्टूबर, 2023 तक
- **कहां** — कोच्चि, केरल में।
- राष्ट्रीय कृषि विज्ञान अकादमी (NAAS) द्वारा पहली बार कोच्चि में आयोजित इस सम्मेलन की मेजबानी आईसीएआर-केंद्रीय समुद्री मात्स्यिकी अनुसंधान संस्थान द्वारा की गई
- **उद्देश्य** — आने वाली पीढ़ियों के लिए इसके लाभों को सुविधाजनक बनाने के लिए भारत की कृषि-खाद्य प्रणालियों को टिकाऊ उद्यमों में बदलने के बारे में एक वैज्ञानिक चर्चा करना
- इसमें देश एवं विदेश से लगभग 1500 प्रतिनिधियों ने भाग लिया
- **इस सम्मेलन का मुख्य विषय** — ''सतत विकास लक्ष्यों को प्राप्त करने के लिए कृषि-खाद्य प्रणालियों का परिवर्तन'' है
- केंद्रीय मत्स्यपालन, पशुपालन व डेयरी मंत्री परषोत्तम रूपाला ने इसका उद्घाटन किया।

वार्षिक संयुक्त एचएडीआर अभ्यास 'चक्रवात- 2023'

प्रश्न - अक्टूबर, 2023 के मध्य वार्षिक संयुक्त मानवीय सहायता आपदा राहत अभ्यास 'चक्रवात-2023' कहां आयोजित किया गया?

(a) आगरा
(b) गोवा
(c) कोच्चि
(d) हैदराबाद

उत्तर - (b)

संबंधित तथ्य -

चक्रवात - 2023

- **क्या है?** — यह एक वार्षिक संयुक्त मानवीय सहायता आपदा राहत (HADR) अभ्यास है
- **कब** — 9-11 अक्टूबर, 2023 तक
- **कहां** — गोवा में
- **किसके द्वारा** — भारतीय नौसेना
- यह अभ्यास वर्ष 2016 से भारतीय सेना, भारतीय वायुसेना द्वारा बारी-बारी से आयोजित किया जाता है।
- गत संस्करण भारतीय वायुसेना द्वारा आगरा (उ.प्र.) में आयोजित किया गया था।

रोबोटिक प्रोसेस ऑटोमेशन (आरपीए) प्रयोगशाला

प्रश्न - 16 अक्टूबर, 2023 को इलेक्ट्रॉनिक्स एवं सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय के सचिव एस.कृष्णन ने कहां रोबोटिक प्रोसेस ऑटोमेशन(आरपीए) प्रयोगशाला का उद्घाटन किया?

(a) एनआईईएलआईटी, गुरुग्राम में
(b) एनआईईएलआईटी, लखनऊ में
(c) एनआईईएलआईटी, गोरखपुर में
(d) एनआईईएलआईटी, नोएडा में

उत्तर - (c)

संबंधित तथ्य -

रोबोटिक प्रोसेस ऑटोमेशन (आरपीए) प्रयोगशाला

- **उद्घाटन** — 16 अक्टूबर, 2023
- **उद्घाटनकर्ता** — इलेक्ट्रॉनिक्स एवं सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय के सचिव एस. कृष्णन
- **स्थापित** — एनआईईएलआईटी, गोरखपुर में
- **इसका उद्घाटन किया गया** — एनआईईएलआईटी की 26वीं अखिल भारतीय निदेशक बैठक के दौरान
- **प्रयोगशाला का निर्माण** — इलेक्ट्रॉनिक्स एवं सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय (एमईआईटीवाई) द्वारा वित्तपोषित फ्यूचर स्किल प्राइम परियोजना के अंतर्गत
- **उद्देश्य** — आरपीए की उभरती हुई तकनीक में जनशक्ति को कौशल प्रदान करना
- **विशेष तथ्य** — यह फ्यूचर स्किल प्राइम परियोजना के अंतर्गत उत्तर प्रदेश में स्थापित अपनी तरह की पहली प्रयोगशाला है।
  - ➲ इस प्रयोगशाला को उद्योग एवं शिक्षा के बीच खाई पाटने के लिए स्थापित किया गया है।

❖ एनआईईएलआईटी, आईईसीटी उद्योगों और संबद्ध क्षेत्रों के प्रशिक्षण, परामर्श, डिजाइन और उत्पाद विकास की आवश्यकताओं को पूरा करने का काम करता है।

वेब पोर्टल 'अपना चंद्रयान'

प्रश्न - अक्टूबर, 2023 में लॉन्च किए गए वेब पोर्टल 'अपना चंद्रयान' के संबंध में विकल्प में कौन-सा तथ्य सही नहीं है?

(a) 17 अक्टूबर, 2023 को इस वेब पोर्टल को केंद्रीय मंत्री धर्मेंद्र प्रधान ने नई दिल्ली में लॉन्च किया।
(b) इस वेब पोर्टल पर मिशन चंद्रयान-3 पर स्कूली छात्रों के लिए गतिविधि-आधारित सहायता सामग्री जैसे कि क्विज, पहेलियां आदि उपलब्ध हैं।
(c) यह वेब पोर्टल शिक्षा मंत्रालय के स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता विभाग के तत्वावधान में एनसीईआरटी द्वारा विकसित किया गया है।
(d) वेब पोर्टल के शुभारंभ के अवसर पर पीयूष गोयल ने मिशन चंद्रयान-3 पर एक पुस्तक का विमोचन किया।

उत्तर - (d)

संबंधित तथ्य -

वेब पोर्टल 'अपना चंद्रयान'

- **लॉन्च** — 17 अक्टूबर, 2023 को
- **कहां** — नई दिल्ली में
- **लॉन्चकर्ता** — केंद्रीय शिक्षा और कौशल विकास एवं उद्यमिता मंत्री धर्मेंद्र प्रधान
- **वेब पोर्टल पर उपलब्ध है** — मिशन चंद्रयान-3 पर स्कूली छात्रों के लिए गतिविधि-आधारित सहायता सामग्री जैसे कि - क्विज, पहेलियां आदि।
- **यह विकसित किया गया है** — शिक्षा मंत्रालय के स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता विभाग (डीओएसईएल) के तत्वावधान में एनसीईआरटी द्वारा
- **वेब पोर्टल में संग्रह है** — चंद्रयान-3 पर ग्राफिक उपन्यासों के रूप में रंग भरी जाने वाली किताबें, ऑनलाइन क्विज, जिग्सॉ पहेली, चित्र निर्माण और प्रेरक कहानियों का
- **इस अवसर पर जारी किया** — चंद्रयान-3 पर 10 विशेष मॉड्यूल
- **यह मॉड्यूल प्रेरित करेंगे** — भारतीय युवाओं को विज्ञान और प्रौद्योगिकी में अधिक से अधिक उद्यम करने हेतु
- **मॉड्यूल में शामिल हैं** — वैज्ञानिक, तकनीकी और सामाजिक पहलुओं के साथ-साथ अभियान से जुड़े वैज्ञानिकों की भावनात्मक यात्रा और टीम भावना
- **सामग्री को प्रस्तुत किया गया है** — आपसी संवाद के आधार पर और आकर्षक तरीके से, जो ग्राफिक्स, तस्वीरों, चित्र-व्याख्या, गतिविधियों, चुनौतीपूर्ण प्रश्नों को।

❖ मॉड्यूल में 5 चरण शामिल किए गए हैं तथा यह स्कूली शिक्षा के कक्षा-I-XII को कवर करता है।

❖ इस मॉड्यूल को विभिन्न चरणों हेतु विषयों की प्रासंगिकता के प्रति एक सचेत दृष्टिकोण के साथ तैयार किया गया है, जिसमें कहानियां, प्रश्नोत्तरी और गतिविधियां शामिल हैं, जो छात्रों को स्व-गति से सीखने के लिए प्रेरित करती हैं।

❖ इसे शिक्षकों को प्रायोगिक ज्ञान के अध्यापन-शास्त्र के माध्यम से अपने छात्रों का मार्गदर्शन करने के प्रति प्रोत्साहित करने हेतु डिजाइन किया गया है।

❖ मॉड्यूल का एक डिजिटल प्रारूप एनसीईआरटी वेबसाइट पर भी उपलब्ध होगा।

गौरी मिसाइल का सफल परीक्षण

प्रश्न - 24 अक्टूबर, 2023 को गौरी मिसाइल का सफलतापूर्वक परीक्षण किस देश ने किया?

(a) इस्त्राइल
(b) ईरान
(c) फिलिस्तीन
(d) पाकिस्तान

उत्तर - (d)

संबंधित तथ्य -

गौरी मिसाइल का सफलतापूर्वक परीक्षण

- **कब —** 24 अक्टूबर, 2023 को
- **किस देश ने —** पाकिस्तान
- **परीक्षण का उद्देश्य —** सेना के रणनीतिक बल कमान की अभियानगत और तकनीकी तैयारी का परीक्षण करना।

❖ परमाणु हथियार ले जाने में सक्षम इस मिसाइल की रेंज लगभग 1300 से 1500 किलोमीटर है।

❖ गौरतलब है कि 18 अक्टूबर, 2023 को पाकिस्तान ने अबाबील मिसाइल का सफलतापूर्वक परीक्षण किया था।

तीसरा स्टील्थ विध्वंसक पोत 'इंफाल' भारतीय नौसेना को सौंपा गया

प्रश्न - निम्न कथनों पर विचार कीजिए-

1. 20 अक्टूबर, 2023 को प्रोजेक्ट 15 बी का तीसरा स्टील्थ विध्वंसक युद्धपोत 'इंफाल' भारतीय नौसेना को सौंपा गया है।

2. यह पहला नौसेना युद्धपोत, जिस पर महिला अधिकारी और नाविकों की तैनाती के साथ कार्यान्वित किया जा रहा है।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से कथन सही है/हैं?

(a) केवल (1)
(b) केवल (2)
(c) (1) एवं (2) दोनों
(d) उपर्युक्त में से कोई नहीं

उत्तर - (c)

संबंधित तथ्य -

प्रोजेक्ट 15बी का तीसरा स्टील्थ विध्वंसक पोत -'इंफाल' भारतीय नौसेना को सौंपा गया

- **कब —** 20 अक्टूबर, 2023
- **किसके द्वारा —** मुंबई स्थित मझगांव डॉक शिपबिल्डर्स लि. (MDL)
- यह भारत में निर्मित सबसे बड़े विध्वंसक युद्धपोतों में से एक है
- जिसकी कुल लंबाई 164 मीटर है
- इसका विस्थापन 7500 टन से अधिक है।
- यह शक्तिशाली युद्धपोत समुद्री युद्ध के पूर्ण दायरे को शामिल करते हुए विभिन्न प्रकार के कार्यों और मिशनों को पूरा करने में सक्षम है
- यह सतह से सतह पर मार करने वाली सुपरसोनिक 'ब्रह्मोस' मिसाइलों और मध्यम दूरी की सतह से हवा में मार करने वाली 'बराक-8' मिसाइलों से लैस है
- यह युद्धपोत समुद्र के भीतर युद्ध क्षमता के लिए विध्वंसक पोत स्वदेशी रूप से विकसित पनडुब्बी रोधी हथियारों और सेंसरों से सुसज्जित है
- जिनमें प्रमुख रूप से सोनार हम्सा एनजी, भारी वजन वाले टॉरपीडो ट्यूब लांचर शामिल हैं
- इसके अलावा, यह पहला युद्धपोत है जिस पर महिला अधिकारी और नाविकों की तैनाती के साथ कार्यान्वित किया जा रहा है।
- ज्ञातव्य है कि प्रोजेक्ट 15बी (विशाखापत्तनम) का पहला युद्धपोत 21 नवंबर, 2021 को तथा दूसरा युद्धपोत (मोरमुगाओं) 18 दिसंबर, 2022 को संचालित किया गया था।

गगनयान के टेस्ट व्हीकल अबॉर्ट मिशन (टीवी-डी 1) का सफल परीक्षण

प्रश्न - निम्न कथनों पर विचार कीजिए-

1. 21 अक्टूबर, 2023 को इसरो ने गगनयान के टेस्ट व्हीकल अबॉर्ट मिशन (टीवी-डी 1) का सफल परीक्षण किया।
2. वर्ष 2027 में मानवयुक्त अंतरिक्ष मिशन भेजने की तैयारी के तौर पर इसरो ने इस मिशन का परीक्षण किया।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से कथन सही है/हैं?

(a) केवल (1)
(b) केवल (2)
(c) (1) एवं (2) दोनों
(d) उपर्युक्त में से कोई नहीं

उत्तर - (a)

संबंधित तथ्य -

गगनयान के टेस्ट व्हीकल अबॉर्ट मिशन का सफल

- **कब —** 21 अक्टूबर, 2023
- **कहां से —** सतीश धवन अंतरिक्ष केंद्र श्रीहरिकोटा आंध्र प्रदेश
- वर्ष 2025 में मानवयुक्त अंतरिक्ष मिशन भेजने की तैयारी के तौर पर टीवी-डी 1 मिशन का परीक्षण किया गया
- अगले वर्ष इसरो को मानव रहित मिशन लक्ष्य को पूरा करना
- इसका मुख्य उद्देश्य सुरक्षित लैंडिंग, अंतरिक्ष यात्रियों का सुरक्षित बचाव और क्रू मॉडल का परीक्षण करना था
- इसरो का लक्ष्य तीन दिवसीय गगनयान अभियान के लिए मनुष्यों को 400 किमी. की पृथ्वी की निचली कक्षा से अंतरिक्ष में भेजना और उन्हें सुरक्षित रूप से पृथ्वी पर वापस लाना है।

भारत का पहला एसी और डीसी संयुक्त चार्जिंग कनेक्टर मानक

प्रश्न - अक्टूबर, 2023 में किसके द्वारा भारत के पहले एसी और डीसी संयुक्त चार्जिंग कनेक्टर मानक को मंजूरी प्रदान की गई है?

(a) नीति आयोग
(b) विज्ञान और प्रौद्योगिकी विभाग
(c) भारतीय मानक ब्यूरो
(d) एआरएआई

उत्तर - (c)

संबंधित तथ्य -

भारत का पहला एसी और डीसी संयुक्त चार्जिंग कनेक्टर मानक

- **इस मानक को मंजूरी —** अक्टूबर, 2023
- **मंजूरी प्रदाता —** भारतीय मानक ब्यूरो (बीआईएस)
- **इसे जाना जाता है —** ISI7017 (Part 2/Sec 7) : 2023 के रूप में
- **मंजूरी दी गई है —** हल्के इलेक्ट्रिक वाहनों (एलईवी) के लिए
- **मानक डिजाइन और विकसित —** भारत में
- **यह बन सकता है —** एलईवी के लिए वैश्विक स्तर पर बेंचमार्क
- **इस राष्ट्रीय मानक को विकसित करने हेतु साझेदारी —** नीति आयोग, विज्ञान और प्रौद्योगिकी विभाग, एआरएआई (ARAI) और बीआईएस के मध्य
- **दावा —** एलईवी के लिए विश्व का पहला संयुक्त एसी और डीसी चार्जिंग कनेक्टर मानक का
- **लाभान्वित हितधारक —** वाहन मालिक, निर्माता, चार्जिंग प्वाइंट ऑपरेटर सहित ईवी पारिस्थितिकी तंत्र के सभी हितधारक।

तिलापिया पार्वोवायरस

प्रश्न - अक्टूबर, 2023 में किस भारतीय राज्य में तिलापिया पार्वोवायरस संक्रमण का पहला मामला प्रकाश में आया है?

(a) आंध्र प्रदेश
(b) तमिलनाडु
(c) केरल
(d) गोवा

उत्तर - (b)

संबंधित तथ्य -

तिलापिया पार्वोवायरस

- **भारत में इसका पहला मामला प्रकाश में आया है —** तमिलनाडु में
- **कब —** अक्टूबर, 2023 में
- **कहां —** रानीपेट जिले के वालाजाह में स्थित तालाबों में
- **यह है —** एक छोटा, अविकसित, सिंगल स्ट्रैंडेड डीएनए (SSDNA) वायरस
- **यह प्रभावित कर रहा है —** मीठे पानी की मछली की प्रजाति तिलापिया को
- **यह वायरस पहली बार पाया गया था —** वर्ष 2019 में चीन और वर्ष 2021 थाईलैंड में
- **इस वायरस से प्रभावित होते हैं —** तिलापिया मछली की गलफड़े, हृदय, मस्तिष्क, यकृत, अग्न्याशय, प्लीहा, आंत इत्यादि।

❖ विशेषज्ञों के अनुसार इस डीएनए वायरस के कारण खेत में तिलापिया मछलियों में 30 से 50 प्रतिशत तक मृत्युदर दर्ज की गई है, जबकि प्रयोगशाला में 100 प्रतिशत मृत्युदर दर्ज की गई है।

❖ इसे 'गरीब आदमी की मछली' माना जाता है।

❖ मोजाम्बिक तिलापिया को वर्ष 1950 के दशक में भारत के ताजे जल के निकायों में लाया गया था।

आईएनएस सागरध्वनि

प्रश्न - सागर मैत्री मिशन-4 के संबंध में विकल्प में कौन-सा तथ्य सही नहीं है?

(a) 12 अक्टूबर, 2023 को आईएनएस सागर ध्वनि सागर मैत्री मिशन 4 पर रवाना हुआ।
(b) इसे विशाखापत्तनम, आंध्र प्रदेश से हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया।
(c) इस मिशन का उद्देश्य 8 हिंद महासागर रिम (आईओआर) देशों के साथ दीर्घकालिक वैज्ञानिक साझेदारी और सहयोग स्थापित करना है।
(d) इस मिशन में उत्तरी अरब सागर में आईएनएस सागर ध्वनि पर वैज्ञानिक तैनाती और ओमान के सुल्तान कबूस विश्वविद्यालय में समुद्री विज्ञान और मत्स्य पालन विभाग के साथ सहयोगात्मक अनुसंधान कार्यक्रम की शुरुआत भी शामिल है।

उत्तर - (b)

संबंधित तथ्य -

आईएनएस सागर ध्वनि

- **क्या है? —** रक्षा अनुसंधान एवं विकास संगठन (डीआरडीओ) के नौसेना, भौतिक और समुद्र विज्ञान प्रयोगशाला (एनपीओएल) का एक समुद्र विज्ञान अनुसंधान पोत
- **यह सागर मैत्री मिशन - 4 पर रवाना हुआ —** दक्षिण जेट्टी, दक्षिणी नौसेना कमान (एसएनसी), कोच्चि से
- **कब —** 12 अक्टूबर, 2023 को
- **इस जहाज को हरी झंडी दिखाई —** रक्षा अनुसंधान एवं विकास विभाग के सचिव एवं डीआरडीओ के अध्यक्ष डॉ. समीर वी. कामत ने
- **मिशन का उद्देश्य —** 8 हिंद महासागर रिम (आईओआर) देशों - ओमान, मालदीव, श्रीलंका, थाईलैंड, मलेशिया, सिंगापुर, इंडोनेशिया और म्यांमार के साथ दीर्घकालिक वैज्ञानिक साझेदारी और सहयोग स्थापित करना
- **सागर मैत्री कार्यक्रम यह जहाज अनुसरण करेगा —** आईएनएस किस्ताना के ट्रैक का, जिसने वर्ष 1962-65 के दौरान अंतरराष्ट्रीय हिंद महासागर अभियान में भाग लिया था।
- **मिशन की अवधि —** 2 महीना
- **मौजूदा मिशन - 4 योजना में शामिल —** उत्तरी अरब सागर में आईएनएस सागर ध्वनि पर वैज्ञानिक तैनाती और ओमान के सुल्तान कबूस विश्वविद्यालय में समुद्री विज्ञान और मत्स्य पालन विभाग के साथ सहयोगात्मक अनुसंधान कार्यक्रम की शुरुआत।

❖ पहले सागर मैत्री मिशन में, प्रतिनिधिमंडल ने अप्रैल, 2019 में यांगून (म्यांमार), दूसरे मिशन में अगस्त, 2019 में क्लैंग (मलेशिया) और सितंबर, 2019 में सिंगापुर का दौरा किया।

❖ फरवरी, 2020 में एनपीओएल ने तीसरे मिशन के भाग के रूप में भूमध्यरेखीय पारगमन सहित दक्षिणी हिंद महासागर में समुद्र संबंधी अध्ययन भी किया था।

आईएनएस सागरध्वनि के बारे में

- यह एक समुद्री ध्वनिक अनुसंधान जहाज है।
- इसे एनपीओएल, कोच्चि द्वारा डिजाइन और विकसित किया गया।
- इसका निर्माण स्वदेशी रूप से जीआरएसई (GRSE) लिमिटेड ने किया है।
- इसे जुलाई, 1994 में लांच किया गया था।
- यह जहाज विगत 25 वर्षों से व्यापक समुद्री पर्यवेक्षण मिशनों और अनुसंधान कार्यों में संलग्न है।

झारखंड में ए-हेल्प कार्यक्रम

प्रश्न - निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए-

(i) 10 अक्टूबर, 2023 को पशुपालन और डेयरी विभाग, भारत सरकार ने झारखंड में ए-हेल्प कार्यक्रम का शुभारंभ किया।

(ii) ए-हेल्प कार्यक्रम का उद्देश्य महिलाओं को एजेंटों के रूप में शामिल करके सशक्त बनाना है, जो रोग नियंत्रण, पशु टैगिंग और पशुधन बीमा में महत्वपूर्ण योगदान देती हैं।

(iii) ए-हेल्प योजना केंद्रीय मत्स्य पालन, पशुपालन एवं डेयरी मंत्रालय और ग्रामीण विकास मंत्रालय की एक संयुक्त पहल है।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से कथन सही है/हैं?

(a) केवल (i)
(b) केवल (ii)
(c) केवल (i) एवं (ii)
(d) उपर्युक्त सभी

उत्तर - (d)

संबंधित तथ्य -

झारखंड में ए-हेल्प (स्वास्थ्य और पशुधन उत्पादन के विस्तार के लिए मान्यता प्राप्त एजेंट) कार्यक्रम

- **शुभारंभ —** 10 अक्टूबर, 2023
- **शुभारंभकर्त्ता —** पशुपालन एवं डेयरी विभाग, भारत सरकार
- **उद्देश्य —** महिलाओं को मान्यता प्राप्त एजेंट के रूप में शामिल करके सशक्त बनाना, जो रोग नियंत्रण, पशु टैगिंग और पशुधन बीमा में महत्वपूर्ण योगदान देती हैं।
- **यह योजना है —** केंद्रीय मत्स्य पालन, पशुपालन एवं डेयरी मंत्रालय और ग्रामीण विकास मंत्रालय की एक संयुक्त पहल
- **विशेष तथ्य —** यह योजना किसानों के दरवाजे तक पशु चिकित्सा सेवाओं की पहुंच को बढ़ाएगी और पशु सखियों को सशक्त बनाएगी।

❖ यह योजना पशुपालन और डेयरी विभाग और राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन के मध्य हुए एक समझौता-ज्ञापन वâे माध्यम से बिहार, जम्मू-कश्मीर, गुजरात, कर्नाटक, मध्य प्रदेश, उत्तराखंड, झारखंड सहित विभिन्न राज्यों एवं केंद्रशासित प्रदेशों में पहले ही शुरू की जा चुकी है।

❖ इस कार्यक्रम के अंतर्गत प्रशिक्षित ए-हेल्प कार्यकर्त्ता पशुओं में विभिन्न संक्रामक रोगों की रोकथाम करने, राष्ट्रीय गोकुल मिशन के अंतर्गत कृत्रिम गर्भाधान, पशुओं की टैगिंग और पशु बीमा में महत्वपूर्ण योगदान देंगे।

ग्लोबल हेल्थ इनोवेशन फेलोशिप

प्रश्न - अक्टूबर, 2023 में शुरू किए गए ग्लोबल हेल्थ इनोवेशन फेलोशिप के संबंध में विकल्प में कौन-सा तथ्य सही नहीं है?

(a) 12 अक्टूबर, 2023 को ग्लोबल हेल्थ इनोवेशन फेलोशिप की शुरुआत की गई।
(b) इसके शुभारंभ कार्यक्रम की अध्यक्षता केंद्रीय मंत्री मनसुख मांडविया ने की।
(c) यह फेलोशिप जैव प्रौद्योगिकी विभाग (डीबीटी) और विश्व बौद्धिक संपदा संगठन (डब्ल्यूआईपीओ) द्वारा समर्थित है।
(d) इसका उद्देश्य युवाओं में मेडटेक स्टार्टअप और इनोवेटर्स को बढ़ावा देना है।

उत्तर - (b)

संबंधित तथ्य -

ग्लोबल हेल्थ इनोवेशन फेलोशिप

- **शुरुआत —** 12 अक्टूबर, 2023 को
- **शुभारंभ कार्यक्रम की अध्यक्षता की —** केंद्रीय विज्ञान और प्रौद्योगिकी मंत्री डॉ. जितेंद्र सिंह ने
- **यह समर्थित है —** जैव प्रौद्योगिकी विभाग (डीबीटी) और विश्व बौद्धिक संपदा संगठन (डब्ल्यूआईपीओ)
- **उद्देश्य —** युवाओं में मेडटेक स्टार्टअप और इनोवेटर्स को बढ़ावा देना।
- **डीबीटी और डब्ल्यूआईपीओ फेलोशिप को लागू किया जाएगा —** आईआईटी दिल्ली और एम्स, नई दिल्ली, आईआईटीबी और हिंदुजा तथा नानावती अस्पताल, मुंबई में स्थित डीबीटी-बायो डिजाइन केंद्रों में
- **इस पहल से बढ़ावा मिलेगा —** बौद्धिक संपदा और सार्वजनिक स्वास्थ्य को।

❖ इस पहल के तहत डब्ल्यूआईपीओ ने डीबीटी-बायोडिजाइन कार्यक्रम में भाग लेने हेतु चार डब्ल्यूआईपीओ समर्थित फेलोशिप में मदद करने के लिए डीबीटी के साथ एक औपचारिक सहयोग शुरू किया है।

❖ हाल ही में जैव प्रौद्योगिकी विभाग द्वारा देश में 20 से अधिक चिकित्सा और तकनीकी संस्थाओं को शामिल करके बायो-डिजाइन कार्यक्रम को तैयार किया गया है।

❖ उल्लेखनीय है कि वर्तमान में भारत में 4000 बायोटेक स्टार्टअप हैं, जिनके वर्ष 2025 तक बढ़कर 10,000 हो जाने की उम्मीद है।

संयुक्त सैन्य अभ्यास सम्प्रीति-2023

प्रश्न - संयुक्त सैन्य अभ्यास सम्प्रीति- 2023 से संबंधित निम्न कथनों पर विचार कीजिए-

1. यह भारत और श्रीलंका के बीच एक वार्षिक संयुक्त सैन्य अभ्यास है।

2. 3 अक्टूबर, 2023 को यह सैन्य अभ्यास उमरोई, मेघालय में शुरू हुआ।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से कथन सही है/हैं?

(a) केवल (1)
(b) केवल (2)

(c) (1) और (2)
(d) उपर्युक्त में से कोई नहीं

उत्तर - (b)

संबंधित तथ्य -

सम्प्रीति, 2023

- **क्या है? —** भारत - बांग्लादेश के बीच वार्षिक संयुक्त सैन्य अभ्यास का 11वां संस्करण
- **शुरू हुआ —** 3 अक्टूबर, 2023
- **कहां —** उमरोई, मेघालय
- 14 दिवसीय इस अभ्यास में दोनों देशों के लगभग 350 जवानों ने भाग लिया।
- **उद्देश्य —** दोनों देशों की सेनाओं के बीच पारस्परिक सहयोग के पहलुओं को मजबूत बनाना।
- इस सैन्य अभ्यास की शुरुआत वर्ष 2009 में हुई थी।

भारतीय पोल्ट्री क्षेत्र में एवियन इन्फ्लूएंजा से मुक्ति की स्व-घोषणा को मंजूरी

प्रश्न - अक्टूबर, 2023 में पशुपालन एवं डेयरी विभाग, भारत सरकार ने विश्व पशु स्वास्थ्य संगठन को कितने पोल्ट्री क्षेत्रों में उच्च रोगकारक एवियन इन्फ्लूएंजा से मुक्ति की स्व-घोषणा की है?

(a) 22
(b) 24
(c) 26
(d) 32

उत्तर - (c)

संबंधित तथ्य -

भारतीय पोल्ट्री क्षेत्र में एवियन इन्फ्लूएंजा से मुक्ति की स्व-घोषणा को मंजूरी

- **मंजूरी प्रदत्त —** 13 अक्टूबर, 2023 को
- **कब —** विश्व अंडा दिवस के अवसर पर
- **मंजूरी प्रदाता—** विश्व पशु स्वास्थ्य संगठन (WOAH)
- **उच्च रोगकारक एवियन इन्फ्लूएंजा से मुक्ति की स्व-घोषणा —** पशुपालन एवं डेयरी विभाग द्वारा 26 पोल्ट्री क्षेत्रों में
- **पोल्ट्री क्षेत्र में भारत के शीर्ष चार राज्य —** महाराष्ट्र, तमिलनाडु, उत्तर प्रदेश, छत्तीसगढ़
- **भारत वैश्विक स्तर पर —** अंडों का तीसरा सबसे बड़ा उत्पादक (129.60 अरब) और पोल्ट्री मांस का पांचवां सबसे बड़ा उत्पादक (4470000 टन) है।
- **वित्तीय वर्ष 2022-23 के दौरान भारत ने निर्यात किया-**64 देशों को पोल्ट्री और पोल्ट्री उत्पादों को
- **इस निर्यात से राजस्व प्राप्त हुआ-**134 मिलियन अमेरिकी डॉलर

❖ अत्यधिक रोगकारक एवियन इन्फ्लूएंजा को आमतौर पर 'बर्ड फ्लू' के रूप में जाना जाता है।

❖ भारत में सर्वप्रथम फरवरी, 2006 में एवियन इन्फ्लूएंजा महाराष्ट्र में पाया गया था।

❖ अत्यधिक रोगकारक एवियन इन्फ्लूएंजा को नियंत्रित करने हेतु भारत का दृष्टिकोण एवियन इन्फ्यूएंजा के निवारण, नियंत्रण और रोकथाम के लिए राष्ट्रीय कार्य योजना (संशोधन, 2021) में उल्लिखित पता लगाने और मारने की नीति का पालन करना है।

❖ इस व्यापक प्रक्रिया में संक्रमित और निराश्रित जानवरों, अंडे, चारा, कूड़ा और दूषित सामग्रियों को नष्ट किया जाना शामिल है।

❖ ध्यातव्य है कि भारत में अत्याधिक रोगकारक एवियन इन्फ्लूएंजा के खिलाफ टीकाकरण की अनुमति नहीं है।

धामनंत्री द्वारा ग्वालियर में विभिन्न विकास परियोजनाओं का शिलान्यास और लोकार्पण

प्रश्न - 2 अक्टूबर, 2023 को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने ग्वालियर, मध्य प्रदेश में लगभग कितनी राशि की विभिन्न विकास परियोजनाओं का शिलान्यास और लोकार्पण किया?

(a) 18,350 करोड़ रुपये
(b) 19,260 करोड़ रुपये
(c) 20,240 करोड़ रुपये
(d) 21,250 करोड़ रुपये

उत्तर - (b)

संबंधित तथ्य -

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा ग्वालियर, मध्य प्रदेश में विभिन्न विकास परियोजनाओं का शिलान्यास और लोकार्पण

- **शिलान्यास और लोकार्पण —** 2 अक्टूबर, 2023 को
- **शिलान्यास और लोकार्पण की गई परियोजनाओं की लागत राशि —** लगभग 19,260 करोड़ रुपये
- **लोकार्पण किया —** दिल्ली वडोदरा एक्सप्रेस-वे, पीएमएवाई (PMAY) के तहत निर्मित 2.2 लाख से अधिक घरों का गृह प्रवेश और पीएमएवाई-शहरी के तहत निर्मित घरों का
- **शिलान्यास —** जल जीवन मिशन परियोजनाओं, आयुष्मान भारत स्वास्थ्य अवसंरचना मिशन के तहत 9 स्वास्थ्य केंद्रों का शिलान्यास
- **अन्य —** आईआईटी इंदौर के शैक्षणिक भवन का लोकार्पण और परिसर में छात्रावास और अन्य भवनों तथा इंदौर में एक मल्टी-मॉडल लॉजिस्टिक पार्क की आधारशिला रखना शामिल।

❖ दिल्ली-वडोदरा एक्सप्रेस-वे लगभग 11,895 करोड़ रुपये की लागत से विकसित किया गया है।

❖ प्रधानमंत्री ने 1880 करोड़ रुपये से अधिक की पांच अलग-अलग सड़क परियोजनाओं की भी आधारशिला रखी।

❖ प्रधानमंत्री द्वारा ग्वालियर और श्योपुर जिलों में 1530 करोड़ रुपये से अधिक की जल जीवन मिशन परियोजनाओं की आधारशिला रखी गई, जिससे क्षेत्र के 720 से अधिक गांव लाभान्वित होंगे।

❖ 9 स्वास्थ्य केंद्रों को 150 करोड़ रुपये से अधिक की लागत से विकसित किया जाएगा।

❖ साथ ही प्रधानमंत्री ने उज्जैन में एकीकृत औद्योगिक टाउनशिप, आईओसीएल बॉटलिंग प्लांट और ग्वालियर में अटल बिहारी वाजपेयी

दिव्यांग खेल प्रशिक्षण केंद्र सहित कई अन्य परियोजनाओं का भी लोकार्पण किया।

भारत का पहला जैव-विविधता आनुवंशिक सिल्क टेक पार्क

प्रश्न - अक्टूबर, 2023 में भारत के पहले जैव-विविधता आनुवंशिक सिल्क टेक पार्क का शुभारंभ कहां किया गया?

(a) बंगलुरू
(b) पंचमढ़ी
(c) शहडोल
(d) वाराणसी

उत्तर - (b)

संबंधित तथ्य -

भारत का पहला जैव-विविधता आनुवंशिक सिल्क टेक पार्क

- **स्थापित —** मध्य प्रदेश में
- **कहां —** पंचमढ़ी में
- **शुभारंभ —** 4 अक्टूबर, 2023 को
- **शुभारंभकर्ता —** ग्रामोद्योग राज्य मंत्री एवं वन राज्य मंत्री राहुल सिंह लोधी
- **इस पार्क में मौजूद हैं —** रेशम के चारों प्रकार-मलबरी, टसर, इरी और मूंगा।

❖ इस सिल्क टेक पार्क का निर्माण कुटीर एवं ग्रामोद्योग विभाग के अपर मुख्य सचिव तथा सिल्क के पर्यवेक्षक मनु श्रीवास्तव और रेशम आयुक्त मदन विभीषण नागरगोजे के कुशल निर्देशन में सिल्क फेडरेशन टीम द्वारा किया गया है।

मिलक नदी में मछली की नई प्रजाति की खोज

प्रश्न - किस राज्य में मिलक नदी में मछली की नई प्रजाति 'बादिस लिमाकुमी' (Badis Limaakumi) की खोज की गई है।

(a) सिक्किम
(b) त्रिपुरा
(c) गोवा
(d) नागालैंड

उत्तर - (d)

संबंधित तथ्य -

मिलक नदी में मछली की नई प्रजाति की खोज

- **मिलक नदी है —** नगालैंड राज्य में
- **खोजी गई नई प्रजाति —** बादिस लिमाकुमी (Badis Limaakumi)
- **इसकी खोज की गई है —** फजल अली कॉलेज की टीम द्वारा
- **किसके तहत —** ''नागालैंड की नदियों में पाई जाने वाली मछलियों पर एकीकृत वर्गीकरण अध्ययन'' नामक परियोजना के तहत
- **इस प्रजाति का नामकरण —** फजल अली कॉलेज में प्राणिशास्त्र के सहायक प्रोफेसर और प्रमुख लिमाकुम के नाम पर
- **इस प्रजाति का स्थानीय नाम —** टेपडांग या अक्रगाशी (चुंगली) या अओकनागात्सू (मोंगसेन) या सेम्पी आदि
- **प्राकृतिक आवास में मछलियों का रंग —** काला
- **इसका अन्य नाम —** गिरगिट मछली

❖ इन मछलियों के रंग बदलने के कारण इन्हें गिरगिट मछली कहा जाता है।
❖ रंग में बदलाव का एक कारण मछली के तनाव स्तर को माना जाता है।
❖ वर्तमान में बादीस की लगभग 25 मान्यता प्राप्त प्रजातियां हैं, जिनमें से 15 भारत में पाई जाती हैं।
❖ बादीस प्रजाति गंगा, ब्रह्मपुत्र, महानदी और सिंधु बेसिन सहित उत्तरी भारत, पूर्वी पाकिस्तान, बांग्लादेश, भूटान और नेपाल में नदियों, तालाबों और दलदल जैसे मीठे पानी के निकायों में पाई जाती है।
❖ ये स्वभाव से शिकारी होती हैं और मीठे पानी के छोटे अकशेरुकी जीवों को खा जाती हैं।

खेल परिदृश्य

टेनिस

अस्ताना ओपन, 2023

प्रश्न - 3 अक्टूबर, 2023 को संपन्न टेनिस प्रतियोगिता अस्ताना ओपन, 2023 के पुरुष एकल का खिताब किसने जीता है?

(a) सेबास्टियन कोर्डा
(b) एड्रियन मन्नारिनों
(c) अलेक्जेंडर बुब्लिक
(d) स्टैन वावरिंका

उत्तर - (b)

संबंधित तथ्य -

अस्ताना ओपन, 2023

- **क्या है?** — ATP सत्र, 2023 की टेनिस प्रतियोगिता
- **आयोजित** — 27 सितंबर, 2023 से 3 अक्टूबर, 2023 तक
- **आयोजन स्थल** — अस्ताना, कजाख्स्तान
- **पुरुष एकल** —
  - **विजेता** — एड्रियन मन्नारिनों (फ्रांस)
  - **उपविजेता** — सेबास्टियन कोर्डा (संयुक्त राज्य अमेरिका)
- **पुरुष युगल** —
  - **विजेता** — नथानिएल लैमन्स और जैक्सन विथ्रो (दोनों संयुक्त राज्य अमेरिका)
  - **उपविजेता** — मैट पाविक (क्रोएशिया) और जॉन पीयर्स (ऑस्ट्रेलिया)।

जापान ओपन टेनिस चैंपियनशिप, 2023

प्रश्न - 22 अक्टूबर, 2023 को संपन्न जापान ओपन टेनिस चैंपियनशिप, 2023 के पुरुष एकल का खिताब किसने जीता है?

(a) असलान करात्सेव
(b) बेन शेल्टन
(c) मार्कोस गिरोन
(d) एलेक्स डी मिनौर

उत्तर - (b)

संबंधित तथ्य -

जापान ओपन टेनिस चैंपियनशिप, 2023

- **क्या है**— टेनिस प्रतियोगिता
- **आयोजित** — 16-22 अक्टूबर, 2023
- **आयोजन स्थल**— टोक्यो, जापान
- **पुरुष एकला विजेता**-बेन शेल्टन (संयुक्त राज्य अमेरिका)
- **उपविजेता**— असलमान करात्सवे (रूस)
- **पुरुष युगल विजेता** — रिंकी हिजिकता और मैक्स पुर्सेल (दोनों ऑस्ट्रेलिया
- **उप-विजेता**-जेमी मरे (ग्रेट ब्रिटेन) और माइकल वीनस (न्यूजीलैंड)।

बीएनपी परिबास नार्डिक ओपन, 2023

प्रश्न - 22 अक्टूबर, 2023 को संपन्न बीएनपी परिबास नार्डिक ओपन, 2023 के पुरुष एकल का खिताब किसने जीता है?

(a) गाएल मोनफिल्स
(b) पावेल कोटोव
(c) लास्लो जेरे
(d) एंड्रियन मन्नारिनो

उत्तर - (a)

संबंधित तथ्य -

बीएनपी परिबास नार्डिक ओपन, 2023

- **क्या है**— ATP टूर सत्र, 2023 की टेनिस प्रतियोगिता
- **आयोजित** — 14-22 अक्टूबर, 2023
- **आयोजन स्थल**— स्टॉकहोम, स्वीडन
- **पुरुष एकल-विजेता**-गाएल मोनफिल्स (फ्रांस)
- **उपविजेता** — पावेल कोटोव (रूस)
- **पुरुष युगल-विजेता**-आंद्रे गोलूबेव (कजाख्स्तान) और डेनिस मोलचानोव (यूक्रेन)
- **उपविजेता** — युकी भांबरी (भारत) और जूलियन कैश (ग्रेट ब्रिटेन)

जियांगशी ओपन, 2023

प्रश्न - 22 अक्टूबर, 2023 को संपन्न टेनिस प्रतियोगिता जियांगशी ओपन, 2023 के महिला एकल का खिताब किसने जीता है?

(a) लेलाह फर्नांडेज
(b) मैरी बुजकोवा
(c) कैटरीना सिनियाकोवा
(d) एलियकसांद्रा ससनोविच

उत्तर - (c)

संबंधित तथ्य -

जियांगशी ओपन, 2023

- **क्या है** — WTA टूर सत्र, 2023 की टेनिस प्रतियोगिता
- **आयोजित** — 16-22 अक्टूबर, 2023
- **आयोजन स्थल** — नानचांग, चीन
- **महिला एकल** —
  - **विजेता** — कैटरीना सिनियाकोवा (चेक गणराज्य)
  - **उपविजेता** — मैरी बुजकोवा (चेक गणराज्य)
- **महिला युगल** —
  - **विजेता** — लौरा सिजेमुंड (जर्मनी) और वेरा ज्वोनारेवा (रूस)
  - **उपविजेता** — इरी होजुमी और मकोटो निनोमिया (दोनों जापान)।

यूरोपियन ओपन, 2023

प्रश्न - 22 अक्टूबर, 2023 को संपन्न टेनिस प्रतियोगिता यूरोपियन ओपन, 2023 के पुरुष एकल का खिताब किसने जीता है?

(a) स्टेफानोस सितसिपास
(b) यानिक हाफमैन
(c) आर्थर फिल्स

(d) अलेक्जेंडर बब्लिक

उत्तर - (d)

संबंधित तथ्य -

यूरोपियन ओपन, 2023

- **क्या है —** ATP टूर सत्र, 2023 की टेनिस प्रतियोगिता
- **आयोजित —** 15-22 अक्टूबर, 2023
- **आयोजन स्थल —** एंटवर्प, बेल्जियम
- **पुरुष एकल —**
  - **विजेता —** अलेक्जेंडर बब्लिक (रूस)
  - **उपविजेता —** आर्थर फिल्स (फ्रांस)
- **पुरुष युगल —**
  - **विजेता —** पेट्रोस सितसिपास और स्टेफानोस सितसिपास (दोनों ग्रीस)
  - **उपविजेता —** एरियल बेहर (उरुग्वे) और एडम पावलासेक (चेक गणराज्य)।

एम 25 धारवाड़ टेनिस टूर्नामेंट, 2023

प्रश्न - 22 अक्टूबर, 2023 को संपन्न एम-25 धारवाड़ टेनिस टूर्नामेंट, 2023 के पुरुष एकल का खिताब किसने जीता है?

(a) निक चैपल
(b) बोगदान बोब्रोव
(c) रामकुमार रामनाथन
(d) दिग्विजय प्रताप सिंह

उत्तर - (c)

संबंधित तथ्य -

एम 25 धारवाड़ टेनिस टूर्नामेंट, 2023

- **क्या है—** आईटीएफ पुरुष विश्व टेनिस टूर्नामेंट, 2023 की टेनिस प्रतियोगिता
- **आयोजित —** 16-22 अक्टूबर, 2023
- **मेजबान देश—** भारत
- **आयोजन स्थल-**धारवाड़ कर्नाटक
- **पुरुष एकल—** विजेता-रामकुमार रामनाथन (भारत)
- **उपविजेता-**दिग्विजय प्रताप सिंह (भारत)
- **पुरुष युगल-**विजेता-एस.डी.प्रज्वल देव और नितिन कुमार सिन्हा (दोनों भारत)।
- **उपविजेता-**साई कार्तिक रेड्डी गंता और मनीष सुरेश कुमार (दोनों भारत)।

ट्रांसिल्वेनिया ओपन, 2023

प्रश्न - 22 अक्टूबर, 2023 को संपन्न टेनिस प्रतियोगिता ट्रांसिल्वेनिया ओपन, 2023 के महिला एकल का खिताब किसने जीता है?

(a) रेबेका मसारोवा
(b) ईवा लिस
(c) तमारा कोरपैच
(d) एलीना-गैब्रिएला रूस

उत्तर - (c)

संबंधित तथ्य -

ट्रांसिल्वेनिया ओपन, 2023

- **क्या है —** WTA सत्र, 2023 की टेनिस प्रतियोगिता
- **आयोजित —** 16-22 अक्टूबर, 2023
- **आयोजन स्थल —** क्लुज-नपोका, रोमानिया
- **महिला एकल—** विजेता-तमारा कोरपैच (जर्मनी)
- **उपविजेता —** एलीना-गैब्रिएला रूस (रोमानिया)
- **महिला युगल —** विजेता-जोड़ी बरेज (ग्रेट ब्रिटेन) और जिल टीचमैन (स्विट्जरलैंड)
- **उपविजेता —** लिओलिया जीनजीन (फ्रांस) और वालेरिया स्ट्रारवोवा (यूक्रेन)।

जैस्मीन ओपन, 2023

प्रश्न - 22 अक्टूबर, 2023 को संपन्न टेनिस प्रतियोगिता जैस्मीन ओपन, 2023 के महिला एकल का खिताब किसने जीता है?

(a) एलिसे मर्टेंस
(b) जैस्मीन पाओलिनी
(c) क्लारा बुरेल
(d) लेसिआ सुरेंको

उत्तर - (a)

संबंधित तथ्य -

जैस्मीन अपोन, 2023

- **क्या है —** WTA सत्र, 2023 की टेनिस प्रतियोगिता
- **आयोजित —** 16-22 अक्टूबर, 2023 को
- **आयोजन स्थल —** मोनास्टिर, ट्यूनीशिया
- **महिला एकल—** विजेता-एलिसे मर्टेंस (बेल्जियम)
- **उपविजेता —** जैस्मीन पाओलिनी (इटली)
- **महिला युगल —** विजेता-सारा ईरानी और जैस्मीन पाओलिनी (दोनों इटली)
- **उपविजेता —** माई होंटामा (जापान) और नेतालिजा स्टीवनोविक (सर्बिया)।

पैन पैसिफिक ओपन, 2023

प्रश्न - 1 अक्टूबर, 2023 को संपन्न टेनिस प्रतियोगिता पैन पैसिफिक ओपन, 2023 के महिला एकल का खिताब किसने जीता है?

(a) जेसिका पेगुला
(b) वेरोनिका कुदेरमेटोवा
(c) मारिया सक्कारी
(d) अनास्तासिया पाव्लुचेंकोवा

उत्तर - (b)

संबंधित तथ्य -

पैन पैसिफिक ओपन, 2023

- **क्या है** — WTA सत्र, 2023 की टेनिस प्रतियोगिता
- **आयोजित** — 25 सितंबर, 2023 से 1 अक्टूबर, 2023 तक
- **आयोजन स्थल** — टोक्यो, जापान
- **महिला एकल** —
  - **विजेता** — वेरोनिका कुदेरमेटोवा (रूस)
  - **उपविजेता** — जेसिका पेगुला (अमेरिका)
- **महिला युगल** —
  - **विजेता** — उलरिके ईकेरि (नॉर्वे) और इंग्रिड नील (एस्टोनिया)
  - **उपविजेता** — इरी होजुमी और माकोटो निनोमिया (दोनों जापान)

चाइना ओपन, 2023

प्रश्न - 8 अक्टूबर, 2023 को संपन्न टेनिस प्रतियोगिता चाइना ओपन, 2023 के महिला एकल का खिताब किसने जीता है?

(a) कोको गॉफ
(b) एलिना रिबाकिना
(c) इगा स्वियाटेक
(d) लियुडमिला समसोनोवा

उत्तर - (c)

संबंधित तथ्य -

चाइना ओपन, 2023

- **क्या है** — पुरुष एवं महिला टेनिस प्रतियोगिता
- **आयोजन स्थल** — बीजिंग, चीन
- **पुरुष एकल** — विजेता-जैनिक सिनर (इटली)
- **उपविजेता-**डैनिल मेद्वेदेव (रूस)
- **महिला एकल-विजेता**-इगा स्वियाटेक (पोलैंड)
- **उपविजेता-**लियुडमिला समसोनोवा (रूस)
- **पुरुष युगल-विजेता-**इवान डोडिंग (क्रोएशिया) और ऑस्टिन क्राजिसेक (संयुक्त राज्य अमेरिका)
- **उपविजेता-**वेस्ली कूलहोप (नीदरलैंड) और नील स्कुप्स्की (ग्रेट ब्रिटेन)
- **महिला युगल-विजेता-**मैरी बुजकोवा (चेक गणराज्य) और सारा सोरिबेस टोरमो (स्पेन)
- **उपविजेता-**हाओ-चिंग चान (ताइवान) और गिउलिआना ओल्मोस (मेक्सिको)।

गुआंगझू ओपन, 2023

प्रश्न - 23 सितंबर, 2023 को संपन्न टेनिस प्रतियोगिता गुआंगझू ओपन, 2023 के महिला एकल का खिताब किसने जीता है?

(a) वांग जियू
(b) मैग्डा लिनेटे
(c) ग्रीट मिन्नेन
(d) यूलिया पुटिंटसेवा

उत्तर - (a)

संबंधित तथ्य -

गुआंगझू ओपन, 2023

- **क्या है** — WTA सत्र, 2023 की टेनिस प्रतियोगिता
- **आयोजित** — 18-23 सितंबर, 2023
- **आयोजन स्थल** — गुआंगझू, चीन
- **महिला एकल** —

विजेता-वांग जियू (चीन)

उपविजेता-मैग्डा लिनेटे (पोलैंड)

- **महिला युगल**

विजेता — हान्यु गुओ और जियांग जिनयू (दोनों चीन)

उपविजेता — इरी होजुमी और मोकोटो निनोमिया (दोनों जापान)

ग्वाडलजारा ओपन, 2023

प्रश्न - 23 सितंबर, 2023 को संपन्न टेनिस प्रतियोगिता ग्वाडलजारा ओपन, 2023 के महिला एकल का खिताब किसने जीता है?

(a) सोफिया केनिन
(b) कैरोलिन गार्सिया
(c) मारिया सक्कारी
(d) कैरोलाइन डोलेहाइड

उत्तर - (c)

संबंधित तथ्य -

ग्वाडलजारा ओपन, 2023

- **क्या है** — WTA सत्र 2023 की टेनिस प्रतियोगिता
- **आयोजित** — 17-23 सितंबर, 2023
- **आयोजन स्थल** — ग्वाडलजारा, मेक्सिको
- **महिला एकल** —

विजेता-मारिया सक्कारी (ग्रीस)

उपविजेता-कैरोलाइन डोलेहाइड (संयुक्त राज्य अमेरिका)

- **महिला एकल --**

विजेता-स्टॉर्म हंटर (ऑस्ट्रेलिया) और एलिसे मर्टेंस (बेल्जियम)

- **महिला युगल**

उपविजेता — गैब्रिएला डाबरोव्स्की (कनाडा) और एरिन रॉटलिफे (न्यूजीलैंड)

लावेर कप, 2023

प्रश्न - 24 सितंबर, 2023 को संपन्न पुरुष टीम टेनिस प्रतियोगिता लावेर कप, 2023 का खिताब किसने जीता है?

(a) रेस्ट ऑफ एशिया
(b) टीम वर्ल्ड
(c) टीम यूरोप
(d) टीम ओसियान

उत्तर - (b)

संबंधित तथ्य -

लावेर कप, 2023

- **आयोजित —** 22-24 सितंबर, 2023
- **आयोजन स्थल —** वैंकूवर, कनाडा
- **संस्करण —** 6वां
- **क्या है —** एक पुरुष टीम टेनिस प्रतियोगिता
- **विजेता —** टीम वर्ल्ड
- **उपविजेता —** टीम यूरोप
- **टीम वर्ल्ड के कप्तान —** जॉन मैकनरो (संयुक्त राज्य अमेरिका)
- **टीम यूरोप के कप्तान —** योर्न बोर्ग (स्वीडन)

- ❖ इस प्रतियोगिता का नामकरण ऑस्ट्रेलियाई दिग्गज टेनिस खिलाड़ी रॉड लेवर के नाम पर किया गया है।
- ❖ यह टूर्नामेंट टीम यूरोप और टीम वर्ल्ड के बीच खेला जाता है।
- ❖ प्रारंभिक 4 संस्करण (वर्ष 2017, 2018,2019 और 2021) टीम यूरोप ने, जबकि वर्ष 2022 और 2023 में 5वां एवं छठां संस्करण, टीम वर्ल्ड ने जीता है।
- ❖ इसका पहला संस्करण वर्ष 2017 में आयोजित हुआ था।

फेनेस्टा ओपन राष्ट्रीय टेनिस चैंपियनशिप, 2023

प्रश्न - 14 अक्टूबर, 2023 को संपन्न फेनेस्टा ओपन राष्ट्रीय टेनिस चैंपियनशिप, 2023 में किसने U-16 वर्ग में एकल खिताब जीता है?

(a) शंकर हेइसाम
(b) थिरुमुरगन वी
(c) रितिक कटकम
(d) प्रकाश सर्रान

उत्तर - (a)

संबंधित तथ्य -

फेनेस्टा ओपन राष्ट्रीय टेनिस चैंपियनशिप, 2023

- **आयोजित —** 2-14 अक्टूबर, 2023
- **आयोजन स्थल —** डीएलटीए (DLTA), कॉम्पलेक्स, नई दिल्ली
- **संस्करण —** 28वां
- **लड़कों के U-16 वर्ग के एकल विजेता —** शंकर हेइसाम (मणिपुर)
- **लड़कियों के U-16 वर्ग की एकल विजेता —** रिशिता बासिरेड्डी (तेलंगाना)
- **लड़कों के U-14 वर्ग के एकल विजेता —** रितिक कटकम (तेलंगाना)
- **लड़कियों के U-14 वर्ग के एकल विजेता —** प्रिशा शिंदे (महाराष्ट्र)।

झेंगझोऊ ओपन, 2023

प्रश्न - 15 अक्टूबर, 2023 को संपन्न टेनिस प्रतियोगिता झेंगझोऊ ओपन, 2023 को महिला एकल का खिताब किसने जीता है?

(a) बारबोरा क्रेजसिकोवा
(b) किनवेन झेंग
(c) डारिया कसातकिना
(d) जैसमीन पाओलिनी

उत्तर - (b)

संबंधित तथ्य -

झेंगझोऊ ओपन, 2023

- **क्या है —** WTA सत्र, 2023 की टेनिस प्रतियोगिता
- **आयोजित —** 9-15 अक्टूबर, 2023
- **आयोजन स्थल —** झेंगझोऊ, चीन
- **महिला एकल — विजेता-** किनवेन झेंग (चीन)
- **उपविजेता-**बारबोरा क्रेजसिकोवा (चेक गणराज्य)
- **महिला युगल — विजेता-**गैबिएला डाबरोव्स्की (कनाडा) और इरिन रुटलिफ्फे (न्यूजीलैंड)
- **उपविजेता-**शुको एओयामा और ईना शिबाहारा (दोनों जापान)।

रोलेक्स शंघाई मास्टर्स, 2023

प्रश्न - 15 अक्टूबर, 2023 को संपन्न टेनिस प्रतियोगिता रोलेक्स शंघाई मास्टर्स, 2023 के पुरुष एकल का खिताब किसने जीता है?

(a) आंद्रे रुबलेव
(b) ह्यूबर्ट हुरकाज
(c) ग्रिगोर दिमित्रोव
(d) सेबास्टियन कोर्डा

उत्तर - (b)

संबंधित तथ्य -

रोलेक्स शंघाई मास्टर्स, 2023

- **क्या है —** ATP सत्र, 2023 की टेनिस प्रतियोगिता
- **आयोजित —** 4-15 अक्टूबर, 2023
- **आयोजन स्थल —** शंघाई, चीन
- **पुरुष एकल —** विजेता ह्यूबर्ट हुरकाज (पोलैंड)
- **उपविजेता —** एंड्रेम रुबलेव (रूस)।

हना बैंक कोरिया ओपन, 2023

प्रश्न - 15 अक्टूबर, 2023 को संपन्न टेनिस प्रतियोगिता हना बैंक कोरिया ओपन, 2023 के महिला एकल का खिताब किसने जीता है?

(a) एमिना बेकट्स
(b) पोलिना कुदेरमेटोवा
(c) जेसिका पेगुला
(d) युई युआन

उत्तर - (c)

संबंधित तथ्य -

हना बैंक कोरिया ओपन, 2023

- **क्या है —** WTA सत्र, 2023 की टेनिस प्रतियोगिता
- **आयोजित —** 9-15 अक्टूबर, 2023
- **आयोजन स्थल —** सियोल, दक्षिण कोरिया
- **महिला एकल — विजेता-** जेसिका पेगुला (अमेरिका)
- **उपविजेता-**युई युआन (चीन)
- **महिला युगल — विजेता-**मैरी बुजकोवा (चेक गणराज्य) और बेथनी माटेक-सैंड्स (अमेरिका)
- **उपविजेता-**लुकसिका कुमखुम और पेंगतार्न प्लिपुएच (दोनों थाईलैंड)।

क्रिकेट

आईसीसी प्लेयर ऑफ द मंथ (सितंबर, 2023)

प्रश्न - अक्टूबर, 2023 में किसे सितंबर माह के लिए आईसीसी मेंस प्लेयर ऑफ द मंथ चुना गया है?

(a) मोहम्मद सिराज
(b) शुभमन गिल
(c) डेविड मलान
(d) मोहम्मद रिजवान

उत्तर - (b)

संबंधित तथ्य -

आईसीसी प्लेयर ऑफ द मंथ (सितंबर, 2023)

- **घोषणा —** 13 अक्टूबर, 2023 को
- **घोषणाकर्त्ता —** अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी)
- **आईसीसी मेंस प्लेयर ऑफ द मंथ —** शुभमन गिल (भारत)
- **आईसीसी वुमेंस प्लेयर ऑफ द मंथ —** चमारी (श्रीलंका)
- **शुभमन गिल को यह अवॉर्ड दिया गया है —** सितंबर महीने में एकदिवसीय मैचों में शानदार बल्लेबाजी के लिए।

- शुभमन गिल ने सितंबर महीने में 80 के औसत से 480 रन बनाए है।
- गिल ने एशिया कप में 75.5 के औसत से 302 रन बनाए।
- चमारी अट्टापट्टू ने इंग्लैंड में किसी भी प्रारूप में अपनी टीम की पहली शृंखला जीत में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई और श्रीलंका में यह शृंखला 2-1 से जीती।

टी-20 अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में सर्वाधिक रन का विश्व रिकॉर्ड

प्रश्न - 14 अक्टूबर, 2023 को किस देश की महिला क्रिकेट टीम ने टी-20 अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में सर्वाधिक रन बनाने का विश्व रिकॉर्ड (पुरुष/महिला) बनाया है?

(a) ऑस्ट्रेलिया
(b) अर्जेंटीना
(c) बहरीन
(d) मंगोलिया

उत्तर - (b)

संबंधित तथ्य -

टी-20 अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में सर्वाधिक रन का विश्व रिकॉर्ड (पुरुष/महिला)

- **यह रिकॉर्ड बनाया है —** अर्जेंटीना की महिला क्रिकेट टीम ने
- **कब —** 14 अक्टूबर, 2023 को
- **कहां —** अर्जेंटीना के ब्यूनस आयर्स के सेंट एल्बंस क्लब में
- **अर्जेंटीना महिला टीम का स्कोर—** एक विकेट पर 427 रन
- **इस टीम ने यह उपलब्धि हासिल की —** चिली के विरुद्ध
- **इस मैच में शतक बनाने वाली अर्जेंटीना की बैटर —** लूसिया टेलर (169 रन) और अल्बर्टिना गैलन (145 रन नाबाद)
- **दोनों के मध्य पहले विकेट के लिए साझेदारी हुई —** 350 रन
- **विशेष तथ्य —** इससे पहले महिला टी-20 में बहरीन ने सऊदी अरब के विरुद्ध वर्ष 2022 में 318 रन बनाकर महिला टी-20 में सर्वाधिक रन बनाने का रिकॉर्ड बनाया था।

- इस मैच में चिली की टीम ने केवल 63 रन बनाए।
- इस मैच में अर्जेंटीना की महिला टीम ने चिली को रिकॉर्ड 364 रन से हराया।
- इस मैच में लूसिया टेलर ने 169 रन बनाकर अंतरराष्ट्रीय महिला टी-20 में सर्वोच्च व्यक्तिगत स्कोर का रिकॉर्ड बनाया।
- इससे पूर्व सर्वोच्च व्यक्तिगत स्कोर का रिकॉर्ड बहरीन की दीपिका रसांगिका के नाम था, जिन्होंने वर्ष 2022 में सऊदी अरब के खिलाफ 161 रन बनाए

थे।

- यह पहली बार है जब महिला टी-20 में 350 से अधिक रन बना है। इस मैच में सर्वाधिक नो बॉल (64) और सर्वाधिक एक्स्ट्रा रन (73) देने का रिकॉर्ड भी बना।
- इस मैच में चिली की फ्लोरेंसिया मार्टिनेज के 1 ओवर में 52 रन बने, जो एक ओवर में दिए गए सर्वाधिक रन का रिकॉर्ड है।
- एक पारी में सर्वाधिक रन (92) देने का रिकॉर्ड चिली की गेंदबाज कॉन्स्टेंजा ओयार्स ने बनाया।
- इस मैच में पहली बार महिला टी-20 में तिहरी शतकीय साझेदारी का रिकॉर्ड बना।
- इस मैच में दोनों टीमों की तरफ से एक भी छक्का नहीं लगाया गया।
- लूसिया टेलर ने महिला क्रिकेट में बाउंड्री की मदद से सबसे अधिक रन (108) बनाने का रिकॉर्ड बनाया।
- उल्लेखनीय है कि सितंबर, 2023 में एशियाई खेल, 2022 में नेपाल की टीम ने अंतरराष्ट्रीय पुरुष टी-20 में सर्वाधिक स्कोर (314/3) बनाने का रिकॉर्ड मंगोलिया के विरुद्ध बनाया था।

विश्वकप में सबसे तेज शतक का रिकॉर्ड

प्रश्न - 25 अक्टूबर, 2023 को किसने विश्वकप में सबसे तेज शतक (40 गेदों पर) बनाने का रिकॉर्ड बनाया है?

(a) डेविड वार्नर
(b) एडेन मार्करम
(c) ग्लेन मैक्सवेल
(d) क्विंटन डी कॉक

उत्तर - (c)

संबंधित तथ्य -

विश्व कप में सबसे तेज शतक का रिकॉर्ड

- **रिकॉर्ड बनाया-ग्लेन मैक्सवेल —** ऑस्ट्रेलिया
- **कब —** 25 अक्टूबर, 2023 को
- **सबसे तेज शतक बनाया —** मात्र 40 गेदों पर
- **यह उपलब्धि हासिल की —** नीदरलैंड्स के विरुद्ध अरुण जेटली स्टेडियम नई दिल्ली में
- **रिकॉर्ड तोड़ा है —** एडेन मार्करम (दक्षिण अफ्रीका)
- **मार्करम ने शतक बनाया था —** विश्वकप, 2023 में अरुण जेटली स्टेडियम में श्रीलंका के विरुद्ध 49 गेदों पर
- **विशेष तथ्य —** ओवरऑल एकदिवसीय क्रिकेट में सबसे तेज शतक (31 गेदों पर) लगाने का रिकॉर्ड दक्षिण अफ्रीका के एबी डिविलियर्स के नाम है।

- इस मैच में ऑस्ट्रेलिया ने नीदरलैंड्स को 309 रनों से पराजित कर विश्वकप में रनों के लिहाज से सबसे बड़ी जीत हासिल करने का रिकॉर्ड भी बनाया है।
- ऑस्ट्रेलिया ने इस संदर्भ में अपना ही रिकॉर्ड तोड़ा है।
- वर्ष 2015 के विश्वकप में ऑस्ट्रेलिया ने अफगानिस्तान को 275 रन से पराजित कर यह रिकॉर्ड बनाया था।
- ओवरऑल अंतरराष्ट्रीय एकदिवसीय क्रिकेट में ऑस्ट्रेलिया के 309 रनों के अंतर से यह जीत रनों के लिहाज से सबसे बड़ी जीत है।
- अंतरराष्ट्रीय एकदिवसीय क्रिकेट के इतिहास में रनों के लिहाज से सबसे बड़ी जीत दर्ज करने का रिकॉर्ड भारत के नाम है।
- भारत ने जनवरी, 2023 में तिरुवनंतपुरम में खेले गए एकदिवसीय अंतरराष्ट्रीय मैच में श्रीलंका को 317 रनों के बड़े अंतर से पराजित किया था।

क्रिकेट विश्वकप में सर्वाधिक शतक बनाने का रिकॉर्ड

प्रश्न - अक्टूबर, 2023 में किस क्रिकेटर ने विश्व कप में सर्वाधिक शतक बनाने का रिकॉर्ड बनाया है?

(a) विराट कोहली
(b) रोहित शर्मा
(c) स्टीव स्मिथ
(d) केन विलियम्सन

उत्तर - (b)

संबंधित तथ्य -

क्रिकेट विश्वकप में सर्वाधिक शतक बनाने का रिकॉर्ड

- **रिकॉर्ड बनाया —** रोहित शर्मा ने (7वां शतक)
- **कब —** 11 अक्टूबर, 2023 को
- **यह उपलब्धि हासिल की —** अफगानिस्तान के विरुद्ध
- **कहां —** अरुण जेटली स्टेडियम, दिल्ली में
- **रिकॉर्ड तोड़ा है —** सचिन तेंदुलकर का
- **तेंदुलकर ने बनाया था —** 6 शतक

- इसके अलावा रोहित शर्मा इस मैच में भारत की तरफ से विश्व कप में सबसे तेज शतक बनाने वाले खिलाड़ी बन गए हैं।
- उन्होंने यह शतक 63 गेंदों पर बनाया है।
- इससे पहले यह रिकॉर्ड कपिलदेव के नाम था, जिन्होंने वर्ष 1983 में 72 गेदों पर शतक बनाया था।
- इस मैच में रोहित शर्मा ने एक और उपलब्धि सर्वाधिक छक्कों के मामले में हासिल की।
- वह अंतरराष्ट्रीय मैचों में तीनों प्रारूपों में सर्वाधिक छक्के (554) लगाने वाले खिलाड़ी बन गए हैं।
- उन्होंने यह उपलब्धि नवीन-उक हक की गेंद पर छक्का लगाकर हासिल की और क्रिस गेल का रिकॉर्ड तोड़ा।
- क्रिस गेल ने अंतरराष्ट्रीय मैचों में तीनों प्रारूपों में कुल 553 छक्के लगाए हैं।



ईरानी कप, 2023- 24

प्रश्न - ईरानी कप, 2023-24 के संबंध में विकल्प में कौन-सा तथ्य सही नहीं है?

(a) ईरानी कप, 2023-24 का आयोजन सौराष्ट्र क्रिकेट एसोसिएशन स्टेडियम, राजकोट में किया गया।
(b) शेष भारत ने सौराष्ट्र को 175 रन से पराजित कर खिताब जीता है।
(c) प्लेयर ऑफ द मैच शेष भारत के सौरभ कुमार चुने गए हैं।
(d) सर्वाधिक 115 रन शेष भारत के मयंक अग्रवाल ने बनाए हैं।

उत्तर - (d)

संबंधित तथ्य -

ईरानी कप, 2023-24

- **आयोजित** — 1-5 अक्टूबर, 2023
- **आयोजक** — आईडीएफसी फर्स्ट बैंक
- **आयोजन स्थल** — सौराष्ट्र क्रिकेट एसोसिएशन स्टेडियम, राजकोट, गुजरात
- **संस्करण** — 60वां
- **यह प्रतियोगिता खेली जाती है** — रणजी ट्रॉफी विजेता और शेष भारत की टीमों के मध्य
- **परिणाम** — शेष भारत (Rest of India) 175 रन से जीता
- **प्लेयर ऑफ द मैच** — सौरभ कुमार (शेष भारत)
- **सर्वाधिक रन (115)** — साईं सुदर्शन (शेष भारत)
- **सर्वाधिक विकेट (12)** — पार्थ भुत (सौराष्ट्र)
- **शेष भारत के कप्तान** — हनुमा विहारी
- **सौराष्ट्र के कप्तान** — जयदेव उनादकट

- पांच दिनी यह मुकाबला तीसरे दिन ही समाप्त हो गया।
- शेष भारत ने पहली पारी में 308 और दूसरी पारी में 160 रन बनाए।
- सौराष्ट्र ने पहली पारी में 214 और दूसरी पारी में 79 रन बनाया।
- शेष भारत ने 31वीं बार ईरानी कप का खिताब जीता है।
- ईरानी कप भारत में प्रथम श्रेणी क्रिकेट टूर्नामेंट है, जो भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) द्वारा आयोजित किया जाता है।

फुटबॉल

सैफ अंडर- 19 फुटबॉल चैंपियनशिप, 2023

प्रश्न - 30 सितंबर, 2023 को संपन्न सैफ अंडर-19 फुटबॉल चैंपियनशिप, 2023 का खिताब किस देश ने जीता है?

(a) भारत
(b) नेपाल
(c) पाकिस्तान
(d) मालदीव

उत्तर - (a)

संबंधित तथ्य -

सैफ अंडर-19 फुटबॉल चैंपियनशिप, 2023

- **आयोजित** — 21-30 सितंबर, 2023
- **संस्करण** — 5वां
- **मेजबान देश** — नेपाल
- **मेजबान शहर** — काठमांडू
- **प्रतिभागी टीमें** — 6
- **विजेता** — भारत (तीसरा खिताब)
- **उपविजेता** — पाकिस्तान
- **शीर्ष स्कोरर** — जिग्मे नामग्येल (भूटान), ग्वगमसर गोयारी (भारत) और समीर तमांग (नेपाल) (प्रत्येक 3 गोल)
- **सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी** — मैंगलेंथांग किपगेन (भारत)
- **सर्वश्रेष्ठ गोलकीपर** — लियोनेल डेरिल रिम्मेई (भारत)
- **फेयर प्ले अवॉर्ड** — भूटान

- फाइनल मुकाबले में भारत ने पाकिस्तान को 3-0 से पराजित किया।
- फाइनल में भारत की तरफ से मैंगलेंथांग किपगेन ने दो गोल किए।
- इससे पहले भारत ने वर्ष 2019 और 2022 में इस फुटबॉल टूर्नामेंट का खिताब जीता था।
- पाकिस्तान ने वर्ष 2023 में इस टूर्नामेंट में पहली बार भाग लिया और उपविजेता बना।

शतरंज

कतर मास्टर्स ओपन, 2023

प्रश्न - अक्टूबर, 2023 में संपन्न शतरंज प्रतियोगिता कतर मास्टर्स ओपन, 2023 का खिताब किसने जीता है?

(a) नोदिरबेक याकुब्बोएव
(b) नोदिरबेक अब्दुसत्तोरोव
(c) एस.एल.नारायणन
(d) अर्जुन एरिगैसी

उत्तर - (a)

संबंधित तथ्य -

कतर मास्टर्स ओपन, 2023

- **क्या है—** शतरंज प्रतियोगिता
- **आयोजित —** 11-21 अक्टूबर, 2023
- **आयोजन स्थल—** दोहा, कतर
- **खिताब विजेता-**नोदिरबेक याकुब्बोएव (उज्बेकिस्तान)
- **दूसरा स्थान—** नोदिरबेक अब्दुसत्तोरोव (उज्बेकिस्तान)
- **तीसरा स्थान —** एस.एल.नारायण (भारत)।

❖ इस टूर्नामेंट में कार्तिकेयन मुरली, मैग्नस कार्लसन को हराने वाले तीसरे भारतीय खिलाड़ी बने।

❖ इससे पहले पी.हरिकृष्णा और विश्वनाथन आनंद भी मैग्नस कार्लसन को हरा चुके हैं।

यू.एस.शतरंज चैंपियनशिप, 2023 (पुरुष/महिला)

प्रश्न - 19 अक्टूबर, 2023 को संपन्न यू.एस. शतरंज चैंपियनशिप, 2023 (पुरुष/महिला) के पुरुष वर्ग का खिताब किसने जीता है?

(a) वेस्ली सो
(b) फैबियानो कारुआना
(c) लेइनियर डोमिंगगुएज पेरेज
(d) अभिमन्यु मिश्रा

उत्तर - (b)

संबंधित तथ्य -

यू.एस. शतरंज चैंपियनशिप, 2023 (पुरुष/महिला)

- **आयोजित—** 5-18 अक्टूबर, 2023
- **आयोजन स्थल —** सेंट लुईस, मिसौरी, यू.एस.ए
- **पुरुष वर्ग का परिणाम—**
- **विजेता-**फैबियानो कारुआना (संयुक्त राज्य अमेरिका)
- **दूसरा स्थान—** वेस्ली सो (संयुक्त राज्य अमेरिका)
- **तीसरा स्थान —** लेइनियर डोमिंगगुएज पेरेज (संयुक्त राज्य अमेरिका)
- **महिला वर्ग का परिणाम-**विजेता-कैरिसा यिप
- **दूसरा स्थान—** गुलरुखबेगीम तोखिर जोनोवा (संयुक्त राज्य अमेरिका)
- **तीसरा स्थान —** एलिस ली (अमेरिका)
- **विशेष तथ्य-**फैबियानो कारुआना ने तीसरी बार यू.एस.शतरंज चैंपियनशिप का खिताब जीता है
- इस प्रतियोगिता के पुरुष वर्ग में भारत के अभिमन्यु मिश्रा चौथे स्थान

फिडे विश्व जूनियर रैपिड एंड ब्लिट्ज शतरंज चैंपियनशिप, 2023

प्रश्न - अक्टूबर, 2023 में संपन्न फिडे विश्व जूनियर रैपिड एंड ब्लिट्ज शतरंज चैंपियनशिप, 2023 में किसने पुरुष रैपिड ओपन का . खिताब जीता है।

(a) विदित गुजराती
(b) रौनक साधवानी
(c) आर्सेनी नेस्टरोव
(d) मुहम्मद मुरादली

उत्तर - (b)

संबंधित तथ्य -

फिडे (FIDE) विश्व जूनियर रैपिड एंड ब्लिट्ज शतरंज चैंपियनशिप, 2023

- **आयोजित —** 9-16 अक्टूबर, 2023
- **आयोजन स्थल —** सारडीनिया (Sardinia), इटली
- **पुरुष रैपिड ओपन का परिणाम-**
- **विजेता —** रौनक साधवानी (भारत)
- **दूसरा स्थान —** आर्सेनी नेस्टरोव (रूस)
- **महिला रैपिड ओपन का परिणाम-**
- **विजेता —** अमीना कैरवेकोवा (कजाख्स्तान)
- **उपविजेता —** गोवर बेदुल्लाचेवा (अजरबैजान)
- **पुरुष ब्लिट्ज ओपन का परिणाम-**
- **विजेता —** मुहम्मद मुरादली (अजरबैजान)
- **दूसरा स्थान —** रौनक साधवानी (भारत)
- **महिला ब्लिट्ज ओपन का परिणाम-**
- **विजेता —** जेनिया बालाबायेवा (कजाख्स्तान)
- **दूसरा स्थान —** गोवर बेदुल्लाचेवा (अजरबैजान)

बैडमिंटन

अबूधाबी मास्टर्स, 2023

प्रश्न - 22 अक्टूबर, 2023 को संपन्न बैडमिंटन प्रतियोगिता अबू धाबी मास्टर्स, 2023 के संबंध में विकल्प में कौन-सा तथ्य सही नहीं है।

(a) पुरुष एकल का खिताब भारत के किरन जॉर्ज ने जीता है।
(b) महिला एकल का खिताब भारत की उन्नति हुडा ने जीता है।
(c) पुरुष युगल का खिताब गोह जे फेई और नूर इज़्ज़ुद्दीन की मलेशियाई जोड़ी ने जीता है।
(d) महिला युगल का खिताब तनीषा क्रास्टो और अश्विनी पोनप्पा की भारतीय जोड़ी ने जीता है।

उत्तर - (a)

संबंधित तथ्य -

अबू धाबी मास्टर्स, 2023

- **क्या है —** BWF सत्र, 2023 की बैडमिंटन प्रतियोगिता
- **आयोजित —** 17-22 अक्टूबर, 2023
- **आयोजन स्थल —** अबू धाबी, संयुक्त अरब अमीरात (यूएई)
- **पुरुष एकल —**
  - **विजेता —** मैड्स क्रिस्टोफरसेन (डेनमार्क)
  - **उपविजेता —** मार्क कैलजौव (नीदरलैंड्स)
- **महिला एकल —**
  - **विजेता —** उन्नति हुडा (भारत)
  - **उपविजेता —** सामिया इमाद फारुकी (भारत)
- **पुरुष युगल —**
  - **विजेता —** गोह जे फेई और नूर इज़्ज़ुद्दीन (दोनों मलेशिया)
- **महिला युगल —**
  - **विजेता —** तनीषा क्रास्टो और अश्विनी पोनप्पा (दोनों भारत)
- **मिश्रित युगल —**
  - **विजेता —** मैड्स वेस्टरगार्ड और क्रिस्टीन बुश (दोनों डेनमार्क)

युगल उपविजेता

पुरुष युगल → फरान्यू काओसामांग और वॉरापोल थोंग्स-न्गा (दोनों थाईलैंड)

महिला युगल → जूली फिन इप्सेन और माई सरो (डेनमार्क)

मिश्रित युगल उपविजेता → ही योंग काई टेरी और टैन वेई हैन जेसिका (दोनों सिंगापुर)

विक्टर डेनमार्क ओपन, 2023

- **क्या है —** BWF टूर सत्र, 2023 की बैडमिंटन प्रतियोगिता
- **आयोजित —** 17-22 अक्टूबर, 2023
- **आयोजन स्थल —** ओडेंस, डेनमार्क
- **पुरुष एकल —**
  - **विजेता —** वेंग होंग यंग (चीन)
  - **उपविजेता —** ली जी जिया (मलेशिया)
- **महिला एकल —**
  - **विजेता —** चेन यू फेई (चीन)
  - **उपविजेता —** कैरोलिना मारिन (स्पेन)
- **पुरुष युगल —**
  - **विजेता —** आरोन चिया और सोह वूई यिक (दोनों मलेशिया)
- **महिला युगल —**
  - **विजेता —** चेन किंग चेन और जिया यि फान (दोनों चीन)
- **मिश्रित युगल —**
  - **विजेता —** फेंग यान झी और हुआंग डोंग पिंग (दोनों चीन)

युगल उपविजेता

पुरुष युगल → मुहम्मद शोबिह फिकरी और बगास मौलाना (दोनों इंडोनेशिया)

महिला युगल → नामी मात्सुयामा और चिहारु शिदा (दोनों जापान)

मिश्रित युगल उपविजेता → झेंग सीवेई और हुआंग या कियोंग (दोनों चीन)

विक्टर डेनमार्क ओपन, 2023

प्रश्न - 22 अक्टूबर, 2023 को संपन्न बैडमिंटन प्रतियोगिता विक्टर डेनमार्क ओपन, 2023 के संबंध में विकल्प में कौन-सा तथ्य सही नहीं है?

(a) पुरुष एकल का खिताब चीन के वेंग होंग यंग ने जीता है।
(b) महिला एकल का खिताब भारत की पी.वी.सिंधु ने जीता है।
(c) पुरुष युगल का खिताब आरोन चिया और सोह वूई यिक की मलेशियाई जोड़ी ने जीता है।
(d) महिला युगल का खिताब चेन किंग चेन और जिया यिफान की चीनी जोड़ी ने जीता है।

उत्तर - (b)

संबंधित तथ्य -

बैडमिंटन एशिया अंडर-17 और अंडर-15 जूनियर चैंपियनशिप, 2023

प्रश्न - 22 अक्टूबर, 2023 को संपन्न बैडमिंटन एशिया अंडर-17 और अंडर- 15 जूनियर चैंपियनशिप, 2023 में अंडर-15 पुरुष एकल का खिताब (स्वर्ण पदक) किसने जीता है?

(a) बोर्निल आकाश चांगमाई
(b) फैन होंग जुआन
(c) जगशेर सिंह खंगुरा
(d) आयुष शेट्टी

उत्तर - (a)

संबंधित तथ्य -

बैडमिंटन एशिया U-17 और अंडर-15 जूनियर चैंपियनशिप, 2023

- **क्या है—** U-17 और U-15 जूनियर कॉन्टिनेंटल चैंपियनशिप
- **आयोजित —** 17-22 अक्टूबर, 2023
- **आयोजन स्थल—** चेंगदू, चीन
- **U-17 पुरुष एकल-विजेता-**झी हांग ली (चीन)
- **उपविजेता — झी** जी झांग (चीन)
- **U-17 महिला एकल —** विजेता-यातावीमिन केटक्लिएंग (थाईलैंड)
- **उपविजेता-**तन्वी शर्मा (भारत)
- **U-15 पुरुष एकल-विजेता-**बोर्निल आकाश चांगमाई (भारत)
- **उपविजेता —** फैन होंग जुआन (चीन)
- **U-15 महिला एकल-**विजेता-मेइसा अनामी (जापान)
- **उपविजेता-**यि फेई सुन (चीन)

कंपाला इंटरनेशनल, 2023

प्रश्न - 1 अक्टूबर, 2023 को संपन्न बैडमिंटन प्रतियोगिता कंपाला इंटरनेशनल, 2023 के महिला युगल का खिताब किस भारतीय जोड़ी ने जीता है?

(a) त्रिशा जॉली और गायत्री गोपीचंद
(b) तन्वी लाड और तारा देवधर
(c) रुतपर्णा पांडा और श्वेतपर्णा पांडा
(d) अर्पणा पोपट और तृप्ति मुरगुंडे

उत्तर - (c)

संबंधित तथ्य -

कंपाला इंटरनेशनल, 2023

- **क्या है —** BWF सत्र, 2023 की बैडमिंटन प्रतियोगिता
- **आयोजित —** 28 सितंबर, 2023 से 1 अक्टूबर, 2023 तक
- **आयोजन स्थल —** कंपाला, युगांडा
- **पुरुष एकल —**
  - **विजेता —** ब्रियन कैसिर्ये (युगांडा)
  - **उपविजेता —** सोमी रोमधानी (संयुक्त अरब अमीरात)
- **महिला एकल —**
  - **विजेता —** रोमेन क्लोटेक्स - फौकॉल्ट (फ्रांस)
  - **उपविजेता —** नूरानी रातू अज़हरा (संयुक्त अरब अमीरात)
- **पुरुष युगल विजेता —** ब्रियन कैसिर्ये और मुजफारु लुबेगा (दोनों युगांडा)
- **महिला युगल विजेता —** रुतपर्णा पांडा एवं श्वेतपर्णा पांडा (दोनों भारत)
- **मिश्रित युगल विजेता —** कुसवंतो और श्रीयुक्त श्रीजीत पैरोल (दोनों संयुक्त अरब अमीरात)

युगल उपविजेता

पुरुष युगल	**महिला युगल**
मैथ्यू अबेला (माल्टा) और मैक्सिम ग्रिनब्लाट (इस्राइल)	अलीना कथून और नयोनिका राजेश (दोनों संयुक्त अरब अमीरात)

मिश्रित युगल उपविजेता → कैडेन काकोरा और जोहानिता शोल्ट्ज (दोनों दक्षिण अफ्रीका)

बीडब्ल्यूएफ (BWF) विश्व जूनियर चैंपियनशिप, 2023

प्रश्न - 8 अक्टूबर, 2023 को संपन्न बैडमिंटन प्रतियोगिता BWF विश्व जूनियर चैंपियनशिप, 2023 के पुरुष एकल में किस भारतीय खिलाड़ी ने कांस्य पदक जीता है?

(a) तुषार सुवीर
(b) आयुष शेट्टी
(c) लोकेश रेड्डी
(d) निकोलस नाथन राज

उत्तर - (b)

संबंधित तथ्य -

बीडब्ल्यूएफ (BWF) विश्व जूनियर चैंपियनशिप, 2023

- **क्या है —** बैडमिंटन प्रतियोगिता
- **आयोजित —** 25-8 अक्टूबर, 2023
- **आयोजन स्थल —** स्पोकेन, वाशिंगटन, संयुक्त राज्य अमेरिका
- **पुरुष एकल — (**स्वर्ण पदक) अल्वी फरहान (इंडोनेशिया)
- **रजत पदक —** हू झीन (चीन)
- **कांस्य पदक —** एलेक्स लैनियर (फ्रांस) और आयुष शेट्टी (भारत)
- **महिला एकल— (स्वर्ण पदक)**-पिचमोन ओपटनी पुथ (थाईलैंड)
- **रजत पदक —** चियारा मार्वेला हांडोयो (इंडोनेशिया)
- **पुरुष युगल (स्वर्ण पदक) —** मा शांग और झू यिजुन (दोनों चीन)
- **महिला युगल (स्वर्ण पदक) —** माया तागुची और अया तामकी (दोनों जापान)
- **मिश्रिम युगल (स्वर्ण पदक) —** लियाओ पिनयी और झांग जिया हान (दोनों चीन)



आर्कटिक ओपन, 2023

प्रश्न - 15 अक्टूबर, 2023 को संपन्न बैडमिंटन प्रतियोगिता आर्कटिक ओपन, 2023 के महिला एकल का खिताब किसने जीता है?

(a) हान यूई
(b) वांग झी यी
(c) पी.वी.सिंधु
(d) पोर्नपावी चोचुवोंग

उत्तर - (a)

संबंधित तथ्य -



स्कॉटिश ओपन, 2023

प्रश्न - 8 अक्टूबर, 2023 को संपन्न बैडमिंटन प्रतियोगिता स्कॉटिश ओपन, 2023 के पुरुष एकल का खिताब डेनमार्क के मैड्स क्रिस्टोफरसन ने किस भारतीय बैडमिंटन खिलाड़ी को पराजित कर जीता है?

(a) सिद्धार्थ वर्मा
(b) एस. शंकर मुथुसामी सुब्रमण्यन
(c) किरण जॉर्ज
(d) सतीश कुमार करुणाकरण

उत्तर - (b)

संबंधित तथ्य -

गोल्फ

बीएमडब्ल्यू लेडीज चैंपियनशिप, 2023

प्रश्न - 22 अक्टूबर, 2023 को संपन्न गोल्फ प्रतियोगिता बीएमडब्ल्यू लेडीज चैंपियनशिप, 2023 का खिताब किसने जीता है?

(a) लिडिया को
(b) एलिसन ली
(c) एंजेल यिन
(d) मिंजी ली

उत्तर - (d)

संबंधित तथ्य -

बीएमडब्ल्यू लेडीज चैंपियनशिप, 2023

- **क्या है—** LPGA टूर सत्र, 2023 की गोल्फ प्रतियोगिता
- **मेजबान देश —** दक्षिण कोरिया
- **आयोजित—** 19-22 अक्टूबर, 2023
- **खिताब विजेता-**मिंजी ली (ऑस्ट्रेलिया)
- **दूसरा स्थान—** एलिसन ली (संयुक्त राज्य अमेरिका)
- **तीसरा स्थान —** लिडिया को (न्यूजीलैंड)।

हीरो वुमेंस इंडियन ओपन, 2023

प्रश्न - अक्टूबर, 2023 में संपन्न हीरो वुमेंस इंडियन ओपन, 2023 का खिताब किस महिला गोल्फर ने जीता है?

(a) एलीने क्राउटर
(b) सारा केजेलकर
(c) दीक्षा डागर
(d) गौरिका बिश्नोई

उत्तर - (a)

संबंधित तथ्य -

हीरो वुमेंस इंडियन ओपन, 2023

- **क्या है—** लेडीज यूरोपियन टूर, 2023 की गोल्फ प्रतियोगिता
- **आयोजित —** 19-22 अक्टूबर, 2023
- **आयोजन स्थल—** डीएलएफ गोल्फ एंड कंट्री क्लब, गुरुग्राम, हरियाणा
- **खिताब विजेता-**एलीने क्राउटर (Aline Krauter), जर्मनी
- **दूसरा स्थान —** सारा केजेलकर, स्विट्जरलैंड
- **तीसरा स्थान —** दीक्षा डागर, भारत
- **विशेष तथ्य**-एलीन क्राउटर ने पहला लेडीज यूरोपियन टूर खिताब जीता है।

जोजो चैंपियनशिप, 2023

प्रश्न - 22 अक्टूबर, 2023 को संपन्न गोल्फ प्रतियोगिता जोजो चैंपियनशिप, 2023 का खिताब किसने जीता है?

(a) कोलिन मोरीकोवा
(b) एरिक कोल
(c) हिदेकी मात्सुयामा
(d) पैट्रिक कैंटले

उत्तर - (a)

संबंधित तथ्य -

जोजो चैंपियनशिप, 2023

- **क्या है—** PGA टूर सत्र, 2023 की पुरुष गोल्फ प्रतियोगिता
- **आयोजित —** 19-22 अक्टूबर, 2023
- **आयोजन स्थल—** चीबा, जापान
- **खिताब विजेता-**कोलिन मोरीकावा (संयुक्त राज्य अमेरिका)
- **उपविजेता —** एरिक कोल (संयुक्त अमेरिका)
- बीयू हॉस्लर (संयुक्त राज्य अमेरिका)
- **विशेष तथ्य-**कोलिन मोरीकावा द्वारा विजित यह छठा पीजीए टूर खिताब है।

राइडर (RYDER) कप, 2023

प्रश्न - 1 अक्टूबर, 2023 को टीम यूरोप ने टीम अमेरिका को पराजित कर राइडर कप, 2023 का खिताब जीत लिया। टीम यूरोप के कप्तान कौन थे?

(a) हेनरिक स्टेंशन
(b) ल्यूक डोनाल्ड
(c) जैक जॉनसन
(d) थॉमस बोर्न

उत्तर - (b)

संबंधित तथ्य -

राइडर (RYDER) कप, 2023

- **क्या है? —** पेशेवर टीम गोल्फ प्रतियोगिता
- **आयोजित —** 29 सितंबर, 2023 से 1 अक्टूबर, 2023 तक
- **आयोजन स्थल —** रोम, इटली
- **संस्करण —** 44वां
- **यह खेला जाता है —** टीम यूरोप और टीम अमेरिका के मध्य
- **विजेता —** टीम यूरोप
- **उपविजेता —** टीम अमेरिका
- **टीम यूरोप के कप्तान —** ल्यूक डोनाल्ड
- **टीम अमेरिका के कप्तान —** जैक जॉनसन

सैंडर्सन फार्म्स चैंपियनशिप, 2023

प्रश्न - 8 अक्टूबर, 2023 को संपन्न गोल्फ प्रतियोगिता सैंडर्सन फार्म्स चैंपियनशिप, 2023 का खिताब किसने जीता है?

(a) बेन ग्रिफिन
(b) ल्यूक लिस्ट
(c) लुडविग एबर्ग
(d) स्कॉट स्टालिंग्स

उत्तर - (b)

संबंधित तथ्य -

सैंडर्सन फार्म्स चैंपियनशिप, 2023

- **क्या है —** पीजीए टूर सत्र, 2023 की एक पेशेवर गोल्फ प्रतियोगिता
- **आयोजित —** 5-8 अक्टूबर, 2023
- **आयोजन स्थल —** द कंट्री क्लब ऑफ जैक्सन, मिसिसिपी, संयुक्त राज्य अमेरिका
- **खिताब विजेता-**ल्यूक लिस्ट (संयुक्त राज्य अमेरिका)
- **दूसरा स्थान**-बेन ग्रिफिन (संयुक्त राज्य अमेरिका)
- **तीसरा स्थान-**लुडविग एबर्ग (स्वीडन)

फॉर्मूला वन

यूनाइटेड स्टेट्स ग्रैंड प्रिक्स, 2023

प्रश्न - 22 अक्टूबर, 2023 को संपन्न फॉर्मूला वन कार रेस यूनाइटेड स्टेट्स ग्रैंड प्रिक्स, 2023 का खिताब किसने जीता है?

(a) लैंडो नॉरिस
(b) कार्लोस सेंज जूनियर
(c) मैक्स वर्सटाप्पेन
(d) लुईस हैमिल्टन

उत्तर - (c)

संबंधित तथ्य -

यूनाइटेड स्टेट्स ग्रैंड प्रिक्स, 2023

- **क्या है —** फॉर्मूला वन वर्ल्ड चैंपियनशिप सत्र, 2023 की कार रेस प्रतियोगिता
- **आयोजित —** 20-22 अक्टूबर, 2023 आयोजन स्थल सर्किट ऑफ द अमेरिकास, ऑस्टिन, टेक्सास, संयुक्त राज्य अमेरिका।
- **रेस क्रम —** 19वीं
- **खिताब विजेता —** मैक्स वर्सटाप्पेन (नीदरलैंड्स), टीम - रेड बुल
- **दूसरा स्थान —** लैंडो नॉरिस (यू.के.), टीम - मैक्लारेन मर्सिडीज
- **तीसरा स्थान —** कार्लोय सेंज जूनियर (स्पेन), टीम - फेरारी
- **विशेष तथ्य —** वर्सटाप्पेन की यह फॉर्मूला वन कार रेस में 50वीं जीत है।





कतर ग्रैंड प्रिक्स, 2023

प्रश्न - 8 अक्टूबर, 2023 को संपन्न फॉर्मूला वन कार रेस कतर ग्रैंड प्रिक्स, 2023 का खिताब किसने जीता है?

(a) मैक्स वर्सटाप्पेन
(b) लैंडो नॉरिस
(c) ऑस्कर पियास्त्री
(d) जॉर्ज रसेल

उत्तर - (a)

संबंधित तथ्य -

कतर ग्रैंड प्रिक्स, 2023

- **क्या है —** फॉर्मूला वन वर्ल्ड चैंपियनशिप सत्र, 2023 की कार रेस प्रतियोगिता।
- **आयोजित—** 6-8 अक्टूबर, 2023
- **आयोजन स्थल —** लुसैल इंटरनेशनल सर्किट, लुसैल, कतर
- **रेस क्रम —** 18वीं
- **विजेता-**मैक्स वर्सटाप्पेन (नीदरलैंड्स), टीम-रेड बुल
- **दूसरा सथान**-ऑस्कर पियास्त्री (ऑस्ट्रेलिया), टीम-मैक्लॉरेन
- **तीसरा स्थान-**लैंडो नॉरिस (ग्रेट ब्रिटेन), टीम-मैक्लॉरेन

जैपनीज ग्रैंड प्रिक्स, 2023

प्रश्न - 24 सितंबर, 2023 को संपन्न फॉर्मूला वन कार रेस जैपनीज ग्रैंड प्रिक्स, 2023 का खिताब किसने जीता है?

(a) लैंडो नॉरिस
(b) ऑस्कर पियास्त्री
(c) मैक्स वर्सटाप्पेन
(d) चार्ल्स लेक्लर्क

उत्तर - (c)

संबंधित तथ्य -

जैपनीज ग्रैंड प्रिक्स, 2023

- **क्या है —** फॉर्मूला वन वर्ल्ड चैंपियनशिप, 2023 की कार रेस प्रतियोगिता
- **आयोजित —** 22-24 सितंबर, 2023
- **रेस क्रम —** 17 वीं
- **रेस ट्रैक —** सुजूकी इंटरनेशनल रेसिंग कोर्स
- **मेजबान देश —** जापान
- **विजेता —** मैक्स वर्सटाप्पेन (नीदरलैंड्स), टीम-रेड बुल
- **दूसरा स्थान —** लैंडो नॉरिस (यू.के.), टीम-मैक्लारेन
- **तीसरा स्थान —** ऑस्कर पियास्त्री (ऑस्ट्रेलिया), टीम-मैक्लारेन





❖ मैक्स वर्सटाप्पेन की यह इस सत्र की 13वीं कार रेस की जीत है।

इंडियन ऑयल ग्रैंड प्रिक्स ऑफ इंडिया (मोटोजीपी), 2023

प्रश्न - 24 सितंबर, 2023 को संपन्न मोटोजीपी रेस इंडियन ऑयल ग्रैंड प्रिक्स ऑफ इंडिया, 2023 का खिताब किसने जीता है?

(a) मार्को बेज़ेच्ची
(b) जॉर्ज मार्टिन
(c) फैबियो क्वार्टारो
(d) फ्रांसिस्को बगनिया

उत्तर - (a)

संबंधित तथ्य -

इंडियन ऑयल ग्रैंड प्रिक्स ऑफ इंडिया, (मोटोजीपी), 2023

- **क्या है —** मोटरसाइकिल रेस
- **आयोजित —** 22-24 सितंबर, 2023
- **आयोजन स्थल —** बुद्ध इंटरनेशनल सर्किट, ग्रेटर नोएडा (उ.प्र.)
- **संस्करण —** पहला
- **खिताब विजेता —** मार्को बेज़ेच्ची (इटली), टीम-VR46
- **दूसरा स्थान —** जॉन मार्टिन (स्पेन) टीम-प्रामैक
- **तीसरा स्थान —** फैबियो क्वार्टारो (फ्रांस), टीम-यामाहा
- **मोटो 2 रेस विजेता —** पेड्रो अकोस्टा, टीम-केटीए एजी
- **मोटो 3 रेस विजेता —** जॉमे मासिया

❖ यह भारत में आयोजित होने वाली पहली मोटोजीपी रेस है।

❖ उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने विजेता को भारत के मानचित्र वाली ट्रॉफी प्रदान की।

एथलेटिक्स

विश्व एथलेटिक्स रोड रनिंग चैंपियनशिप, 2023

प्रश्न - विश्व एथलेटिक्स रोड रनिंग चैंपियनशिप, 2023 के संबंध में विकल्प में कौन-सा तथ्य सही नहीं है?

(a) 1 अक्टूबर, 2023 को विश्व एथलेटिक्स रोड रनिंग चैंपियनशिप, 2023 रीगा, लाटविया में संपन्न हुई।
(b) हॉफ मैराथन के पुरुष वर्ग का खिताब केन्या के सबास्टियन किमारु सावे ने जीता है।
(c) हॉफ मैराथन के महिला वर्ग का खिताब केन्या की पेरेस जेपचिरचिर ने जीता है।
(d) 5 किमी. दौड़ में पुरुष वर्ग का खिताब निकोलस किपकोरिर (इथियोपिया) ने जीता है।

उत्तर - (d)

संबंधित तथ्य -

विश्व एथलेटिक्स रोड रनिंग चैंपियनशिप, 2023

- **आयोजित —** 1 अक्टूबर, 2023
- **आयोजन स्थल —** रीगा, लाटविया
- **स्पर्धा —** हॉफ मैराथन, 5 किमी. दौड़ और रोड मील
- **हॉफ मैराथन (पुरुष) का परिणाम —**
  - **विजेता —** सबास्टियन किमारु सावे (केन्या) (समय - 59:10 सेकंड)
  - **दूसरा स्थान —** डेनियल सिमिउ एबेन्यो (केन्या) (समय - 59:14 सेकंड)
  - **तीसरा स्थान —** सैमवेल न्यामई मेलु (केन्या) (समय - 59:19 सेकेंड)
- **हॉफ मैराथन (महिला) का परिणाम —**
  - **विजेता —** पेरेस जेपचिरचिर (केन्या) (समय - 1:07:25 सेकंड)
  - **दूसरा स्थान —** मार्गरेट चेलिमो किपकेम्बोई (केन्या) (समय - 1:07:26 सेकंड)
  - **तीसरा स्थान —** कैथरीन रीलाइन अमानंग' ओले (केन्या) (समय - 1:07:34 सेकंड)
- **5 किमी. दौड़ (पुरुष) के विजेता —** हैगोस गेब्रीवेट (इथियोपिया)
- **5 किमी. दौड़ (महिला) की विजेता —** बीट्रीस चेबेट (केन्या)
- **रोड मील (पुरुष) के विजेता —** हॉब्स केसलर (अमेरिका)
- **रोड मील (महिला) के विजेता —** डिरिबे वेल्टेजी (इथियोपिया)

62वीं नेशनल ओपन एथलेटिक्स चैंपियनशिप, 2023

प्रश्न - 62वीं नेशनल ओपन एथलेटिक्स चैंपियनशिप, 2023 के संबंध में विकल्प में कौन-सा तथ्य सही नहीं है?

(a) 11-15 अक्टूबर, 2023 तक यह चैंपियनशिप कांतिरवा स्टेडियम, बंगलुरू में आयोजित हुई।

(b) समग्र (ओवरऑल) खिताब 220 अंकों के साथ रेलवे टीम ने जीता।

(c) सर्विसेज के मनु डीपी को सर्वश्रेष्ठ पुरुष एथलीट घोषित किया गया।

(d) पंजाब की कमलजीत कौर को सर्वश्रेष्ठ महिला एथलीट घोषित किया गया।

उत्तर - (d)

संबंधित तथ्य -

62वीं नेशनल ओपन एथलेटिक्स चैंपियनशिप, 2023

- **आयोजित —** 11-15 अक्टूबर, 2023
- **आयोजन स्थल —** कांतिरवा स्टेडियम, बंगलुरू, कर्नाटक
- **समग्र (ओवर ऑल) खिताब जीता —** रेलवे टीम (220 अंक)
- **पुरुष टीम का खिताब जीता —** सर्विसेज स्पोर्ट्स कंट्रोल बोर्ड (एसएससीबी) (175 अंक)
- **महिला टीम का खिताब जीता —** रेलवे (156 अंक)
- **सर्वश्रेष्ठ पुरुष एथलीट —** मनु डीपी (सर्विसेज) (1127 अंक), भाला फेंक खिलाड़ी
- **सर्वश्रेष्ठ महिला एथलीट —** यमुना लडकट (महाराष्ट्र) (1128 अंक)
- **पुरुषों की 100 मीटर दौड़ विजेता —** मणिकांत एच. होबलीधर (एसएससीबी)
- **पुरुषों की 200 मीटर दौड़ विजेता —** अनिमेष कुमार (ओडिशा)
- **पुरुषों की 1500 मीटर दौड़ विजेता —** अभिषेक कुमार (एसएससीबी)
- **पुरुषों की 5000 मीटर दौड़ विजेता —** मुरली गावित (गुजरात)
- **पुरुषों की 400 मीटर बाधा दौड़ विजेता —** निखिल भारद्वाज (पंजाब)
- **पुरुषों की 3000 मीटर स्टीपलचेज विजेता —** एमडी हसन (एसएससीबी)
- **पुरुषों की पोलवॉल्ट के विजेता —** देव मीना (मध्य प्रदेश)
- **पुरुषों की शॉटपुट के विजेता —** साहिब सिंह (ओएनजीसी)
- **पुरुषों की डिस्कस थ्रो के विजेता —** निर्भय सिंह (हरियाणा)
- **पुरुषों की भाला फेंक के विजेता —** मनु डीपी (एसएससीबी) 82.06 मीटर
- **महिलाओं की 100 मीटर दौड़ विजेता —** गिरिधरानी रवि कुमार (तमिलनाडु)
- **महिलाओं की 200 मीटर दौड़ विजेता —** कमलजीत कौर (पंजाब)
- **महिलाओं की 800 मीटर दौड़ विजेता —** यमुना लडकट (महाराष्ट्र)
- **महिलाओं की 1500 मीटर दौड़ विजेता —** पूजा (रेलवे)
- **महिलाओं की 5000 मीटर दौड़ विजेता —** अंकिता रेलवे
- **महिलाओं की 100 मीटर बाधा दौड़ विजेता —** प्रज्ञान प्रशांत साहू (ओडिशा)
- **महिलाओं की 3000 मीटर स्टीपलचेज विजेता —** कोमल जगदाले (रेलवे)
- **महिलाओं की ऊंची कूद विजेता —** पूजा (हरियाणा)
- **महिलाओं की लंबी कूद विजेता —** भवानी यादव (आंध्र प्रदेश)
- **महिलाओं की भाला फेंक विजेता —** ज्योति (हरियाणा)
- **महिलाओं की हैमर थ्रो विजेता —** अनमोल कुमार (पुलिस स्पोर्ट्स क्लब)

- ❖ मणिकांत एच. होबलीधर ने पुरुषों की 100 मीटर दौड़ में नया राष्ट्रीय रिकॉर्ड (तीसरी हीट में 10.23 सेकंड के साथ शीर्ष पर रह कर फाइनल के लिए क्वालीफाई करके) बनाया।
- ❖ उन्होंने वर्ष 2016 में अमिय कुमार मलिक (10.26 सेकंड) के रिकॉर्ड को तोड़ा है।
- ❖ तमिलनाडु ने पुरुषों की 4×400 मीटर रिले में 39.42 सेकंड के समय के साथ स्वर्ण पदक जीता और नया मीट रिकॉर्ड बनाया।
- ❖ पिछला मीट रिकॉर्ड 39.75 सेकेंड का था जो रेलवे ने बनाया था।

खेल विविधि

तीसरी राष्ट्रीय शारीरिक दिव्यांगता टी-20 क्रिकेट चैंपियनशिप, 2023

प्रश्न - 8 अक्टूबर, 2023 को संपन्न तीसरी राष्ट्रीय शारीरिक दिव्यांगता टी-20 क्रिकेट चैंपियनशिप, 2023 का खिताब किस राज्य/केंद्र शासित प्रदेश की दिव्यांग क्रिकेट टीम ने जीता है?

(a) मुंबई
(b) जम्मू एवं कश्मीर
(c) महाराष्ट्र
(d) कर्नाटक

उत्तर - (b)

संबंधित तथ्य -

तीसरी राष्ट्रीय शारीरिक दिव्यांगता टी-20 क्रिकेट चैंपियनशिप, 2023

- **आयोजित —** 28 सितंबर, 2023 से 8 अक्टूबर, 2023 तक
- **आयोजन स्थल —** उदयपुर, राजस्थान
- **प्रशासक —** भारतीय दिव्यांग क्रिकेट परिषद (डीसीसीआई) और राजस्थान रॉयल्स
- **प्रतिभागी टीमें —** 24
- **कुल मैच खेले गए —** 63
- **आयोजक और मेजबान —** नारायण सेवा संस्थान, उदयपुर
- **ब्रांड एंबेसडर —** हरभजन सिंह (टर्बनेटर)
- **खिताब विजेता —** जम्मू एवं कश्मीर
- **उपविजेता —** मुंबई (35 रनों से पराजित)
- **फाइनल में प्लेयर ऑफ द मैच —** माजिद (जम्मू एवं कश्मीर)
- **प्लेयर ऑफ द टूर्नामेंट —** वसीम इकबाल (जम्मू एवं कश्मीर)
- **जम्मू-कश्मीर टीम के कप्तान —** वसीम इकबाल
- **मुंबई टीम के कप्तान —** रवींद्र सांते।

❖ जम्मू एवं कश्मीर के कप्तान वसीम इकबाल ने टूर्नामेंट में 229 रन बनाए और 17 विकेट लिए।
❖ इस टूर्नामेंट में सर्वाधिक 322 रन मुंबई के रोहन भोइर ने बनाए।
❖ मुंबई के ही गेंदबाज रवींद्र ने टूर्नामेंट में सर्वाधिक 18 विकेट लिए।
❖ ध्यातव्य है कि 400 से अधिक दिव्यांग क्रिकेटरों की भागीदारी के साथ शारीरिक रूप से दिव्यांग क्रिकेटरों के सबसे बड़े किक्रेट टूर्नामेंट के रूप में इस टूर्नामेंट को गिनीज बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड्स में दर्ज किया गया था।

एशियाई आर्म रेसलिंग चैंपियनशिप, 2025

प्रश्न - एशियाई आर्मरेसलिंग चैंपियनशिप, 2025 का आयोजन किस देश में किया जाएगा?

(a) भारत
(b) थाईलैंड
(c) जापान
(d) भूटान

उत्तर - (a)

संबंधित तथ्य -

एशियाई आर्म रेसलिंग चैंपियनशिप, 2025

- **मेजबान देश —** भारत
- **मेजबान देश की घोषणा के संबंध में जानकारी प्रदत्त —** 12 अक्टूबर, 2023 को
- **जानकारी प्रदाता —** पीपुल्स आर्म रेसलिंग फेडरेशन ऑफ इंडिया (पीएएफआई)
- **मेजबान देश की घोषणा की गई थी —** वर्ल्ड आर्म रेसलिंग चैंपियनशिप, 2023 में आयोजित एशियाई कांग्रेस के दौरान
- **मेजबान देश के संबंध में प्रस्ताव रखा था —** पीएएफआई की अध्यक्षत प्रीति झंगियानी ने।

❖ पीपुल्स आर्म रेसलिंग फेडरेशन ऑफ इंडिया आधिकारिक तौर पर एशियन आर्म रेसलिंग फेडरेशन और वर्ल्ड आर्म रेसलिंग फेडरेशन (WAF) द्वारा मान्यता प्राप्त है।

टी-20 फार्मेट में सबसे तेज अर्धशतक बनाने वाले भारतीय क्रिकेटर

प्रश्न - अक्टूबर, 2023 में कौन-सा बल्लेबाज युवराज सिंह के रिकॉर्ड को तोड़कर टी-20 प्रारूप में सबसे तेज अर्धशतक बनाने वाला भारतीय बल्लेबाज बन गया है?

(a) उपेंद्र यादव
(b) आशुतोष शर्मा
(c) प्रथम सिंह
(d) राहुल शर्मा

उत्तर - (b)

संबंधित तथ्य -

टी-20 फॉर्मेट में सबसे तेज अर्धशतक बनाने वाले भारतीय क्रिकेटर

- **बन गए हैं —** आशुतोष शर्मा
- **अर्धशतक बनाया —** 11 गेदों पर
- **यह उपलब्धि हासिल की —** अक्टूबर, 2023 में सैयद मुश्ताक अली ट्रॉफी, 2023 में रेलवे की तरफ से खेलते हुए रांची में अरुणाचल प्रदेश के विरुद्ध
- **रिकॉर्ड तोड़ा है —** युवराज सिंह का
- **युवराज ने यह रिकॉर्ड बनाया था —** वर्ष 2007 में टी-20 विश्वकप

❖ उल्लेखनीय है कि वर्तमान में वैश्विक स्तर पर टी-20 में सबसे तेज अर्धशतक बनाने का रिकॉर्ड नेपाल के दीपेंद्र सिंह ऐरी के नाम है।
❖ उन्होंने वर्ष 2023 में हांगझोऊ, चीन में आयोजित एशियाई खेल, 2022 में मंगोलिया के विरुद्ध 9 गेदों पर अर्धशतक बनाकर पूर्व में बनाए गए युवराज सिंह के रिकॉर्ड (12 गेदों पर 50 रन) को तोड़कर यह उपलब्धि हासिल की।

प्रो. कबड्डी लीग सत्र, 2023 (सीजन-10) के लिए खिलाड़ियों की नीलामी

प्रश्न - अक्टूबर, 2023 में संपन्न प्रो.कबड्डी लीग सत्र, 2023 (सीजन-10)

की नीलामी में बिके सबसे महंगे खिलाड़ी का क्या नाम है?

(a) मोहम्मदरेज शादलूई चियानेह
(b) मनिंदर सिंह
(c) पवन कुमार सेहरावत
(d) फजल अत्राचली

उत्तर - (c)

संबंधित तथ्य -

प्रो. कबड्डी लीग सत्र, 2023 (सीजन-10) के लिए खिलाड़ियों की नीलामी

- **नीलामी हुई —** 9 - 10 अक्टूबर, 2023 को
- **कहां —** मुंबई में
- **नीलामी में शामिल —** 12 फ्रेंचाइजी टीमें
- **नीलामी में सबसे महंगे बिके खिलाड़ी —** पवन कुमार सेहरावत (2.605 करोड़ रुपये)
- **पवन कुमार सेहरावत को खरीदा है —** तेलुगू टाइटंस ने
- **नीलामी में बिके सबसे महंगे विदेशी खिलाड़ी —** मोहम्मदरेजा शादलूई चियानेह (2.35 करोड़ रुपये)
- **चियानेह को खरीदा है —** पुनेरी पलटन ने
- **विशेष तथ्य —** भारतीय कबड्डी टीम के कप्तान पवन कुमार सेहरावत प्रो. कबड्डी लीग (पीकेएल) इतिहास के सबसे महंगे खिलाड़ी बन गए हैं।

❖ पवन कुमार सेहरावत ने अपना ही रिकॉर्ड तोड़ा है।
❖ पीकेएल, 2022 की नीलामी में सेहरावत को तमिल थलाइवास ने 2.26 करोड़ रुपये में खरीदा था।
❖ नीलामी में सबसे महंगे बिके विदेशी खिलाड़ी चियानेह ईरान के कबड्डी खिलाड़ी हैं।

नीलामी में सबसे महंगे बिके 5 खिलाड़ी

- **पवन कुमार शेहरावत —** 2.605 करोड़ रुपये (तेलुगू टाइटंस ने खरीदा)
- **मोहम्मदरेजा शादलूई चियानेह —** 2.35 करोड़ रुपये (पुनेरी पलटन ने खरीदा)
- **मनिंदर सिंह —** 2.12 करोड़ रुपये (बंगाल वॉरियर्स ने खरीदा)
- **फजल अत्राचली —** 1.60 करोड़ रुपये (गुजरात जायंट्स ने खरीदा)
- **सिद्धार्थ सिरिश देसाई —** 1 करोड़ रुपये (हरियाणा स्टीलर्स ने खरीदा)

ओलंपिक, 2028 में पांच नए खेल शामिल

प्रश्न - 13 अक्टूबर, 2023 को अंतरराष्ट्रीय ओलंपिक समिति (आईओसी) के कार्यकारी बोर्ड ने वर्ष 2028 में आयोजित होने वाले ओलंपिक खेलों में 5 नए खेलों को शामिल किए जाने की मंजूरी दी। विकल्प में कौन-सा खेल शामिल किए जाने वाले इन 5 खेलों में शामिल नहीं है?

(a) क्रिकेट
(b) स्क्वैश
(c) लैक्रोस
(d) वुशु

उत्तर - (d)

संबंधित तथ्य -

ओलंपिक, 2028 में 5 नए खेल शामिल

- **5 नए खेलों को शामिल किए जाने की मंजूरी —** 13 अक्टूबर, 2023
- **मंजूरी प्रदाता —** अंतरराष्ट्रीय ओलंपिक समिति (आईओसी) का कार्यकारी बोर्ड
- **नए शामिल खेल —** बेसबॉल/सॉफ्टबॉल, फ्लैग फुटबॉल, स्क्वैश, लैक्रोस और क्रिकेट
- **वर्ष 2028 में ओलंपिक खेल होगा —** लॉस एंजिल्स में
- **विशेष —**
  - ओलंपिक में क्रिकेट मात्र एकबार वर्ष 1900 में हुए ओलंपिक खेलों में शामिल किया गया था।
  - इसमें मात्र दो टीमों ने हिस्सा लिया था।
  - इस ओलंपिक में ग्रेट ब्रिटेन ने फ्रांस को पराजित कर स्वर्ण पदक

बंगलुरू मैराथन, 2023

प्रश्न - 8 अक्टूबर, 2023 को संपन्न बंगलुरू मैराथन, 2023 के फुल मैराथन में पुरुष वर्ग का खिबात किसने जीता है?

(a) अनीश थापा
(b) अक्षय सैनी
(c) कुलदीप सिंह
(d) वैभव पाटिल

उत्तर - (a)

संबंधित तथ्य -

बंगलुरू मैराथन, 2023

- **आयोजित —** 8 अक्टूबर, 2023
- **हरी झंडी दिखाई —** कर्नाटक के राज्यपाल थावरचंद गहलोत ने **कहां** से श्री कांतीरावा स्टेडियम
- **टाइटल प्रायोजक—** विप्रो
- **फुल मैराथन — (**42.195 किमी.) का परिणाम
- **पुरुष वर्ग —** विजेता-अनीश थापा (सेना), समय- 2 घंटा, 18 मिनट और 6 सेकंड
- **दूसरा सथान-अक्षय सैनी (सेना),** समय-2 घंटा, 25 मिनट और 4 सेकंड
- **तीसरा स्थान —** कुलदीप सिंह (उ.प्र.) समय-2 घंटा, 26 मिनट और 38 सेकंड
- **महिला वर्ग —** विजेता-ज्योति गावटे (महाराष्ट्र), समय-3 घंटा, 8 मिनट और 53 सेकंड
- **दूसरा स्थान—** अश्वनी जाधव (महाराष्ट्र), समय-3 घंटा, 9 मिनट
- **तीसरा स्थान —** प्राची गोडबोले (महाराष्ट्र) समय-3 घंटा, 13 मिनट और 17 सेकंड
- **हॉफ मैराथन (21.1 किमी.) का परिणाम —**
- **पुरुष वर्ग विजेता —** वैभव पाटिल
- **महिला वर्ग विजेता —** बिओया बर्मन

शिकागो मैराथन, 2023

प्रश्न - 8 अक्टूबर, 2023 को संपन्न शिकागो मैराथन, 2023 में किस धावक ने विश्व रिकॉर्ड के साथ पुरुष वर्ग का खिताब जीता है?

(a) बेंसन किप्रूटो
(b) बशीर आब्दी
(c) केल्विन किप्टम
(d) जॉन कोरिर

उत्तर - (c)

संबंधित तथ्य -

शिकागो मैराथन, 2023

- **जन-स्थल —** 8 अक्टूबर, 2023
- **आयोजित —** शिकागो, इलिनोइस, संयुक्त राज्य अमेरिका
- **संस्करण —** 45वां
- **पुरुष वर्ग का परिणाम —**
- **विजेता —** केल्विन किप्टम (केन्या), समय-2 घंटा एंव 35 सेकंड
- **दूसरा स्थान —** बेंसन किप्रूटो (केन्या), समय-2 घंटा, 4 मिनट एवं 2 सेकंड
- **तीसरा स्थान —** बशीर आब्दी (बेल्जियम), समय-2 घंटा, 4 मिनट एवं 32 सेकंड
- **महिला वर्ग का परिणाम —**
- **विजेता —** सिफान हसन (नीदरलैंड्स), समय-2 घंटा, 13 मिनट एवं 44 सेकंड
- **दूसरा स्थान —** रुथ चेप्नगेटिच (केन्या), समय-2 घंटा, 15 मिनट एवं 37 सेकंड
- **तीसरा स्थान —** मेगर्टु अलेमू (इथियोपिया), समय-2 घंटा, 17 मिनट एवं 9 सेकंड

- ❖ केल्विन किप्टम ने शिकागो मैराथन 2 घंटे, 35 सेकंड में जीतकर पुरुषों के मैराथन में नया विश्व रिकॉर्ड बनाया है।
- ❖ उन्होंने अपने ही देश के इलियुड किपचोगे का रिकॉर्ड तोड़ा है।
- ❖ किपचोगे ने सितंबर, 2022 में बर्लिन मैराथन 2 घंटा, 1 मिनट और 9 सेकंड में जीतकर विश्व रिकॉर्ड बनाया था।
- ❖ महिला वर्ग की विजेता सिफान हसन ने शिकागो कोर्स रिकॉर्ड बनाया है।

BMW बर्लिन मैराथन, 2023

प्रश्न - 24 सितंबर, 2023 को संपन्न 49वीं BMW बर्लिन मैराथन में पुरुष वर्ग का खिताब किसने जीता है?

(a) विंसेंट किपकेमबोई
(b) इलियुड किपचोगे
(c) टेडीज टेकेल
(d) रोनाल्ड कोरिर

उत्तर - (b)

संबंधित तथ्य -

BMW बर्लिन मैराथन, 2023

- **आयोजित —** 24 सितंबर, 2023
- **आयोजन स्थल —** बर्लिन, जर्मनी
- **संस्करण —** 49वां
- **पुरुष वर्ग का परिणाम (फुल मैराथन) —**
- **विजेता —** इलियुड किपचोगे (केन्या), 2:02:42 सेकंड
- **दूसरा स्थान —** विंसेंट किपकेमोई (केन्या), 2:03:13 सेकंड
- **तीसरा स्थान —** टेडीज टेकेल (इथियोपिया) 2:03:24 सेकंड
- **महिला वर्ग का परिणाम (फुल मैराथन)**
- **विजेता —** टिजस्ट असेफा (इथियोपिया), 2:11:53 सेकंड
- **दूसरा स्थान —** शीला चेपकिरुई (केन्या), 2:17:49 49 सेकंड
- **तीसरा स्थान —** मैग्डालेना शौरी (तंजानिया) 2:18:41 सेकंड
- **टिजस्ट असेफा ने यह मैराथन—** 2:11:53 सेकंड में जीतकर एक नया विश्व रिकॉर्ड बनाया है।

❖ इसके पूर्व यह रिकॉर्ड केन्या की ब्रिगिड कोसगेई के नाम था, जिन्होंने वर्ष 2019 में शिकागो मैराथन 2:14:04 सेकंड में जीतकर बनाया था।

विश्व कुश्ती चैंपियनशिप, 2023

प्रश्न - विश्व कुश्ती चैंपियनशिप, 2023 में भारत की किस महिला पहलवान ने कांस्य पदक जीता है?

(a) प्रिया भानोट
(b) विनेश फोगाट
(c) अंतिम पंघाल
(d) मीनू कुमारी

उत्तर - (c)

संबंधित तथ्य -

विश्व कुश्ती चैंपियनशिप, 2023

- **आयोजित —** 16-24 सितंबर, 2023
- **आयोजन स्थल —** बेलग्रेड, सर्बिया
- **फ्रीस्टाइल (पुरुष) चैंपियन —** संयुक्त राज्य अमेरिका
- **ग्रीको-रोमन चैंपियन —** अजरबैजान
- **महिला (फ्रीस्टाइल) चैंपियन —** जापान
- **भारत ने जीता —** मात्र एक कांस्य पदक
- **भारतीय कांस्य पदक विजेता —** अंतिम पंघाल (महिलाओं की 53 किग्रा. फ्रीस्टाइल स्पर्धा)

❖ **पदक तालिका में शीर्ष 5 देश-**

क्रम	देश	स्वर्ण	रजत	कांस्य	कुल पदक
1.	जापान	6	3	3	12
2.	अमेरिका	4	3	7	14
3.	किर्गिस्तान	3	1	1	5
4.	अजरबैजान	2	5	0	7
5.	ईरान	2	3	4	9

वेदांता दिल्ली हॉफ मैराथन, 2023

प्रश्न - वेदांता दिल्ली हॉफ मैराथन, 2023 के विजेताओं के संबंध में विकल्प में कौन-सा तथ्य सही नहीं है?

(a) पुरुष एलीट वर्ग का खिताब केन्या के डेनियल एबेन्यो ने जीता है।
(b) महिला एलीट वर्ग का खिताब इथियोपिया की अल्माज अयाना ने जीता है।
(c) पुरुष एलीट वर्ग में भारतीयों में पुरुष वर्ग का खिताब कार्तिक कुमार ने जीता है।
(d) महिला एलीट वर्ग में भारतीयों में महिला वर्ग का खिताब कविता यादव ने जीता है।

उत्तर - (c)

संबंधित तथ्य -

वेदांता दिल्ली हॉफ मैराथन, 2023

- **आयोजित —** 15 अक्टूबर, 2023
- **आयोजन स्थल —** दिल्ली
- **मैराथन की शुरुआत —** जवाहरलाल नेहरू स्टेडियम से
- **पुरुष वर्ग (एलीट) का परिणाम —**
- **विजेता —** डेनियल एबेन्यो (केन्या), समय-59 मिनट, 27 सेकंड
- **दूसरा स्थान —** चेल्स माटाटा (केन्या), समय-1:00:05 सेकंड
- **तीसरा स्थान —** आदिसु गोबेना (इथियोपिया), समय-1:00:051 सेकंड
- **महिला वर्ग (एलीट) का परिणाम-**
- **विजेता —** अल्माज अयाना (इथियोपिया)
- **समय —** 1:07:58 सेकंड
- **दूसरा स्थान—** स्टेला चेसांग (युगांडा), समय-1:08:28 सेकंड
- **तीसरा स्थान —** वियोला चेपनजेनो (इथियोपिया), समय-1:09:09 सेकंड
- **एलीट वर्ग भारतीय पुरुष विजेता-**
- **विजेता —** अभिषेक पाल-1:04:07 सेकंड
- **दूसरा स्थान —** कार्तिक कुमार-1:04:08 सेकंड
- **तीसरा स्थान —** सावन बरवाल-1:04:17 सेकंड
- **एलीट वर्ग भारतीय महिला विजेता-**
- **कविता यादव —** 1:17:42 सेकंड
- **रीमा पटेल —** 1:17:48 सेकंड
- **पूनम दिनकर सोनुने —** 1:17:49 सेकंड

19वां एशियाई खेल, 2022

प्रश्न - एशियाई खेल, 2023 (19वां संस्करण) के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए-

(i) 23 सितंबर, 2023 से 8 अक्टूबर, 2023 तक एशियाई खेल, 2023 हांगझोऊ, चीन में आयोजित हुआ।

(ii) इसमें चीन 201 स्वर्ण सहित कुल 383 पदक जीतकर पदक तालिका में शीर्ष स्थान पर रहा।

(iii) भारत 28 स्वर्ण सहित कुल 107 पदक जीतकर पदक तालिका में चौथे स्थान पर रहा।

(iv) एशियाई खेल, 2023 के समापन की घोषणा एशिया ओलंपिक परिषद् के कार्यवाहक अध्यक्ष रणधीर सिंह ने की।

उपर्युक्त कथनों में कौन-सा/से कथन सही है/हैं?

(a) केवल (i) एवं (ii)
(b) केवल (i), (iii) एवं (iv)
(c) केवल (ii),(iii) एवं (iv)
(d) उपर्युक्त सभी

उत्तर - (d)

19वें एशियाई खेल, 2022

- **आयोजित —** 23 सितंबर, 2023 से 8 अक्टूबर, 2023
- **मेजबान शहर —** हांगझोऊ, चीन
- **उद्घाटन —** चीन के राष्ट्रपति शी जिनपिंग द्वारा
- **उद्घाटन स्थल —** हांगझोऊ स्पोर्ट्स पार्क स्टेडियम, हांगझोऊ, चीन
- **समापन की घोषणा —** एशिया ओलंपिक परिषद के कार्यवाहक अध्यक्ष रणधीर सिंह द्वारा
- **समापन समारोह हुआ —** हांगझोऊ ओलंपिक स्पोर्ट्स सेंटर स्टेडियम में
- **आधिकारिक (Mascat), —** तीन रोबोटों का समूह (जियोगनान की यादें)
- **तीनों शुभंकरों (रोबोटो) के नाम —** कांगकांग, लियानलियन और चेनचेन
- **आदर्श वाक्य (Motto) —** दिल से दिल @ भविष्य (Heart to Heart @ Future)
- **आधिकारिक गीत —** विद यू एंड मी (With you and me)
- **मशाल का नाम —** एटरनल फ्लेम (Eternal Flame)
- **भाग लिया —** 45 देशों और क्षेत्रों के लगभग 12000 एथलीटों ने
- **आयोजन —** 40 खेल, 61 अनुशासन और 481 स्पर्धाएं
- **उद्घाटन समारोह में भारतीय दल के ध्वजवाहक —** हरमनप्रीत सिंह (भारतीय हॉकी टीम के कप्तान) और लवलीना बोर्गोहेन (महिला मुक्केबाज)
- **समापन समारोह में भारतीय दल के ध्वजवाहक —** पीआर श्रीजेश (भारतीय हॉकी टीम के गोलकीपर)
- **नए शामिल खेल —** ई-स्पोर्ट्स और ब्रेक डांसिंग
- **दोबारा शामिल खेल —** क्रिकेट, बोर्ड गेम, जियांगकी और शतरंज
- **पदक तालिका में शीर्ष 3 देश —** चीन (383), जापान (188), और कोरिया राज्य (190)
- **पदक तालिका में भारत का स्थान —** चौथा
- **भारत द्वारा विजित कुल पदक —** 107 (28 स्वर्ण, 38 रजत एवं 41 कांस्य)
- **भारत ने पहला स्वर्ण पदक जीता —** पुरुषों की 10 मीटर एयर राइफल टीम स्पर्धा में
- **4 स्वर्ण पदक विजेता खिलाड़ी —** दिव्यांग सिंह पवार, रुद्रांक्ष बालासाहेब पाटिल और ऐश्वर्य प्रताप सिंह तोमर

पदक तालिका में शीर्ष 5 देश

क्रम	देश	स्वर्ण	रजत	कांस्य	कुल पदक
1.	चीन	201	111	71	383
2.	जापान	52	67	69	188
3.	कोरिया गणराज्य	42	59	89	190

4.	भारत	28	38	41	107
5.	उज्बेकिस्तान	22	18	31	71

भारतीय स्वर्ण पदक विजेता			
क्रम	**खेल**	**स्पर्धा**	**विजेता खिलाड़ी/देश**
1.	निशानेबाजी	पुरुषों की 10 मीटर एयर राइफल टीम	दिव्यांश सिंह पवांर, रु-द्रांक्ष बालासाहेब पाटिल और ऐश्वर्य प्रताप सिंह (वर्ल्ड रिकॉर्ड)
2.	क्रिकेट	पुरुष टूर्नामेंट	भारत
3.	क्रिकेट	महिला टूर्नामेंट	भारत
4.	घुड़सवारी	टीम ड्रेसेज	अनुष अग्रवाल, हृदय छेदा, दिव्यकृति सिंह और सुदीप्ति हजेला
5.	निशानेबाजी	महिलाओं की 25 मीटर पिस्टल टीम स्पर्धा	ईशा सिंह, रिद्म सांगवान और मनु भाकर
6.	निशानेबाजी	महिलाओं की 50 मीटर राइफल थ्रो पोजिशंस	सिफ्ट कौर सामरा (वर्ल्ड रिकॉर्ड)
7.	निशानेबाजी	पुरुषों की 10 मीटर एयर पिस्टल टीम	अर्जुन चीमा, सरबजोत सिंह और शिव नरवाल
8.	निशानेबाजी	पुरुषों की 50 मीटर राइफल थ्रो पोजिशंस टीम	ऐश्वर्य तोमर, स्वप्निल कुसाले और अखिल श्योराण (विश्व रिकॉर्ड)
9.	निशानेबाजी	महिलाओं की 10 मीटर एयर पिस्टल टीम	पलक गुलिया (एशियाई रिकॉर्ड)
10.	लॉन टेनिस	मिश्रित युगल	रोहन बोपन्ना, रुतुजार भोंसले
11.	स्क्वैश	पुरुष टीम	सौरव घोषाल, महेश मन-गांवकर, अभय सिंह और हरिंदर पाल संधू
12.	निशानेबाजी	पुरुषों की ट्रैप टीम	जोरावर सिंह, किनान डेरियस चेन्नई, पृथ्वीराज टोंडाइमन
13.	एथलेटिक्स	पुरुषों की 3000 मीटर स्टीपलचेज	अविनाश सांबले
14.	एथलेटिक्स	पुरुषों की शॉटपुट	तेजिंदरपाल सिंह तूर
15.	एथलेटिक्स	महिलाओं की 5000 मीटर दौड़	पारुल चौधरी
16.	एथलेटिक्स	महिलाओं की जेवलिन थ्रो	अन्नू रानी (69.92 मीटर)
17.	एथलेटिक्स	पुरुषों की जेवलिन थ्रो (भाला फेंक)	नीरज चोपड़ा (88.88 मीटर)
18.	तीरंदाजी	मिश्रित टीम कम्पाउंड	ज्योति सुरेखा वेन्नम, ओजस प्रवीण देवताले
19.	एथलेटिक्स	पुरुषों की 4×400 मीटर रिले	अमोज जैकब, मुहम्मद अनस यहिया, मुहम्मद अजमल वरियाथोड़ी और राजेश रमेश
20.	तीरंदाजी	महिलाओं की टीम कम्पाउंड	अदिति स्वामी, परनीत कौर और ज्योति सुरेखा वेन्नम
21.	स्क्वैश	मिश्रित युगल	हरिंदर पाल सिंह संधू और दीपिका
22.	तीरंदाजी	पुरुषों की टीम कम्पाउंड	अभिषेक वर्मा, प्रथमेश जावकर और ओजस प्रवीण देवताले

23.	हॉकी	पुरुष फील्ड हॉकी	भारत (जापान को पराजित कर)
24.	तीरंदाजी	महिलाओं की व्यक्तिगत कम्पाउंड	ज्योति सुरेखा वेन्नम
25.	तीरंदाजी	पुरुषों की व्यक्तिगत कम्पाउंड	ओजस प्रवीण देवताले
26.	कबड्डी	महिला टीम	भारत
27.	कबड्डी	पुरुष टीम	भारत
28.	बैडमिंटन	पुरुष युगल	सात्विकसाईराज रंकीरेड्डी और चिराग

- एशियाई खेल, 2023 में भारत के 655 एथलीटों ने भाग लिया।
- भारत ने एथलेटिक्स में 6 स्वर्ण, 14 रजत और 9 कांस्य के साथ सबसे अधिक 29 पदक जीते हैं।
- भारत ने एशियाई खेल, 2023 में अब तक का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करते हुए रिकॉर्ड 107 पदक जीते हैं।
- इससे पूर्व जकार्ता में 2018 में भारत ने कुल 70 पदक जीते थे।
- भारत ने 41 वर्ष बाद घुड़सवारी में स्वर्ण पदक जीता है।
- तेजिंदर पाल सिंह तूर (शॉटपुट) और अन्नू रानी (जेवलिन थ्रो) स्पर्धा में एशियाई खेल में स्वर्ण पदक जीतने वाले पहली भारतीय बन गए हैं।
- रोइंग की मेंस 8 स्पर्धा में भारतीय टीम ने रजत पदक जीता है।
- वुशु में भारत की रोशिबिना सिंह ने 60 किग्रा. भार वर्ग में रजत पदक जीता है
- शतरंज में पुरुष और महिला दोनों टीमों ने रजत पदक जीता है।
- टेनिस में भारतीय टीम ने पुरुष युगल में रजत पदक जीता है।
- कार्तिक कुमार ने पुरुषों की 10000 मीटर दौड़ में रजत पदक जीता है, जबकि गुलवीर सिंह ने कांस्य पदक जीता है।
- महिलाओं की 1500 मीटर दौड़ और 800 मीटर दौड़ में हरमिलन बैस ने रजत पदक जीता है।
- पुरुषों के 1500 मीटर दौड़ में अजय कुमार सरोज ने रजत पदक और जिन्सन जॉनसन ने कांस्य पदक जीता है।
- महिलाओं की 1500 मीटर दौड़ में अजय कुमार सरोज ने रजत पदक और जिन्सन जॉनसन ने कांस्य पदक जीता है।
- पुरुषों की लंबी कूद स्पर्धा में मुरली श्रीशंकर ने रजत पदक जीता है।
- महिलाओं की 100 मीटर बाधा दौड़ में ज्योति या राजी ने रजत पदक जीता है।
- पारुल चौधरी ने महिलाओं की 3000 मीटर स्टीपलचेज में रजत जबकि प्रीति लांबा ने कांस्य पदक जीता है।
- मोहम्मद अफसल ने पुरुषों की 800 मीटर दौड़ और तेजस्विन शंकर ने पुरुषों की डेकाथलान स्पर्धा में रजत पदक जीता है।
- किशोर जेना ने पुरुषों की भाला फेंक स्पर्धा में जबकि अविनाश साबले ने पुरुषों की 5000 मीटर दौड़ में रजत पदक जीता है।
- सौरव घोषाल ने स्क्वैश में पुरुष एकल में रजत पदक जीता है।
- भारतीय पुरुष ब्रिज टीम ने रजत पदक जीता है।
- भारत की ज्योति सुरेखा वेन्नम और ओजस प्रवीण देवताले ने एशियाई खेल 2023 में 3-3 स्वर्ण पदक जीते हैं।
- एशियाई खेल, 2023 में कुल 15 विश्व रिकॉर्ड, 28 एशियाई रिकॉर्ड और कुल 150 एशियाई खेलों के रिकॉर्ड टूटे हैं।
- सर्वाधिक नए विश्व रिकॉर्ड स्कीट स्पर्धा में बने हैं।
- महिलाओं की 100 मीटर दौड़ स्पर्धा में स्वर्ण पदक चीन की जीई मांकी (GE Manqui) ने 11.23 सेकंड में रेस पूरी कर जीता है।
- महिलाओं की गोल्फ स्पर्धा में भारत की अदिति अशोक ने रजत पदक जीता है।
- फुटबॉल स्पर्धा में पुरुष वर्ग का स्वर्ण पदक दक्षिण कोरिया और महिला वर्ग का स्वर्ण पदक जापान ने जीता है।
- बीच वालीबॉल स्पर्धा में पुरुष एकल का वांग चुकिन (चीन) और महिला एकल का स्वर्ण पदक सुन यिंग्शा (चीन) ने जीता है।
- टेनिस स्पर्धा में पुरुष एकल का खिताब (स्वर्ण पदक झांग झिझेन (चीन) और महिला एकल का झेंग किनवेन (चीन) ने जीता।
- बीच वालीबॉल में पुरुष वर्ग का खिताब (स्वर्ण पदक) कतर ने, जबकि महिला वर्ग का खिताब चीन ने जीता है।
- बॉस्केट बॉल में पुरुष वर्ग का स्वर्ण पदक फिलीपींस ने और महिला वर्ग में स्वर्ण पदक चीन ने जीता है।
- बैडमिंटन में पुरुष एकल स्पर्धा का स्वर्ण पदक ली शिफेंग (चीन) ने जबकि महिला एकल का स्वर्ण पदक आन-से-यंग (दक्षिण कोरिया) ने जीता है।
- उल्लेखनीय है कि 20 वां एशियाई खेल वर्ष 2026 में आइची-नागोया, जापान में आयोजित होगा।

चर्चित खेल व्यक्तित्व

बॉबी चार्लटन

प्रश्न - 21 अक्टूबर, 2023 को इंग्लैंड के प्रसिद्ध फुटबॉलर बॉबी चार्लटन का निधन हो गया। चार्लटन ने अपने अंतरराष्ट्रीय कॅरियर में इंग्लैंड की टीम से कितने मैच खेले थे?

(a) 85
(b) 96
(c) 102
(d) 106

उत्तर - (d)

संबंधित तथ्य -

बॉबी चार्लटन

- **निधन—** 21 अक्टूबर, 2023
- **क्या थे —** फुटबॉलर
- **संबंधित देश—** इंग्लैंड
- **इंग्लैंड की अंतरराष्ट्रीय-** फुटबॉल टीम में पदार्पण-वर्ष 1958
- **अंतरराष्ट्रीय मैच खेले—** 106
- **अंतरराष्ट्रीय मैचों में कुल गोल किए —** 49
- **फीफा विश्व कप विजेता इंग्लैंड की टीम में शामिल रहे-**वर्ष 1966
- **मैनचेस्टर यूनाइटेड की तरफ से खेले-758 मैच**
- **758 मैचों में कुल गोल किए- 249**

❖ वर्ष 1966 फीफा विश्वकप से कुछ समय पूर्व चार्लटन को फुटबॉल राइटर्स एसोसिएशन प्लेयर ऑफ द ईयर और यूरोपीय फुटबॉलर ऑफ द ईयर भी नामित किया गया था।

❖ उन्हें वर्ष 2002 में इंग्लिश फुटबॉल हाल ऑफ फेम में शामिल किया गया था।

❖ वर्ष 2008 में बीबीसी स्पोर्ट्स पर्सनालिटी ऑफ द ईयर लाइफटाइम अचीवमेंट अवॉर्ड और यूएफा (UEFA) प्रेसीडेंट अवॉर्ड से सम्मानित किया गया था।

❖ चार्लटन वर्ष 2012 में लॉरियस लाइफटाइम अचीवमेंट अवॉर्ड से सम्मानित किए गए थे।

बिशन सिंह बेदी

प्रश्न - महान स्पिनर बिशन सिंह बेदी के संबंध में विकल्प में कौन-सा तथ्य सही नहीं है?

(a) 23 अक्टूबर, 2023 को महान भारतीय स्पिनर बिशन सिंह बेदी का निधन हो गया।
(b) बेदी का अंतरराष्ट्रीय कॅरियर वर्ष 1966 से 1979 तक रहा।
(c) उन्होंने अपने अंतरराष्ट्रीय कॅरियर में 67 टेस्ट मैच खेले और कुल 266 विकेट लिए।
(d) अंतरराष्ट्रीय एकदिवसीय कैरियर में कुल 15 मैच खेले और उसमें 11 विकेट लिए।

उत्तर - (d)
संबंधित तथ्य -

बिशन सिंह बेदी

- **क्या थे? —** पूर्व भारतीय स्पिन गेंदबाज
- **निधन —** 23 अक्टूबर, 2023 (77 वर्ष की आयु में)
- **अंतरराष्ट्रीय कॅरियर —** वर्ष 1966-1979 तक
- **अंतरराष्ट्रीय मैच खेले —** 67 टेस्ट और 10 एकदिवसीय मैच
- **टेस्ट मैच में पदार्पण —** 31 दिसंबर, 1966 को वेस्टइंडीज के विरुद्ध ईडन गार्डेन्स, कोलकाता में
- **अंतिम टेस्ट मैच —** 30 अगस्त से 4 सितंबर, 1979 तक ओवल में इंग्लैण्ड के विरुद्ध
- **67 टेस्ट मैचों में प्रदर्शन —** 266 विकेट एवं 656 रन
- **एकदिवसीय मैच में पदार्पण —** जून, 1974 में लीड्स में इंग्लैण्ड के विरुद्ध
- **अंतिम एकदिवसीय मैच —** जून, 1979 में मैनचेस्टर में श्रीलंका के विरुद्ध
- **10 एकदिवसीय मैचों में प्रदर्शन —** 7 विकेट और 31 रन
- **प्रथम श्रेणी मैच खेले —** 370
- **प्रथम श्रेणी मैचों में प्रदर्शन —** 1560 विकेट एवं 3584 रन।

❖ बेदी ने कुछ मैचों में भारतीय टीम के कप्तान भी रहे।

❖ वह वर्ष 1990 में इंग्लैंड और न्यूजीलैंड के दौरे पर गई भारतीय टीम के मैनेजर रहे।

❖ उन्होंने वर्ष 1975 वाे विश्व कप में हेडिंग्ले में यूवी अफ्रीका के विरुद्ध जीत में 12 ओवर में 8 मेडन और 6 रन देकर 1 विकेट लेकर महत्वपूर्ण भूमिका निभाई थी।

❖ वह घरेलू क्रिकेट में दिल्ली की तरफ से खेलते थे।

❖ बेदी राष्ट्रीय चयनकर्त्ता होने के साथ मनिंदर सिंह और मुरली कार्तिक जैसे स्पिनरों के गुरु भी थे।

❖ उन्होंने अपनी पारी में 14 बार 5 विकेट और एक बार 10 विकेट लेने का कारनामा किया था।

सीनियर भारतीय महिला क्रिकेट टीम के नए मुख्य कोच

प्रश्न - अक्टूबर, 2023 में किसे सीनियर भारतीय महिला क्रिकेट टीम का नया मुख्य कोच नियुक्त किया गया है?

(a) रमेश पोवॉर
(b) अमोल मजूमदार
(c) तुषार अरोठे
(d) जॉन लुईस

उत्तर - (b)
संबंधित तथ्य -

सीनियर भारतीय महिला क्रिकेट टीम के नए मुख्य कोच

- **नियुक्ति—** 25 अक्टूबर, 2023
- **नियुक्त —** अमोल मजूमदार
- **नियुक्तकर्त्ता-**भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई)
- **चयन —** तीन सदस्यीय क्रिकेट सलाहकार समिति द्वारा
- **समिति में शामिल-**सुलक्षणा नाईक, अशोक मल्होत्रा और जतिन परांजपे
- **विशेष तथ्य —** रमेश पोवॉर के राष्ट्रीय क्रिकेट अकादमी में स्पिन गेंदबाजी सलाहकार नियुक्त किए जाने के बाद ऋषिकेश कानितकर अस्थायी तौर पर भारतीय महिला क्रिकेट टीम के कोच बनाए गए थे।

❖ अमोल मजूमदार ने 171 प्रथम श्रेणी में 30 शतक समेत 11167 रन बनाए हैं।

❖ उन्होंने अपने घरेलू कॅरियर में 113 लिस्ट ए और 14 टी-20 मैच भी खेले हैं।

❖ इससे पूर्व भी वह अंडर-19 और अंडर-23 टीमों के बल्लेबाजी कोच रह चुके हैं।

❖ इसके बाद वह नीदरलैंड्स की पुरुष क्रिकेट टीम के साथ बतौर बैटिंग सलाहकार के रूप में जुड़े थे।

❖ कुछ वर्ष उन्होंने आईपीएल की फ्रेंचाइजी टीम राजस्थान रॉयल्स के लिए भी बल्लेबाजी कोच की भूमिका निभाई थी।

ईडन हैजार्ड

प्रश्न - 10 अक्टूबर, 2023 को ईडन हैजार्ड ने फुटबॉल के सभी प्रारूपों से संन्यास लेने की घोषणा की। वह किस देश के फुटबॉल खिलाड़ी थे?

(a) इंग्लैंड
(b) फ्रांस
(c) स्विट्जरलैंड
(d) बेल्जियम

उत्तर - (d)

संबंधित तथ्य -

ईडन हैजार्ड

- **क्या हैं? —** फुटबॉलर
- **संबंधित देश —** बेल्जियम
- **फुटबॉलर के सभी प्रारूपों से संन्यास लेने की घाषणा —** 10 अक्टूबर, 2023
- **राष्ट्रीय टीम में पदार्पण —** नवंबर, 2008 में
- **बेल्जियम की तरफ से खेले (अंतरराष्ट्रीय मैच) —** 126
- **अंतरराष्ट्रीय मैचों में कुल गोल किए —** 33
- **मेन पोजीशन —** लेफ्ट विंगर
- **लिली से जुड़े रहे —** वर्ष 2007-2012 तक
- **चेल्सी के साथ जुड़े रहे —** वर्ष 2012-2019 तक
- **रियल मैड्रिड के साथ जुड़े रहे —** वर्ष 2019 से जुलाई, 2023 तक
- **फीफा विश्वकप में खेले —** 3 बार (वर्ष 2014, 2018 और 2022 में)
- **रियल मैड्रिड के साथ जीते —** दो ला लीगा और एक चैंपियंस लीग का खिताब आदि।
- **क्लब कॅरियर में गोल किए —** 273

❖ हैजार्ड ने 16 वर्षीय कॅरियर में 700 से अधिक मैच खेले।

❖ हैजार्ड को वर्ष 2019 में स्पेनिश क्लब रियल मैड्रिड ने इंग्लिश क्लब चेल्सी से 100 मिलियन यूरो (लगभग 834 करोड़ रुपये) में खरीदा था।

❖ उन्होंने दो बार यूरोपीय चैंपियनशिप में भी भाग लिया था।

एलिस्टेयर कुक

प्रश्न - 12 अक्टूबर, 2023 को एलिस्टेयर कुक ने क्रिकेट के सभी प्रारूपों से संन्यास लेने की घोषणा की। कुक के कॅरियर के संबंध में विकल्प में कौन-सा तथ्य सही नहीं है?

(a) एलिस्टेयर कुक का अंतरराष्ट्रीय कॅरियर वर्ष 2006 से 2021 तक रहा।
(b) उन्होंने 161 टेस्ट मैचों में 12472 रन बनाए हैं।
(c) 92 एकदिवसीय मैचों में 3204 रन बनाए हैं।
(d) कुक 59 टेस्ट मैचों में कप्तान रहे।

उत्तर - (a)

संबंधित तथ्य -

एलिस्टेयर कुक

- **क्या हैं? —** क्रिकेटर (विकेटकीपर बल्लेबाज)
- **संबंधित देश —** इंग्लैंड
- **सभी प्रारूपों से संन्यास की घोषणा —** 13 अक्टूबर, 2023
- **अंतरराष्ट्रीय कॅरियर —** वर्ष 2006 से 2018 तक
- **अंतरराष्ट्रीय कॅरियर में खेले —** 161 टेस्ट, 92 एकदिवसीय और 4 टी-20 मैच
- **टेस्ट मैच में पदार्पण —** मार्च, 2006 में नागपुर में भारत के विरुद्ध
- **अंतिम टेस्ट मैच खेला —** सितंबर, 2018 में ओवल में भारत के विरुद्ध
- **टेस्ट में प्रदर्शन —** 12472 रन और 1 विकेट
- **टेस्ट में शतक और अर्धशतक बनाए —** क्रमश: 33 और 57
- **टेस्ट में कप्तान रहे —** 59 मैचों में
- **एकदिवसीय में पदार्पण —** जून, 2006 में मैनचेस्टर में श्रीलंका के विरुद्ध
- **अंतिम एकदिवसीय मैच —** दिसंबर, 2014 में कालंबों में श्रीलंका के विरुद्ध
- **एकदिवसीय में प्रदर्शन —** 3204 रन (5 शतक और 19 अर्धशतक)
- **टी-20 में पदार्पण —** जून, 2007 में ओवल में वेस्टइंडीज के विरुद्ध
- **अंतिम टी-20 मैच —** नवंबर, 2009 में सेंचुरियन में दक्षिण अफ्रीका के विरुद्ध

- ❖ एलिस्टेयर कुक ने अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट से वर्ष 2018 में ही संन्यास ले लिया था।
- ❖ कुक इंग्लैंड के लिए टेस्ट फॉर्मेट में 10000 रन बनाने वाले पहले बल्लेबाज हैं।
- ❖ कुक टेस्ट मैचों में वर्तमान में भी इंग्लैंड की तरफ से सर्वाधिक रन बनाने वाले और सर्वाधिक शतक बनाने वाले खिलाड़ी हैं।
- ❖ उन्होंने 352 प्रथम श्रेणी मैचों में कुल 26,643 रन बनाए हैं, जिसमें 74 शतक और 125 अर्धशतक शामिल हैं।
- ❖ कुक को नाइटहुड (सर) की उपाधि से इयान बाथम के बाद सम्मानित किया गया था।

संक्षिप्तियां

चर्चित व्यक्ति

भारत निर्वाचन आयोग के नए राष्ट्रीय आईकॉन

प्रश्न - 26 अक्टूबर, 2023 को भारत निर्वाचन आयोग ने किस अभिनेता को अपना राष्ट्रीय आईकॉन नियुक्त किया?

(a) अक्षय कुमार
(b) राजकुमार राव
(c) सलमान खान
(d) आयुष्मान खुराना

उत्तर - (b)

संबंधित तथ्य -

राजकुमार राव

- प्रसिद्ध बॉलीवुड अभिनेता;
- **चर्चा में क्यों? —**
  - 26 अक्टूबर, 2023 को भारत निर्वाचन आयोग के 'राष्ट्रीय आईकॉन' नियुक्त।
  - इस रूप में वह आगामी चुनावों में लोगों को मतदान करने के लिए प्रेरित करेंगे।
- हाल ही में सचिन तेंदुलकर भी इसके राष्ट्रीय आईकॉन नियुक्त हुए थे।

अशोक वासवानी

प्रश्न - अक्टूबर, 2023 में अशोक वासवानी निजी क्षेत्र के किस प्रमुख बैंक के प्रबंध निदेशक (MD) एवं मुख्य कार्यकारी अधिकारी (CEO) नियुक्त हुए?

(a) कोटक महिंद्रा बैंक
(b) आईसीआईसीआई बैंक लि.
(c) एक्सिस बैंक लि.
(d) एचडीएफसी बैंक लि.

उत्तर - (a)

संबंधित तथ्य -

अशोक वासवानी

- **चर्चा में क्यों? —**
  - अक्टूबर, 2023 में निजी क्षेत्र के बैंक कोटक महिंद्रा बैंक लि. के प्रबंध निदेशक (MD) एवं मुख्य कार्यकारी अधिकारी (CEO) नियुक्त
- **कार्यकाल —** 3 वर्ष
- इससे पहले वह सिटीग्रुप एशिया पैसिफिक में सीईओ के रूप में कार्यरत थे।

कोटक महिंद्रा बैंक लि. के बारे में

- यह निजी क्षेत्र की एक प्रमुख बैंकिंग एवं वित्तीय सेवा प्रदाता कंपनी है।
- इसकी स्थापना उदय कोटक ने 1985 में की थी।
- **मुख्यालय** → मुंबई

पिपर लॉरी

प्रश्न - 14 अक्टूबर, 2023 को किस देश की प्रसिद्ध अभिनेत्री पिपर लॉरी का निधन हो गया?

(a) ब्रिटेन
(b) अमेरिका
(c) फ्रांस
(d) जर्मनी

उत्तर - (b)

संबंधित तथ्य -

पिपर लॉरी Piper Laurie

- प्रसिद्ध अमेरिकी अभिनेत्री
- **चर्चा में क्यों? —** 14 अक्टूबर, 2023 को निधन
- वह 'द हसलर' (1961), कैरी (1976) चिल्ड्रेन ऑफ लेसर गॉड (1986) आदि फिल्मों में अपनी भूमिकाओं के लिए जानी जाती हैं
- उन्हें प्राइमटाइम ऐमी अवॉर्ड और गोल्डन ग्लोब अवॉर्ड से सम्मानित किया गया था
- इसके अलावा उन्हें 3 बार ऑस्कर अवॉर्ड के लिए नामित किया गया था।

बंगारू आदिगलर

प्रश्न - 19 अक्टूबर, 2023 को बंगारू आदिगलर का निधन हो गया। वह थे-

(a) आध्यात्मिक गुरु
(b) योगगुरु
(c) संगीतज्ञ
(d) साहित्यकार

उत्तर - (a)

संबंधित तथ्य -

बंगारू आदिगलर

- तमिलनाडु के प्रसिद्ध आध्यात्मिक गुरु
- **चर्चा में क्यों? —** 19 अक्टूबर, 2023 को निधन
- शक्ति मंदिरों के गर्भगृह में महिलाओं के प्रवेश करने जैसे क्रांतिकारी सुधार के लिए उन्हें जाना जाता था
- उन्हें वर्ष 2019 में पद्मश्री से सम्मानित किया गया था।

भारतीय मूल के दो अमेरिकी वैज्ञानिक सम्मानित

प्रश्न - 24 अक्टूबर, 2023 को भारतीय मूल के किन दो अमेरिकी वैज्ञानिकों को अमेरिका के पदक से सम्मानित किया गया?

(a) अशोक गाडगिल एवं शुब्रा सुरेश
(b) रमेश चंद एवं रतनलाल
(c) डॉ.सौम्या स्वामीनाथन एवं दीपा मेहता
(d) उपर्युक्त में से कोई नहीं

उत्तर - (a)

संबंधित तथ्य -

अशोक गाडगिल और शुब्रा सुरेश

- भारतीय मूल के अमेरिकी वैज्ञानिक
- **चर्चा में क्यों? —** 24 अक्टूबर, 2023 को व्हाइट हाउस में आयोजित एक समारोह में अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडेन द्वारा प्रौद्योगिकी और नवाचार के क्षेत्र में योगदान के लिए अमेरिकी पदक से सम्मानित
- इन दोनों वैज्ञानिकों को प्रौद्योगिकी और नवाचार में राष्ट्रीय पदक तथा विज्ञान का पदक प्रदान किया गया
- इसके अलावा राष्ट्रपति ने अन्य प्रमुख अमेरिकी वैज्ञानिकों और आविष्कारकों को भी सम्मानित किया
- यह पदक उन अमेरिकी वैज्ञानिकों को प्रदान किया जाता है, जिन्होंने अपने-अपने क्षेत्रों में अनुकरणीय उपलब्धियां हासिल की हों।

रॉबर्ट फिको

प्रश्न - 25 अक्टूबर, 2023 को रॉबर्ट फिको ने किस देश के नए प्रधानमंत्री के रूप में पदभार ग्रहण किया?

(a) चिली
(b) क्रोएशिया
(c) स्लोवाकिया
(d) चेकोस्लाविया

उत्तर - (c)

संबंधित तथ्य -

रॉबर्ट फिको

- **चर्चा में क्यों? —**
  - 25 अक्टूबर, 2023 को स्लोवाकिया के नए प्रधानमंत्री के रूप में पदभार ग्रहण किया।
  - इस पद पर इन्होंने लुडोविट ओडोर का स्थान लिया।
  - इससे पूर्व वह वर्ष 2006 से 2010 तक तथा वर्ष 2012 से 2018 तक इस देश के प्रधानमंत्री रहे।
- **स्लोवाकिया के बारे में —**
  - यह मध्य यूरोप का एक लैंडलॉक्ड देश है।
  - **राजधानी —** ब्रातीस्लावा।
  - **मुद्रा —** यूरो।

मिया सुलुहु हसन

प्रश्न - 8-10 अक्टूबर, 2023 को किस देश की राष्ट्रपति सामिया सुलुहु हसन भारत की राजकीय यात्रा पर रहीं?

(a) तंजापिया
(b) इथियोपिया
(c) कोलंबिया
(d) फिजी

उत्तर - (a)

संबंधित तथ्य -

सामिया सुलुहु हसन

- तंजानिया संयुक्त गणराज्य की पहली महिला राष्ट्रपति
- **चर्चा में क्यों? —** 8-10 अक्टूबर, 2023 के मध्य भारत की राजकीय यात्रा पर रहीं
- इस यात्रा के दौरान उन्होंने राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी तथा विदेश मंत्री डॉ. एस. जयशंकर से मुलाकात की
- **उनकी इस यात्रा के दौरान दोनों देशों के बीच निम्न 6 समझौता-ज्ञापनों पर हस्ताक्षर हुए —**
  1. डिजिटल बदलाव के लिए जनसंख्या के पैमाने पर कार्यान्वित सफल डिजिटल समाधानों को साझा करने के क्षेत्र में सहयोग पर भारत गणराज्य के इलेक्ट्रॉनिक्स और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय और तंजानिया संयुक्त गणराज्य के सूचना, संचार और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय के बीच समझौता-ज्ञापन।
  2. व्हाइट शिपिंग जानकारी साझा करने पर भारत गणराज्य की भारतीय नौसेना और तंजानिया संयुक्त गणराज्य की तंजानिया शिपिंग एजेंसीज कॉर्पोरेशन के बीच तकनीकी समझौता।
  3. वर्ष 2023-2027 के लिए भारत गणराज्य की सरकार और तंजानिया संयुक्त गणराज्य की सरकार के बीच सांस्कृतिक आदान-प्रदान कार्यक्रम।
  4. खेल के क्षेत्र में सहयोग पर तंजानिया की नेशनल स्पोर्ट्स कौंसिल और भारतीय खेल प्राधिकरण के बीच समझौता ज्ञापन (एमओयू)।
  5. तंजानिया में एक औद्योगिक पार्क की स्थापना के लिए भारत गणराज्य के पत्तन, पोत परिवहन और जलमार्ग मंत्रालय के तहत जवाहरलाल नेहरू बंदरगाह प्राधिकरण और तंजानिया संयुक्त गणराज्य के तंजानिया इन्वेंस्टमेंट सेंटर के बीच समझौता ज्ञापन।
  6. समुद्री उद्योग में सहयोग पर कोचीन शिपयार्ड लिमिटेड और मरीन सर्विसेज कंपनी लिमिटेड के बीच समझौता-ज्ञापन।

कार्तयायनी अम्मा

प्रश्न - 10 अक्टूबर, 2023 को किस राज्य साक्षरता मिशन की सबसे उम्रदराज विद्यार्थी कार्तयायनी अम्मा का निधन हुआ?

(a) कर्नाटक
(b) केरल
(c) तेलंगाना
(d) तमिलनाडु

उत्तर - (b)

संबंधित तथ्य -

कार्तयायनी अम्मा

- केरल राज्य की साक्षरता मिशन की सबसे उम्रदराज विद्यार्थी
- **चर्चा में क्यों? —** 10 अक्टूबर, 2023 को निधन
- वह 101 वर्ष की थीं-
- उन्हें 8 मार्च, 2020 को महिला दिवस के अवसर पर तत्कालीन राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद से नारी शक्ति पुरस्कार मिला था
- वर्ष 2019 में वह 'कॉमनवेल्थ ऑफ लर्निंग गुडविल एम्बेसडर' भी बनीं।

आईआरसीटीसी के नए सीएमडी

प्रश्न - अक्टूबर, 2023 में केंद्र सरकार ने किसे इंडियन रेलवे कैटरिंग एंड टूरिज्म कॉर्पोरेशन (IRCTC) का नया अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक नियुक्त किया?

(a) अमित श्रीवास्तव
(b) नीरज अग्रवाल
(c) संजय कुमार जैन
(d) दीपक कुमार

उत्तर - (c)

संबंधित तथ्य -

संजय कुमार जैन

- भारतीय रेलवे ट्रैफिक सेवा (IRTS) के वर्ष 1990 बैच के अधिकारी
- **चर्चा में क्यों? —** अक्टूबर, 2023 में केंद्र सरकार द्वारा आईआरसीटीसी (IRCTC) के नए अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक (CMD) नियुक्त
- **स्थान लिया —** महेंद्र प्रताप माल
- **आईआरसीटीसी के बारे में —** यह सार्वजनिक क्षेत्र का एक उपक्रम है, जो रेलवे में खानपान, बुकिंग एवं पर्यटन से संबंधित कार्यों को करता है।
- इसकी स्थापना 27 सितंबर, 1999 को हुई थी
- इसका मुख्यालय नई दिल्ली में है।

चिकित्सा अस्पताल सेवा (सशस्त्र बल) की पहली महिला महानिदेशक

प्रश्न - 23 अक्टूबर, 2023 को किसने चिकित्सा अस्पताल सेवा (सशस्त्र बल) की पहली महिला महानिदेशक के रूप में पदभार ग्रहण किया?

(a) एयर मार्शल साधना एस.नायर
(b) एयर मार्शल अरुणिमा चौहान
(c) एयर मार्शल आरती सिंह
(d) एयर मार्शल श्रद्धा मिश्रा

उत्तर - (a)

संबंधित तथ्य -

एयर मार्शल साधना एस.नायर

- **चर्चा में क्यों? —** 23 अक्टूबर, 2023 को एयर मार्शल साधना एस. नायर ने चिकित्सा अस्पताल सेवा (सशस्त्र बल) की पहली महिला महानिदेशक के रूप में पदभार ग्रहण की
- उन्हें दिसंबर, 1985 में भारतीय वायुसेना में नियुक्त किया गया था।

भारतीय मूल की महिला इंडोनेशिया में अमेरिकी राजदूत बनीं

प्रश्न - अक्टूबर, 2023 में भारतीय मूल की किस अमेरिकी राजनयिक महिला को इंडोनेशिया में अमेरिकी राजदूत नियुक्त किया गया है?

(a) कमला शिरीन लखधीर
(b) चारूभटनागर
(c) नेहा श्रीवास्तव
(d) आशा खेमका

उत्तर - (a)

संबंधित तथ्य -

कमला शिरीन लखधीर

- भारतीय मूल की अमेरिकी राजनयिक महिला
- **चर्चा में क्यों —** अक्टूबर, 2023 में अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडन द्वारा इंडोनेशिया में अमेरिकी राजदूत नियुक्त
- उन्होंने वर्ष 2017 से 2021 तक मलेशिया में राजदूत के रूप में कार्य की थी
- वह वर्ष 1991 में अमेरिकी विदेश सेवा में शामिल हुई थी।

एचपी के नए भारत-प्रमुख

प्रश्न - अक्टूबर, 2023 में पर्सनल कंप्यूटर विनिर्माता कंपनी एचपी ने किसे अपने भारतीय कारोबार का नया प्रमुख नियुक्त किया?

(a) अनुराग रावत
(b) पराग अग्रवाल
(c) संजय चौहान
(d) इप्सिता दासगुप्ता

उत्तर - (d)

संबंधित तथ्य -

इप्सिता दासगुप्ता

- **चर्चा में क्यों? —** अक्टूबर, 2023 में पर्सनल कंप्यूटर विनिर्माता कंपनी एचपी (HP) द्वारा भारतीय कारोबार की नई प्रमुख नियुक्त
- यह वरिष्ठ उपाध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक के रूप में भारत, बांग्लादेश और श्रीलंका में एचपी की रणनीति और लाभ-हानि से जुड़े सभी पहलुओं को देखेंगी
- इससे पहले वह एप्पल के मुख्यालय में एप्पल सर्विसेज की वरिष्ठ निदेशक (विपणन) के रूप में कार्यरत थीं।

लुईस ग्लुक

प्रश्न - 13 अक्टूबर, 2023 को किस देश की प्रसिद्ध कवयित्री एवं साहित्य में नोबेल पुरस्कार विजेता का निधन हुआ?

(a) जर्मनी
(b) अमेरिका
(c) फ्रांस
(d) मेक्सिको

उत्तर - (b)

संबंधित तथ्य -

लुइस ग्लुक (Louise Gluck)

- प्रसिद्ध अमेरिकी कवयित्री एवं साहित्य में नोबेल पुरस्कार विजेता
- **चर्चा में क्यों? —** 13 अक्टूबर, 2023 को निधन।
- उन्हें वर्ष 2020 में साहित्य का नोबेल पुरस्कार प्रदान किया गया था।
- **उनकी प्रसिद्ध कृतियां हैं —** 'द ट्रायम्फ ऑफ एचिलीज' तथा 'द वाइल्ड आयरिश' (The Wild Iris) आदि।

केविन मैक्कार्थी

प्रश्न - अक्टूबर, 2023 में किस देश की प्रतिनिधि सभा के स्पीकर रहे केविन मैक्कार्थी को उनके पद से हटाया गया?

(a) मेक्सिको
(b) कनाडा
(c) अमेरिका
(d) जर्मनी

उत्तर - (c)

संबंधित तथ्य -

केविन मैक्कार्थी

- अमेरिकी प्रतिनिधि सभा के स्पीकर
- **चर्चा में क्यों? —** अक्टूबर, 2023 में उन्हें स्पीकर (अध्यक्ष) पद से हटाया गया।
- अमेरिकी संसद के इतिहास में पहली बार सदन के अध्यक्ष को हटाया गया।
- फ्लोरिडा रिपब्लिकन प्रतिनिधि मेट गेट्स ने यह प्रस्ताव रखा था, जिसके पक्ष में 216 सदस्यों ने वोट दिया।
- उन पर संघीय व्यय में कटौती के लिए पर्याप्त कदम नहीं उठाने और राष्ट्रपति जो बाइडेन को सहयोग नहीं करने का आरोप लगाया गया था।

सेवा निर्यात संवर्धन परिषद (SEPC) के नए अध्यक्ष

प्रश्न - अक्टूबर 2023 में किसने सेवा निर्यात संवर्धन परिषद (SEPC) के नए अध्यक्ष के रूप में पदभार ग्रहण किया?

(a) सुनील तलाती
(b) करण राठौर
(c) राजेश सिंह
(d) दीपक अग्रवाल

उत्तर - (b)

संबंधित तथ्य -

करण राठौर

- जयपुर में उम्मेद होटल और रिजॉर्ट्स समूह के निदेशक
- **चर्चा में क्यों?** — अक्टूबर, 2023 में सेवा निर्यात संवर्धन परिषद (SEPC) के नए अध्यक्ष के रूप में पदभार ग्रहण किया।
- **एसईपीसी (SEPC) के बारे में —**

  यह देश में सेवा निर्यात प्रोत्साहन के लिए एक नोडल संगठन है।
- इसे वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय द्वारा वर्ष 2006 में स्थापित किया गया था।
- देश के सेवा निर्यात को बढ़ाने में इसकी काफी महत्वपूर्ण भूमिका है।

जिनेवा में संयुक्त राष्ट्र और अन्य अंतरराष्ट्रीय संगठनों में भारत के स्थायी प्रतिनिधि

प्रश्न - 16 अक्टूबर, 2023 को केंद्रीय सरकार ने किसे जिनेवा में संयुक्त राष्ट्र और अन्य अंतरराष्ट्रीय संगठनों में भारत का अगला स्थायी प्रतिनिधि नियुक्त किया?

(a) रमेश चंद्र वर्मा
(b) अरिंदम बागची
(c) राजीव कुमार
(d) के. नंदिनी सिंगला

उत्तर - (b)

संबंधित तथ्य -

अरिंदम बागची

- भारतीय विदेश सेवा (IFS) के वरिष्ठ अधिकारी,
- **चर्चा में क्यों?** — 16 अक्टूबर, 2023 को केंद्र सरकार द्वारा जिनेवा में संयुक्त राष्ट्र और अन्य अंतरराष्ट्रीय संगठनों में भारत का अगला स्थायी प्रतिनिधि नियुक्त किया गया।
- वर्तमान में वह विदेश मंत्रालय में अतिरिक्त सचिव तथा प्रवक्ता के रूप में कार्यरत हैं।
- इस पद पर वह इंद्रमणि पांडे का स्थान लेंगे।

डेनियल नोबोआ

प्रश्न - अक्टूबर, 2023 में डेनियल नोबोआ किस देश के राष्ट्रपति का निर्वाचित हुए?

(a) इक्वेडोर
(b) चिली
(c) फिनलैंड
(d) आइसलैंड

उत्तर - (a)

संबंधित तथ्य -

डेनियल नोबोआ
(Daniel Noboa)

- **चर्चा में क्यों?** — 15 अक्टूबर, 2023 को इक्वेडोर के राष्ट्रपति निर्वाचन हुआ।
- वह देश के सबसे युवा राष्ट्रपति निर्वाचित हुए।
- **पदभार ग्रहण करेंगे** — 25 नवंबर, 2023
- **स्थान लेंगे** — गुईलेर्मो लेस्सो
- **इक्वेडोर के बारे में** — यह दक्षिण अमेरिका में पश्चिमी तट पर भूमध्य रेखा तक फैला एक देश है।
- **राजधानी** — क्वेटो (Quito)
- **मुद्रा** — यूएस डॉलर।

मार्टी अहतिसारी

प्रश्न - 16 अक्टूबर, 2023 को किस देश के पूर्व राष्ट्रपति एवं नोबेल शांति पुरस्कार विजेता मार्टी अहतिसारी का निधन हुआ?

(a) आइसलैंड
(b) फिनलैंड
(c) स्वीडन
(d) आयरलैंड

उत्तर - (b)

संबंधित तथ्य -

मार्टी अहतिसारी

- फिनलैंड के पूर्व राष्ट्रपति एवं नोबेल शांति पुरस्कार विजेता;
- **चर्चा में क्यों?** — 16 अक्टूबर, 2023 को निधन।
- उन्हें वर्ष 2008 में नोबेल शांति पुरस्कार से सम्मानित किया गया था।
- वह वर्ष 1994 से 2000 तक फिनलैंड के राष्ट्रपति रहे।

गौरव द्विवेदी

प्रश्न - अक्टूबर, 2023 में प्रसार भारती के सीईओ गौरव द्विवेदी एशिया-पैसिफिक इंस्टीट्यूट फॉर ब्रॉडकास्टिंग डेवलपमेंट (AIBD) के अध्यक्ष पुन: चुने गए। एआईबीडी की स्थापना किस वर्ष हुई थी?

(a) वर्ष 1980
(b) वर्ष 1977
(c) वर्ष 1995
(d) वर्ष 2001

उत्तर - (b)

संबंधित तथ्य -

गौरव द्विवेदी

- एआईबीडी के अध्यक्ष और प्रसार भारती के मुख्य कार्यकारी अधिकारी
- **चर्चा में क्यों? —** 2-4 अक्टूबर, 2023 के मध्य पोर्ट लुईस, मॉरीशस में एआईबीडी के 21वें आम सम्मेलन में इसके अध्यक्ष चुने गए।
- इस प्रकार भारत को लगातार तीसरे कार्यकाल के लिए एआईबीडी का अध्यक्ष चुना गया।
- इससे पूर्व भारत वर्ष 2018-2021 और वर्ष 2021-23 तक अध्यक्ष रहा।
- **एशिया-पैसिफिक इंस्टीट्यूट फॉर ब्रॉडकास्टिंग डेवलपमेंट (AIBD) के बारे में —**
  - यह यूनेस्को (UNESCO) के तत्वावधान में वर्ष 1977 में स्थापित एक विशिष्ट क्षेत्रीय अंतर-सरकारी संगठन है।
  - इस संगठन में वर्तमान में 46 (देशों के 93 सदस्य संगठन हैं, जिनमें 26 सरकारी सदस्य देश शामिल हैं, जिनका प्रतिनिधित्व 50 प्रसारण प्राधिकरण और प्रसारक एवं 43 सहयोगी (संगठन) करते हैं। ❖

इनमें एशिया, प्रशांत, यूरोप, अफ्रीका, अरब राज्यों और उत्तरी अमेरिका के 28 देशों और क्षेत्रों का प्रतिनिधित्व है।

❖ भारत एआईबीडी के संस्थापक सदस्यों में से एक है और भारत का सार्वजनिक सेवा प्रसारक, प्रसार भारती एआईबीडी में भारत सरकार के सूचना और प्रसारण मंत्रालय का एक प्रतिनिधि निकाय है।

एएमएफआई (AMFI) के नए अध्यक्ष

प्रश्न - अक्टूबर, 2023 में कौन एसोसिएशन ऑफ म्यूचुअल फंड्स इन इंडिया (AMFI) के नए अध्यक्ष चुने गए?

(a) नवनीत मुनोत
(b) ए. बालासुब्रमण्यन
(c) राधाकिशन दमानी
(d) एंथनी हेरेदिया

उत्तर - (a)

संबंधित तथ्य -

नवनीत मुनोत

- एचडीएफसी (HDFC) एसेट मैनेजमेंट के प्रबंधन निदेशक एवं सीईओ
- **चर्चा में क्यों —**
  - अक्टूबर, 2023 में एसोसिएशन ऑफ म्यूचुअल फंड्स इन इंडिया (AMFI) के नए अध्यक्ष चुने गए।
  - **स्थान लेंगे —** ए. बालासुब्रमण्यन का
  - **कार्यकाल —** 1 वर्ष
- इसके अलावा, महिंद्रा मनुलाइफ म्यूचुअल फंड के एमडी एवं सीईओ एंथनी हेरेदिया AMFI के उपाध्यक्ष चुने गए।
- **AMFI के बारे में —**
  - यह देश में सेबी पंजीकृत म्यूचुअल फंड की सभी परिसंपत्ति प्रबंधन कंपनियों का एक संघ है।
  - **स्थापना —** 22 अगस्त, 1995
  - **मुख्यालय —** मुंबई।

चर्चित स्थल

उत्तरी अमेरिका का पहला गांधी संग्रहालय

प्रश्न - उत्तरी अमेरिका का पहला गांधी संग्रहालय किस शहर में स्थित है?

(a) डलास
(b) न्यू ओर्लियंस
(c) ह्यूस्टन
(d) लास वेगास

उत्तर - (c)

संबंधित तथ्य -

उत्तरी अमेरिका का पहला गांधी संग्रहालय

- **उद्घाटन —** 2 अक्टूबर, 2023 को महात्मा गांधी की 154वीं जयंती पर
- **इसे आधिकारिक तौर पर जनता के लिए खोला गया था —** 15 अगस्त, 2023 को
- **यह संग्रहालय बनाया गया है —** टेक्सास के ह्यूस्टन शहर में
- **समर्पित —** महात्मा गांधी के जीवन और विरासत को
- **संग्रहालय का आकार —** अर्ध-वृत्ताकार।

❖ इस संग्रहालय की बाहरी दीवारें महात्मा गांधी, मार्टिन लूथर किंग जूनियर, नेल्सन मंडेला, बेट्टी विलियम्स और अन्य शांति दूतों को दर्शाती हैं।

❖ संग्रहालय के सामने गांधीजी की मूर्ति स्थापित है।

आईएसओ प्रमाणन प्राप्त करने वाला भारत का पहला महिला पुलिस स्टेशन

प्रश्न - अक्टूबर, 2023 में कौन-सा महिला थाना आईएसओ प्रमाणन प्राप्त करने वाला भारत का पहला महिला पुलिस स्टेशन बन गया है?

(a) मुंबई का महिला थाना
(b) भोपाल का महिला थाना

(c) इंदौर का महिला थाना
(d) लखनऊ का महिला थाना

उत्तर - (b)

संबंधित तथ्य -

आईएसओ प्रमाणन प्राप्त करने वाला भारत का पहला महिला पुलिस स्टेशन

- **बन गया है —** भोपाल, का महिला थाना
- **कब —** अक्टूबर, 2023 में
- **प्रमाणन प्रदाता —** आईएसओ मानकीकरण के लिए अंतरराष्ट्रीय संगठन
- **प्रदत्त प्रमाणन —** ISO 9001 : 2015
- **प्रमाणन अवॉर्ड के लिए चयन —** मूल्यांकन और गुणवत्ता के आधार पर
- **इसमें बनाए गए हैं —** बच्चों के लिए झूला घर, महिलाओं के लिए दूध पिलाने का कक्ष और 5 से अधिक शौचालय।

❖ आईएसओ (मानकीकरण के लिए अंतरराष्ट्रीय संगठन) 169 राष्ट्रीय मानक निकायों की सदस्यता वाला एक स्वतंत्र, गैर-सरकारी अंतरराष्ट्रीय संगठन है।

❖ भोपाल का महिला थाना भोपाल का दूसरा आईएसओ-प्रमाणित पुलिस स्टेशन है।

❖ पहला आईएसओ प्रमाणित पुलिस स्टेशन मिसरोद थाना है।

भारत का पहला पॉलिथीन कचरा बैंक

प्रश्न - सितंबर, 2023 में अपशिष्ट प्रबंधन हेतु किस राज्य में भारत का पहला पॉलिथीन कचरा बैंक शुरू किया गया है?

(a) हरियाणा
(b) उत्तर प्रदेश
(c) उत्तराखंड
(d) हिमाचल प्रदेश

उत्तर - (c)

संबंधित तथ्य -

भारत का पहला पॉलिथीन कचरा (अपशिष्ट) बैंक

- **इसकी शुरुआत —** 25 सितंबर, 2023 को
- **कहां —** उत्तराखंड में
- **शुरुआतकर्त्ता —** देहरादून कैंट बोर्ड
- **शुरू किया है —** तीन पॉलिथीन कचरा (अपशिष्ट) बैंक
- **ये रणनीतिक रूप से रखे गए हैं —** दो गढ़ी में और एक प्रेमनगर में
- **एकत्रित की जाने वाली अपशिष्ट वस्तुएं —** बैग, चिप्स रैपर, पैकिंग बैग, प्लास्टिक कटर और ब्रेड रैपर सहित विभिन्न पॉलिथीन
- **एकत्रित पॉलिथीन कचरे को संसाधित किया जाएगा —** टाइल्स बोर्ड और बर्तन जैसी सजावटी वस्तुएं बनाने में।

❖ योगदानकर्त्ता को उनके द्वारा लाए गए पॉलिथीन कचरे के लिए 3 रुपये प्रति किग्रा. की दर से मुआवजा प्रदान किया जाएगा।

उत्तर प्रदेश में पशु चिकित्सा विज्ञान महाविद्यालय

प्रश्न - 18 अक्टूबर, 2023 को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने उत्तर-प्रदेश में कहां बनाए जाने वाले पशु चिकित्सा विज्ञान महाविद्यालय के निर्माण के संबंध में विस्तृत परियोजना रिपोर्ट का अवलोकन किया?

(a) लखनऊ
(b) मेरठ
(c) गोरखपुर
(d) प्रयागराज

उत्तर - (c)

संबंधित तथ्य -

उत्तर प्रदेश में पशु चिकित्सा विज्ञान महाविद्यालय

- इसके निर्माण के संबंध में विस्तृत परियोजना रिपोर्ट का अवलोकन- 18 अक्टूबर, 2023 को
- **अवलोकन किया —** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने
- **यह स्थापित किया जाएगा —** गोरखपुर में
- **यह संबद्ध होगा—** मथुरा स्थित पंडित दीनदयाल उपाध्याय पशु चिकित्सा विज्ञान विश्वविद्यालय एवं गो अनुसंधान संस्थान से
- **बनाया जाएगा —** 'नेट जीरो एनर्जी' के कॉन्सेप्ट पर
- **उपयोगी होगा —** पूर्वी उत्तर प्रदेश, पश्चिमी बिहार और पड़ोसी राष्ट्र नेपाल के पशुपालकों के लिए।

मिशन शक्ति का चौथा चरण

प्रश्न - 14 अक्टूबर, 2023 को किस राज्य में मिशन शक्ति का चौथा चरण शुरू किया गया है?

(a) बिहार
(b) झारखंड
(c) उत्तर प्रदेश
(d) हरियाणा

उत्तर - (c)

संबंधित तथ्य -

मिशन शक्ति का चौथा चरण

- **शुभारंभ —** 14 अक्टूबर, 2023 को
- **मिशन शक्ति की थीम —** नारी सुरक्षा, नारी सम्मान और नारी स्वावलंबन
- **यह मिशन शुरू किया गया था —** वर्ष 2020 में
- **इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने सम्मानित किया—** इसरो की महिला वैज्ञानिक रितु कारिधल श्रीवास्तव, असम की पद्मश्री पुरस्कार विजेता हेमा प्रभा सोतिया तथा एच.सी.एल. की चेयरपर्सन रोशनी नाडार मल्होत्रा
- **विशेष तथ्य —** इसी दिन मुख्यमंत्री ने इस मिशन के चौथे चरण के अंतर्गत महिला सशक्तीकरण रैली का भी शुभारंभ किया
- इसका उद्देश्य मिशन शक्ति अभियान के चौथे संस्करण के प्रति जागरूकता का प्रसार करना है।

- ❖ मिशन शक्ति एक व्यापक और दूरदर्शी पहल है, जो प्रदेश के सभी 75 जिलों में संचालित है।
- ❖ इसका उद्देश्य महिलाओं को सुरक्षा, संरक्षा और आत्मनिर्भरता के लिए सशक्त बनाना है।
- ❖ इस मिशन के तहत जागरूकता बढ़ाकर एक सुरक्षित वातावरण स्थापित करके और कार्यशालाएं और प्रशिक्षण प्रदान करके, महिलाओं के जीवन को बदलने तथा एक समावेशी और सशक्त समाज बनाने का प्रयास किया जाता है।
- ❖ अपने बहुआयामी दृष्टिकोण के माध्यम से यह मिशन महिलाओं को अपनी सुरक्षा की जिम्मेदारी लेने, उद्यमिता को आगे बढ़ाने और विभिन्न क्षेत्रों में आगे बढ़ने के लिए आवश्यक कौशल हासिल करने का अधिकार देता है।

धोरडो

प्रश्न - अक्टूबर, 2023 में संयुक्त राष्ट्र विश्व पर्यटन संगठन (UNWTO) द्वारा किस राज्य के धोरडो गांव को सर्वश्रेष्ठ 'पर्यटन गांव' के रूप में सम्मानित किया गया?

(a) राजस्थान
(b) हिमाचल प्रदेश
(c) गुजरात
(d) महाराष्ट्र

उत्तर - (c)

संबंधित तथ्य -

धोरडो गांव

- भारत के सबसे पश्चिमी कोने में मौजूद कच्छ के रण (गुजरात में स्थित गांव विश्व के सबसे आकर्षक प्राकृतिक स्थलों में से एक है।
- **चर्चा में क्यों?**
  - ➲ अक्टूबर, 2023 में संयुक्त राष्ट्र विश्व पर्यटन संगठन (UNWTO) द्वारा 'सर्वश्रेष्ठ पर्यटन गांव' के रूप में सम्मानित।
  - ➲ विगत कुछ वर्षों में गुजरात सरकार ने धोरडो को लगातार वैश्विक पर्यटन स्थल के रूप में स्थापित करने का काम किया है।
  - ➲ राज्य सरकार यहां हर साल 4 माह तक चलने वाले रणोत्सव का आयोजन करती है।
  - ➲ **रणोत्सव -** विदेश के पर्यटकों के बीच बहुत ही पसंदीदा कार्यक्रम है, जहां वर्ष 2006 से रिकॉर्ड स्तर पर पूरे विश्व से लोग धोरडो और इसके आसपास के प्राकृतिक सौंदर्य का आनंद लेने आते हैं।
  - ➲ UNWTO ने वर्ष 2021 में सर्वश्रेष्ठ पर्यटन गांव की श्रेणी में पुरस्कार उद्देश्य परंपरा शुरू की थी।
  - ➲ इसका उद्देश्य ग्रामीण पर्यटन स्थलों की प्राकृतिक और सांस्कृतिक विविधता और स्थानीय पाक-कला सहित उनके स्थानीय मूल्यों और गतिविधियों की सुरक्षा में पर्यटन की भूमिका को बढ़ाना है।

झूलाघाट सस्पेंशन पुल

प्रश्न - 18 अक्टूबर, 2023 को नेपाल और भारत को जोड़ने वाले बैतड़ी जिले में झूलाघाट पूर्णत: चालू हो गया। झूलाघाट सस्पेंशन ब्रिज किस नदी पर बनाया गया है?

(a) गंडक नदी
(b) महाकाली नदी
(c) फेनी नदी
(d) कोसी नदी

उत्तर - (b)

संबंधित तथ्य -

झूलाघाट सस्पेंशन पुल

- **झूलाघाट पारागमन पूर्णत: चालू हो गया है —** बैतड़ी जिले (नेपाल) में 18 अक्टूबर, 2023 को
- **यह पुल जोड़ता है —** भारत (उत्तराखंड) और नेपाल को
- **पहले यह पुल चालू था —** आंशिक रूप से
- **यह पुल बना है —** महाकाली नदी पर
- **विशेष तथ्य —** यह पुल उत्तराखंड के पिथौरागढ़ जिले को नेपाल के बैतड़ी जिले से जोड़ता है।
  - ➲ दशई और तिहार त्योहारों के दौरान, नेपाली लोग अपने परिवारों के साथ शामिल होने के लिए घर लौटते हैं और साथ ही भारत के हिंदू तीर्थयात्री पश्चिमी नेपाल में स्थित भगवती निंगलाशैनी, त्रिपुरासुंदरी, भगवती मेतौली और उदयदेव के मंदिरों की यात्रा करते हैं।

केरल की पहली 3 डी-प्रिंटेड इमारत

प्रश्न - केरल के किस शहर में राज्य की पहली 3 डी-प्रिंटेड इमारत का निर्माण किया गया है?

(a) कन्नूर
(b) तिरुवंतपुरम
(c) एर्नाकुलम
(d) कोच्चि

उत्तर - (b)

संबंधित तथ्य -

केरल की पहली 3 डी-प्रिंटेड इमारत

- **उद्घाटन —** 10 अक्टूबर, 2023
- **यह स्थित है —** तिरुवनंतपुरम के पीटीपी नगर में केरल राज्य निर्मिति केंद्र (Kesnik) परिसर में
- **इमारत का नाम —** अमेज-28 (AMAZE-28)
- **विस्तारित —** 380 वर्ग फीट (एक कमरे की संरचना)
- **निर्माण अवधि —** 28 दिन
- **निर्माण —** केरल राज्य निर्मिति केंद्र द्वारा चेन्नई स्थित निर्माण तकनीक स्टार्ट-अप 'तवस्टा' (Tvasta) के सहयोग से
- **यह इमारत बनाई गई है —** एक छोटे से टीले पर कंक्रीट के प्लेटफॉर्म पर
- **विशेष तथ्य —** इस इमारत के निर्माण हेतु 'तवस्टा' ने निर्माण सामग्री के रूप में पेटेंट कंक्रीट मिश्रण का उपयोग किया है।

भारत का पहला सोलर रुफ साइक्लिंग ट्रैक

प्रश्न - अक्टूबर, 2023 में उद्घाटित भारत का पहला सोलर रूफ साइक्लिंग ट्रैक कहां बनाया गया है?

(a) चेन्नई में
(b) नई दिल्ली में
(c) हैदराबाद में
(d) अहमदाबाद में

उत्तर - (c)

संबंधित तथ्य -

भारत का पहला सोलर रुफ साइक्लिंग ट्रैक

- **उद्घाटन —** 1 अक्टूबर, 2023 को
- **कहां —** हैदराबाद, तेलंगाना
- **उद्घाटनकर्त्ता —** तेलंगाना के राज्य नगर प्रशासन और शहरी विकास मंत्री के.तारकराम राव
- **साइक्लिंग ट्रैक का नाम —** हेल्थवे
- **यह ट्रैक स्थित है —** मुख्य कैरिजवे और सर्विस रोड के बीच आउटर रिंग रोड (ORR) पर
- **कुल लंबाई —** 23 किमी.
- **ट्रैक में है —** दो खंड (8.5 किमी. की एक गुलाबी रेखा और 14.5 किमी. की एक नीली रेखा)
- **यह ट्रैक है —** तीन लेन का जो 4.5 मीटर चौड़ा है, जिसके दोनों तरफ एक मीटर हरा स्थान (Green Space) है।
- **साइक्लिंग ट्रैक को डिजाइन किया गया है —** साइकिल चालकों और आगंतुकों के लिए एक केंद्र के रूप में।

❖ इस ट्रैक के किनारे कुल 16000 सौर पैनल स्थापित किए गए हैं।
❖ ये सौर पैनल 16 मेगावॉट बिजली उत्पन्न करते हैं।
❖ इस बिजली का उपयोग रात में ट्रैक को रोशन करने और साइकिल चालकों को धूप, बारिश और प्रतिकूल मौसम की स्थिति से सुरक्षा प्रदान करने के लिए किया जाएगा।

भारत के बाहर बी.आर.अंबेडकर की सबसे बड़ी प्रतिमा

प्रश्न - भारत के बाहर बी.आर.अंबेडकर की सबसे बड़ी प्रतिमा किस देश में बनाई गई है?

(a) अमेरिका
(b) ब्रिटेन
(c) जापान
(d) फ्रांस

उत्तर - (a)

संबंधित तथ्य -

भारत के बाहर बी.आर. अंबेडकर की सबसे बड़ी प्रतिमा

- **अनावरण होगा —** 14 अक्टूबर, 2023 को
- **स्थापित —** अमेरिका में
- **कहां —** मेरीलैंड एकोकीक (Accokeek) शहर में
- **प्रतिमा की ऊंचाई —** 19 फीट
- **प्रतिमा का नाम —** समानता की प्रतिमा (Statue of Equality)
- **यह प्रतिमा है —** एकोकीक शहर में 13 एकड़ भूमि पर बनाए जा रहे अंबेडकर इंटरनेशनल सेंटर (एआईसी) का हिस्सा
- **प्रतिमा का निर्माण —** प्रसिद्ध मूर्तिकार राम सुतार द्वारा
- **विशेष तथ्य —** यह भारत के बाहर बाबासाहेब की सबसे बड़ी प्रतिमा है।
- **उल्लेखनीय है कि —** प्रसिद्ध कलाकार और मूर्तिकार राम सुतार ने अहमदाबाद, गुजरात में सरदार पटेल की प्रतिमा का भी निर्माण किया था।

भारत का पहला हाईटेक खेल प्रशिक्षण केंद्र

प्रश्न - 2 अक्टूबर, 2022 को दिव्यांगजनों के लिए भारत के पहले हाईटेक खेल प्रशिक्षण केंद्र का शुभारंभ कहां किया गया।

(a) भोपाल में
(b) जयपुर में
(c) ग्वालियर में
(d) हैदराबाद में

उत्तर - (c)

संबंधित तथ्य -

भारत का पहला हाईटेक खेल प्रशिक्षण केंद्र

- **शुभारंभ —** 2 अक्टूबर, 2023 को
- **कहां —** ग्वालियर, मध्य प्रदेश में
- **शुभारंभकर्त्ता —** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी
- **इस प्रशिक्षण केंद्र का नाम रखा गया है —** पूर्व प्रधानमंत्री स्वर्गीय अटल बिहारी वाजपेयी के नाम पर
- **प्रशिक्षण केंद्र का नाम —** अटल बिहारी प्रशिक्षण केंद्र
- **यह केंद्र स्थापित किया गया है —** दिव्यांगजनों के लिए

❖ दिव्यांग खेलों के लिए अटल बिहारी प्रशिक्षण केंद्र एक अत्याधुनिक सुविधा है, जो दिव्यांग एथलीटों के प्रशिक्षण और अभ्यास के लिए समर्पित है।
❖ यह केंद्र दिव्यांग व्यक्तियों को खेल में समान अवसर प्रदान करने, उनकी प्रतिभा को बढ़ावा देने और विभिन्न खेल विषयों में उनकी भागीदारी को प्रोत्साहित करने का काम करेगा।

राजस्थान में 3 नए जिले

प्रश्न - 6 अक्टूबर, 2023 को राजस्थान के मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने राज्य में 3 नए जिले बनाने की घोषणा की। विकल्प में घोषित इन तीन नए जिलों में कौन-सा जिला शामिल नहीं है?

(a) मालपुरा
(b) कुचामन सिटी
(c) सुजानगढ़
(d) वल्लभगढ़

उत्तर - (d)

संबंधित तथ्य -

राजस्थान में 3 नए जिले

- **बनाने की घोषणा —** 6 अक्टूबर, 2023
- **घोषणाकर्ता —** मुख्यमंत्री अशोक गहलोत
- **यह घोषणा की गई —** जयपुर के मानसरोवर में आयोजित गो सेवा सम्मेलन में
- **बनाए जाने वाले तीन नए जिले —** मालपुरा, कुचामन सिटी और सुजानगढ़
- इन तीन नए जिलों के साथ राजस्थान में कुल जिलों की संख्या हो गई है-53
- **विशेष तथ्य —** इससे पूर्व मार्च, 2023 में मुख्यमंत्री ने राज्य में एक साथ 19 जिलों के गठन की घोषणा की थी।

37वें राष्ट्रीय खेलों का मेजबान राज्य

प्रश्न - अक्टूबर-नवंबर, 2023 में 37वें राष्ट्रीय खेलों का आयोजन किस राज्य में किया जाएगा?

(a) केरल
(b) गुजरात
(c) गोवा
(d) उत्तराखंड

उत्तर - (c)

संबंधित तथ्य -

37वें राष्ट्रीय खेलों का मेजबान राज्य

- **मेजबान राज्य —** गोवा
- **आयोजित होगा —** 25 अक्टूबर, 2023 से 9 नवंबर, 2023 तक
- **भागीदारी —** 28 राज्यों एवं 8 केंद्रशासित प्रदेशों की
- **साइकिलिंग और गोल्फ का आयोजन होगा —** दिल्ली में
- **शामिल खेल विधाएं —** 43
- **शामिल नए खेल —** बीच फुटबॉल, रोल बॉल, गोल्फ, सेपक टकरॉ, स्क्वे मार्शल आर्ट, कलियारापट्टू और पेनकट सिलाट
- **पुन:शामिल खेल —** नौकायन और ताइक्वांडो
- **प्रदर्शन खेल के रूप में शामिल —** लगोरी और गतका
- इसमें 10,000 से अधिक एथलीट भाग लेंगे।
- उल्लेखनीय है कि गुजरात में आयोजित 36वें राष्ट्रीय खेलों में 36 विधाओं को शामिल किया गया था, वर्ष 2015 में केरल में आयोजित राष्ट्रीय खेलों में 33 विधाएं शामिल थीं।

भारत का पहला हरित ऊर्जा पुरातात्विक स्थल

प्रश्न - सितंबर, 2023 में कौन-सा स्थल भारत का पहला हरित ऊर्जा पुरातात्विक स्थल बन गया है?

(a) हम्पी, कर्नाटक
(b) शोर मंदिर, मामल्लपुरम
(c) कुतुबमीनार, दिल्ली
(d) काकतीय रुद्रेश्वर (रामप्पा) मंदिर, तेलंगाना

उत्तर - (b)

संबंधित तथ्य -

भारत का पहला हरित ऊर्जा पुरातात्विक स्थल

- **बन गया है —** शोर मंदिर, तमिलनाडु
- **कब —** सितंबर, 2023 में
- **यह उपलब्धि हासिल हुई है—** ग्रीन हेरिटेज परियोजना के पूरा होने पर
- **यह परियोजना शुरू की गई थी —** रेनाल्ट निसान टेक्नोलॉजी एंड बिजनेस सेंटर इंडिया (रेनॉल्ट निसान टेक) द्वारा हैंड इन हैंड इंडिया के साथ साझेदारी में
- **यह स्मारक रोशन होगा —** 10 किलोवॉट सौर संयंत्रों द्वारा उत्पन्न सौर ऊर्जा से
- **पर्यटकों को पीने के पानी और साहित्य बुनियादी सुविधाएं प्रदत्त —** सौर ऊर्जा से संचालित रिवर्स ऑस्मोसिस (आरओ) संयंत्र के माध्यम से
- **विशेष तथ्य —** गर्भवती महिलाओं, वरिष्ठ नागरिकों और विकलांग लोगों के लिए इलेक्ट्रिक बग्गी की सुविधा उपलब्ध होगी।

शोर मंदिर के बारे में

- यह मंदिर तमिलनाडु के मामल्लपुरम (महाबलीपुरम) में बंगाल की खाड़ी के तट पर स्थित है।
- इस मंदिर का निर्माण 7वीं शताब्दी के उत्तरार्ध में पल्लव शासक राजा नरसिंह वर्मन द्वितीय ने करवाया था।
- ग्रेनाइट पत्थर से निर्मित इस मंदिर के भीतर तीन गर्भगृह हैं, जिनमें से दो भगवान शिव और एक भगवान विष्णु से संबंधित हैं।
- इसे वर्ष 1984 में महाबलीपुरम में स्मारकों के समूह के हिस्से के रूप में यूनेस्को विश्व धरोहर स्थल घोषित किया गया था।

उत्तर प्रदेश में अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियम का शिलान्यास

प्रश्न - सितंबर, 2023 में उत्तर प्रदेश में शिलान्यास किए गए अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियम के संबंध में विकल्प में कौन-सा तथ्य सही नहीं है?

(a) 23 सितंबर, 2023 को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियम का वाराणसी में शिलान्यास किया।
(b) यह स्टेडियम सिगरा में बनाया जाएगा।
(c) इस स्टेडियम की निर्माण लागत राशि लगभग 450 करोड़ रुपये होगी।
(d) इस स्टेडियम की वास्तुकला भगवान शिव से प्रेरित है।

उत्तर - (b)

संबंधित तथ्य -

उत्तर प्रदेश में अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियम का शिलान्यास

- **शिलान्यास** — 23 सितंबर, 2023
- **शिलान्यासकर्ता** — प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी
- **कहां** — वाराणसी में
- **स्टेडियम का निर्माण** — गंजारी, राजातालाब में
- **निर्माण लागत राशि** — लगभग 450 करोड़ रुपये
- **यह विस्तारित होगा** — 30 एकड़ से अधिक क्षेत्र में
- **इस स्टेडियम की वास्तुकला** — भगवान शिव से प्रेरित
- **स्टेडियम की क्षमता** — 30,000 दर्शकों की
- **विशेष तथ्य** — इसमें स्टेडियम की अर्ध चंद्राकार छत के कवर, त्रिशूल के आकार की लाइट, घाट सीढ़ियों पर आधारित बैठने की व्यवस्था और अगले हिस्से पर बेल-पत्र आकार की धातु की चादरों के डिजाइन विकसित किए गए हैं।

❖ गंजारी में बनने वाला यह स्टेडियम कानपुर के ग्रीन पार्क और लखनऊ के अटल बिहारी वाजपेयी इकाना स्टेडियम के बाद प्रदेश का तीसरा अंतरराष्ट्रीय स्टेडियम होगा।

नागालैंड का पहला मेडिकल कॉलेज

प्रश्न - नागालैंड के पहले मेडिकल कॉलेज के संबंध में विकल्प में कौन-सा तथ्य सही नहीं है?

(a) नागालैंड के पहले मेडिकल कॉलेज का उद्घाटन 14 अक्टूबर, 2023 को केंद्रीय मंत्री डॉ. मनसुख मांडविया ने किया।
(b) यह मेडिकल कॉलेज दिमापुर में बनाया गया है।
(c) इस नए मेडिकल कॉलेज का नाम नागालैंड इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल साइंसेज एंड रिसर्च (एनआईएमएसआर) है।
(d) यह मेडिकल कॉलेज नागालैंड विश्वविद्यालय से संबद्ध है।

उत्तर - (b)

संबंधित तथ्य -

नागालैंड का पहला मेडिकल कॉलेज

- **बनाया गया है** — कोहिमा में
- **उद्घाटन** — 14 अक्टूबर, 2023 को
- **उद्घाटनकर्ता** — केंद्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री डॉ. मनसुख मांडविया
- **मेडिकल कॉलेज का नाम** — नागालैंड इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल साइंसेज एंड रिसर्च (एनआईएमएसआर)
- **यह संबद्ध है** — नागालैंड विश्वविद्यालय से
- **इसे अनुमति पत्र प्राप्त हुआ है** — अप्रैल, 2023 में राष्ट्रीय आयोग से शैक्षणिक वर्ष 2023-24 तक 100 MBBS सीटों के प्रवेश हेतु

समौ शहीद स्मारक एवं पुस्तकालय

प्रश्न - 15 अक्टूबर, 2023 को केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह ने कहां समौ शहीदी स्मारक एवं पुस्तकालय का लोकार्पण किया?

(a) भावनगर में
(b) राजकोट में
(c) वापी में
(d) गांधीनगर में

उत्तर - (d)

संबंधित तथ्य -

समौ शहीद स्मारक एवं पुस्तकालय

- **लोकार्पण** — 15 अक्टूबर, 2023 को
- **कहां** — गांधीनगर, गुजरात में
- **लोकार्पणकर्ता** — केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह
- **स्मारक बनाया गया है** — नवंबर, 1857 में आजादी के संघर्ष में अपने प्राणों की आहुति देने वाले 12 वीरों की याद में
- **शहीदों के सम्मान में ध्वजारोहण**— 15 अगस्त और 26 जनवरी को
- **पुस्तकालय बनाया है** — युवा और सांस्कृतिक विभाग, गुजरात सरकार ने
- **इसमें उपलब्ध होंगी** — गुजराती व्याकरण की पुस्तकें
- **पुस्तकालय में सुविधा** — 100 विद्यार्थियों के पढ़ने हेतु

भारत का पहला मानचित्रण (Cortography) संग्रहालय

प्रश्न - भारत का पहला मानचित्रण (Cortagraphy) **संग्रहालय कहां बनाया गया है?**

(a) देहरादून
(b) मसूरी
(c) नैनीताल
(d) हरिद्वार

उत्तर - (b)

संबंधित तथ्य -

भारत का पहला मानचित्रण (Cartography) संग्रहालय

- **स्थापित —** मसूरी (उत्तराखंड) के जॉर्ज एवरेस्ट में
- **उद्घाटन —** 27 सितंबर, 2023 को विश्व पर्यटन दिवस के अवसर पर
- **उद्घाटनकर्ता —** उत्तराखंड के पर्यटन और संस्कृति मंत्री सतपाल महाराज
- **संग्रहालय का नाम —** सर जॉर्ज एवरेस्ट मानचित्रण संग्रहालय
- **निर्माण लागत —** 23.52 करोड़ रुपये
- **यह संग्रहालय समर्पित —** महान गणितज्ञ राधानाथ सिकदर और पंडित नैन सिंह रावत को
- **संग्रहालय में —** मानचित्रकला के इतिहास, मानवित्रकला से संबंधित उपकरणों, महान भारतीय सर्वेक्षणकर्ताओं और महान त्रिकोणमितीय सर्वेक्षण के बारे में जानकारी प्रदत्त

❖ यह संग्रहालय पार्क एस्टेट में स्थित है, जो प्रसिद्ध सर्वेक्षक सरजॉर्ज एवरेस्ट का निवास स्थान था।

❖ इन्हीं के नाम पर माउंट एवरेस्ट का नाम रखा गया था।

❖ वर्ष 1832 में बने सर जॉर्ज एवरेस्ट हाउस को ही एक संग्रहालय के रूप में विकसित किया गया है।

❖ एशियाई विकास बैंक (एडीबी) की सहायता से पर्यटन विभाग ने 23.5 करोड़ रुपये के बजट के साथ इसका नवीनीकरण किया है।

वीरांगना रानी दुर्गावती स्मारक और उद्यान

प्रश्न - वीरांगना रानी दुर्गावती स्मारक और उद्यान के विषय में विकल्प में कौन-सा तथ्य सही नहीं है?

(a) 5 अक्टूबर, 2023 को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने जबलपुर, मध्य प्रदेश में वीरांगना रानी दुर्गावती स्मारक और उद्योग का भूमिपूजन किया।
(b) इसकी निर्माण लागत राशि लगभग रु.100 करोड़ होगी।
(c) यह लगभग 31 एकड़ क्षेत्र में विस्तारित होगा
(d) इसमें रानी दुर्गावती की 52 फीट ऊंची कांस्य प्रतिमा स्थापित की जाएगी।

उत्तर - (c)

संबंधित तथ्य -

वीरांगना रानी दुर्गावती स्मारक और उद्यान

- **भूमि पूजन —** 5 अक्टूबर, 2023 को
- **कहां —** जबलपुर, मध्य प्रदेश में
- **भूमि पूजन किया —** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने
- **विस्तारित होगा —** लगभग 21 एकड़ क्षेत्र में
- **इसमें स्थापित की जाने वाली रानी दुर्गावती की प्रतिमा की ऊंचाई होगी —** 52 फीट
- **यह प्रतिमा होगी —** कांस्य निर्मित
- **इस परिसर में प्रतिमा के अलावा होगा —** एक संग्रहालय
- **यह संग्रहालय प्रदर्शित करेगा —** रानी दुर्गावती की वीरता और साहस सहित गोंडवाना क्षेत्र का इतिहास
- **विशेष तथ्य —** इस परिसर में औषधीय पौधों के लिए एक उद्यान, एक कैक्टस उद्यान और रॉक गार्डन सहित कई पार्क एवं उद्यान होंगे।
- **रानी दुर्गावती —** 16वीं शताब्दी के मध्य में गोंडवाना की शासिका थीं।
- **प्रधानमंत्री ने सिक्का और डाक टिकट जारी किया —** वीरांगना रानी दुर्गावती की 500वीं जयंती पर।

❖ जबलपुर, मध्य प्रदेश में आयोजित कार्यक्रम में प्रधानमंत्री ने इसके अलावा विजयपुर-औरैया-फूलपुर पाइपलाइन परियोजना का लोकार्पण किया।

❖ 352 किमी. लंबी इस पाइपलाइन की निर्माण लागत राशि 1750 करोड़ रुपये से अधिक है।

❖ उन्होंने मुंबई-नागपुर-झारसुगड़ा पाइपलाइन परियोजना के नागपुर, जबलपुर खंड (317 किमी.) की आधारशिला रखी।

❖ इस पाइपलाइन परियोजना के नागपुर-जबलपुर खंड की निर्माण लागत 1100 करोड़ रुपये से अधिक होगी।

❖ प्रधानमंत्री ने 147 करोड़ रुपये की लागत से जबलपुर में निर्मित एक नए बॉटलिंग प्लांट का लोकार्पण भी किया।

पुरस्कार/सम्मान

फैराडे पदक

प्रश्न - अक्टूबर, 2023 में भारतीय मूल के किस वैज्ञानिक को फैराडे पदक से सम्मानित किया गया है?

(a) अशोक गाडगिल
(b) राजेश चौहान
(c) रतन लाल
(d) आरोग्यस्वामी पॉलराज

उत्तर - (d)

संबंधित तथ्य -

आरोग्यस्वामी पॉलराज

- भारतीय मूल के प्रसिद्ध अमेरिकी वैज्ञानिक तथा स्टैनफोर्ड यूनिवर्सिटी के सेवानिवृत्त प्रोफेसर
- **चर्चा में क्यों? —** अक्टूबर, 2023 में 'फैराडे पदक' से सम्मानित
- उन्हें उनकी खोज ''एमआईएमओ (MIMO) वायरलेस'' के लिए इस पदक से सम्मानित किया गया।
- वह इस पदक को प्राप्त करने वाले 100वें व्यक्ति बन गए हैं।
- उल्लेखनीय है कि 'एमआईएमओ वायरलेस' 4 जी और 5 जी मोबाइल के साथ-साथ वाई-फाई वायरलेस नेटवर्क में मदद करने वाली प्रौद्योगिकी है
- वैश्विक स्तर पर प्रभावशाली प्रौद्योगिकियों को विकसित करने में अहम योगदान निभाने वाले इंजीनियरों और वैज्ञानिकों को दिया जाने वाला यह पदक विश्व के सबसे प्रतिष्ठित पुरस्कारों में से एक है।

गोल्डन पीकॉक पुरस्कार, 2023

प्रश्न - 17 अक्टूबर, 2023 को सार्वजनिक क्षेत्र के किस उपक्रम को 'गोल्डन पीकॉक अवॉर्ड' से सम्मानित किया गया?

(a) आरईसी लि.
(b) एचपीटीसी लि.
(c) पीएफसी लि.
(d) गेल (इंडिया) लि.

उत्तर - (a)

संबंधित तथ्य -

गोल्डन पीकॉक पुरस्कार, 2023

- 17 अक्टूबर, 2023 को सार्वजनिक क्षेत्र की उपक्रम आरईसी लि. को सम्मानित किया गया
- इसे आपदा प्रबंधन में असाधारण प्रदर्शन करने हेतु इस प्रतिष्ठित सम्मान से सम्मानित किया गया
- वर्ष 1991 में स्थापित यह पुरस्कार इंस्टीट्यूट ऑफ डायरेक्टर्स (IOD) द्वारा प्रदान किया जाता है।
- **आरईसी लि. के बारे में —**
  - यह विद्युत मंत्रालय के नियंत्रणाधीन सार्वजनिक क्षेत्र की एक महारत्न गैर बैंकिंग वित्तीय संस्था है, जो देशभर में विद्युत क्षेत्र के वित्तपोषण एवं विकास पर अपना ध्यान केंद्रित करती है।
  - इसकी स्थापना वर्ष 1969 में हुई थी।

सखारोव पुरस्कार, 2023

प्रश्न - 19 अक्टूबर, 2023 को किसे वर्ष 2023 के प्रतिष्ठित सखारोव पुरस्कार से सम्मानित किया गया?

(a) इल्हाम तोहती
(b) एलेक्सी नवालनी
(c) जिना महसा अमीनी एवं ईरान में वुमेन, लाइफ, फ्रीडम मूवमेंट
(d) ओलेग सेंटसोव

उत्तर - (c)

संबंधित तथ्य -

सखारोव पुरस्कार, 2023

- 19 अक्टूबर, 2023 को यूरोपीय संसद द्वारा विचारों की स्वतंत्रता के लिए यह प्रतिष्ठित पुरस्कार प्रदान किया गया।
- इस वर्ष यह पुरस्कार ईरान की मानव अधिकार कार्यकर्त्री जिना महसा अमीनी (मरणोपरांत) एवं ईरान में वुमेन, लाइफ, फ्रीडम मूवमेंट को प्रदान किए जाने की घोषणा की गई है
- जिना महसा अमीनी एक ईरानी कुर्द महिला थीं, जिन्हें सख्त पर्दा कानूनों की अनदेखी करने के आरोप में गिरफ्तार किया गया था।
- पुलिस हिरासत में ही उनकी मृत्यु हो गई थी
- उनकी मौत के बाद ईरान में महिलाओं के नेतृत्व में बड़े पैमाने पर विरोध प्रदर्शन हुआ था
- **इस पुरस्कार के बारे में —**
  - यह सोवियत भौतिकशास्त्री आंद्रे सखाराव की स्मृति में वर्ष 1988 में स्थापित हुआ था।
  - इस पुरस्कार के तहत 50 हजार यूरो की राशि प्रदान की जाती है।
  - यह मानवाधिकारों तथा मौलिक स्वतंत्रता को बढ़ावा देने के लिए किए गए प्रयासों के तहत संबंधित व्यक्ति या संस्था को प्रदान किया जाता है।

राष्ट्रीय लता मंगेशकर अवॉर्ड, 2022

प्रश्न - अक्टूबर, 2023 में किसे राष्ट्रीय लता मंगेशकर अवॉर्ड, 2022 प्रदान किए जाने की घोषणा की गई?

(a) कुलदीप सिंह
(b) सुमन कल्याणपुर
(c) कुमार शानू
(d) उत्तम सिंह

उत्तर - (d)

संबंधित तथ्य -

राष्ट्रीय लता मंगेशकर अवॉर्ड, 2022

- अक्टूबर, 2023 में मध्य प्रदेश के संस्कृति विभाग द्वारा घोषित
- वर्ष 2022 का यह पुरस्कार संगीत निर्देशक उत्तम सिंह को प्रदान किया जाएगा
- उत्तम सिंह ने 'फर्ज', 'दुश्मन' और 'गदर' जैसी फिल्मों में अपना संगीत दिया है
- मध्य प्रदेश सरकार द्वारा इस पुरस्कार की स्थापना वर्ष 1984 में किया गया था

राष्ट्रीय किशोर कुमार सम्मान, 2022

प्रश्न - अक्टूबर, 2023 में किसे राष्ट्रीय किशोर कुमार सम्मान, 2022 प्रदान किए जाने की घोषणा की गई?

(a) अशोक मिश्रा
(b) विवेक रंजन अग्निहोत्री
(c) धर्मेंद्र
(d) अनुपम खेर

उत्तर - (c)

संबंधित तथ्य -

राष्ट्रीय किशोर कुमार सम्मान, 2022

- अक्टूबर, 2023 में मध्य प्रदेश के संस्कृति विभाग द्वारा घोषित
- वर्ष 2022 का यह पुरस्कार प्रसिद्ध बॉलीवुड अभिनेता धर्मेंद्र को प्रदान किया जाएगा
- **पुरस्कार राशि —** 5 लाख रुपये
- इस पुरस्कार की स्थापना वर्ष 1997 में हुई थी
- इस पुरस्कार की स्थापना मध्य प्रदेश के खंडवा जिले में जन्में प्रसिद्ध गायक किशोर कुमार की स्थापना स्मृति में हुई थी।

दलीप सिंह सौंद पुरस्कार

प्रश्न - अक्टूबर, 2023 में भारतीय मूल के किस व्यक्ति को 'दलीप सिंह सौंद पुरस्कार' से सम्मानित किया गया?

(a) विवेक कृष्णमूर्ति
(b) रतन लाल
(c) राजा कृष्णमूर्ति
(d) तुलसी गबार्ड

उत्तर - (c)

संबंधित तथ्य -

राजा कृष्णमूर्ति

- भारतीय मूल के अमेरिकी सांसद
- **चर्चा में क्यों? —** अक्टूबर, 2023 में 'दलीप सिंह सौंद' पुरस्कार से सम्मानित किया गया
- उनको अमेरिकी संसद कांग्रेस में एशियाई - अमेरिकी, हवाई द्वीप समूह के मूल निवासी एवं प्रशांत महासागर द्वीप वासी समुदायों के हितों को आगे बढ़ाने की उनकी असाधारण प्रतिबद्धता के लिए सम्मानित किया जाएगा
- उन्हें यह सम्मान 'एशियन अमेरिकन यूनिटी कोएलिशन' द्वारा प्रदान किया गया
- उल्लेखनीय है कि दलीप सिंह सौंद, कांग्रेस से निर्वाचित होने वाले पहले सिख, भारतीय मूल के अमेरिकी नागरिक थे।

दुर्गा भारत सम्मान, 2023

प्रश्न - अक्टूबर, 2023 में किस व्यक्ति को दुर्गा भारत सम्मान, 2023 से सम्मानित किया?

(a) पंडित अजय चक्रवर्ती
(b) अनुपम खेर
(c) विवेक रंजन अग्निहोत्री
(d) पल्लवी जोशी

उत्तर - (a)

संबंधित तथ्य -

दुर्गा भारत सम्मान, 2023

- अक्टूबर, 2023 में पश्चिम बंगाल के राज्यपाल सी.वी. आनंद बोस ने यह पुरस्कार प्रसिद्ध शास्त्रीय गायक एवं संगीतकार पंडित अजय चक्रवर्ती को प्रदान किया
- इसके अलावा, यह पुरस्कार भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (ISRO), शांतिनिकेतन विश्वभारतीय विश्वविद्यालय तथा गार्डन रीच शिपबिल्डर्स एंड इंजीनियर्स (GRSE) को दिया गया
- इस पुरस्कार के तहत एक लाख रुपये नकद, एक पट्टिका और एक प्रशस्ति-पत्र प्रदान किया गया था।

सत्यजीत रे लाइफटाइम अचीवमेंट पुरस्कार, 2023

प्रश्न - 13 अक्टूबर, 2023 को किसे प्रतिष्ठित सत्यजीत रे लाइफटाइम अचीवमेंट पुरस्कार, 2023 प्रदान किए जाने की घोषणा की गई?

(a) कैथरीन जेटा
(b) डायलन डगलस
(c) माइकल डगलस
(d) लुईस ग्लुक

उत्तर - (c)

संबंधित तथ्य -

सत्यजीत रे लाइफटाइम अचीवमेंट पुरस्कार, 2023

- 13 अक्टूबर, 2023 को सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय भारत सरकार द्वारा प्रसिद्ध हॉलीवुड अभिनेता और निर्माता माइकल डगलस को प्रदान किए जाने की घोषणा की।
- उन्हें यह प्रतिष्ठित सम्मान 20-28 नवंबर, 2023 के मध्य पणजी (गोवा) में आयोजित 54वें भारतीय अंतरराष्ट्रीय फिल्म महोत्सव (IFFI) के दौरान प्रदान किया जाएगा।
- वर्ष 1999 में 30वें IFFI में गठित यह पुरस्कार उन व्यक्तियों को प्रदान किया जाता है जिनके असाधारण योगदान ने सिनेमा की दुनिया को अत्यंत समृद्ध और उन्नत बनाया है।
- माइकल डगलस ने दो ऑस्कर अवॉर्ड, पांच गोल्डन ग्लोब पुरस्कार और एक एमी पुरस्कार प्राप्त किया है।

श्रीलाल शुक्ल स्मृति इफ्को साहित्य सम्मान, 2023

प्रश्न - 30 सितंबर, 2023 को किसे श्रीलाल शुक्ल स्मृति इफ्को साहित्य सम्मान प्रदान किया गया?

(a) शेखर जोशी
(b) मधु कांकरिया
(c) महेश कटारे
(d) जयनंदन

उत्तर - (b)

संबंधित तथ्य -

श्रीलाल शुक्ल स्मृति इफ्को साहित्य सम्मान, 2023

- 30 सितंबर, 2023 को हिंदी की प्रसिद्ध लेखिका मधु कांकरिया को प्रदान किया गया।
- इफ्को द्वारा यह सम्मान प्रतिवर्ष किसी ऐसे हिंदी लेखक को दिया जाता है, जिसकी रचनाओं में ग्रामीण और कृषि जीवन से संबंधित समस्याओं, आकांक्षाओं और संघर्षों का सजीव वर्णन होता है।
- इस पुरस्कार की शुरुआत वर्ष 2011 में हुई थी।
- इस पुरस्कार के तहत, विजेता को प्रतीक चिह्न, प्रशस्ति-पत्र तथा 11 लाख रुपये की राशि प्रदान की जाती है।

भौतिक विज्ञान का नोबेल पुरस्कार, 2023

प्रश्न - 3 अक्टूबर, 2023 को भौतिक विज्ञान के नोबेल पुरस्कार की घोषणा की गई। इससे संबंधित निम्न कथनों पर विचार कीजिए- 1. इस वर्ष यह पुरस्कार दो वैज्ञानिक पियरे अगोस्तीनी और फेरेंस क्रौस को प्रदान किया जाएगा।

2. यह पुरस्कार इस वर्ष सेकंड के बहुत छोटे हिस्से के दौरान परमाणुओं में इलेक्ट्रॉन का शोध करने के लिए प्रदान किया जाएगा।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से कथन सही है/हैं?

(a) केवल (1)
(b) 1 एवं (2)
(c) केवल (2)
(d) उपर्युक्त में से कोई नहीं

उत्तर - (b)

संबंधित तथ्य -

भौतिक विज्ञान का नोबेल पुरस्कार, 2023

- 3 अक्टूबर, 2023 को स्टॉकहोम (स्वीडन) स्थित द रॉयल स्वीडिश एकेडमी ऑफ साइंसेज द्वारा घोषित।
- इस वर्ष यह पुरस्कार संयुक्त रूप से निम्न 3 वैज्ञानिकों को प्रदान किए जाने की घोषणा की गई -
  1. पियरे अगोस्टनी (Pierre Agostini), यूएसए।
  2. फेरेंस क्रौस (Ference Krausz), जर्मनी।
  3. एने एल' ह्युलियर (Anne L' Huillier), स्वीडन।
- यह सम्मान उन्हें सेकंड के बहुत छोटे हिस्से के दौरान परमाणुओं में इलेक्ट्रॉन का शोध करने के लिए प्रदान किया जाएगा।
- इन तीनों वैज्ञानिकों ने अपने प्रयोगों में दिखाया कि प्रकाश सबसे छोटी तरंगें कैसे उत्पन्न की जाती है।
- इसका उपयोग उन तीव्र प्रतिक्रियाओं को मापने के लिए किया जा सकता है, जिनमें इलेक्ट्रॉन गति करते हैं या ऊर्जा में बदलते हैं।
- अपने प्रयोगों में इन्होंने प्रकाश के इतने छोटे स्पंदन उत्पन्न किए हैं कि उन्हें एटोसेकंड में मापा जाता है।
- एटोसेकंड (attosecond), सेकंड का भी बहुत छोटा भाग होता है।
- **पुरस्कार से संबंधित अन्य तथ्य —**
  - **वर्ष 1901 से 2023 तक कुल विजेता —** 225 (जिसमें 5 महिलाएं शामिल)
  - **प्रथम पुरस्कार प्राप्तकर्त्ता —** एक्स-रे की खोज हेतु विल्हम कॉनरैड रोटेजन।
  - **सबसे कम उम्र के विजेता —** लॉरेंस ब्रैग (25 वर्ष) (वर्ष 1915)
  - **सबसे अधिक उम्र के विजेता —** आर्थर अश्किन (96 वर्ष) (वर्ष 2018)

ग्लोबल इंडियन अवॉर्ड, 2023

प्रश्न - अक्टूबर, 2023 में कनाडा इंडिया फाउंडेशन द्वारा किसे ग्लोबल इंडिया अवॉर्ड, 2023 से सम्मानित किया गया?

(a) सुधा मूर्ति
(b) एनआर नारायणमूर्ति
(c) शिखा शर्मा
(d) अक्षय कुमार

उत्तर - (a)

संबंधित तथ्य -

ग्लोबल इंडियन अवॉर्ड, 2023

- अक्टूबर, 2023 में कनाडा इंडिया फाउंडेशन द्वारा प्रसिद्ध लेखिका और इंफोसिस के संस्थापक एनआर नारायणमूर्ति की पत्नी सुधा मूर्ति को सम्मानित किया गया।
- वह यह पुरस्कार पाने वाली पहली महिला हैं।
- यह पुरस्कार वर्ष 2008 से प्रतिवर्ष अपने क्षेत्र में उल्लेखनीय कार्य करने वाले प्रमुख भारतीयों को दिया जाता है।

- ❖ इस पुरस्कार के तहत 50 हजार डॉलर की राशि-प्रदान की जाती है।
- ❖ इसका पहला पुरस्कार वर्ष 2008 में सैम पित्रोदा को दिया गया था।
- ❖ एनआर नारायणमूर्ति भी वर्ष 2014 में इस पुरस्कार से सम्मानित हो चुके हैं।

❖ इस प्रकार दोनों दंपत्ति यह पुरस्कार पाने वाले पहले युगल भी हैं।

भारतीय मूल की अमेरिकी वैज्ञानिक सम्मानित

प्रश्न - 11 अक्टूबर, 2023 को अमेरिका की प्रथम महिला जिल बाइडन ने भारतीय मूल की किस अमेरिकी वैज्ञानिक को सम्मानित किया?

(a) गीतांजलि राव
(b) नेहा श्रीवास्तव
(c) सुनीता राव
(d) दीपा मेहता

उत्तर - (a)

संबंधित तथ्य -

गीतांजलि राव

- भारतीय मूल की अमेरिकी वैज्ञानिक
- **चर्चा में क्यों?**
  - ➲ 11 अक्टूबर, 2023 को अमेरिका की प्रथम महिला जिल बाइडन द्वारा सम्मानित।
  - ➲ उनके साथ 14 अन्य युवतियों को सम्मानित किया गया।
  - ➲ व्हाइट हाउस जेंडर पॉलिसी काउंसिल द्वारा चयनित 15 युवतियों को अपने-अपने समुदायों में बदलाव लाने और एक बेहतर भविष्य को आकार देने के लिए सम्मानित किया गया।
- उल्लेखनीय है कि अंतरराष्ट्रीय बालिका दिवस के अवसर पर व्हाइट हाउस में पहले 'गर्ल्स लीडिंग चेंज' समारोह का आयोजन किया गया, जिसमें इन सभी को सम्मानित किया गया।

योजना/परियोजना

असम में 'हॉई-स्पीड इकोनॉमिक कॉरिडोर' सड़क परियोजना

प्रश्न - 9 अक्टूबर, 2023 को असम मंत्रिमंडल ने अनुमानित 3000 करोड़ रुपये की लागत से राज्य में 'हाई-स्पीड इकोनॉमिक कॉरिडोर' सड़क परियोजना के निर्माण को मंजूरी प्रदान की। इस सड़क परियोजना की लंबाई कितनी है?

(a) 500 किमी.
(b) 850 किमी.
(c) 1000 किमी.
(d) 1500 किमी.

उत्तर - (c)

संबंधित तथ्य -

असम में 'हाई-स्पीड इकोनॉमिक कॉरिडोर' सड़क परियोजना

- **सैद्धांतिक मंजूरी —** 9 अक्टूबर, 2023 को
- **यह परियोजना मंजूर की गई है —** असोम माला परियोजना के तहत
- **मंजूरी प्रदाता —** 1000 किमी.
- **अनुमानित लागत राशि —** 3000 करोड़ रुपये।
- **मंत्रिमंडल द्वारा अन्य मंजूरी —** ग्रामीण बुनियादी ढांचे को बढ़ाने के उद्देश्य से कुल 950.43 करोड़ रुपये तक की परियोजनाओं के लिए ऋण लेने की मंजूरी
- **ऋण की प्राप्ति —** नाबार्ड से
- **धनराशि का उपयोग —** 90 ग्रामीण सड़कों और 4 ग्रामीण पुलों के उन्नयन में
- **विशेष तथ्य —** इसके साथ ही मंत्रिमंडल ने तिनसुकिया में भेरियन-बोरियन-पदुमोनी वन्यजीव अभयारण्य के इको-सेंसिटिव जोन की घोषणा के लिए एक संशोधित मसौदा आधिसूचना को भी मंजूरी प्रदान की।

❖ असम मंत्रिमंडल द्वारा इसी दिन नवंबर में तिनसुकिया, दिसंबर में उत्तरी लखीमपुर और जनवरी में नागांव जिला मुख्यालयों में मंत्रिमंडल की बैठक आयोजित करने की भी मंजूरी प्रदान की गई है।

नौसेना शौर्य संग्रहालय निर्माण कार्य परियोजना

प्रश्न - 21 अक्टूबर, 2023 को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहां नौसेना शौर्य संग्रहालय निर्माण कार्य का भूमिपूजन तथा शिलान्यास किया?

(a) आगरा में
(b) नोएडा में
(c) लखनऊ में
(d) मेरठ में

उत्तर - (c)

संबंधित तथ्य -

नौसेना शौर्य संग्रहालय निर्माण कार्य परियोजना

- **भूमिपूजन तथा शिलान्यास —** 21 अक्टूबर, 2023 को
- **कहां —** लखनऊ में
- **भूमिपूजन तथा शिलान्यासकर्ता —** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ
- **यह संग्रहालय बनाया जा रहा है —** गोमती नदी के तट पर
- **इस संग्रहालय का हिस्सा होगा —** आई.एन.एस. गोमती।

आईएनएस गोमती के बारे में

- आईएनएस गोमती का नाम गोमती नदी के नाम पर रखा गया है।
- अप्रैल, 1988 में तत्कालीन रक्षा मंत्री के.सी. पंत ने मझगांव डाक लिमिटेड, मुंबई में इसे सेवा में शामिल किया था।
- आईएनएस गोमती ने 34 वर्ष तक भारतीय नौसेना की क्षमता में अभिवृद्धि करके उसकी सामरिक स्थिति को मजबूत किया।
- ऑपरेशन कैक्टस, पराक्रम और रेनबो में शामिल रहे इस पोत को मई, 2022 में सेवामुक्त कर दिया गया।

'हार्टलैंड त्रिपुरा' परियोजना

प्रश्न - 19 अक्टूबर, 2023 को किसने हार्टलैंड त्रिपुरा परियोजना का शुभारंभ किया?

(a) नरेंद्र सिंह तोमर
(b) राजीव चंद्रशेखर
(c) अमित शाह
(d) डॉ.जितेंद्र सिंह

उत्तर - (b)

संबंधित तथ्य -

'हार्टलैंड त्रिपुरा' परियोजना

- **शुभारंभ—** 19 अक्टूबर, 2023 को
- **शुभारंभकर्त्ता —** केंद्रीय कौशल विकास व उद्यमिता और इलेक्ट्रॉनिक्स एवं आईटी राज्य मंत्री राजीव चंद्रशेखर
- **उद्देश्य —** राज्य में युवाओं की रोजगार लायक क्षमता और कौशल बढ़ाना
- **इसे शुरू किया गया है—** डेलाइट इंडिया और राष्ट्रीय इलेक्ट्रॉनिक्स एवं सूचना प्रौद्योगिकी संस्थान (एनआईईएलआईटी), अगरतला के साथ साझेदारी में
- **इस परियोजनांतर्गत उपलब्ध —** इंजीनियरिंग और गैर-इंजीनियरिंग दोनों ही क्षेत्रों में स्नातक-पूर्व छात्रों के लिए कॅरियर और व्यक्तिगत विकास के अवसर
- **परियोजना हेतु आवश्यक सहायता —** भारत सरकार और त्रिपुरा सरकार द्वारा
- परियोजना के तहत एनआईईएलआईटी, अगरतला के माध्यम से -कौशल विकास प्रमाणन पाठ्यक्रमों का एक विशिष्ट सेट
- इस परियोजना के तहत पेश किए जाने वाले प्रमाणन पाठ्यक्रम साइबर सुरक्षा, आंतरिक ऑडिट एवं एनालिटिक्स जैसे नए युग के तकनीकी एवं व्यावसायिक विकास कौशल तथा व्यावसायिक संचार, प्रबंधकारी उपस्थिति एवं ग्रूमिंग से जुड़े व्यावहारिक कौशल।

- ❖ इस परियोजना में चयनित पेशेवरों को इंटर्नशिप का अवसर मिलेगा।
- ❖ परियोजना के पायलट चरण में लगभग 350 स्नातकों को प्रशिक्षण और रोजगार के अवसर प्राप्त होने की उम्मीद है।
- ❖ यह अवसर निर्धारित आकलन मानदंडों को पूरा कर लेने पर ही प्राप्त होगा।

प्रोजेक्ट उद्भव

प्रश्न - 21 अक्टूबर, 2023 को रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने प्रोजेक्ट उद्भव का शुभारंभ किया। यह प्रोजेक्ट भारतीय सेना और किसके बीच एक सहयोगात्मक पहल है?

(a) डीआरडीओ
(b) रक्षा मंत्रालय
(c) यूएसआई
(d) आईआईटी दिल्ली

उत्तर - (c)

संबंधित तथ्य -

प्रोजेक्ट उद्भव,
(Project Udbhav)

- **शुभारंभ —** 21 अक्टूबर, 2023 को
- **शुभारंकर्ता —** रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह
- **शुभारंभ किया गया —** भारतीय सैन्य विरासत महोत्सव के उद्घाटन के दौरान
- **यह प्रोजेक्ट है—** भारतीय सेना और यूनाइटेड सर्विस इंस्टीट्यूशन ऑफ इंडिया (यूएसआई) के बीच एक सहयोगात्मक पहल
- **प्रोजेक्ट का उद्देश्य —** आधुनिक सुरक्षा चुनौतियों से निपटने के लिए एक अद्वितीय और समग्र दृष्टिकोण तैयार करते हुए समकालीन सैन्य प्रथाओं के साथ प्राचीन-ज्ञान का उपयोग करना।

- ❖ यह भारतीय सेना की एक दूरदर्शी पहल है जो सदियों पुराने ज्ञान को समकालीन सैन्य शिक्षाशास्त्र के साथ एकीकृत करना चाहती है।
- ❖ 'उद्भव' जिसका अर्थ 'उत्पत्ति' है, हमारे राष्ट्र के पुराने धर्म ग्रंथों एवं लेखों को समाहित करता है अर्थात स्वीकार करता है।

रोजगार प्रयाग पोर्टल

प्रश्न - 9 अक्टूबर, 2023 को किस राज्य में रोजगार के अवसरों को एक ही पोर्टल पर उपलब्ध कराने के उद्देश्य से 'रोजगार प्रयाग पोर्टल' शुरू किया गया है?

(a) उत्तर प्रदेश
(b) उत्तराखंड
(c) बिहार
(d) झारखंड

उत्तर - (b)

संबंधित तथ्य -

रोजगार प्रयाग पोर्टल

- **शुभारंभ —** 9 अक्टूबर, 2023 को
- **कब —** उत्तराखंड युवा महोत्सव, 2023 कार्यक्रम के दौरान
- **शुभारंभकर्ता —** उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी
- **यह पोर्टल विकसित किया गया —** राज्य में रोजगार के अवसरों को एक ही पोर्टल पर उपलब्ध कराने के उद्देश्य से
- **मुख्यमंत्री द्वारा लांच —** युवा उत्तराखंड ऐप
- **यह ऐप विकसित —** सूचना प्रौद्योगिकी विकास एजेंसी (आईटीडीए) कराए जाने के उद्देश्य से।

- ❖ **यह ऐप लांच किया गया है-**
- ❖ विभिन्न विभागों द्वारा संचालित की जा रही योजनाओं को एक जगह उपलब्ध कराए जाने के उद्देश्य से
- ❖ इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने सेवायोजन कार्यालयों में स्वराज केंद्रों का भी शुभारंभ किया।
- ❖ इस कार्यक्रम के दौरान मुख्यमंत्री की उपस्थिति में कौशल विकास एवं सेवायोजन विभाग और आईआईटी रुड़की के मध्य समझौता-ज्ञापन हस्ताक्षरित हुआ।
- ❖ यह समझौता-ज्ञापन आईआईटी रुड़की की तकनीकी विशेषता को राज्य की श्रमशक्ति के कौशल क्षमता के विकास के लिए किया गया है।

- ❖ पहले चरण में कंस्ट्रक्शन सेक्टर में कार्यरत श्रम शक्ति की उच्चस्तरीय अपस्किलिंग के लिए आईआईटी रुड़की के इंक्यूबेटर सेंटर द्वारा तकनीकी सहयोग प्रदान किया जाएगा।
- ❖ इसके अलावा कौशल विकास एवं सेवायोजन विभाग और माइक्रोसॉफ्ट के मध्य भी एक समझौता-ज्ञापन हस्ताक्षरित हुआ।
- ❖ इस समझौता-ज्ञापन के तहत माइक्रोसॉफ्ट राज्य के उच्च तकनीकी संस्थानों में पढ़ने वाले छात्र-छात्राओं को डिजिटल स्किल से संबंधित प्रशिक्षण प्रदान करेगा।
- ❖ राज्य के नर्सिंग प्रशिक्षितों को इंग्लैंड एवं आयरलैंड में नर्स के रूप में कार्य करने हेतु एन्चेर्टज कंसल्टेंसी और जर्मनी में नर्स के रूप में कार्य करने के लिए जेनराईज ग्लोबल के साथ समझौता-ज्ञापन हस्ताक्षरित हुआ।

लेक लाडकी (प्यारी बिटिया) योजना

प्रश्न - लेक लाडकी (प्यारी बिटिया) योजना के संबंध में विकल्प में कौन-सा तथ्य सही नहीं है?

(a) 10 अक्टूबर, 2023 को महाराष्ट्र मंत्रिमंडल ने इस योजना को मंजूरी प्रदान की।
(b) इस योजना के तहत पीला या नारंगी कार्डधारक परिवार लाभ के पात्र होंगे।
(c) इस योजना के तहत गरीब परिवार की लड़कियों को 1 लाख 1 हजार रुपये की वित्तीय सहायता प्रदान करने का प्रावधान है।
(d) यह वित्तीय सहायता लड़की के जन्म के बाद उसके 21 वर्ष की होने तक विभिन्न चरणों में प्रदान की जाएगी।

उत्तर - (d)

संबंधित तथ्य -

लेक लाडकी (प्यारी बिटिया) योजना

- **मंजूरी प्रदत्त** — 10 अक्टूबर, 2023 को
- **मंजूरी प्रदाता** — महाराष्ट्र मंत्रिमंडल ने
- **इस योजना की घोषणा की गई थी** — इस वर्ष के राज्य बजट में
- **लाभार्थी** — पीला या नारंगी कार्डधारक परिवार
- **योजना प्रभावी होगी** — 1 अप्रैल, 2023 के बाद जन्म लेने वाली लड़कियों के लिए
- **प्रावधान** — गरीब परिवार की लड़कियों को 1 लाख 1 हजार रुपये की वित्तीय सहायता प्रदान करने का प्रावधान
- **यह वित्तीय सहायता प्रदान की जाएगी** — लड़की के जन्म के बाद उसके 18 वर्ष होने तक विभिन्न चरणों में
- **यह योजना शुरू की गई है** — राज्य में लड़कियों के जन्म को प्रोत्साहित करके लड़कियों की जन्मदर बढ़ाने, लड़कियों की शिक्षा को बढ़ावा देने, लड़कियों की मृत्युदर को कम करने, बाल विवाह को रोकने और कुपोषण को कम करने हेतु राज्य में लड़कियों के सशक्तीकरण के लिए।

- ❖ इस योजना के तहत पीले और नारंगी राशन कार्डधारक परिवार में लड़की का जन्म होने पर 5000 रुपये की वित्तीय सहायता प्रदान की जाएगी।
- ❖ लड़की के स्कूल जाने पर पहली कक्षा में उसे 4000 रुपये की वित्तीय सहायता दी जाएगी।
- ❖ छठीं कक्षा में प्रवेश करने पर 6000 रुपये की वित्तीय सहायता प्रदान की जाएगी।
- ❖ 11वीं कक्षा में 8000 रुपये की वित्तीय सहायता प्रदान की जाएगी।
- ❖ जब लड़की बालिग अर्थात 18 वर्ष की हो जाएगी, तो उसे राज्य सरकार एकमुश्त 75000 रुपये की वित्तीय सहायता प्रदान करेगी।
- ❖ जुड़वा लड़की पैदा होने पर दोनों लड़कियों को योजना का लाभ प्राप्त होगा।
- ❖ यदि किसी को एक लड़का और एक लड़की पैदा होती है, तो सिर्फ लड़की को लाभ मिलेगा।

वंदन योजना

प्रश्न - वर्तमान वित्तीय वर्ष 2023-24 में किस राज्य में सांस्कृतिक, पौराणिक, धार्मिक एवं ऐतिहासिक महत्व के स्थलों पर अवस्थापना एवं अन्य सुविधाओं के विकास हेतु वंदन योजना शुरू की जा रही है?

(a) हरियाणा
(b) उत्तराखंड
(c) उत्तर प्रदेश
(d) हिमाचल प्रदेश

उत्तर - (c)

संबंधित तथ्य -

वंदन योजना

- **इस योजना हेतु विस्तृत दिशा-निर्देश निर्गत किए जाने संबंधी प्रस्ताव अनुमोदित** — 10 अक्टूबर, 2023 को
- **अनुमोदनकर्ता** — उत्तर प्रदेश मंत्रिमंडल
- **यह योजना शुरू की जा रही है** — वर्तमान वित्तीय वर्ष 2023-24 में
- **किसलिए** — सांस्कृतिक, पौराणिक, धार्मिक एवं ऐतिहासिक महत्व के स्थलों पर अवस्थापना तथा अन्य सुविधाओं के विकास हेतु
- **योजनांतर्गत प्रस्तावित किए जाने वाले कार्य** — अत्यंत आवश्यक कार्य तथा ऐसे कार्य जो किसी अन्य विभाग की योजना/कार्यक्रम अथवा नगर विकास विभाग की दूसरी योजनाओं में प्रस्तावित या स्वीकृत नहीं है
- **स्थलों पर पूर्व में किए गए कार्यों को सूचीबद्ध करेगा** — जिलाधिकारी
- **सामान्यत: 2 स्थलों का चयन किया जाएगा** — जिलाधिकारी की अध्यक्षता में गठित चयन समिति द्वारा प्रत्येक वित्तीय वर्ष में दिशा-निर्देशों के अनुरूप एक जिले की समस्त नगर पंचायतों एवं नगर

- ❖ ऐसी परियोजनाएं जिन्हें 12 महीने के भीतर पूरा किया जा सकता है, उनका चयन प्राथमिकता के आधार पर किया जाएगा।
- ❖ विशेष परिस्थितियों में निधि के उपयोग को 18 माह तक बढ़ाया जा सकता है।

मुख्यमंत्री-ग्रीन रोड इंफ्रास्ट्रक्चर डेवलपमेंट स्कीम (अर्बन)

प्रश्न - 10 अक्टूबर, 2023 को उत्तर प्रदेश मंत्रिमंडल ने मुख्यमंत्री-ग्रीन रोड इंफ्रास्ट्रक्चर डेवलपमेंट स्कीम (अर्बन) के दिशा-निर्देशों को अनुमोदित किया। वर्तमान वित्तीय वर्ष 2023-24 में इस स्कीम (योजना) हेतु कितनी राशि का बजटीय प्रावधान किया गया है?

(a) 350 करोड़ रुपये

(b) 450 करोड़ रुपये
(c) 500 करोड़ रुपये
(d) 550 करोड़ रुपये

उत्तर - (c)

संबंधित तथ्य -

मुख्यमंत्री-ग्रीन रोड इंफ्रास्ट्रक्चर डेवलपमेंट स्कीम

- **इस स्कीम के दिशा-निर्देशों को अनुमोदित किया गया —** 10 अक्टूबर, 2023
- **अनुमोदनकर्ता —** उत्तर प्रदेश मंत्रिमंडल
- **इस स्कीम को आरंभ करने का निर्णय लिया गया है —** वित्तीय वर्ष 2013-14 से संचालित 'नगरीय सड़क सुधार योजना' को अधिक प्रभावी बनाते हुए इसे एक प्रोत्साहन योजना के रूप में परिवर्तित कर
- **नगरीय सड़क सुधार योजना शुरू की गई थी —** नगर विकास विभाग द्वारा शहरी क्षेत्रों में 10 से 45 मीटर की चौड़ाई वाली सड़कों के निर्माण/पुनर्निर्माण हेतु
- **इस स्कीम के अंतर्गत विकास किया जाएगा —** सड़क से संबंधित समस्त सुविधाओं एवं अवसंरचनाओं यथा - यूटीलिटी डक्ट, फुटपाथ, ग्रीन जोन्स, सौर आधारित स्ट्रीट लाइट, बस स्टॉप, ई.वी. चार्जिंग स्टेशन, सौन्दर्यीकरण, पैदल यात्री अवसंरचना इत्यादि से युक्त एकीकृत सड़कों का
- **सड़क सुधार/गड्ढा मुक्ति हेतु अन्य रिपेयर के लिए अनुमन्य राशि —** प्रावधानिक बजट की अधिकतम 10 प्रतिशत तक
- **वर्तमान वित्तीय वर्ष 2023-24 में स्कीम (योजना) हेतु बजटीय प्रावधान—** 500 करोड़ रुपये।
- **इस वर्ष प्रथम चरण में अनुदान प्रदत्त —** नगर निगमों को
- **अनुवर्ती चरण/चरणों में आच्छादित किया जाएगा —** नगर पालिका

❖ नगर विकास विभाग सड़कों के निर्माण/पुनार्निर्माण हेतु संचालित योजनाओं एवं कार्यक्रमों के साथ-साथ इस योजना के कार्यान्वयन, संचालन एवं मूल्यांकन हेतु नगर विकास विभाग के अंतर्गत अर्बन रोड इंफ्रास्ट्रक्चर डेवलपमेंट एजेंसी (यूरिडा) का गठन करेगा।

❖ एजेंसी एवं इस योजना से संबंधित सभी गतिविधियों के संचालन में सहयोग प्राप्त करने हेतु राज्य स्तर पर परियोजना प्रबंधन इकाई गठित की जाएगी।

अरुणाचल प्रदेश में 7 पुल परियोजनाओं को मंजूरी

प्रश्न - अक्टूबर, 2023 में अरुणाचल प्रदेश में किस योजना/परियोजना के अंतर्गत 7 पुल परियोजनाओं को मंजूरी दी गई है?

(a) पवर्तमाला परियोजना
(b) भारतमाला परियोजना
(c) सेतु बंधन योजना
(d) हिमांक योजना

उत्तर - (c)

संबंधित तथ्य -

अरुणाचल प्रदेश में 7 पुल परियोजनाओं को मंजूरी

- **मंजूरी —** 12 अक्टूबर, 2023
- **मंजूरी प्रदाता —** केंद्रीय सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी
- **यह मंजूरी दी गई है —** सेतु बंधन योजना के अंतर्गत
- **7 पुल परियोजनाओं की लागत राशि —** 118.50 करोड़ रुपये
- **स्वीकृत पुल —** लाचांग में पाचा नदी पर पुल (यह पूर्वी कामेंग जिले के लाइमोया, नेरेवा और सोरोवा गांवों को जोड़ेगा)
  - गोआंग में पाचा नदी पर गोआंग से डोनीगांव तक आरसीसी पुल
  - एनएच-313 पर 3 पुल
  - पश्चिम कामेंग जिले के खरसा, दिबांग में आरसीसी डेकिंग के साथ डबल लेन स्टील कम्पोजिट पुल
  - पिक्टे प्वॉइंट पर सिगेन नदी पर आरसीसी पुल (निचले सियांग जिले में कोयू-गोये रोड पर ताबिरिपो साकू गांव को जोड़ने हेतु)
  - पूर्वी सियांग जिले में मेबो-ढोला रोड पर न्गोपोक नदी पर आरसीसी पुल
  - पन्योर नदी पर स्टील कम्पोजिट पुल
- **इन परियोजनाओं का उद्देश्य —** सभी क्षेत्रों में कनेक्टिविटी बढ़ाना और आर्थिक विकास को बढ़ावा देना।

स्वामी आत्मानंद कोचिंग योजना

प्रश्न - 3 अक्टूबर, 2023 को छत्तीसगढ़ सरकार द्वारा शुरू की गई स्वामी आत्मानंद कोचिंग योजना के तहत प्रदेश के 146 विकासखंड मुख्यालयों और कितने शहरों सहित 150 कोचिंग सेंटरों के माध्यम से शासकीय स्कूलों में कक्षा 12 के छात्रों को नि:शुक्ल कोचिंग प्रदान की जाएगी?

(a) 8
(b) 6
(c) 5
(d) 4

उत्तर - (d)

संबंधित तथ्य -

स्वामी आत्मानंद कोचिंग योजना

- **शुभारंभ —** 3 अक्टूबर, 2023
- **कहां —** रायपुर, छत्तीसगढ़
- **शुभारंभकर्त्ता —** मुख्यमंत्री भूपेश बघेल
- **किसलिए —** इंजीनियरिंग एवं मेडिकल की प्रतियोगी परीक्षाओं के लिए
- **लाभार्थी —** कक्षा 12वीं के छात्र
- **योजना के तहत नि:शुल्क कोचिंग प्रदत्त —** प्रदेश के 146 विकासखंड मुख्यालयों और चार शहरों (रायपुर, दुर्ग, बिलासपुर और कोरबा) सहित 150 कोचिंग सेंटर के माध्यम से शासकीय स्कूलों में
- **इस अवसर पर योजना के संचालन हेतु समझौता-ज्ञापन हस्ताक्षरित —** स्कूल शिक्षा विभाग के अंतर्गत समग्र शिक्षा, छत्तीसगढ़ पाठ्य पुस्तक निगम एवं एलेन कॅरियर कोचिंग इंस्टीट्यूट प्राइवेट लिमिटेड के मध्य
- **नि: शुल्क कोचिंग प्रदत्त —** हिंदी और अंग्रेजी माध्यम के छात्रों को
- **योजना शुरू की गई है —** छत्तीसगढ़ शासन स्कूल शिक्षा विभाग और एलेन कॅरियर इंस्टीट्यूट प्राइवेट लिमिटेड के समन्वित प्रयास से
- **योजना के तहत अब तक पंजीकृत —** 9013 छात्र।

भारत की सबसे बड़ी पंप भंडारण परियोजना

प्रश्न - भारत की सबसे बड़ी पंप हाइड्रो भंडारण परियोजना मध्य प्रदेश के किस जिले में स्थापित की जा रही है?

(a) बालाघाट
(b) शाजापुर
(c) शडडोल
(d) नीमच

उत्तर - (d)

संबंधित तथ्य -

भारत की सबसे बड़ी पंप भंडारण परियोजना

- **वर्चुअली शिलान्यास —** अक्टूबर, 2023 में
- **शिलान्यासकर्त्ता —** मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान
- **स्थापना —** नीमच जिले के रामपुरा तहसील में स्थित खेमला गांव में
- **क्षमता —** 1440 मेगावॉट (7.5 घंटे की भंडारण क्षमता)
- इस क्षमता को विस्तारित किया जा सकता है-6 घंटे के भंडारण के साथ 1920 मेगावॉट तक
- **अगले 3 वर्षों में परियोजना में कुल निवेश-**11,500 करोड़ रुपये
- **इस परियोजना को पूरा किया जाएगा-**36 माह की आवंटित अवधि के मुकाबले 30 महीने के भीतर
- **परियोजना से कार्य आरंभ —** जून, 2025 तक

❖ यह परियोजना एक ऑफ-स्ट्रीम ओपन लूप परियोजना है, क्योंकि इसमें एक नए ऑफ-स्ट्रीम जलाशय के निर्माण की परिकल्पना की गई है, जिसे ऊपरी जलाशय के रूप में जाना जाता है।

❖ मौजूदा गांधी सागर जलाशय का उपयोग निचले जलाशय के रूप में किया जाएगा।

मुख्यमंत्री आत्मनिर्भर असम योजना

प्रश्न - सितंबर, 2023 में असम सरकार द्वारा शुरू की गई मुख्यमंत्री आत्मनिर्भर योजना के तहत पात्र प्रत्येक युवा व्यक्ति को स्वरोजगार के लिए कितनी राशि की वित्तीय सहायता प्रदान की जाएगी?

(a) 50 हजार रुपये
(b) 1 लाख रुपये
(c) 1.5 लाख रुपये
(d) 2 लाख रुपये

उत्तर - (d)

संबंधित तथ्य -

'मुख्यमंत्री आत्मनिर्भर असम' योजना

- **शुभारंभ —** सितंबर, 2023 में
- **शुभारंभकर्त्ता —** असम के मुख्यमंत्री हिमंत बिस्वा शर्मा
- **उद्देश्य —** असम के युवाओं के बीच आत्मनिर्भरता और उद्यमिता को बढ़ावा देना
- **प्रावधान —** योजना के तहत पात्र प्रत्येक युवा व्यक्ति को स्वरोजगार के लिए 2 लाख रुपये की वित्तीय सहायता प्रदान करने का प्रावधान
- **इस योजना से लाभान्वित होंगे —** राज्य के लगभग 2 लाख युवा
- **योजना हेतु पंजीकरण की शुरुआत —** 23-24 सितंबर, 2023 से
- **प्रदत्त ऋण की प्रकृति —** ब्याज मुक्त
- **प्रदत्त ऋण की अवधि —** 5 वर्ष तक

❖ चयनित आवेदकों को प्रबंधन, लेखाकंन और व्यवसाय में अपने कौशल को बढ़ाने के लिए एक महीने के प्रशिक्षण कार्यक्रम में भाग लेना होगा।

❖ प्रशिक्षण अवधि के दौरान 10,000 रुपये वजीफा के रूप में प्रदान किया जाएगा।

मुख्यमंत्री निर्माण श्रमिक पेंशन सहायता योजना

प्रश्न - सितंबर, 2023 में शुरू की गई मुख्यमंत्री निर्माण श्रमिक पेंशन सहायता योजना के अंतर्गत छत्तीसगढ़ सरकार 10 वर्ष तक पंजीकृत रहे और 60 वर्ष की आयु पूरी कर चुके निर्माण श्रमिकों की जीवनपर्यंत कितनी राशि की पेंशन सहायता प्रदान करेगी?

(a) 2500 रुपये
(b) 2000 रुपये
(c) 1500 रुपये
(d) 1000 रुपये

उत्तर - (c)

संबंधित तथ्य -

मुख्यमंत्री निर्माण श्रमिक पेंशन सहायता योजना

- **संबंधित राज्य —** छत्तीसगढ़
- **शुभारंभ —** 28 सितंबर, 2023
- **शुभारंकर्ता —** कांग्रेस अध्यक्ष और राज्य सभा में नेता प्रतिपक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे और मुख्यमंत्री भूपेश बघेल
- **योजनान्तर्गत —** 10 वर्ष तक पंजीकृत रहे एवं 60 वर्ष की आयु पूरी कर चुके निर्माण श्रमिकों की जीवनपर्यंत प्रतिमाह 1500 रुपये की पेंशन सहायता देने का प्रावधान
- **नोडल एजेंसी —** छत्तीसगढ़ भवन एवं अन्य सन्निर्माण कर्मकार कल्याण मंडल
- **नोडल विभाग —** छत्तीसगढ़ श्रम विभाग।

❖ उल्लेखनीय है कि यदि निर्माण श्रमिक की मृत्यु हो जाती है, तो सरकार द्वारा पेंशन बंद नहीं की जाएगी, अपितु पेंशन की आधी धनराशि अर्थात 750 रुपये प्रतिमाह निर्माण श्रमिक के परिवार को प्रदान किया जाएगा।

उत्तरी कोयल जलाशय परियोजना

प्रश्न - 4 अक्टूबर, 2023 को आर्थिक मामलों की मंत्रिमंडलीय समिति द्वारा उत्तरी कोयल जलाशय परियोजना के शेष कार्यों को पूरा करने हेतु मंजूरी दी गई, संशोधित लागत क्या है?

(a) 2518.30 करोड़ रुपये
(b) 2510.28 करोड़ रुपये
(c) 2430.76 करोड़ रुपये
(d) 2421.85 करोड़ रुपये

उत्तर - (c)

संबंधित तथ्य -

उत्तरी कोयल जलाशय परियोजना

- **परियोजना के शेष कार्यों को पूरा करने की संशोधित लागत को मंजूरी —** 4 अक्टूबर, 2023
- **मंजूरी प्रदाता —** आर्थिक मामलों की मंत्रिमंडलीय समिति
- **मंजूर की गई संशोधित लागत —** 2430.76 करोड़ रुपये
- **संशोधित लागत में केंद्रीय हिस्सा —** 1836.41 करोड़ रुपये
- **मंजूरी हेतु प्रस्ताव किया था —** जल शक्ति मंत्रालय के जल संसाधन, नदी विकास और गंगा संरक्षण विभाग ने
- **इससे पूर्व अगस्त, 2017 में शेष कार्य के लिए स्वीकृत राशि —** 1622.27 करोड़ रुपये (केंद्रीय हिस्सा 1378.60 करोड़ रुपये)।
- **शेष कार्य पूरा होने पर अतिरिक्त वार्षिक सिंचाई हो सकेगी —** परियोजना के अंतर्गत झारखंड और बिहार के 4 सूखाग्रस्त जिलों में 42,301 हेक्टेयर क्षेत्र में।

उत्तरी कोयल जलाशय परियोजना के बारे में

- यह एक अंतर-राज्यीय प्रमुख सिंचाई परियोजना है।
- इसका कमांड क्षेत्र दो राज्यों बिहार और झारखंड में है।
- इस परियोजना में लातेहार जिले (झारखंड) के कुटकू गांव के पास उत्तरी कोयल नदी पर एक बांध, बांध के नीचे 96 किमी. एक बैराज (मोहम्मदगंज, पलामू जिला, झारखंड), दाहिनी मुख्य नहर (आरएमसी) और बैराज से बाईं ओर मुख्य नहर (एलएमसी) शामिल है।
- बिहार सरकार द्वारा अपने संसाधनों से वर्ष 1972 में बांध निर्माण के साथ-साथ अन्य गतिविधियां शुरू की गई, परंतु वर्ष 1993 में इसे बिहार सरकार के वन विभाग द्वारा रुकवा दिया गया।
- बांध में जमा पानी से बेतला नेशनल पार्क और पलामू टाइगर रिजर्व को

❖ काम रुकने के बाद भी इस परियोजना से प्रतिवर्ष 71720 हेक्टेयर क्षेत्र सिंचित किए जा रहे थे।

❖ उत्तरी कोयल जलाशय झारखंड राज्य में पलामू और गढ़वा जिलों के अत्यंत पिछड़े जनजातीय क्षेत्र में स्थित है।

मुख्यमंत्री नाश्ता योजना

प्रश्न - 6 अक्टूबर, 2023 को किस राज्य में स्कूली बच्चों के लिए मुख्यमंत्री नाश्ता योजना शुरू किया गया है?

(a) तमिलनाडु
(b) केरल
(c) तेलंगाना
(d) आंध्र प्रदेश

उत्तर - (c)

संबंधित तथ्य -

मुख्यमंत्री नाश्ता योजना

- **संबंधित राज्य —** तेलंगाना
- **शुभारंभ —** 6 अक्टूबर, 2023 को
- **योजना शुरू की गई है —** औपचारिक रूप से विभिन्न जगहों पर
- **लागू होगी —** पूरे राज्य में 27,147 स्कूलों में
- **लाभार्थी —** कक्षा 1 से 5वीं तक के स्कूली बच्चे
- **दैनिक नाश्ते में शामिल —** पोहा, उग्गानी, बाजरा, इडली या सब्जी पुलाव।

❖ राज्य सरकार ने इस कार्यक्रम के लिए 672 करोड़ रुपये आवंटित किए हैं।

❖ स्कूल शुरू होने से लगभग 45 मिनट पहले छात्रों को उनकी टेबल पर गर्म नाश्ता परोसा जाएगा।

❖ उल्लेखनीय है कि तमिलनाडु में इस तरह की एक योजना कक्षा 1 से 5वीं तक के स्कूली बच्चों के लिए संचालित की जा रही है।

मुख्यमंत्री लोक सेवक आरोग्य योजना

प्रश्न - 2 अक्टूबर, 2023 को किस राज्य में सरकारी कर्मचारियों और सेवानिवृत्त कर्मचारियों को कैशलेस स्वास्थ्य बीमा प्रदान करने के

उद्देश्य से मुख्यमंत्री लोक सेवक आरोग्य योजना शुरू की गई है?

(a) असम
(b) छत्तीसगढ़
(c) ओडिशा
(d) झारखंड

उत्तर - (a)

संबंधित तथ्य -

मुख्यमंत्री लोक सेवक आरोग्य योजना

- **संबंधित राज्य —** असम
- **शुभारंभ —** 2 अक्टूबर, 2023
- **शुभारंभकर्ता —** असम के मुख्यमंत्री हेमंत बिस्वा सरमा
- **उद्देश्य —** राज्य में सरकारी कर्मचारियों और सेवानिवृत्त कर्मचारियों को कैशलेस स्वास्थ्य बीमा प्रदान करना
- **लाभ प्रदत्त —** राज्य सरकार के सरकारी कर्मचारियों, सेवा-निवृत्त सरकारी कर्मचारियों और उनके आश्रितों को
- **मेडिकल कवरेज —** 5 लाख रुपये तक
- **प्राथमिक लक्ष्य —** लाभार्थियों को प्रति परिवार वित्तीय स्वास्थ्य कवरेज प्रदान करना।
- **यह योजना शुरू की गई है —** आयुष्मान भारत योजना की तर्ज पर
- **पात्रता-मानदंड —**
  - ➲ असम राज्य का सरकारी कर्मचारी होना अनिवार्य
  - ➲ पेंशनभोगी भी इस योजना का लाभ लेने हेतु पात्र
- **चिकित्सा बिलों की प्रतिपूर्ति —** केंद्र सरकार की स्वास्थ्य योजनाओं के बराबर दरों पर।

ऑपरेशन/अभियान

भारत राष्ट्रीय साइबर सुरक्षा अभ्यास (NCX), 2023

प्रश्न - अक्टूबर, 2023 में भारत राष्ट्रीय साइबर सुरक्षा अभ्यास, 2023 कहां आयोजित हुआ?

(a) बंगलुरू
(b) मोहाली
(c) गुरुग्राम
(d) नई दिल्ली

उत्तर - (d)

संबंधित तथ्य -

भारत राष्ट्रीय साइबर सुरक्षा अभ्यास (NCX), 2023 आयोजित

- **कब —** 9-20 अक्टूबर, 2023 तक
- **कहां —** स्कोप कन्वेंशन सेंटर, नई दिल्ली में
- **किसके द्वारा —** भारत सरकार के राष्ट्रीय सुरक्षा परिषद तथा राष्ट्रीय रक्षा विश्वविद्यालय के सहयोग
- इसमें एक राष्ट्रीय साइबर सुरक्षा रणनीति की आवश्यकता पर भी प्रकाश डाला गया।

उत्तर प्रदेश विशेष संचारी रोग नियंत्रण अभियान

प्रश्न - 3 अक्टूबर, 2023 को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने गोरखपुर में विशेष संचारी रोग नियंत्रण अभियान का शुभारंभ किया। यह अभियान पूरे प्रदेश में कब तक संचालित होगा?

(a) 31 अक्टूबर, 2023
(b) 30 नवंबर, 2023
(c) 15 दिसंबर, 2023
(d) 25 दिसंबर, 2023

उत्तर - (a)

संबंधित तथ्य -

उत्तर प्रदेश में विशेष संचारी रोग नियंत्रण अभियान

- **शुभारंभ —** 3 अक्टूबर, 2023 को
- **शुभारंभकर्त्ता —** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ
- **शुभारंभ स्थल —** बाबा राघव दास मेडिकल कॉलेज, गोरखपुर
- **यह अभियान संचालित होगा —** पूरे प्रदेश में 03-31 अक्टूबर, 2023 तक
- **इस अवसर पर —** मुख्यमंत्री ने जनजागरूकता के लिए प्रचार वाहनों को झंडी दिखाकर रवाना किया।
  - ❖ 2 आशा और 2 आंगनबाड़ी कार्यकर्त्रियों को उनके उत्कृष्ट कार्य के लिए सम्मानित किया गया।

❖ इस अभियान के अंतर्गत आशा कार्यकर्त्री हर घर का भ्रमण कर संचारी रोगों से बचाव, लक्षणों एवं उपचार सुविधाओं के प्रति जागरूक करेंगी।

❖ डेंगू, फाइलेरिया, मलेरिया, दिमागी बुखार, क्षय रोग, कुष्ठ रोग के लक्षण युक्त रोगियों को खोजकर जांच एवं उपचार हेतु सूची बनाएंगी।

बहुपक्षीय नौसैन्य अभ्यास मिलन, 2024

प्रश्न - निम्न कथनों पर विचार कीजिए-

1. 19-27 फरवरी, 2024 के मध्य बहुपक्षीय नौसैन्य अभ्यास मिलन, 2024 विशाखापत्तनम में आयोजित किया जाएगा।

2. इस द्विवार्षिक बहुपक्षीय नौसैनिक अभ्यास की शुरुआत वर्ष 1999 में हुई थी।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से कथन सही है/हैं?

(a) केवल (1)
(b) केवल (2)
(c) (1) एवं (2) दोनों
(d) उपर्युक्त में से कोई नहीं

उत्तर - (a)

संबंधित तथ्य -

मिलन, 2024

- **क्या है? —** भारतीय नौसेना द्वारा आयोजित एक द्विवार्षिक बहुपक्षीय नौसैन्य अभ्यास
- **कब आयोजित होगा —** 19-27 फरवरी, 2024 तक
- **कहां होगा —** विशाखापत्तनम (आंध्र प्रदेश)
- इसमें अब तक की सबसे बड़ी भागीदारी होने की संभावना, जिसमें 50 से अधिक देशों को आमंत्रित किया गया है
- इसे वर्ष 1995 में भारतीय नौसेना द्वारा शुरू किया गया था।

हर घर सोलर अभियान

प्रश्न - 2 अक्टूबर, 2023 को उत्तर प्रदेश के किन दो शहरों में हर घर सोलर अभियान शुरू किया गया है?

(a) लखनऊ और प्रयागराज
(b) लखनऊ और बरेली
(c) लखनऊ और वाराणसी
(d) लखनऊ और आगरा

उत्तर - (c)

संबंधित तथ्य -

हर घर सोलर अभियान

- **शुरू किया गया है —** उत्तर प्रदेश में
- **कब —** 2 अक्टूबर, 2023 को
- **कहां —** लखनऊ और वाराणसी में
- **अभियान के तहत लगाया जाएगा —** रूफटॉप संयंत्र
- **उद्देश्य —** यूपीनेडा द्वारा सौर ऊर्जा नीति, 2022 के अंतर्गत निर्धारित 6000 मेगावॉट सोलर रूफटॉप संयंत्र (आवासीय/व्यावसायिक) लक्ष्य की प्राप्ति की दिशा में प्रयास करना।

❖ इस अभियान के अंतर्गत पहला बूट कैंप लखनऊ के विकास भवन और वाराणसी में नगर निगम कार्यालय के निकट आयोजित किया गया।

❖ कैंप के दौरान सोलर रूफटॉप संयंत्र की स्थापना के संबंध में लोगों को विस्तृत जानकारी प्रदान की जाएगी।

इस्त्राइल से भारतीयों की वापसी के लिए ऑपरेशन

प्रश्न - अक्टूबर, 2023 में केंद्र सरकार ने इस्त्राइल से भारतीयों को वापस लाने के लिए किस नाम से ऑपरेशन शुरू किया?

(a) ऑपरेशन विजय
(b) ऑपरेशन अजय
(c) ऑपरेशन गंगा
(d) ऑपरेशन कावेरी

उत्तर - (b)

संबंधित तथ्य -

ऑपरेशन अजय

- **क्या है —** इस्त्राइल में फंसे भारतीय नागरिकों की वापसी के लिए केंद्र सरकार द्वारा शुरू किया गया एक अभियान है।
- **कब शुरू —** 11 अक्टूबर, 2023
- हाल ही में इस्त्राइल और फिलीस्तीन के बीच शुरू हुए युद्ध के परिणाम स्वरूप सरकार में यह निर्णय लिया।
- इस्त्राइल में करीब 20 हजार भारतीय हैं।
- **ऑपरेशन कावेरी —** अप्रैल, 2023 में केंद्र सरकार द्वारा सूडान में फंसे भारतीयों को वापस लाने का अभियान था।
- **ऑपरेशन गंगा —** यूक्रेन में फंसे भारतीयों को वापस लाने के लिए फरवरी, 2022 में केंद्र सरकार द्वारा चलाया गया एक अभियान था।

सम्मेलन/समारोह

16वां भारतीय नगरीय परिवहन सम्मेलन एवं एक्सपो, 2023

प्रश्न - निम्न कथनों पर विचार कीजिए-

1. 16वां भारतीय नगरीय परिवहन सम्मेलन एवं एक्सपो, 2023 27 अक्टूबर, 2023 को जयपुर (राजस्थान) में आयोजित हुआ।

2. इसका उद्घाटन केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी ने किया।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से कथन सही है/हैं?

(a) केवल (1)
(b) केवल (2)
(c) (1) एवं (2) दोनों
(d) उपर्युक्त में से कोई नहीं

उत्तर - (d)

संबंधित तथ्य -

16वां भारतीय नगरीय परिवहन सम्मेलन एवं एक्सपो (16th Urban Mobility India Conferences Expo), 2023 आयोजित

- **कब —** 27 अक्टूबर, 2023 को
- **कहां —** नई दिल्ली में
- **किसके द्वारा —** आवासन और शहरी मामलों के मंत्रालय द्वारा दिल्ली मेट्रो रेल कॉर्पोरेशन (DMRC) लि. के सहयोग।
- **सम्मेलन का विषय है —** ''समन्वित और कुशल नगरीय परिवहन व्यवस्था''
- **उद्घाटन किया —** केंद्रीय आवासन और शहरी कार्य मंत्री हरदीप सिंह पुरी
- इसमें नगरों में कुशल, गुणात्मक और समन्वित शहरी प्रणालियों के डिजाइन और कार्यान्वयन के बारे में विचार-विमर्श किया गया।

चौथा गोवा समुद्री सम्मेलन, 2023

प्रश्न - निम्न कथनों पर विचार कीजिए-

(1) 29-31 अक्टूबर, 2023 के मध्य चौथा गोवा समुद्री सम्मेलन, 2023 नेवल वॉर कॉलेज गोवा में आयोजित हुआ।

(2) इसका मुख्य विषय-''हिंद महासागर क्षेत्र में समुद्री सुरक्षा: सामान्य समुद्री प्राथमिकताओं को सहयोगात्मक शमन ढांचे में परिवर्तित करना'' है।

उपर्युक्त कथनों को से कौन-सा/से कथन सही है/हैं?

(a) केवल (1)
(b) केवल (2)
(c) (1) एवं (2) दोनों
(d) उपर्युक्त में से कोई नहीं

उत्तर - (c)

चौथा गोवा समुद्री सम्मेलन, 2023 आयोजित

- **कब —** 29-31 अक्टूबर, 2023 को
- **कहां —** नेवल वॉर कॉलेज, गोवा में
- **किसके द्वारा —** भारतीय नौसेना
- **मुख्य विषय —** ''हिंद महासागर क्षेत्र में समुद्री सुरक्षा : सामान्य समुद्री प्राथमिकताओं को सहयोगात्मक शमन ढांचे में परिवर्तित करना''
- यह सम्मेलन भारतीय नौसेना की आउटरीच पहल है
- यह समुद्री सुरक्षा के अभ्यासकर्त्ताओं और शिक्षाविदों के सामूहिक ज्ञान को परिणामोन्मुख समुद्री विचार प्राप्त करने और उसका उपयोग करने के लिए एक बहुराष्ट्रीय मंच प्रदान करता है
- इस द्विवार्षिक कार्यक्रम के पिछले संस्करण वर्ष 2017, 2019 तथा 2021 में आयोजित किए गए थे
- इसमें भारतीय नौसेना प्रमुख एडमिरल आर.हरि कुमार 12 हिंद महासागर तटीय क्षेत्रों के नौसेना प्रमुखों/समुद्री बलों के प्रमुखों/वरिष्ठ प्रतिनिधियों की मेजबानी करेंगे
- जिनमें बांग्लादेश, कोमोरोस, इंडोनेशिया मेडागास्कर, मलेशिया मालदीव, मॉरीशस, म्यांमार, सेशेल्स, सिंगापुर, श्रीलंका और थाईलैंड शामिल हैं।

अंतरराष्ट्रीय अनुसंधान सम्मेलन, 2023

प्रश्न - अक्टूबर, 2023 में 'अंतरराष्ट्रीय अनुसंधान सम्मेलन, 2023' कहां आयोजित हुआ?

(a) जयपुर
(b) बंगलुरू
(c) कोलकाता
(d) नई दिल्ली

उत्तर - (d)

संबंधित तथ्य -

अंतरराष्ट्रीय अनुसंधान सम्मेलन, 2023 आयोजित

- **कब —** अक्टूबर, 2023 को
- **कहां —** नई दिल्ली में
- **किसके द्वारा —** अंतरराष्ट्रीय कृषि अनुसंधान पर सलाहकार समूह (CGIAR) जेंडर इंपैक्ट प्लेटफॉर्म और भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद (ICAR) द्वारा आयोजित
- **मुख्य विषय —** ''अनुसंधान से प्रभाव तक : न्यायसंगत और लचीली कृषि-खाद्य प्रणालियों की ओर''
- **उद्घाटन किया —** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने।

26वीं ऊर्जा प्रौद्योगिकी बैठक, 2023

प्रश्न - अक्टूबर, 2023 में 26वीं ऊर्जा प्रौद्योगिकी बैठक, 2023 कहां आयोजित हुई?

(a) बंगलुरू
(b) रांची
(c) नई दिल्ली
(d) पुणे

उत्तर - (c)

संबंधित तथ्य -

26वीं ऊर्जा प्रौद्योगिकी बैठक (26th Energy Technology Meet), 2023 आयोजित

- **कब —** 9-11 अक्टूबर, 2023 तक
- **कहां —** भारत मंडपम प्रगति मैदान, नई दिल्ली में
- **किसके द्वारा —** पेट्रोलियम एवं प्राकृतिक गैस मंत्रालय, भारत सरकार
- **मुख्य विषय (Theme) —** "Emerging Energy Trends & Future of Refining".
- **उद्घाटन किया —** केंद्रीय पेट्रोलियम एवं प्राकृतिक गैस मंत्री हरदीप सिंह पुरी ने।
- इस अवसर पर केंद्रीय मंत्री हरदीप सिंह पुरी ने कहा कि नवंबर, 2022 तक जैव ईंधन मिश्रण पर 10 प्रतिशत का लक्ष्य 5 माह पहले ही हासिल कर लिया गया है
- साथ ही 20 प्रतिशत जैव ईंधन सम्मिश्रण के लिए पहले से निर्धारित लक्ष्य 2030 के स्थान पर इसे 2025 कर दिया गया है।

8वां ब्रिक्स अंतरराष्ट्रीय प्रतिस्पर्धा सम्मेलन, 2023

प्रश्न - अक्टूबर, 2023 में 8वां ब्रिक्स अंतरराष्ट्रीय प्रतिस्पर्धा सम्मेलन, 2023 कहां आयोजित हुआ?

(a) नई दिल्ली
(b) भोपाल
(c) जयपुर
(d) मुंबई

उत्तर - (a)

संबंधित तथ्य -

8वां ब्रिक्स अंतरराष्ट्रीय प्रतिस्पर्धा सम्मेलन (8th BRICS International Competition Conference), 2023 आयोजित

- **कब —** 11-13 अक्टूबर, 2023 को
- **कहां —** नई दिल्ली में।
- **किसके द्वारा —** भारतीय प्रतिस्पर्धा आयोग (CCI)
- **सम्मेलन का विषय —** ''प्रतिस्पर्धा कानून और नीति में नए मुद्दे- आयाम परिप्रेक्ष्य, चुनौतियां''
- **उद्देश्य —** ब्रिक्स देशों में प्रतिस्पर्धा लागू करने में विभिन्न उभरते मुद्दों और चुनौतियों पर चर्चा करना
- इस सम्मेलन में ब्रिक्स और गैर-ब्रिक्स देशों के प्रतिस्पर्धा प्राधिकरण, प्रतिस्पर्धा कानून विशेषज्ञ, गैर-सरकारी सलाहकार और घरेलू आमंत्रितों के 600 से अधिक प्रतिनिधि भाग लिए
- वर्तमान में भारतीय प्रतिस्पर्धा आयोग की अध्यक्ष रवनीत कौर हैं।

इंडियन स्पेस कॉन्क्लेव, 2023

प्रश्न - अक्टूबर, 2023 में इंडियन स्पेस कॉन्क्लेव, 2023 कहां आयोजित हुआ?

(a) जयपुर
(b) हैदराबाद
(c) बंगलुरू
(d) नई दिल्ली

उत्तर - (d)

संबंधित तथ्य -

इंडियन स्पेस कॉन्क्लेव (Indian Space Conclave) 2023 आयोजित

- **कब —** 9-11 अक्टूबर, 2023 तक
- **कहां —** मानेकशॉ सेंटर, नई दिल्ली में
- **किसके द्वारा —** इंडियन स्पेस एसोसिएशन (ISpA)।

11वां ट्रैफिक इन्फ्रा-टेक एक्सपो और स्मार्ट मोबिलिटी सम्मेलन, 2023

प्रश्न - अक्टूबर, 2023 में 11वां ट्रैफिक एक्सपो और स्मार्ट मोबिलिटी सम्मेलन, 2023 कहां आयोजित हुआ?

(a) नई दिल्ली
(b) जयपुर
(c) मुंबई
(d) बंगलुरू

उत्तर - (a)

संबंधित तथ्य -

11वां ट्रैफिक इन्फ्रा-टेक एक्सपो और स्मार्ट मोबिलिटी सम्मेलन, 2023 आयोजित

- **कब —** 10-12 अक्टूबर, 2023 तक
- **कहां —** प्रगति मैदान, नई दिल्ली में
- **किसके द्वारा —** इलेक्ट्रॉनिक्स एवं आईटी मंत्रालय, भारत सरकार
- इस दौरान, स्वदेशी रूप से विकसित निम्न 3 प्रौद्योगिकियों का शुभारंभ किया गया, जो इस प्रकार हैं-

1. **औद्योगिक विजन अनुप्रयोगों के लिए सीएमओएस सेंसर आधारित कैमरा (IVIS) —** यह विभिन्न वस्तुओं के स्वचालित निरीक्षण और पहचान के निए स्वदेशी प्रौद्योगिकी है।
2. **थर्मल सेंसर आधारित कैमरा (TVITS) —** यह सड़क यातायात अनुप्रयोगों के लिए कृत्रिम बुद्धिमत्ता (AI) युक्त थर्मल सेंसर आधारित स्मार्ट विजन कैमरा है। यह मौसम की सभी स्थितियों में यहां तक कि पूरी तरह अंधेरे के वातावरण में भी उच्च सटीकता के साथ स्थिर और गतिशील वस्तुओं का डेटा प्रदान कर सकता है।
3. **ऑनलाइन सुक्रो क्रिस्टल इमेजिंग सिस्टम (OSIS) —** यह एक प्रणाली है, जिसे चीनी उद्योगों में क्रिस्टल का आकार मापने के लिए आद्योगिक कैमरे का उपयोग करके विकसित किया गया है।

दिव्य कला मेला, 2023

प्रश्न - 6-15 अक्टूबर, 2023 के मध्य 'दिव्य कला मेला, 2023 कहां आयोजित किया गया?

(a) लखनऊ
(b) सिकंदराबाद
(c) जयपुर
(d) गुवाहाटी

उत्तर - (b)

संबंधित तथ्य -

दिव्य कला मेला, 2023 आयोजित

- **कब —** 6-15 अक्टूबर, 2023
- **कहां —** सिकंदराबाद, हैदराबाद
- **किसके द्वारा —** दिव्यांगजन सशक्तीकरण विभाग, सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्रालय, भारत सरकार
- यह दिव्यांगजनों के आर्थिक सशक्तीकरण की दिशा में इस मंत्रालय की एक अनूठी पहल है
- यह मेला दिव्यांगजनों के उत्पादों और कौशल के विपणन और प्रदर्शन के लिए एक बड़ा मंच प्रस्तुत करता है
- यह मेला, वाराणसी, 2022 से शुरू होने वाली में सातवां शृंखला है।
- इसका छठवां संस्करण 15-24 सितंबर, 2023 को सातवीं शृंखला है वाराणसी (उ.प्र.) में संपन्न हुआ
- यह कार्यक्रम वर्ष 2023-2024 के दौरान 12 शहरों में आयोजित किया

पीएटीए ट्रैवल मार्ट, 2023

प्रश्न - अक्टूबर, 2023 में मध्य पैसिफिक एशिया ट्रैवल एसोसिएशन (PATA) ट्रैवल मार्ट, 2023 का 46वां संस्करण कहां आयोजित

हुआ?

(a) जयपुर
(b) नई दिल्ली
(c) गुवाहाटी
(d) मुंबई

उत्तर - (b)

संबंधित तथ्य -

46वां पैसिफिक एशिया ट्रैवल एसोसिएशन (PATA) ट्रैवल मार्ट, 2023 आयोजित

- **कब** — 4-6 अक्टूबर, 2023
- **कहां** — अंतरराष्ट्रीय प्रदर्शनी-सह-कन्वेंशन सेंटर (IECC) प्रगति मैदान, नई दिल्ली
- **किसके द्वारा** — पर्यटन मंत्रालय, भारत सरकार
- इसमें विश्वभर के पर्यटन पेशेवर एवं व्यावसायिक हितधारक एक साथ आए
- **पीएटीए के बारे में** — यह एक प्रसिद्ध गैर-लाभकारी एसोसिएशन है, जिसे एशिया प्रशांत क्षेत्र में यात्रा और पर्यटन के विकास में उत्प्रेरक के रूप में अपनी भूमिका को अंतरराष्ट्रीय स्तर पर मान्यता प्राप्त है
- इसकी स्थापना वर्ष 1951 में हुई थी।
- **मुख्यालय** — बैंकॉक, थाईलैंड।

जी-20 वित्त मंत्रियों और केंद्रीय बैंक गवर्नरों की चौथी बैठक, 2023

प्रश्न - अक्टूबर, 2023 में जी-20 वित्त मंत्रियों और केंद्रीय बैंक गवर्नरों की चौथी बैठक, 2023 कहां आयोजित हुई?

(a) नई दिल्ली
(b) मराकेश
(c) जोहान्सबर्ग
(d) वियना

उत्तर - (b)

संबंधित तथ्य -

जी-20 वित्त मंत्रियों और केंद्रीय बैंक गवर्नरों की चौथी बैठक, 2023 आयोजित

- भारत की जी-20 अध्यक्षता के तहत
- **कब** — 12-13 अक्टूबर, 2023
- **कहां** — मराकेश, मोरक्को
- केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने इस बैठक की अध्यक्षता की।
- इस बैठक में क्रिप्टो एसेट्स से जुड़े जी-20 रोडमैप को स्वीकार किया गया।

चौथा जैव-ऊर्जा अनुसंधान में हालिया प्रगति पर अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन, 2023

प्रश्न - अक्टूबर, 2023 में चौथा जैव-ऊर्जा अनुसंधान में हालिया प्रगति पर अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन, 2023 कहां आयोजित हुआ?

(a) नई दिल्ली
(b) कपूरथला
(c) पुणे
(d) जयपुर

उत्तर - (b)

संबंधित तथ्य -

चौथा जैव-ऊर्जा अनुसंधान में हालिया प्रगति पर अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन, (4th International Conference on Recent Advances in Bio-Energy Reserch), 2023 आयोजित

- **कब** — 9-12 अक्टूबर, 2023
- **कहां** — कपूरथला, पंजाब
- **किसके द्वारा** — सरदार स्वर्ण सिंह राष्ट्रीय जैव-ऊर्जा संस्थान (SSS-NIBE)
- यह संस्थान भारत सरकार के नवीन और नवीकरणीय ऊर्जा मंत्रालय के तहत एक स्वायत्त संस्थान है।
- सम्मेलन के व्यापक बायोमास संसाधन प्रबंधन, बायोमास/अपशिष्ट का ऊर्जा में रूपांतरण विषय बायोमास आदि है।
- इस अवसर पर नवीन एवं नवीकरणीय ऊर्जा मंत्रालय के राष्ट्रीय जैव-ऊर्जा कार्यक्रम के प्रचार और जागरूकता अभियान का भी उद्घाटन किया गया।

पहला भारत-ब्रिटेन 2+2 विदेश और रक्षा संवाद, 2023

प्रश्न - अक्टूबर, 2023 में पहला भारत-ब्रिटेन 2+2 विदेश और रक्षा संवाद, 2023 कहां संपन्न हुआ?

(a) लंदन
(b) मुंबई
(c) जयपुर
(d) नई दिल्ली

उत्तर - (d)

संबंधित तथ्य -

पहला भारत-ब्रिटेन 2+2 विदेश और रक्षा संवाद, 2023 आयोजित

- **कब** — 16 अक्टूबर, 2023
- **कहां** — नई दिल्ली
- यह संवाद दोनों देशों की विस्तृत कूटनीतिक सहभागिता के सभी पक्षों की समीक्षा और विचार-विमर्श करने का एक माध्यम है।

❖ इस संवाद में दोनों पक्षों ने व्यापार, निवेश, रक्षा, उभरती टेक्नोलॉजी नागरिक विमानन, स्वास्थ्य, ऊर्जा, संस्कृति के क्षेत्रों में सहयोग बढ़ाने और लोगों के बीच संपर्क मजबूत करने की संभावना पर चर्चा की।

❖ इसके अलावा, दोनों पक्षों के बीच आतंकवाद और समुद्री सुरक्षा के क्षेत्र में भी सहयोग बढ़ाने की संभावनाओं पर बातचीत की।

❖ उल्लेखनीय है कि भारत-अमेरिका, जापान, रूस तथा ऑस्ट्रेलिया के साथ भी 2+2 संवाद करता है।

भारत और यूएई के उच्चस्तरीय संयुक्त कार्यबल की 11वीं बैठक, 2023

प्रश्न - 5 अक्टूबर, 2023 को निवेश पर भारत और यूएई के उच्चस्तरीय संयुक्त कार्यबल की 11वीं बैठक, 2023 कहां आयोजित हुई?

(a) अबू धाबी
(b) शारजाह
(c) रियाद
(d) नई दिल्ली

उत्तर - (a)

संबंधित तथ्य -

निवेश पर भारत और यूएई के उच्च स्तरीय संयुक्त कार्य बल की 11वीं बैठक, 2023

- **कब** — 5 अक्टूबर, 2023
- **कहां** — अबू धाबी, संयुक्त अरब अमीरात
- **सह-अध्यक्षता की** — अबू धाबी निवेश प्राधिकरण (ADIA) के प्रबंध निदेशक शेख हमीद बिन जायद अल नाहयान और भारत के वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने।
- बैठक के दौरान सह-अध्यक्षों ने दोनों देशों के बीच व्यापक आर्थिक साझेदारी समझौते (CEPA) के कार्यान्वयन पर हुई प्रगति की समीक्षा की, जो मई, 2022 में लागू हुआ था।
- ज्ञातव्य है कि दोनों देशों के बीच व्यापार, निवेश और आर्थिक संबंधों को बढ़ावा देने के लिए वर्ष 2013 में संयुक्त कार्य बल की स्थापना हुई थी।

तीसरा आतंकवाद-विरोधी सम्मेलन, 2023

प्रश्न - तीसरे आतंकवाद-विरोधी सम्मेलन, 2023 से संबंधित निम्न कथनों पर विचार कीजिए-

1. यह सम्मेलन, 5-6 अक्टूबर, 2023 के मध्य हैदराबाद में आयोजित हुआ।
2. इसका आयोजन राष्ट्रीय जांच एजेंसी (NIA) द्वारा किया गया था।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से कथन सही है/हैं?

(a) केवल (1)
(b) केवल (2)
(c) (1) एवं (2) दोनों
(d) उपर्युक्त में से कोई नहीं

उत्तर - (b)

संबंधित तथ्य -

तीसरा आतंकवाद - विरोधी सम्मेलन (3rd Anti - Terror Conference), 2023 आयोजित

- **कब** — 5-6 अक्टूबर, 2023
- **कहां** — नई दिल्ली
- **उद्घाटन किया** — केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह
- **किसके द्वारा** — राष्ट्रीय जांच एजेंसी (NIA)
- इस अवसर पर गृह मंत्री ने एनआईए अधिकारियों को उत्कृष्ट सेवा के लिए पदक प्रदान किए।

एटोजीरो (एक्सिलरेट टू नेट जीरो) आसियान शिखर सम्मेलन, प्रदर्शनी, 2023

प्रश्न - अक्टूबर, 2023 को एटोजीरो (एक्सिलरेट टू नेट जीरो) आसियान शिखर सम्मेलन एवं प्रदर्शनी, 2023 कहां आयोजित हुआ?

(a) नई दिल्ली
(b) ढाका
(c) बैंकॉक
(d) कुआलालंपुर

उत्तर - (d)

संबंधित तथ्य -

एटोजीरो (एक्सिलरेट टू नेट जीरो) आसियान शिखर सम्मेलन एवं प्रदर्शनी, 2023 आयोजित

- **कब** — 4-6 अक्टूबर, 2023
- **कहां** — कुआलालंपुर, मलेशिया
- **मुख्य विषय** — "Accelerating Net Zero Pathways Across Asia.
- इसमें भारतीय नवीकरणीय ऊर्जा विकास एजेंसी लि. (इरेडा) मंडप

9वां जी-20 संसदीय अध्यक्ष शिखर सम्मेलन (पी-20), 2023

प्रश्न - अक्टूबर, 2023 में 9वां जी-20 संसदीय अध्यक्ष शिखर सम्मेलन (पी-20) कहां आयोजित हुआ?

(a) नई दिल्ली
(b) जयपुर
(c) ढाका
(d) कोलंबो

उत्तर - (a)

संबंधित तथ्य -

9वां जी-20 संसदीय अध्यक्ष शिखर सम्मेलन (पी-20), 2023 आयोजित

- **कब** — 13-14 अक्टूबर, 2023
- **कहां** — इंडिया इंटरनेशनल कन्वेंशन एंड एक्सपो सेंटर (IICC), यशोभूमि, नई दिल्ली।
- **थीम:** — वसुधैव कुटुंबकम-एक पृथ्वी एक परिवार, एक भविष्य के लिये संसद
- लोक सभा अध्यक्ष ओम बिरला ने इसकी अध्यक्षता की।
- इसमें जी-20 देशों के अलावा 10 अन्य देश एवं अंतरराष्ट्रीय संगठन भी भाग लिए।
- पैन अफ्रीकी संसद के अध्यक्ष पहली बार भारत में इस सम्मेलन में भाग लेंगे।
- इस सम्मेलन से पहले 12 अक्टूबर, 2023 को Life (पर्यावरण के लिए जीवन शैली) पर एक संसदीय फोरम का आयोजन किया गया।
- मिशन 'लाइफ' का शुभारंभ 20 अक्टूबर, 2022 को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और संयुक्त राष्ट्र के महासचिव एंटोनियो गुटेरेस द्वारा केवड़िया, गुजरात में किया गया था।
- यह पहल पर्यावरण के प्रति जागरूक जीवन शैली और 'कम करें, पुन: उपयोग करें एवं पुनर्चक्रण' के सिद्धांत के आधार पर सतत विकास की दिशा में प्रभावशाली ढंग से काम कर रही है।

18वां भारत-वियतनाम संयुक्त आयोग की बैठक, 2023

प्रश्न - अक्टूबर, 2023 में 18वां भारत-वियतनाम संयुक्त आयोग की बैठक, 2023 कहां आयोजित हुई?

(a) नई दिल्ली
(b) पोर्ट लुईस
(c) बैंकॉक
(d) हनोई

उत्तर - (d)

संबंधित तथ्य -

18वीं भारत-वियतनाम संयुक्त आयोग की बैठक, 2023 आयोजित

- **कब** — 16 अक्टूबर, 2023
- **कहां** — हनोई, वियतनाम
- **सह-अध्यक्षता की** — भारत के विदेश मंत्री डॉ. एस. जयशंकर तथा वियतनाम के विदेश मंत्री बुई थान सोन ने।
- बैठक में राजनीतिक, रक्षा और समुद्री सुरक्षा, न्यायिक, व्यापार और निवेश, ऊर्जा विकास शिक्षा और प्रशिक्षण, विज्ञान और प्रौद्योगिकी और सांस्कृतिक क्षेत्रों में सहयोग जैसे विषय शामिल थे।
- दोनों नेताओं ने भारत प्रशांत क्षेत्र, वैश्विक मुद्दों के प्रति प्रतिबद्धता और विभिन्न बहुपक्षीय समूहों में सहयोग पर दृष्टिकोण साझा किए।
- इसके अलावा दोनों नेताओं ने संयुक्त रूप से भारत और वियतनाम के बीच राजनयिक संबंधों की स्थापना के 50 वर्ष पूरे होने के उपलक्ष्य में स्मारक टिकटों का भी अनावरण किया।

संधि/समझौता

भारत में एयरोस्पेस-प्रतिभा आधार को बढ़ावा देने हेतु समझौता

प्रश्न - 23 अक्टूबर, 2023 को एयरबस और किस भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान (आईआईटी) के बीच भारत में एयरोस्पेस प्रतिभा आधार को बढ़ावा देने हेतु समझौता-ज्ञापन हस्ताक्षरित हुआ है?

(a) आईआईटी कानपुर
(b) आईआईटी मद्रास
(c) आईआईटी रुड़की
(d) आईआईटी खड़गपुर

उत्तर - (a)

संबंधित तथ्य -

भारत में एयरोस्पेस प्रतिभा आधार को बढ़ावा देने हेतु समझौता

- **इस संबंध में समझौता-ज्ञापन हस्ताक्षरित** — एयरबस और आईआईटी कानपुर के मध्य
- **कब** — 23 अक्टूबर, 2023 को
- **उद्देश्य** — भारतीय एयरोस्पेस क्षेत्र में प्रतिभा विकास को बढ़ावा देने हेतु अनुसंधान पर विशेष ध्यान देने के साथ शिक्षा कार्यक्रमों के विकास में सहयोग बढ़ाना।

❖ इस समझौता-ज्ञापन के तहत युवा उम्मीदवारों को आगे बढ़ाने और भारत के बढ़ते एयरोस्पेस उद्योग के लिए भविष्य के प्रतिभा पूल का निर्माण करने हेतु शिक्षा, अनुसंधान और प्रशिक्षण में एयरबस की विशेषज्ञता और आईआईटी कानपुर की क्षमताओं का उपयोग किया जाएगा।

❖ सहयोग के तहत दोनों संस्थाएं उन्नत प्रौद्योगिकियों में अनुसंधान को बढ़ावा देंगी और भारत में एयरोस्पेस छात्रों के लिए तकनीकी क्षमताओं को बढ़ाने के लिए कार्यक्रम और गतिविधियां विकसित करेंगी।

❖ साझेदारी का उद्देश्य एक सहयोगी संस्कृति का निर्माण करना है, जो आईआईटी कानपुर के छात्रों को मार्गदर्शन, अनुभव और अमूल्य अनुभव प्रदान करता है।

भारत-जापान के मध्य समझौता

प्रश्न - 25 अक्टूबर, 2023 को केंद्रीय मंत्रिमंडल ने इलेक्ट्रॉनिक्स एवं सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय, भारत सरकार और जापान के अर्थव्यवस्था, व्यापार और उद्योग मंत्रालय के बीच जुलाई, 2023 में जापान-भारत सेमीकंडक्टर आपूर्ति शृंखला साझेदारी हेतु हस्ताक्षरित सहयोग-ज्ञापन (एमओसी) से अवगत कराया गया। इस सहयोग-ज्ञापन (एमओसी) की अवधि कितनी है?

(a) 2 वर्ष
(b) 3 वर्ष
(c) 5 वर्ष
(d) 6 वर्ष

उत्तर - (c)

संबंधित तथ्य -

भारत-जापान के मध्य समझौता

- **केंद्रीय मंत्रिमंडल को दोनों देशों के मध्य हस्ताक्षरित सहयोग ज्ञापन- (एमओसी) से अवगत कराया गया—** 25 अक्टूबर, 2023 को
- **यह सहयोग ज्ञापन-हस्ताक्षरित हुआ था —** जुलाई, 2023 में जापान-भारत सेमीकंडक्टर आपूर्ति शृंखला साझेदारी हेतु
- **किसके मध्य —** इलेक्ट्रॉनिक्स और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय, भारत सरकार और जापान के अर्थव्यवस्था, व्यापार और उद्योग मंत्रालय के मध्य
- **सहयोग ज्ञापन का उद्देश्य —** उद्योगों और डिजिटल प्रौद्योगिकियों की उन्नति हेतु सेमीकंडक्टर के तहत पहचान करते हुए सेमीकंडक्टर आपूर्ति शृंखला को संवर्धित करने की दिशा में भारत और जापान के बीच सहयोग को मजबूत बनाना
- **यह एमओसी प्रभावी होगा-**दोनों पक्षों के हस्ताक्षर की तारीख से
- **एमओसी की अवधि-**5 वर्ष।

- एमओसी के तहत लचीली सेमीकंडक्टर आपूर्ति शृंखला को आगे बढ़ाने और पूरक शक्तियों का लाभ उठाने के अवसरों पर जी-2 जी और बी 2 बी दोनों तरह के द्विपक्षीय सहयोग बढ़ाए जाएंगे।
- इससे आईटी के क्षेत्र में रोजगार के अवसर सृजित होंगे।

आईबीएम और एमईआईटीवाई के साथ जुड़ी तीन संस्थाओं के मध्य समझौता

प्रश्न - अक्टूबर, 2023 में आईबीएम ने इलेक्ट्रॉनिक्स एवं सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय (एमईआईटीवाई) से जुड़ी तीन संस्थाओं के साथ तीन समझौता-ज्ञापनों पर हस्ताक्षर करने की घोषणा की। विकल्प में कौन-सी संस्था इन तीन संस्थाओं में शामिल नहीं है?

(a) इंडिया एआई
(b) भारत सेमीकंडक्टर मिशन (आईएसएम)
(c) सी-डैक
(d) सी-एमईटी

उत्तर - (d)

संबंधित तथ्य -

आईबीएम और एमईआईटीवाई (इलेक्ट्रॉनिक्स) और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय के साथ जुड़ी तीन संस्थाओं के मध्य समझौता

- **तीनों संस्थाओं के साथ तीन समझौता-ज्ञापनों पर हस्ताक्षर करने की घोषणा —** आईबीएम द्वारा
- **कब —** 18 अक्टूबर, 2023 को
- **किसलिए —** भारत मे कृत्रिम बुद्धिमता (एआई), सेमीकंडक्टर, और क्वांटम प्रौद्योगिकी में नवाचार को आगे बढ़ाने और तेज करने हेतु
- **समझौता-ज्ञापन पर हस्ताक्षरकर्ता तीन संस्थाएं —** इंडिया एआई, भारत सेमीकंक्टर मिशन (आईएसएम) और सी-डैक (C-DAC)
- **इन सहयोगों का उद्देश्य —** कृत्रिम बुद्धिमता (एआई) के लिए भारत की व्यापक राष्ट्रीय रणनीति में तेजी लाना, सेमीकंडक्टर (अर्धचालक) प्रौद्योगिकी में आत्मनिर्भरता और राष्ट्रीय क्वांटम मिशन को आगे बढ़ाना।

- **समझौता-ज्ञापन से संबंधित अन्य तथ्य-**
- कृत्रिम बुद्धिमता प्रशिक्षण (एआई), पारिस्थितिकी तंत्र विकास पर ध्यान केंद्रित करने और आईबीएम वाटसनक्स एआई और डेटा प्लेटफॉर्म पर पहुंच के साथ उन्नत फाउंडेशन मॉडल और जेनरेटिव एआई क्षमताओं को एकीकृत करने हेतु एक विश्व स्तरीय राष्ट्रीय एआई इनोवेशन प्लेटफॉर्म की स्थापना करना।
- एक अनुसंधान केंद्र की स्थापना हेतु भारत सेमीकंडक्टर मिशन के साथ सहयोग करना जो भारत में सेमीकंडक्टर अनुसंधान और विकास (आर एंड डी) पारिस्थतिकी तंत्र के विकास को उत्प्रेरित करता है, जिसके लिए आईबीएम एक ज्ञान भागीदार होगा।
- क्वांटम कार्यबल को बढ़ाने, अनुप्रयोगों को विकसित करने और क्वांटम उद्योग के निर्माण की दिशा में भारत में आर्थिक अवसरों को बढ़ावा देने के उद्देश्य से सी-डैक के साथ सहयोग।

स्काईरूट एयरोस्पेस तथा प्रोमेथी के बीच समझौते पर हस्ताक्षर

प्रश्न - निम्न कथनों पर विचार कीजिए?

(i) भारतीय रॉकेट फर्म स्काईरूट, फ्रांसीसी कंपनी प्रोमेथी के लिए उपग्रह लांच करेगी।
(ii) हाल ही में स्काईरूट एयरोस्पेस के सह-संस्थापक पवन चंदना और नागा भरत डाका तथा प्रोमेथी के सह-संस्थापक और सीईओ ओलिवियर पीप्सज के मध्य समझौते पर हस्ताक्षर किया गया।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से कथन सही है/हैं?

(a) (i) तथा (ii) दोनों
(b) केवल (i)
(c) केवल (ii)
(d) इनमें से कोई भी नहीं

उत्तर - (a)

संबंधित तथ्य -

- **स्काईरूट एयरोस्पेश तथा प्रोमेथी के बीच समझौते पर हस्ताक्षर-**
- अक्टूबर, 2023 में स्पेसटेक स्टार्ट-अप 'स्काईरूट एयरोस्पेस' तथा 'फ्रांसीसी पृथ्वी अवलोकन तारामंडल ऑपरेटर प्रोमेथी अर्थ इंटेलिजेंस' के साथ समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर हस्ताक्षर किया गया।
- यह समझौता फ्रांसीसी कंपनी प्रोमेथी के सह-संस्थापक और सीईओ ओलिवियर पीप्सज तथा स्काईरूट एयरोस्पेस के सह-संस्थापक पवन चंदना और भरत डाका के बीच सम्पन्न हुआ।

स्काईरूट एयरोस्पेस तथा प्रोमेथी के बीच समझौते पर हस्ताक्षर

- आगामी विक्रम-1 कक्षीय प्रक्षेपण और अन्य विक्रम मिशनों की दिशा में स्काईरूट का महत्वपूर्ण कदम
- स्काईरूट द्वारा अपने विक्रम रॉकेट का उपयोग कर प्रोमेथी के जेपेटस पृथ्वी अवलोकन समूह हेतु उपग्रह प्रक्षेपण सेवाएं प्रदान करेगा।
- समझौते का लक्ष्य इस उपग्रह कंपनियों के लिए स्काईरूट से लांच सेवाओं की खरीद का नेतृत्व करना है, जिसमें कई विक्रम अंतरिक्ष प्रक्षेपण शामिल हैं।
- हैदराबाद स्थित स्काईरूट एयरोस्पेस ने फ्रांसीसी कंपनियों प्रोमेथी और कनेक्टसैट के साथ दो समझौता-ज्ञापन (एमओयू) पर हस्ताक्षर किए हैं।

❖ **स्काईरूट एयरोस्पेस एक नजर-**

स्काईरूट एयरोस्पेस एक नजर

- **स्थापना —** जुलाई, 2018
- **उद्योग —** एयरोस्पेस
- **मुख्यालय —** हैदाबाद, तेलंगाना, (भारत)
- **संस्थापक —** पवन कुमार चंदना तथा नागा भरत डाका
- स्काईरूट एयरोस्पेस प्राइवेट लिमिटेड एक भारतीय निजी एयरोस्पेस और वाणिज्यिक लांच सेवा प्रदाता हैं।

❖ **अन्य महत्वपूर्ण तथ्य-** ध्यातव्य है कि प्रोमेथी के लगभग 50 प्रतिशत उपग्रहों को विशिष्ट कक्षीय आवश्यकताओं की आवश्यकता होती है, जिससे यह स्काईरूट के विक्रम लांच वाहनों को उनके उपग्रह समूह के एक भाग को तैनात करने में एक महत्वपूर्ण विकल्प है।

एनआरएफएमटीटीआई-महिंद्रा एंड महिंद्रा लिमिटेड मुंबई के मध्य समझौता

प्रश्न - अक्टूबर, 2023 में उत्तरी क्षेत्र फार्म मशीनरी प्रशिक्षण और परीक्षण संस्थान (एनआरएफएमटीटीआई) और महिंद्रा एंड महिंद्रा लिमिटेड मुंबई के मध्य एक समझौता-ज्ञापन हस्ताक्षरित हुआ। एनआरएफएमटीटीआई कहां स्थित है?

(a) दिल्ली
(b) हिसार
(c) गुरुग्राम
(d) जयपुर

उत्तर - (b)

संबंधित तथ्य -

उत्तरी क्षेत्र फार्म मशीनरी प्रशिक्षण और परीक्षण संस्थान (एनआरएफएमटीटीआई)-महिंद्रा एंड महिंद्रा लिमिटेड, मुंबई के मध्य समझौता

- **दोनों के मध्य समझौता-ज्ञापन —** 6 अक्टूबर, 2023
- **रणनीतिक साझेदारी का उद्देश्य —** युवाओं के बीच कौशल विकास को बढ़ावा देना तथा उन्हें कृषि मशीनीकरण के क्षेत्र में वॅकॅरियर के लिए आवश्यक विशेषज्ञता से लैस करना
- **प्राथमिक उद्देश्य—** उद्योग की आवश्यकताओं और युवाओं के पास मौजूदा कौशलों के बीच अंतर को पाटना और अंतत: कृषि मशीनी करण क्षेत्र में कार्यबल को मजबूत बनाना।
- **एनआरएफएमटीटीआई स्थित है —** हिसार, हरियाणा में
- **यह संस्थान संबद्ध है —** कृषि एवं किसान कल्याण मंत्रालय, भारत सरकार

❖ एमआरएफएमटीटीआई और अग्रणी कृषि मशीनरी निर्माता द्वारा संयुक्त रूप से कृषि मशीनरी उद्योग की विशिष्ट आवश्यकताओं के अनुरूप कौशल विकास कार्यक्रम डिजाइन और कार्यान्वित किया जाएगा।

❖ महिंद्रा एंड महिंद्रा नामांकित छात्रों के लिए उच्च गुणवत्ता वाले प्रशिक्षण सुनिश्चित करने हेतु विश्व स्तरीय प्रशिक्षण सुविधाएं, प्रयोगशालाएं और अनुभवी संकाय विकसित करेगा।

❖ इस साझेदारी से विनिर्माण कंपनी के भीतर छात्रों हेतु इंटर्नशिप के अवसरों की सुविधा प्रदत्त होगी।

पहले भारतीय तटरक्षक प्रशिक्षण जहाज के निर्माण हेतु समझौता

प्रश्न - 17 अक्टूबर, 2023 को रक्षा मंत्रालय ने पहले भारतीय तटरक्षक प्रशिक्षण जहाज के निर्माण हेतु किसके साथ अनुबंध पर हस्ताक्षर किए हैं?

(a) कोचीन शिपयार्ड लिमिटेड
(b) गार्डन रीच शिपबिल्डर्स एंड इंजीनियर्स
(c) मझगांव डॉक शिपबिल्डर्स लिमिटेड
(d) सी ब्लू शिपयार्ड लिमिटेड

उत्तर - (c)

संबंधित तथ्य -

पहले भारतीय तटरक्षक प्रशिक्षण जहाज के निर्माण हेतु समझौता

- **इस संबंध में अनुबंध हस्ताक्षरित —** 17 अक्टूबर, 2023
- **कहां —** नई दिल्ली में
- **किसके तहत —** खरीद (भारत-आईडीडीएम) श्रेणी
- **अनुबंध पर हस्ताक्षर किए —** रक्षा मंत्रालय और मझगांव डॉक शिपबिल्डर्स लिमिटेड (एमडीएल) ने
- **निर्माण लागत राशि —** 310 करोड़ रुपये
- **विशेष तथ्य —** यह एकीकृत हेलीकॉप्टर क्षमताओं के साथ पहला समर्पित प्रशिक्षण मंच है, जो 70 तटरक्षक बल और अन्य अंतरराष्ट्रीय प्रशिक्षु अधिकारियों को बुनियादी प्रशिक्षण प्रदान करेगा।

❖ उन्नत और आधुनिक उच्च तकनीक निगरानी प्रणाली और सतर्कता प्रणालियों वाला यह प्रशिक्षण जहाज समुद्री तट और अपतटीय संपदा की सुरक्षा सुनिश्चित करेगा।

❖ यह प्रशिक्षण जहाज समुद्र में चुनौतियों पर आईसीजी कैडटों को गहरी समझ और विशेषज्ञता प्रदान करेगा।

आईएनएस व्यास का मिड लाइफ अपग्रेड और उसे पुन: सशक्त बनाने हेतु समझौता

प्रश्न - अक्टूबर, 2023 में रक्षा मंत्रालय ने आईएनएस व्यास के मिड लाइफ अपग्रेड और उसे पुन: सशक्त बनाने हेतु किस शिपयार्ड के साथ अनुबंध पर हस्ताक्षर किए हैं?

(a) गोवा शिपयार्ड लिमिटेड
(b) हिंदुस्तान शिपयार्ड लिमिटेड
(c) कोचीन शिपयार्ड लिमिटेड
(d) एबीजी शिपयार्ड लिमिटेड

उत्तर - (c)

संबंधित तथ्य -

आईएनएस व्यास का मिड लाइफ अपग्रेड और उसे पुन: सशक्त बनाने हेतु समझौता

- **इस संबंध में अनुबंध हस्ताक्षरित —** रक्षा मंत्रालय और कोचीन शिपयार्ड लिमिटेड (सीएसएल) के मध्य
- **कब —** 16 अक्टूबर, 2023
- **अनुबंध की राशि —** 313.42 करोड़ रुपये
- **पुन: इसे सशक्त बनाने की परियोजना में शामिल होंगे —** 50 से अधिक एमएसएमई
- **विशेष तथ्य —** आईएनएस व्यास ब्रह्मपुत्र श्रेणी का पहला युद्धपोत होगा जो भाप के इंजन के स्थान पर डीजल से पुन: संचालित होगा।
- यह युद्धपोत आधुनिक हथियार भंडार और उन्नत लड़ाकू क्षमता के साथ वर्ष 2026 में भारतीय नौसेना के सक्रिय बेड़े में शामिल हो जाएगा।

संयुक्त अरब अमीरात में घरेलू कार्ड स्कीम (डीसीएस) के कार्यान्वयन हेतु समझौता

प्रश्न - अक्टूबर, 2023 में एनपीसीआई इंटरनेशनल पेमेंट्स लिमिटेड (एनआईपीएल) ने संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) में घरेलू कार्ड स्कीम (डीसीएस) के कार्यान्वयन हेतु किसके साथ रणनीतिक साझेदारी समझौता किया है?

(a) सेंट्रल बैंक ऑफ यूएई
(b) यूएई पेमेंट्स
(c) अल एतिहाद पेमेंट्स (AEP)
(d) उपरोक्त में कोई नहीं

उत्तर - (c)

संबंधित तथ्य -

संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) में घरेलू कार्ड स्कीम (डीसीएस) के कार्यान्वयन हेतु समझौता

- **कार्यान्वयन हेतु रणनीतिक साझेदारी समझौता हस्ताक्षरित —** एनपीसीआई इंटरनेशनल पेमेंट्स लिमिटेड (एनआईपीएल) और अल एतिहाद पेमेंट्स (AEP) के मध्य 5 अक्टूबर, 2023 को
- **समझौते के अनुसार —** एनआईपीएल और अल एतिहाद पेमेंट्स यूएई की राष्ट्रीय घरेलू कार्ड योजना के निर्माण, कार्यान्वयन और प्रचालन के लिए मिलकर काम करेंगे।
- **घरेलू कार्ड योजना का निर्माण, कार्यान्वयन और संचालन होगा —** भारत के रुपे कार्ड की तर्ज पर
- **घरेलू कार्ड स्कीम डीसीएस का लक्ष्य —**
  - यूएई में ई-कॉमर्स और डिजिटल लेन-देन के विकास को सुविधाजनक बनाना
  - वित्तीय समावेशन को बढ़ावा देना
  - यूएई के डिजिटलीकरण एजेंडा की सहायता
  - वैकल्पिक भुगतान विकल्पों को बढ़ाना
  - भुगतान की लागत को कम करना
  - वैश्विक स्तर पर यूएई की प्रतिस्पर्धात्मकता और वैश्विक पेमेंट लीडर के रूप में स्थिति को बढ़ाना
- **डीसीएस सॉल्यूशन आधारित है —** संप्रभुता, बाजार की गति, नवोन्मेषण, डिजिटलीकरण और रणनीतिक स्वतंत्रता के सिद्धांतों पर
- **एनआईपीएल द्वारा प्रदत्त डीसीएस सॉल्यूशन में शामिल हैं —** रुपे स्टैक और धोखाधड़ी निगरानी सेवाएं और विश्लेषण जैसी मूल्य वर्धित सेवाएं।

- रुपे (Ru Pay) भारत में एक स्वदेशी, अत्यंत सुरक्षित और व्यापक रूप से स्वीकृत कार्ड पेमेंट नेटवर्क है, जिसमें डेबिट, क्रेडिट और प्रीपेड सुविधाएं हैं।
- वर्तमान में 750 मिलियन से अधिक रुपे कार्ड प्रचलन में हैं।
- भारत में जारी कुल कार्डों में से 60 प्रतिशत से अधिक रुपे कार्ड हैं।

संघ/संगठन

राष्ट्रीय हल्दी बोर्ड

प्रश्न - 4 अक्टूबर, 2023 को भारत सरकार ने राष्ट्रीय हल्दी बोर्ड के गठन को अधिसूचित किया। भारत से हल्दी का निर्यात कब तक बढ़कर 1 बिलियन डॉलर तक पहुंचने की उम्मीद है?

(a) वर्ष 2025
(b) वर्ष 2026
(c) वर्ष 2028
(d) वर्ष 2030

उत्तर - (d)

संबंधित तथ्य -

राष्ट्रीय हल्दी बोर्ड

- **इसके गठन को अधिसूचित किया गया —** 4 अक्टूबर, 2023 को
- **अधिसूचितकर्त्ता —** भारत सरकार
- **यह बोर्ड फोकस करेगा —** देश में हल्दी और हल्दी उत्पादों के विकास और वृद्धि पर
- **बोर्ड बढ़ावा देगा —** हल्दी के बारे में जागरूकता और खपत को
  - ➲ नए उत्पादों में अनुसंधान और विकास को
- **यह बोर्ड विकसित करेगा —** निर्यात बढ़ाने हेतु अंतरराष्ट्रीय स्तर पर नए बाजार
  - ➲ मूल्यवर्धित हल्दी उत्पादों के लिए पारंपरिक ज्ञान
- **भारत से हल्दी का निर्यात —** वर्ष 2030 तक बढ़कर 1 बिलियन डॉलर तक पहुंचने की उम्मीद

- ❖ भारत विश्व में हल्दी का सबसे बड़ा उत्पादक, उपभोक्ता और निर्यातक है।
- ❖ भारत में हल्दी के सबसे बड़े उत्पादक राज्य महाराष्ट्र, तेलंगाना, कर्नाटक और तमिलनाडु हैं।
- ❖ वर्ष 2022-23 में 11.61 लाख टन (वैश्विक हल्दी उत्पादन का 75 प्रतिशत से अधिक) के उत्पादन के साथ देश में 3.24 लाख हेक्टेयर क्षेत्र में हल्दी की खेती की गई है।
- ❖ भारत में हल्दी की 30 से अधिक किस्में उगाई जाती हैं।
- ❖ हल्दी के वैश्विक व्यापार में भारत की हिस्सेदारी 62 प्रतिशत से अधिक है।
- ❖ भारतीय हल्दी के लिए प्रमुख निर्यात बाजार बांग्लादेश, संयुक्त अरब अमीरात, अमेरिका और मलेशिया हैं।

अपेक्षित क्रेडिट घाटा कार्य समूह का गठन

प्रश्न - अक्टूबर, 2023 में भारतीय रिजर्व बैंक ने किसकी अध्यक्षता में अपेक्षित क्रेडिट घाटा कार्य समूह का गठन किया?

(a) सुशांत वैश्य
(b) एस श्रीनिवास राव
(c) आर.नारायणस्वामी
(d) अदिश यादव

उत्तर - (c)

संबंधित तथ्य -

अपेक्षित क्रेडिट घाटा कार्य समूह का गठन

- **कब —** 4 अक्टूबर, 2023
- **किसने —** भारतीय रिजर्व बैंक
- **किसकी अध्यक्षता में —** आर. नारायणस्वामी
- **आठ अन्य सदस्य —**
  1. संजय कल्लापुर
  2. राजोसिक बनर्जी
  3. एस श्रीनिवास राव
  4. राजेंद्र खंडेलवाल
  5. सुशांत वैश्य
  6. अदिश यादव
  7. प्रवीण कुमार तापड़िया
  8. श्रीधरन एन

संबंधित अन्य तथ्य

- अपेक्षित क्रेडिट धारा (ECL) बैंकिंग क्षेत्र में अपेक्षित ऋण घाटे का अनुमान लगाने और उसका प्रावधान करने की एक विधि है।
- यह नौ सदस्यीय समूह ECL ढांचे पर भारतीय रिजर्व बैंक को सुझाव देने हेतु कार्य करेगी।

विधि/न्याय

केंद्रीय विश्वविद्यालय (संशोधन) विधेयक, 2023

प्रश्न - 4 अक्टूबर, 2023 को केंद्रीय मंत्रिमंडल द्वारा तेलंगाना में सम्मक्का सरक्का केंद्रीय जनजातीय विश्वविद्यालय की स्थापना के लिए किस अधिनियम में संशोधन करने के लिए एक विधेयक केंद्रीय विश्वविद्यालय (संशोधन) विधेयक, 2023 को संसद में पेश करने की मंजूरी प्रदान की गई है?

(a) केंद्रीय विश्वविद्यालय अधिनियम, 1958
(b) केंद्रीय विश्वविद्यालय अधिनियम, 1961
(c) केंद्रीय विश्वविद्यालय अधिनियम, 2002
(d) केंद्रीय विश्वविद्यालय अधिनियम, 2009

उत्तर - (d)

संबंधित तथ्य -

केंद्रीय विश्वविद्यालय (संशोधन) विधेयक, 2023

- **विधेयक को संसद में पेश करने की मंजूरी —** 4 अक्टूबर, 2023 को
- **मंजूरी प्रदाता —** केंद्रीय मंत्रिमंडल
- **उद्देश्य —** केंद्रीय विश्वविद्यालय अधिनियम, 2009 में संशोधन करना
- **प्रावधान —** तेलंगाना राज्य में सम्मक्का सरक्का सरकार केंद्रीय जनजातीय विश्वविद्यालय की (तेलंगाना) स्थापना किए जाने का प्रावधान
- **यह विश्वविद्यालय स्थापित किया जाएगा —** मुलुगु जिले में (तेलंगाना)
- **विश्वविद्यालय की स्थापना हेतु —** 889.07 करोड़ रुपये की धनराशि का प्रावधान।

❖ आंध्र प्रदेश पुनर्गठन अधिनियम, 2014 (2014 की संख्या-6) की तेरहवीं अनुसूची में दिए गए प्रावधान के अनुसार इस विश्वविद्यालय की स्थापना की जाएगी।

❖ यह नया विश्वविद्यालय राज्य में उच्च शिक्षा की पहुंच बढ़ाने के साथ-साथ गुणवत्ता में सुधार करेगा।

❖ यह आदिवासी आबादी के लाभ हेतु राज्य में आदिवासी कला, संस्कृति और पारंपरिक ज्ञान प्रणाली में निर्देशात्मक एवं अनुसंधान संबंधी सुविधाएं प्रदान करके उच्च शिक्षा और उन्नत ज्ञान के उपायों को भी बढ़ावा देने का काम करेगा।

वर्ष/दिवस/सप्ताह

विश्व बौनापन दिवस

प्रश्न - 'विश्व बौनापन दिवस' कब मनाया जाता है?

(a) 23 अक्टूबर
(b) 25 अक्टूबर
(c) 27 अक्टूबर
(d) 20 अक्टूबर

उत्तर - (b)

संबंधित तथ्य -

विश्व बौनापन दिवस (World Dwarfism Day), 2023

- **मनाया गया —** 25 अक्टूबर, 2023 को
- **उद्देश्य —** बौनेपन का कारण बनने वाले एक हड्डी विकार, एकॉन्ड्रोप्लासिया के प्रति लोगों को जागरूक करना
- यह दिवस सामाजिक न्याय और अधिकारिता मंत्रालय के तहत दिव्यांगजनों के सशक्तिकरण विभाग द्वारा मनाया गया।

विश्व दृश्य-श्रव्य विरासत दिवस

प्रश्न - 'विश्व दृश्य-श्रव्य विरासत दिवस' कब मनाया जाता है?

(a) 20 अक्टूबर
(b) 25 अक्टूबर
(c) 27 अक्टूबर
(d) 23 अक्टूबर

उत्तर - (c)

संबंधित तथ्य -

विश्व दृश्य - श्रव्य विरासत दिवस (World Day For Audio Visual Heritage), 2023

- **मनाया गया —** 27 अक्टूबर, 2023 को
- **मुख्य विषय —** "Your Window to the world"
- **उद्देश्य —** दृश्य-श्रव्य सामग्रियों के संरक्षण के प्रति जागरूकता फैलाना
- यह दिवस यूनस्को और कोऑर्डिनेटिंग काउंसिल ऑफ ऑडियोविजुअल आर्काइव्स एसोसिएशन (CCAAA) की एक महत्वपूर्ण पहल है
- इस अवसर पर दृश्य-श्रव्य संरक्षण पेशेवरों और संस्थानों को सम्मानित किया जाता है, जो भविष्य की पीढ़ियों के लिए विरासत को संरक्षित करते हैं
- गौरतलब है कि यूनेस्को की सामान्य सभा ने 27 अक्टूबर, 1980 को "Recommendation for the Safeguarding and Preservation of Moving Images" को अपनाया था
- इसी के उपलक्ष्य में वर्ष 2007 से यह दिवस प्रति वर्ष मनाया जाने लगा।

विश्व मानसिक स्वास्थ्य दिवस

प्रश्न - 'विश्व मानसिक स्वास्थ्य दिवस' मनाया जाता है?

(a) 10 अक्टूबर
(b) 8 अक्टूबर
(c) 4 अक्टूबर
(d) 7 अक्टूबर

उत्तर - (a)

संबंधित तथ्य -

विश्व मानसिक स्वास्थ्य दिवस (World Mental Health Day), 2023

- **मनाया गया —** 10 अक्टूबर, 2023 को
- **मुख्य विषय —** ''मानसिक स्वास्थ्य एक सार्वभौमिक मानव अधिकार है'' (Mental Health is a Universal Human Right)
- **टैग लाइन —** "Our minds, our rights
- **उद्देश्य —** मानसिक स्वास्थ्य से संबंधित बीमारियों के बारे में लोगों को जागरूक करना
- उल्लेखनीय है कि वर्ल्ड फेडरेशन फॉर मेंटल हेल्थ (WFMH) ने विश्व के लोगों के मानसिक स्वास्थ्य की देखभाल के लिए वर्ष 1992 में इस दिवस की स्थापना की थी
- **मानसिक स्वास्थ्य की देखभाल हेतु भारत सरकार द्वारा की गई पहल —**
  1. वर्ष 1982 में राष्ट्रीय मानसिक स्वास्थ्य कार्यक्रम (NMHP) की शुरुआत।
  2. 10 अक्टूबर, 2014 को राष्ट्रीय मानसिक स्वास्थ्य नीति की घोषणा।
  3. मानसिक स्वास्थ्य देखभाल अधिनियम, 2017 ।

अंतरराष्ट्रीय बालिका दिवस

प्रश्न - 'अंतरराष्ट्रीय बालिका दिवस' कब मनाया जाता है?

(a) 8 अक्टूबर
(b) 11 अक्टूबर
(c) 5 अक्टूबर
(d) 7 अक्टूबर

उत्तर - (b)

संबंधित तथ्य -

अंतरराष्ट्रीय बालिका दिवस (International Day of the Girl Child), 2023

- **मनाया गया —** 11 अक्टूबर, 2023 को
- **मुख्य विषय —** "Invest in Girls Rights : Our Leadership, Our Well - being"
- **उद्देश्य —** बालिकाओं के संरक्षण और शिक्षा को बढ़ावा देना
- उल्लेखनीय है कि 19 दिसंबर, 2011 को संयुक्त राष्ट्र महासभा द्वारा प्रतिवर्ष 11 अक्टूबर को इस दिवस को मनाने की घोषणा की थी।
- **क्या आप जानते है? (संयुक्त राष्ट्र के अनुसार) —**
  - लगभग 5 में से 1 लड़की अभी भी निम्न-माध्यमिक की पढ़ाई पूरी नहीं कर रही है और लगभग 10 में से 4 लड़कियां आज भी उच्च माध्यमिक विद्यालय की पढ़ाई पूरी नहीं कर रही हैं।
  - कम आय वाले देशों में लगभग 90 प्रतिशत किशोरियां और युवा महिलाएं इंटरनेट का उपयोग नहीं करती हैं, जबकि उनके पुरुष साथियों के ऑनलाइन होने की संभावना दोगुनी है।
  - विश्व स्तर पर 5-14 वर्ष की आयु की लड़कियां उसी आयु के लड़कों की तुलना में प्रतिदिन 160 मिलियन घंटे अधिक अवैतनिक देखभाल और घरेलू काम में बिताती हैं।

अंतरराष्ट्रीय आपदा जोखिम न्यूनीकरण दिवस

प्रश्न - 'अंतरराष्ट्रीय आपदा जोखिम न्यूनीकरण दिवस' कब मनाया जाता है?

(a) 5 अक्टूबर
(b) 12 अक्टूबर
(c) 13 अक्टूबर
(d) 10 अक्टूबर

उत्तर - (c)

संबंधित तथ्य -

- **मनाया गया —** 13 अक्टूबर, 2023 को
- **मुख्य विषय —** "Fighting inequality for a resilient fugure".
- **उद्देश्य —** विश्व में आपदा जोखिम प्रबंधन के प्रति जागरूकता बढ़ाना
- संयुक्त राष्ट्र महासभा द्वारा वर्ष 1989 में इस दिवस को मनाए जाने की घोषणा की गई थी
- पहले यह दिवस प्रत्येक वर्ष अक्टूबर माह के पहले बुधवार को मनाया जाता था
- किंतु वर्ष 2009 में संयुक्त राष्ट्र महासभा द्वारा 13 अक्टूबर को प्रतिवर्ष यह दिवस मनाए जाने का प्रस्ताव पारित किया गया।
- **क्या आप जानते हैं? —**
  - यूएनडीआरआर, 2022 के अनुसार, वर्ष 2030 तक वर्तमान जलवायु अनुमानों के साथ विश्व को प्रति वर्ष लगभग 560 आपदाओं का सामना करना पड़ेगा।

मानसिक स्वास्थ्य सप्ताह, 2023

प्रश्न - हाल ही में देशभर में मानसिक स्वास्थ्य सप्ताह, 2023 कब मनाया गया?

(a) 6-11 अक्टूबर, 2023
(b) 5-10 अक्टूबर, 2023
(c) 3-8 अक्टूबर, 2023
(d) 7-12 अक्टूबर, 2023

उत्तर - (d)

संबंधित तथ्य -

मानसिक स्वास्थ्य सप्ताह (Mental Health Week), 2023

- **मनाया गया —** 7-12 अक्टूबर, 2023 तक
- **किसके द्वारा —** दिव्यांगजन सशक्तीकरण विभाग, सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्रालय, भारत सरकार
- **उद्देश्य —** जनता के बीच मानसिक स्वास्थ्य के बारे में जागरूकता पैदा करना
- इस सप्ताह के दौरान देशभर में 60 से अधिक स्थानों पर चेकअप, क्विज और कार्यशालाएं आयोजित की गईं।

विश्व अंडा दिवस

प्रश्न - विश्व अंडा दिवस कब मनाया जाता है-

(a) अक्टूबर माह के दूसरे शुक्रवार को
(b) सितंबर, माह के आखिरी शनिवार को
(c) अक्टूबर, माह के पहले शुक्रवार को
(d) सितंबर माह के पहले सोमवार को

उत्तर - (a)

संबंधित तथ्य -

विश्व अंडा दिवस (World Egg Day), 2023

- **मनाया गया —** अक्टूबर माह के दूसरे शुक्रवार को
- **इसका विषय —** ''एग्स फॉर ए हेल्दी फ्यूचर''
- **पहली बार मनाया गया —** अक्टूबर, 1996 में
- **मनाया जाता है —** अंतरराष्ट्रीय अंडा आयोग द्वारा।

❖ बेसिक एनिमल हस्बैंड्री स्टैस्टिक्स 2022 के अनुसार, वर्ष 2021-22 देश के शीर्ष पांच अंडा उत्पादक राज्य आंध्र प्रदेश (20.41%), तमिलनाडु (16.08%), तेलंगाना (12.86%), पश्चिम बंगाल (8.84%) और कर्नाटक (6.38%) हैं।

❖ वर्ष 2021-22 के दौरान देश में कुल अंडा उत्पादन 129.60 बिलियन रहा, जो पिछले वर्ष की तुलना में 6.19% अधिक है।

अंतरराष्ट्रीय अंडा आयोग (International Egg Commission)

- **स्थापना** → वर्ष 1964 में
- **मुख्यालय** → वियना (आस्ट्रिया)
- **प्रशासनिक कार्यालय** → यूनाइटेड किंगडम में

विश्व पोलियो दिवस

प्रश्न - 'विश्व पोलियो दिवस' कब मनाया जाता है?

(a) 20 अक्टूबर
(b) 24 अक्टूबर
(c) 18 अक्टूबर
(d) 12 अक्टूबर

उत्तर - (b)

संबंधित तथ्य -

विश्व पोलियो दिवस, 2023 (World Polio Day),

- **मनाया गया —** 24 अक्टूबर, 2023 को
- **उद्देश्य —** पोलियों जैसी बीमारी के विषय में लोगों को जागरूक करना तथा पोलियो को समाप्त करना
- यह दिवस रोटरी इंटरनेशनल द्वारा पोलियो वैक्सीन का आविष्कार करने वाली टीम के प्रमुख जोनास सॉक के जन्मदिन के उपलक्ष्य में मनाया जाता है
- पोलियो अथवा पोलियोमाइलाटिस एक संक्रामक रोग है, जो विषाणु द्वारा फैलता है
- गौरतलब है कि भारत सरकार ने वर्ष 1995 में पोलियो उन्मूलन अभियान की शुरुआत की थी
- 27 मार्च, 2014 को WHO द्वारा पूरे दक्षिण-पूर्वी एशिया के साथ-साथ भारत को पोलियो मुक्त प्रमाण-पत्र प्रदान किया था।

वैश्विक मीडिया और सूचना साक्षरता सप्ताह, 2023

प्रश्न - अक्टूबर, 2023 में वैश्विक मीडिया और सूचना साक्षरता सप्ताह कब मनाया गया?

(a) 24-31 अक्टूबर
(b) 22-29 अक्टूबर
(c) 20-27 अक्टूबर
(d) 18-25 अक्टूबर

उत्तर - (a)

संबंधित तथ्य -

वैश्विक मीडिया और सूचना साक्षरता सप्ताह, 2023 (Global Media and Information Literacy Week), 2023

- **मनाया गया —** 24-31 अक्टूबर, 2023 को
- **मुख्य विषय —** "Media and Information Literacy in Digital Spaces: A Collective Global Agenda"
- **उद्देश्य —** लोगों में मीडिया, डिजिटल प्लेटफॉर्म के प्रति जागरूकता बढ़ाना
- यह सप्ताह विश्वास और एकजुटता पर केंद्रित है, क्योकि यह लोगों, मीडिया, डिजिटल प्लेटफॉर्म, सरकारों, निजी क्षेत्र और गैर-सरकारी संगठनों से संबंधित है
- वर्ष 2021 में संयुक्त राष्ट्र महासभा द्वारा इस सप्ताह को मनाए जाने की घोषणा की गई थी।

निरस्त्रीकरण सप्ताह, 2023

प्रश्न - वर्ष 2023 में 'निरस्त्रीकरण सप्ताह' कब मनाया गया?

(a) 20-28 अक्टूबर
(b) 24-30 अक्टूबर
(c) 25-28 अक्टूबर
(d) 22-26 अक्टूबर

उत्तर - (b)

संबंधित तथ्य -

निरस्त्रीकरण सप्ताह (Disarmament Week), 2023

- **मनाया गया —** 24-30 अक्टूबर, 2023
- **उद्देश्य —** शांति की स्थापना हेतु निस्त्रीकरण के मुद्दे के प्रति जागरूकता बढ़ाना
- 12 दिसंबर, 1995 को संयुक्त राष्ट्र महासभा ने इस दिवस को मनाने की घोषणा की थी।

संयुक्त राष्ट्र दिवस

प्रश्न - 'संयुक्त राष्ट्र दिवस' कब मनाया जाता है?

(a) 21 अक्टूबर
(b) 22 अक्टूबर
(c) 24 अक्टूबर
(d) 20 अक्टूबर

उत्तर - (c)

संबंधित तथ्य -

संयुक्त राष्ट्र दिवस
(United Nations Day), 2023

- **मनाया गया —** 24 अक्टूबर, 2023
- 24 अक्टूबर, 1945 को संयुक्त राष्ट्र चार्टर के लागू होने के उपलक्ष्य में यह दिवस मनाया जाता है।
- यह दिवस वर्ष 1948 से प्रतिवर्ष मनाया जाता है।
- इस वर्ष संयुक्त राष्ट्र दिवस 2023 के लिये थीम है-''सभी के लिए समानता, स्वतंत्रता और न्याय''
- इस वर्ष आयोजित यूएन डे कंसर्ट का मुख्य विषय था "The Forntlines of Climate Action"

विश्व विकास सूचना दिवस

प्रश्न - 'विश्व विकास सूचना दिवस' कब मनाया जाता है?

(a) 22 अक्टूबर
(b) 24 अक्टूबर
(c) 19 अक्टूबर
(d) 15 अक्टूबर

उत्तर - (b)

संबंधित तथ्य -

विश्व विकास सूचना दिवस
(World Development Information Day), 2023

- **मनाया गया —** 24 अक्टूबर, 2023 को
- **उद्देश्य —** विकास की समस्याओं हेतु विकास जनमत का ध्यान आकर्षित करना और समग्र विकास के लिए उन्हें हल करने हेतु अंतरराष्ट्रीय सहयोग को मजबूत करना
- संयुक्त राष्ट्र महासभा ने वर्ष 1972 में इस दिवस को मनाने की घोषणा की थी।

राष्ट्रीय एकजुटता दिवस

प्रश्न - अक्टूबर, 2023 में राष्ट्रीय एकजुटता दिवस कब मनाया गया? (a) 16 अक्टूबर
(b) 18 अक्टूबर
(c) 20 अक्टूबर
(d) 22 अक्टूबर

उत्तर - (c)

संबंधित तथ्य -

राष्ट्रीय एकजुटता दिवस,
(National Solidarity Day), 2023

- **मनाया गया —** 20 अक्टूबर, 2023
- **उद्देश्य —** भारतीय सैन्य बल की बहादुरी सम्मान और ताकत को बढ़ावा देने हेतु
- उल्लेखनीय है कि यह दिवस वर्ष 1962 में भारत-चीन संघर्ष युद्ध में भारत द्वारा राष्ट्रीय अखंडता को चिह्नित करने हेतु भी समर्पित है।
- ❖ प्रतिवर्ष 20 अक्टूबर को भारत-चीन युद्ध (1962) की वर्षगांठ मनाई जाती है।

विश्व ऑस्टियोपोरोसिस दिवस

प्रश्न - 'विश्व ऑस्टियोपोरोसिस दिवस' कब मनाया जाता है?

(a) 16 अक्टूबर
(b) 15 अक्टूबर
(c) 20 अक्टूबर
(d) 12 अक्टूबर

उत्तर - (c)

संबंधित तथ्य -

विश्व ऑस्टियोपोरोसिस दिवस (World Osteoporosis Day), 2023

- **मनाया गया —** 20 अक्टूबर, 2023
- **उद्देश्य —** ऑस्टियोपोरोसिस की रोकथाम, निदान एवं उपचार के लिए वैश्विक जागरूकता पैदा करना
- **ऑस्टियोपोरोसिस क्या है?**
  - ➲ यह एक ऐसी समस्या है, जिसमें कैल्शियम की कमी के कारण हड्डियां कमजोर होने लगती हैं और अस्थि खनिज घनत्व (BMD) कम हो जाता है।
  - ➲ जिसके कारण रीढ़ की हड्डी, कूल्हे तथा कलाई के फैक्चर होने का खतरा बढ़ जाता है।
  - ➲ महिलाओं को मुख्यत: 50 वर्ष की उम्र के बाद पुरुषों की तुलना में इस बीमारी से पीड़ित होने का खतरा अधिक है।

पुलिस स्मृति दिवस

प्रश्न - 'पुलिस स्मृति दिवस' कब मनाया जाता है?

(a) 15 अक्टूबर
(b) 21 अक्टूबर
(c) 18 अक्टूबर
(d) 20 अक्टूबर

उत्तर - (b)

संबंधित तथ्य -

पुलिस स्मृति दिवस, 2023

- **मनाया गया —** 21 अक्टूबर, 2023
- उल्लेखनीय है कि 21 अक्टूबर, 1959 को लद्दाख के हॉट स्प्रिंग क्षेत्र में सशस्त्र चीनी टुकड़ी द्वारा किए गए हमले में सीआरपीएफ के 10 वीर जवान शहीद हो गए थे
- इन्हीं की स्मृति में वर्ष 1960 से प्रत्येक वर्ष 21 अक्टूबर को यह दिवस मनाया जाने लगा
- 21 अक्टूबर, 2018 को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने इस दिवस के अवसर पर चाणक्यपुरी, नई दिल्ली में राष्ट्रीय पुलिस स्मारक (NPM) देश को समर्पित किया था।

विश्व आघात दिवस

प्रश्न - विश्व आघात दिवस कब मनाया जाता है?

(a) 16 अक्टूबर
(b) 15 अक्टूबर
(c) 17 अक्टूबर
(d) 14 अक्टूबर

उत्तर - (c)

संबंधित तथ्य -

विश्व आघात दिवस (World Trauma Day), 2023

- **मनाया जाता है —** 17 अक्टूबर, 2023 को
- **उद्देश्य —** दुर्घटनाओं के दौरान जान बचाने और आपातकालीन परिस्थितियों में सुरक्षा सुनिश्चित करने हेतु
- **पहली बार मनाया गया —** वर्ष 2011 में
- **मुख्य विषय —** "Embracing Resilience Overcoming Trauma's Impact".

विश्व मानक दिवस

प्रश्न - अक्टूबर, 2023 में विश्व मानक दिवस कब मनाया गया?

(a) 15 अक्टूबर
(b) 14 अक्टूबर
(c) 13 अक्टूबर
(d) 12 अक्टूबर

उत्तर - (b)

संबंधित तथ्य -

विश्व मानक दिवस (World Standard's Day), 2023

- **मनाया गया —** 14 अक्टूबर, 2023 को
- **मुख्य विषय (Theme) —** "Shared vision for a better world : Incorporating SDG3
- **उद्देश्य —** उपभोक्ताओं, नियामकों और उद्योग के बीच वैश्विक अर्थव्यवस्था में मानकीकरण के महत्व के बारे में जागरूकता बढ़ाना।

❖ यह दिवस जेनेवा स्थित अंतरराष्ट्रीय मानकीकरण संगठन (ISO), अंतरराष्ट्रीय इलेक्ट्रोटेक्निकल कमीशन (IEC) तथा अंतरराष्ट्रीय दूरसंचार संघ (IIV) द्वारा मनाया जाता है।

विश्व सेरेब्रल पाल्सी दिवस

प्रश्न - 'विश्व सेरेब्रल पाल्सी दिवस' कब मनाया जाता है?

(a) 4 अक्टूबर
(b) 3 अक्टूबर
(c) 2 अक्टूबर
(d) 6 अक्टूबर

उत्तर - (d)

संबंधित तथ्य -

विश्व सेरेब्रल पाल्सी दिवस (World Cerebral Palsy Day), 2023

- **मनाया गया —** 6 अक्टूबर, 2023
- **मुख्य विषय —** ''टुगेदर स्ट्रॉन्गर''।
- **उद्देश्य —** जन समुदाय के बीच सेरेब्रल पाल्सी के बारे में जागरूकता बढ़ाना
- **सेरेब्रल पाल्सी क्या है? —**
  - ➲ इसको 'प्रमस्तिष्क पक्षाघात' के नाम से भी जाना जाता है
  - ➲ यह मस्तिष्कीय क्षति बच्चों के जन्म के पहले, जन्म के समय और जन्म के बाद कभी भी हो सकती है।
- इसमें जितनी ज्यादा मस्तिष्क की क्षति होगी उतनी ही अधिक बच्चों में विकलांगता की गंभीरता बढ़ जाती है।
- इस बीमारी को सर्वप्रथम ब्रिटिश सर्जन बिलियन लिटिल ने 1860 में पता लगाया था।
- इस रोग के मुख्य कारणों में बच्चे के मस्तिष्क के विकास में व्यवधान आने या मस्तिष्क में चोट होती है।

राष्ट्रीय विनिर्माण अभ्यास दिवस

प्रश्न - वर्ष 2023 में पहला राष्ट्रीय विनिर्माण अभ्यास दिवस कब मनाया गया?

(a) 15 सितंबर
(b) 20 अगस्त
(c) 10 अक्टूबर
(d) 25 जुलाई

उत्तर - (c)

संबंधित तथ्य -

राष्ट्रीय विनिर्माण अभ्यास दिवस, 2023

- **प्रथम बार मनाया गया —** 10 अक्टूबर, 2023 को
- **विषय —** "cGMP : Transforming Healthcare"
- **उद्देश्य —** औषधीय उत्पादों की सुरक्षा और गुणवत्ता सुनिश्चित करते हुए दवा उद्योग में इस दिवस की महत्वपूर्ण भूमिका के बारे में जागरूकता पैदा करना।

❖ भारत सरकार ने भारतीय औषधि विनिर्माताओं के संघ (आईडीएमए) के साथ यह दिवस प्रतिवर्ष मनाए जाने की योजना शुरू की।

❖ आईडीएमए का गठन वर्ष 1961 में हुआ था।

विश्व प्रवासी पक्षी दिवस

प्रश्न - हाल ही में 'विश्व प्रवासी पक्षी दिवस' कब मनाया गया?

(a) 14 अक्टूबर, 2023
(b) 10 अक्टूबर, 2023
(c) 18 अक्टूबर, 2023
(d) 7 अक्टूबर, 2023

उत्तर - (a)

संबंधित तथ्य -

विश्व प्रवासी पक्षी दिवस (World Migratory Bird Day), 2023

- **मनाया गया —** 14 अक्टूबर, 2023
- यह दिवस वर्ष में दो बार मई और अक्टूबर, माह के दूसरे शनिवार को मनाया जाता है।
- **मुख्य विषय —** ''जल : पक्षियों के जीवन को कायम रखना'' (Water: Sustaining Bird Life).
- **उद्देश्य —** प्रवासी पक्षियों और उनके आवासों के संरक्षण की आवश्यकता पर जागरूकता पैदा करना।
- संयुक्त राष्ट्र के अनुसार, यह एक भयावह तथ्य है कि विश्वभर में मौजूदा पक्षी प्रजातियों में 48 प्रतिशत की आबादी में गिरावट आ रही है।

अंतरराष्ट्रीय ग्रामीण महिला दिवस

प्रश्न - 'अंतरराष्ट्रीय ग्रामीण महिला दिवस' कब मनाया जाता है?

(a) 13 अक्टूबर
(b) 14 अक्टूबर
(c) 15 अक्टूबर
(d) 10 अक्टूबर

उत्तर - (c)

संबंधित तथ्य -

अंतरराष्ट्रीय ग्रामीण महिला दिवस (International Day of Rural Women), 2023

- **मनाया गया —** 15 अक्टूबर, 2023
- **मुख्य विषय (Theme) —** "The Invaluable Contribution of Rural Women to Development".
- **उद्देश्य —** कृषि विकास, ग्रामीण विकास, खाद्य सुरक्षा और ग्रामीण क्षेत्रों में गरीबी उन्मूलन में महिलाओं के महत्व के प्रति लोगों को जागरूक करना।
- संयुक्त राष्ट्र महासभा ने 18 दिसंबर, 2007 को इस दिवस को मनाने की घोषणा की थी।
- **क्या आप जानते हैं? —**
  - ➲ औसतन, विकासशील देशों में कृषि श्रम शक्ति में महिलाएं 40 प्रतिशत से अधिक हैं।
  - ➲ विश्वभर में 15 प्रतिशत से भी कम भूमिधारक महिलाएं हैं।
  - ➲ कुछ देशों में गरीब ग्रामीण परिवारों की 50 प्रतिशत से अधिक लड़कियों की शादी बचपन में ही कर दी जाती है।

विश्व अंतरिक्ष सप्ताह, 2023

प्रश्न - 'विश्व अंतरिक्ष सप्ताह' से संबंधित निम्न कथनों पर विचार कीजिए-

1. 4-10 अक्टूबर, 2023 के मध्य यह सप्ताह मनाया गया।

2. इस वर्ष इस सप्ताह का मुख्य विषय (Theme) ''अंतरिक्ष में महिलाएं'' हैं।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से कथन सही है/हैं?

(a) केवल (1)
(b) केवल (2)
(c) (1) और (2)
(d) उपर्युक्त में से कोई नहीं

उत्तर - (a)

संबंधित तथ्य -

विश्व अंतरिक्ष सप्ताह (World Space Week), 2023

- **मनाया गया —** 4-10 अक्टूबर, 2023
- **मुख्य विषय —** ''अंतरिक्ष और उद्यमिता'' (Space and Entre Preneurship).
- 4 अक्टूबर, 1957 को पहला मानव निर्मित उपग्रह 'स्पुतनिक 1' तत्कालीन सोवियत संघ द्वारा अंतरिक्ष में भेजा गया था।
- 10 अक्टूबर, 1967 को राज्यों द्वारा शांतिपूर्ण तरीके के लिए अंतरिक्ष के इस्तेमाल पर एक संधि पर हस्ताक्षर हुआ था।
- इसलिए संयुक्त राष्ट्र ने वर्ष 1999 में इन दोनों तारीखों (4-10 अक्टूबर) के मध्य इस सप्ताह को मनाने का निर्णय लिया था।

विश्व पशु दिवस, 2023

प्रश्न - 'विश्व पशु दिवस' कब मनाया जाता है?

(a) 2 अक्टूबर
(b) 3 अक्टूबर
(c) 4 अक्टूबर
(d) 1 अक्टूबर

उत्तर - (c)

संबंधित तथ्य -

विश्व पशु दिवस (World Animal Day), 2023

- **मनाया गया —** 4 अक्टूबर, 2023
- **मुख्य विषय —** "Great or Small, Love them All"
- **उद्देश्य —** लोगों में पशुओं के कल्याण के प्रति जागरूकता बढ़ाना।
- इस दिवस को मनाने की शुरुआत वर्ष 1925 में हुई थी।
- वर्ष 1929 से इस दिवस को पहली बार 4 अक्टूबर से मनाया जाने लगा।

विश्व शिक्षक दिवस

प्रश्न - 'विश्व शिक्षक दिवस' कब मनाया जाता है?

(a) 3 अक्टूबर
(b) 2 अक्टूबर
(c) 5 अक्टूबर
(d) 1 अक्टूबर

उत्तर - (c)

संबंधित तथ्य -

विश्व शिक्षक दिवस (Worlds Teacher's Day), 2023

- **मनाया गया —** 5 अक्टूबर, 2023
- यह शिक्षकों की स्थिति के संबंध में वर्ष 1966 में आईएलओ ILO की यूनेस्को अनुशंसा को अपनाने की वर्षगांठ मनाता है।
- **मुख्य विषय (Theme) —** ''हमें जो शिक्षा चाहिए उसके लिए शिक्षकों की आवश्यकता है, शिक्षकों की कमी को दूर करने की वैश्विक अनिवार्यता'' (The teachers we need for the education we want : The global imperative to reverse the teacher shortage).
- यह दिवस वर्ष 1994 से प्रति वर्ष मनाया जा रहा है।
- यह अंतरराष्ट्रीय श्रम संगठन (ILO) यूनिसेफ और एजुकेशन इंटरनेशनल की साझेदारी में सह-आयोजित किया जाता है।

92वां भारतीय वायुसेना दिवस

प्रश्न - 8 अक्टूबर, 2023 को देशभर में 92वां भारतीय वायुसेना दिवस मनाया गया। इससे संबंधित निम्न कथनों पर विचार कीजिए-

(1) इस दिवस के अवसर पर भारतीय वायुसेना के नए ध्वज का अनावरण किया गया।

(ii) इस अवसर पर प्रयागराज के संगम क्षेत्र में एयर शो का आयोजन किया गया।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से कथन सही है/हैं?

(a) केवल (1)
(b) केवल (2)
(c) (1) एवं (2) दोनों
(d) उपर्युक्त में से कोई नहीं

उत्तर - (c)

संबंधित तथ्य -

92वां भारतीय वायुसेना दिवस, 2023

- **मनाया गया —** 8 अक्टूबर, 2023
- यह दिवस 8 अक्टूबर, 1932 को भारतीय वायु सेना की स्थापना के उपलक्ष्य में मनाया जाता है।
- **भारतीय वायु सेना की 5 कमान हैं —**

1. पश्चिमी कमान, नई दिल्ली
2. मध्य वायु कमान, प्रयागराज
3. पूर्वी कमान, शिलांग
4. दक्षिणी-पश्चिमी कमान, जोधपुर
5. दक्षिणी कमान, तिरुवनंतपुरम

- ❖ इस अवसर पर उत्तर प्रदेश के प्रयागराज स्थित संगम क्षेत्र में एक भव्य एयर शो का आयोजन किया गया।
- ❖ इस अवसर पर वायुसेना प्रमुख एयर चीफ मार्शल विवेक राम चौधरी ने मध्य वायु कमान, बमरौली प्रयागराज में भारतीय वायु सेना के नए ध्वज का अनावरण किया।
- ❖ इतिहास में पीछे जाएं, तो स्थापना के समय रॉयल इंडियन एयरफोर्स (RIAF) ध्वज में ऊपरी बाएं कैंटन में यूनियन जैक और फ्लाई साइड पर आरआईएएफ राउंडेल (लाल, सफेद और नीला) शामिल था।
- ❖ स्वतंत्रता के बाद, निचले दाएं कैंटन में यूनियन जैक को भारतीय ट्राई कलर राउंडेल के साथ प्रतिस्थापित करके भारतीय वायु सेना का ध्वज बनाया गया था।
- ❖ भारतीय वायुसेना के नए ध्वज में एनसाइन के ऊपरी दाएं कोने में फ्लाई साइड की ओर वायुसेना क्रेस्ट को शामिल करने से प्रतिबिंबित होगा।
- ❖ भारतीय वायुसेना का आदर्श वाक्य-''नभ: स्पृशं दीप्तम'' हिमालयी ईगल के नीचे देवनागरी के सुनहरे अक्षरों में अंकित है।
- ❖ यह आदर्श वाक्य भगवद्गीता के अध्याय 11 के श्लोक 24 से लिया गया है और इसका अर्थ है ''वैभव के साथ आकाश को छूना''।
- ❖ प्रयागराज में आयोजित एयरशो में मिग-21 लड़ाकू विमान ने अंतिम बार उड़ान भरी।
- ❖ मिग-21 (रूस से आयातित लड़ाकू विमान) वर्ष 1963 में भारतीय वायु सेना में शामिल किया गया था।

टाटा लिटरेचर लाइव! लाइफटाइम अचीवमेंट अवॉर्ड, 2023

प्रश्न - अक्टूबर, 2023 में किसे टाटा लिटरेचर लाइव! लाइफटाइम अचीवमेंट अवॉर्ड, 2023 से सम्मानित किया गया?

(a) सी.एस. लक्ष्मी
(b) विनोद अग्रवाल
(c) मधु कंकरिया
(d) राधिका अयंगकर

उत्तर - (a)

संबंधित तथ्य -

टाटा लिटरेचर लाइव! लाइफटाइम अचीवमेंट अवॉर्ड, 2023

- अक्टूबर, 2023 में प्रसिद्ध लेखिका एवं शिक्षाविद् सी.एस. लक्ष्मी को प्रदान किया गया।
- उन्हें यह सम्मान भारतीय साहित्य में उनके उल्लेखनीय योगदान के लिए दिया गया।
- इस पुरस्कार की शुरुआत वर्ष 2011 में हुई थी।
- **प्रथम पुरस्कार प्राप्तकर्ता —** प्रसिद्ध लेखिका महाश्वेता देवी।

विश्व हाइड्रोजन और ईंधन सेल दिवस

प्रश्न - 'विश्व हाइड्रोजन और ईंधन सेल दिवस' कब मनाया जाता है?

(a) 6 अक्टूबर
(b) 4 अक्टूबर
(c) 8 अक्टूबर
(d) 5 अक्टूबर

उत्तर - (c)

संबंधित तथ्य -

विश्व हाइड्रोजन और ईंधन सेल दिवस, 2023

- **मनाया गया —** 8 अक्टूबर, 2023
- **उद्देश्य —** ईंधन सेलों की बहुउपयोगी प्रौद्योगिकी के साथ-साथ स्वच्छ और टिकाऊ ऊर्जा स्रोत के रूप में हाइड्रोजन के बारे में जागरूकता और समझ को बढ़ावा देना है।
- पहली बार यह दिवस वर्ष, 2015 में मनाया गया था।
- यह दिवस जलवायु परिवर्तन ऊर्जा सुरक्षा और पर्यावरणीय स्थिरता में हाइड्रोजन और ईंधन सेलों की क्षमता को स्वीकार करने के लिए एक मंच के रूप में कार्य करता है।

विश्व डाक दिवस

प्रश्न - 'विश्व डाक दिवस' कब मनाया जाता है?

(a) 9 अक्टूबर
(b) 8 अक्टूबर
(c) 12 अक्टूबर
(d) 5 अक्टूबर

उत्तर - (a)

संबंधित तथ्य -

विश्व डाक दिवस (World Post Day), 2023

- **मनाया गया —** 9 अक्टूबर, 2023
- **मुख्य विषय (Theme) —** 'विश्वास के लिए एक साथ: एक सुरक्षित और जुड़े भविष्य के लिए सहयोग करना' (Together for trust: Collaborating for a Safe and Conneted Future)
- **उद्देश्य —** दैनिक जीवन में डाक के महत्व को दर्शाना तथा उपयोगिता बताना।
- वर्ष 1969 में टोक्यो (जापान) में आयोजित यूनिवर्सल पोस्टल यूनियन (UPU) के सम्मेलन में प्रतिवर्ष 9 अक्टूबर को यह दिवस मनाएं जाने कि घोषणा की गई थी।
- **यूपीयू (UPU) के बारे में**
- यह संयुक्त राष्ट्र की एक विशिष्ट एजेंसी है
- **स्थापना-** 9 अक्टूबर, 1874
- **मुख्यालय-** बर्न (स्विट्जरलैंड की राजधानी)

क्या आप जानते हैं?

- डाक ऑपरेटर विश्वभर में लगभग 1.5 बिलियन लोगों को बुनियादी वित्तीय सेवाओं (भुगतान, धन हस्तांतरण और बचत) तक पहुंच प्रदान करते हैं।
- वैश्विक पार्सल बाजार वर्ष 2018 में 450 बिलियन अमेरिकी डॉलर से बढ़कर वर्ष 2020 में 500 बिलियन अमेरिकी डॉलर से अधिक हो गया है।

'आयुर्वेद दिवस' 2023

प्रश्न - 17 अक्टूबर, 2023 को आयुष मंत्रालय ने वर्ष 2023 में किस तिथि को 'आयुर्वेद दिवस' मनाने की घोषणा की?

(a) 5 नवंबर
(b) 30 अक्टूबर
(c) 21 नवंबर
(d) 10 नवंबर

उत्तर - (d)

संबंधित तथ्य -

आयुर्वेद दिवस, 2023

- 17 अक्टूबर, 2023 को आयुष मंत्रालय ने वर्ष 2023 में '10 नवंबर' को इस दिवस को मनाने की घोषणा की।
- **मुख्य विषय —** 'हर दिन सबके लिए आयुर्वेद'
- **उद्देश्य —** आयुर्वेद की उपयोगिता एवं महत्व को बढ़ावा देना।
- केंद्र सरकार ने वर्ष 2016 में प्रतिवर्ष 'धन्वंतरित दिवस' के उपलक्ष्य में इस दिवस को मनाने की घोषणा की थी।

विश्व सफेद छड़ी दिवस

प्रश्न - 'विश्व सफेद छड़ी दिवस' हाल ही में कब मनाया गया?

(a) 12 अक्टूबर
(b) 15 अक्टूबर
(c) 10 अक्टूबर
(d) 18 अक्टूबर

उत्तर - (b)

संबंधित तथ्य -

विश्व सफेद छड़ी दिवस (World White Cane Day), 2023

- **कब मनाया गया —** 15 अक्टूबर, 2023
- **किसके द्वारा —** दिव्यांगजन सशक्तीकरण विभाग, सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्रालय।
- **उद्देश्य —** दिव्यांगों के लिए सुविधाएं पहुंचाने और समावेशन को बढ़ावा देने तथा नेत्रहीनों के लिए आचरण नियमों के बारे में जागरूकता बढ़ाना।
- दृष्टिबाधित लोगों के लिए सफेद छड़ी स्वतंत्रता और गतिशीलता की परिचायक है।
- यह उनके आवागमन और दैनिक कार्य को पूरा करने में मदद करती है।

अंतरराष्ट्रीय गरीबी उन्मूलन दिवस

प्रश्न - 'अंतरराष्ट्रीय गरीबी उन्मूलन दिवस' कब मनाया जाता है?

(a) 12 अक्टूबर
(b) 14 अक्टूबर
(c) 18 अक्टूबर
(d) 17 अक्टूबर

उत्तर - (d)

संबंधित तथ्य -

अंतरराष्ट्रीय गरीबी उन्मूलन दिवस (International Day for the Eradication of Poverty)

- **मनाया गया —** 17 अक्टूबर, 2023
- **मुख्य विषय —** सभ्य कार्य और सामाजिक सुरक्षा: सभी के लिए सम्मान को व्यवहार में लाना''
- **उद्देश्य —** गरीबी उन्मूलन की दिशा में सकारात्मक पहलों को बढ़ावा देना।
- संयुक्त राष्ट्र महासभा ने 22 दिसंबर, 1992 को इस दिवस को मनाएं जाने की घोषणा की थी।

अन्य महत्वपूर्ण तथ्य

- संयुक्त राष्ट्र के अनुसार, अत्यधिक गरीबी को वर्ष 2017 में क्रयशक्ति समता पर प्रति व्यक्ति प्रतिदिन 2.15 डॉलर पर जीवित रहने के रूप में परिभाषित किया गया है।
- वर्ष 2022 के अंत तक दुनिया की 8.4 प्रतिशत आबादी या लगभग 670 मिलियन लोग अत्यधिक गरीबी में रहे।
- अनुमान है कि वैश्विक आबादी का 7 प्रतिशत (लगभग 575 मिलियन लोग) अभी भी वर्ष 2030 तक स्वयं को अत्यधिक गरीबी में फंसा हुआ पा सकते हैं।

विश्व खाद्य दिवस

प्रश्न - 'विश्व खाद्य दिवस' कब मनाया जाता है?

(a) 18 अक्टूबर
(b) 15 अक्टूबर
(c) 12 अक्टूबर
(d) 16 अक्टूबर

उत्तर - (d)

संबंधित तथ्य -

विश्व खाद्य दिवस (World Food Day), 2023

- **मनाया गया —** 16 अक्टूबर, 2023
- **मुख्य विषय —** 'जल ही जीवन है, जल ही भोजन है। किसी को भी पीछे न छोड़ें'।
- **उद्देश्य —** विश्वभर में भुखमरी को समाप्त करने हेतु जागरूकता फैलाना
- उल्लेखनीय है कि यह दिवस संयुक्त राष्ट्र खाद्य एवं कृषि संगठन (UNFAO) की स्थापना दिवस के उपलक्ष्य में मनाया जाता है।
- UNFAO को स्थापना 16 अक्टूबर, 1945 को हुई थी।
- इसका मुख्यालय रोम, इटली में है।

विश्व कपास दिवस

प्रश्न - 'विश्व कपास दिवस' कब मनाया जाता है?

(a) 7 अक्टूबर
(b) 5 अक्टूबर
(c) 3 अक्टूबर
(d) 3 अक्टूबर

उत्तर - (a)

संबंधित तथ्य -

विश्व कपास दिवस (World Cotton Day), 2023

- **मनाया गया —** 7 अक्टूबर, 2023
- **मुख्य विषय —** ''कपास को सभी के लिए उचित और टिकाऊ बनाना, खेत फैशन तक'' (Making cotton fair and sustainable for all, From : farm to fashion).
- इस दिवस को मनाने की पहल वर्ष 2019 में हुई थी।
- जब उप-सहारा अफ्रीका में चार कपास उत्पादकों - बेनिन, बुर्किनाफासो, चाड और माली, जिन्हें कॉटन फोर के नाम से जाना जाता है, ने प्रति वर्ष 7 अक्टूबर को इस दिवस को मनाने का प्रस्ताव विश्व व्यापार संगठन (WTO) को दिया था।
- कपास एक ऐसा फैब्रिक है जो विश्वभर में 100 मिलियन से अधिक परिवारों को लाभान्वित करता है।
- विश्व के केवल लगभग 2.1 प्रतिशत कृषि योग्य भूमि पर कपास की खेती होती है, लेकिन यह विश्व की वस्त्र जरूरतों के 27 प्रतिशत को पूरा करती है।
- भारत कुल वैश्विक कपास उत्पादन में 23 प्रतिशत के साथ विश्व में कपास का दूसरा सबसे बड़ा उत्पादक और उपभोक्ता है।

विश्व डिस्लेक्सिया दिवस

प्रश्न - 'विश्व डिस्लेक्सिया दिवस' कब मनाया जाता है?

(a) 4 अक्टूबर
(b) 3 अक्टूबर
(c) 8 अक्टूबर
(d) 5 अक्टूबर

उत्तर - (c)

संबंधित तथ्य -

विश्व डिस्लेक्सिया दिवस, 2023

- **मनाया गया —** 8 अक्टूबर, 2023
- **उद्देश्य —** डिस्लेक्सिया से पीड़ित व्यक्तियों को सीखने के प्रयासों में सहायता प्रदान करना
- **डिस्लेक्सिया क्या है? —**
  - यह एक सामान्य शिक्षण विकार है, जो किसी व्यक्ति की ठीक से पढ़ने और लिखने की क्षमता को प्रभावित करता है।
  - इससे पीड़ित व्यक्ति अक्सर बिना गलती किए तेजी से पढ़ने और लिखने में असमर्थ होते हैं।

विश्व डिस्लेक्सिया दिवस

प्रश्न - 'विश्व डिस्लेक्सिया दिवस' कब मनाया जाता है?

(a) 4 अक्टूबर
(b) 3 अक्टूबर

(c) 8 अक्टूबर
(d) 5 अक्टूबर

उत्तर - (c)

संबंधित तथ्य -

विश्व डिस्लेक्सिया दिवस, 2023

- **मनाया गया —** 8 अक्टूबर, 2023
- **उद्देश्य —** डिस्लेक्सिया से पीड़ित व्यक्तियों को सीखने के प्रयासों में सहायता प्रदान करना
- **डिस्लेक्सिया क्या है? —**
  - यह एक सामान्य शिक्षण विकार है, जो किसी व्यक्ति की ठीक से पढ़ने और लिखने की क्षमता को प्रभावित करता है।
  - इससे पीड़ित व्यक्ति अक्सर बिना गलती किए तेजी से पढ़ने और लिखने में असमर्थ होते हैं।

मौत की सजा के विरुद्ध विश्व दिवस

प्रश्न - अक्टूबर, 2023 में 'मौत की सजा के विरुद्ध विश्व दिवस' कब मनाया गया?

(a) 8 अक्टूबर
(b) 10 अक्टूबर
(c) 12 अक्टूबर
(d) 14 अक्टूबर

उत्तर - (b)

संबंधित तथ्य -

मौत की सजा के विरुद्ध विश्व दिवस (World Day Against the Death Penalty), 2023

- **मनाया गया —** 10 अक्टूबर, 2023
- **पहली बार मनाया गया —** वर्ष 2003 में वर्ल्ड कोएलिशन अगेंस्ट द डेथ पेनाल्टी द्वारा
- **उद्देश्य —** मृत्युदंड के उन्मूलन की वकालत करना और उन परिस्थितियों के बारे में जागरूकता बढ़ाना जो मृत्यु की सजा से प्रभावित होती हैं।

❖ गौरतलब है कि मौत की सज़ा भारतीय संविधान के अनुच्छेद 14, 19 और 21 में दिए गए मौलिक अधिकारों का उल्लंघन करता है।

व्यवहार में मौत की सजा, एमनेस्टी इंटरनेशनल के अनुसार

- 112 देशों ने सभी अपराधों के लिए मृत्युदंड को समाप्त कर दिया है।
- 9 देशों ने सामान्य अपराधों के लिए मृत्युदंड को समाप्त कर दिया है।
- वर्ष 2022 के अंत तक विश्वभर में 28,282 व्यक्तियों को मौत की सजा दी गई।
- वर्ष 2022 में विश्व में सबसे अधिक मौत की सजा निष्पादित करने वाले 5 देश हैं-
  1. चीन
  2. ईरान
  3. सऊदी अरब
  4. मिस्र
  5. अमेरिका

विश्व विद्यार्थी दिवस

प्रश्न - 15 अक्टूबर, 2023 को किस महापुरुष के जन्म दिवस के उपलक्ष्य में 'विश्व विद्यार्थी दिवस' मनाया गया?

(a) डॉ. डी.के. कर्वे
(b) डॉ. एपीजे अब्दुल कलाम
(c) मौलाना अबुल कलाम आजाद
(d) ज्योतिबा फुले

उत्तर - (b)

संबंधित तथ्य -

विश्व विद्यार्थी दिवस, 2023

- **मनाया गया —** 15 अक्टूबर, 2023
- **उद्देश्य —** सरकारों एवं संस्थानों को छात्र हितैषी कार्यों को करने हेतु प्रोत्साहित करना।
- यह दिवस देश के पूर्व राष्ट्रपति एवं मिसाइल मैन ऑफ इंडिया के नाम से प्रसिद्ध डॉ. ए.पी.जे. अब्दुल कलाम के जन्म दिवस के उपलक्ष्य में मनाया जाता है।
- **डॉ. एपीजे अब्दुल कलाम के बारे में —**
  - **जन्म —** 15 अक्टूबर, 1931 को रामेश्वरम, तमिलनाडु
  - **मृत्यु —** 27 जुलाई, 2015 को शिलांग, मेघालय
  - **देश के 11वें राष्ट्रपति रहे —** वर्ष 2002 से 2007 तक
  - **भारत रत्न से सम्मानित किया गया था —** वर्ष 1997 में

ग्लोबल हैंडवाशिंग डे

प्रश्न - 'ग्लोबल हैंडवाशिंग डे' कब मनाया जाता है?

(a) 12 अक्टूबर
(b) 14 अक्टूबर
(c) 15 अक्टूबर
(d) 8 अक्टूबर

उत्तर - (c)

संबंधित तथ्य -

ग्लोबल हैंडवाशिंग डे, 2023

- **मनाया गया —** 15 अक्टूबर, 2023
- **मुख्य विषय —** "Clean hands are within reach".
- **उद्देश्य —** बीमारियों को रोकने और जीवन बचाने के लिए हाथ धोने के महत्व के बारे में जागरूकता बढ़ाना।
- यह दिवस पहली बार वर्ष 2008 में मनाया गया था।

विश्व आर्थराइटिस (गठिया) दिवस

प्रश्न - 'विश्व आर्थराइटिश (गठिया) दिवस' कब मनाया जाता है?

(a) 10 अक्टूबर
(b) 12 अक्टूबर
(c) 3 अक्टूबर
(d) 5 अक्टूबर

उत्तर - (b)

संबंधित तथ्य -

'विश्व आर्थराइटिस (गठिया) दिवस'
(World Arthrities Day) 2023

- **मनाया गया —** 12 अक्टूबर, 2023
- **उद्देश्य —** गठिया और पेशीय तंत्रिका रोगों से पीड़ित लोगों को प्रभावित करने वाले मुद्दों के बारे में जागरूकता बढ़ाना।
- इस दिवस की स्थापना वर्ष 1996 में आर्थराइटिस और रूमेटिजम इंटरनेशनल (ARD) द्वारा की गई थी।

विश्व दृष्टि दिवस

प्रश्न - वर्ष 2023 में 'विश्व दृष्टि दिवस' कब मनाया गया?

(a) 10 अक्टूबर
(b) 13 अक्टूबर
(c) 12 अक्टूबर
(d) 15 अक्टूबर

उत्तर - (c)

संबंधित तथ्य -

विश्व दृष्टि दिवस (World Sight Day) 2023

- **मनाया गया —** 12 अक्टूबर, 2023
- यह दिवस प्रतिवर्ष अक्टूबर माह के दूसरे गुरुवार को मनाया जाता है।
- यह एक वैश्विक कार्यक्रम है, जिसका उद्देश्य अंधापन और दृष्टिबाधिता की ओर ध्यान आकर्षित करना है।
- **मुख्य विषय (Theme) —** ''काम करते समय अपनी आंखों से प्यार करें'' (Love Your Eyes at Work)।

विविध

दूसरा सरस आजीविका मेला, 2023

प्रश्न - दूसरे सरस आजीविका मेला, 2023 से संबंधित निम्न कथनों पर विचार कीजिए-

(1) 26 अक्टूबर से 11 नवंबर, 2023 के मध्य इसका आयोजन नई दिल्ली में किया जा रहा है।
(2) इसका आयोजन ग्रामीण विकास मंत्रालय और राष्ट्रीय ग्रामीण विकास एवं पंचायती राज संस्थान द्वारा किया जा रहा है।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से कथन सही है/हैं?

(a) केवल (1)
(b) (1) एवं (2) दोनों
(c) केवल (2)
(d) उपर्युक्त में से कोई नहीं

उत्तर - (c)

दूसरा सरस आजीविका मेला, 2023

- **कब —** 26 अक्टूबर से 11 नवंबर, 2023 तक
- **कहां —** गुरुग्राम, हरियाणा
- **किसके द्वारा —** ग्रामीण विकास मंत्रालय और राष्ट्रीय ग्रामीण विकास एवं पंचायती राज संस्थान।
- देशभर से स्वयं सहायता समूह की लगभग 800 महिलाएं अपनी कला और संस्कृति से जुड़े हस्तनिर्मित उत्पादों को इस मेले में प्रदर्शित करेंगी।

मिशन महिला सारथी

प्रश्न - 22 अक्टूबर, 2023 को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने मिशन शक्ति के क्रम में मिशन महिला सारथी का शुभारंभ कहां किया?

(a) लखनऊ में
(b) आगरा में
(c) अयोध्या में
(d) गोरखपुर में

उत्तर - (c)

संबंधित तथ्य -

मिशन महिला सारथी

- **क्या है—** उत्तर प्रदेश राज्य सड़क परिवहन निगम द्वारा महिलाओं को सशक्त बनाने के उद्देश्य से शुरू की गई एक पहल
- **शुभारंभ —** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ द्वारा
- **कब—** 22 अक्टूबर, 2023
- **कहां-** अयोध्या में
- **इसे शुरू किया गया है —** मिशन शक्ति के क्रम में
- **इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने हरी झंडी दिखाकर रवाना की—** 51 साधारण बी.एस.-6 बसों को
- **अनावरण किया—** इस मिशन के प्रतीक का
- **इन बसों में-**सिर्फ महिलाएं ही चालक और परिचालक होंगी।

❖ उत्तर प्रदेश परिवहन निगम की पहली बस 15 मई, 1947 को चलाई गई थी।

हरियाणा में पीएम-श्री स्कूलों का लोकार्पण

प्रश्न - 25 अक्टूबर, 2023 को केंद्रीय शिक्षा और कौशल विकास तथा उद्यमिता मंत्री धर्मेंद्र प्रधान और हरियाणा के मुख्यमंत्री मनोहर लाल खट्टर ने हरियाणा में कितने पीएम-श्री स्कूलों का लोकार्पण किया?

(a) 122
(b) 124
(c) 126
(d) 128

उत्तर - (b)

संबंधित तथ्य -

हरियाणा में पीएम-श्री स्कूलों का लोकार्पण

- **लोकार्पण —** 25 अक्टूबर, 2023 को
- **शुभारंकर्ता —** केंद्रीय शिक्षा और कौशल विकास तथा उद्यमिता मंत्री धर्मेंद्र प्रधान और हरियाणा के मुख्यमंत्री मनोहर लाल खट्टर
- **लोकार्पित स्कूलों की संख्या —** 124
- **इन स्कूलों में होगा—** आईसीटी प्रयोगशाला और स्मार्ट क्लासरूम
- **इसके अलावा लांच —** स्कूल ऐप और मोबाइल एप्लिकेशन निपुण (एनआईपीयूएन)
- **अनावरण —** बाल वाटिका-3 के लिए पुस्तकों तथा शिक्षण सामग्रियों का।

❖ पहले चरण में नए सत्र से 124 पीएम-श्री स्कूल शुरू होंगे।

❖ दूसरे चरण में 128 स्कूल शुरू किए जाएंगे, जिसके साथ ही हरियाणा में पीएम श्री स्कूलों की संख्या 252 हो जाएगी।

❖ हरियाणा में बाल वाटिका स्कूल को पहले प्ले वे स्कूल के नाम से जाना जाता था।

विद्या समीक्षा सॉफ्टवेयर-सागर से सारांश

प्रश्न - डेटा-आधारित निर्णय क्षमता बढ़ाने के लिए विद्या समीक्षा केंद्र के हिस्से के रूप में 'विद्या समीक्षा सॉफ्टवेयर-सागर से सारांश' किसके द्वारा विकसित किया गया है?

(a) एनसीईआरटी
(b) सीबीएसई
(c) आईसीएसई
(d) एनआईसी

उत्तर - (b)

संबंधित तथ्य -

विद्या समीक्षा सॉफ्टवेयर-सागर से सारांश

- **विकसित —** केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड (सीबीएसई) द्वारा
- **इसे विकसित किया गया है —** डेटा-आधारित निर्णय क्षमता बढ़ाने के लिए विद्या समीक्षा केंद्र के हिस्से के रूप में
- **सॉफ्टवेयर का लक्ष्य —** निर्णय लेने और शासन में बड़ी सफलता हासिल करने हेतु डेटा और प्रौद्योगिकी का लाभ उठाना
- **इस सॉफ्टवेयर में उपलब्ध है —** 28 हजार से अधिक सीबीएसई स्कूलों, 13 लाख से अधिक शिक्षकों और लगभग 3 करोड़ छात्रों का डेटा

❖ डेटा का उपयोग सीबीएसई शिक्षा प्रणाली की समग्र निगरानी को बढ़ाने और स्कूलों में शैक्षणिक संवर्धन परियोजनाओं के प्रभावी विश्लेषण के लिए किया जाएगा।

❖ इसमें 12 अरब से अधिक डेटा प्वॉइंट हैं।

❖ इस सॉफ्टवेयर में मुख्य रूप से तीन डेटासेट-व्यापक स्कूल डेटा, शैक्षणिक कौशल प्रशिक्षण और खेल डेटा एवं परीक्षा परिणाम डेटा शामिल हैं।

75वां फ्रैंकफर्ट पुस्तक मेला, 2023

प्रश्न - हाल ही में '75वां फ्रैंकफर्ट पुस्तक मेला, 2023' किस देश में आयोजित हुआ?

(a) जापान
(b) कनाडा
(c) जर्मनी
(d) अमेरिका

उत्तर - (c)

संबंधित तथ्य -

75वां फ्रैंकफर्ट पुस्तक मेला, 2023 आयोजित

- **कब —** 18-22 अक्टूबर, 2023
- **कहां —** फ्रैंकफर्ट, जर्मनी
- यह मेला विश्व के सबसे प्रशंसित पुस्तक मेलों में से एक है
- सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय, भारत सरकार का प्रकाशन विभाग ने इंडिया नेशनल स्टैंड के रूप में इस पुस्तक मेले में भाग लिया।

एयर इंडिया एक्सप्रेस की नई ब्रांड पहचान, लोगो और विमान पोशाक का अनावरण

प्रश्न - अक्टूबर, 2023 में किस हवाई अड्डे पर एयर इंडिया एक्सप्रेस की नई ब्रांड पहचान, लोगो और विमान पोशाक का अनावरण किया गया?

(a) दिल्ली हवाई अड्डा
(b) मुंबई हवाई अड्डा
(c) हैदराबाद हवाई अड्डा
(d) बंगलुरू हवाई अड्डा

उत्तर - (b)

संबंधित तथ्य -

एयर इंडिया एक्सप्रेस की नई ब्रांड पहचान, लोगो और विमान पोशाक का अनावरण

- **अनावरण —** 18 अक्टूबर, 2023 को
- **कहां —** मुंबई हवाई अड्डे पर
- **अनावरणकर्ता —** एयर इंडिया एक्सप्रेस के चेयरपर्सन कैंपबेल विल्सन और प्रबंध निदेशक आलोक सिंह
- **अनावरण हुआ —** नए बोइंग बी 738-8 विमान पर
- **एयरलाइन की नई पहचान में शामिल —** ऑरेंज और फिरोजा (एक ऊर्जावान) और प्रीमियम रंग पैलेट, जिसमें टेंजेरीन और आइस ब्लू द्वितीयक
- **ऑरेंज प्रतीक है —** एयर इंडिया एक्सप्रेस के उत्साह और चपलता के ब्रांड मूल्यों का
- **यह दर्शाता है —** सर्वोत्कृष्ट भारतीय गर्मजोशी की स्थिति को
- **फिरोजा प्रतीक है —** समकालीन प्रीमियम संवेदनशीलता और डिजिटल-फर्स्ट दृष्टिकोण के साथ शैली के ब्रांड व्यक्ति व गुणों का।

❖ टाटा के स्वामित्व वाली एयर इंडिया की सहायक कंपनियों एयर इंडिया एक्सप्रेस और एयर एशिया इंडिया का विलय अंतिम चरण में है।

तूफान कोइनु

प्रश्न - अक्टूबर, 2023 में आए तूफान कोइनु से सर्वाधिक या आंशिक रूप से शामिल देशों में विकल्प में कौन-सा देश शामिल नहीं है?

(a) ताइवान
(b) हांगकांग
(c) चीन
(d) नेपाल

उत्तर - (d)

संबंधित तथ्य -

तूफान कोइनू

- **यह तूफान आया** — अक्टूबर, 2023 में
- **कहां** — पश्चिमी प्रशांत महासागर के ऊपर
- **सर्वाधिक प्रभावित देश** — ताइवान और हांगकांग
- **प्रभावित होने का कारण** — तेज हवाएं और तीव्र वर्षा
- **आंशिक प्रभावित देश** — चीन और फिलीपींस
- **चीन का सर्वाधिक प्रभावित प्रांत** — गुआंगडोंग
- **ताइवान में हवा की गति 342 किमी. प्रति घंटा दर्ज की गई** — दक्षिणी पूर्वी तट, लैनयू द्वीप (ऑर्किड द्वीप) पर

❖ यह तूफान एक शक्तिशाली उष्णकटिबंधीय चक्रवात था।

एमडीओएनईआर एनालिटिक्स डैशबोर्ड और 'पूर्वोत्तर संपर्क सेतु' पोर्टल

प्रश्न - 12 अक्टूबर, 2023 को किसने विज्ञान भवन, नई दिल्ली में वर्चुअल माध्यम से एमडीओएनईआर एनालिटिक्स डैशबोर्ड और 'पूर्वोत्तर संपर्क सेतु' पोर्टल लांच किया।

(a) अमित शाह
(b) जितेंद्र सिंह
(c) बी.एल.वर्मा
(d) जी. किशन रेड्डी

उत्तर - (c)

संबंधित तथ्य -

एमडीओएनईआर एनालिटिक्स डैशबोर्ड और 'पूर्वोत्तर संपर्क सेतु' पोर्टल

- **लांच** — 12 अक्टूबर, 2023 वर्चुअल
- **लांचकर्त्ता** — उत्तर-पूर्वी क्षेत्र विकास मंत्रालय (एमडीओएनईआर) के राज्यमंत्री बी.एल. वर्मा
- **लांच स्थल** — विज्ञान भवन, नई दिल्ली
- **डैशबोर्ड में है** — 55 विभागों और मंत्रालयों की 112 योजनाओं का डेटा
- **यह डैशबोर्ड कड़ी नजर रखेगा** — एनईआर के आकांक्षी जिलों, उत्तर-पूर्व सीमावर्ती जिलों और एनईआर के सबसे पिछड़े जिलों पर
- **पोर्टल डिजाइन किया गया है** — एनईआर में केंद्रीय मंत्रियों की पाक्षिक यात्राओं की निगरानी को सुव्यवस्थित करने और बढ़ाने हेतु।
- **यह पोर्टल क्यूरेटेड सूची तैयार करता है** — उन मंत्रियों की, जिन्हें आगामी महीनों में एनईआर की यात्रा के लिए नामांकित किया जा सकता है।

नीव साहित्यिक महोत्सव, 2023

प्रश्न - अक्टूबर, 2023 में बाल साहित्य से संबंधित 'नीव साहित्यिक महोत्सव, 2023' कहां आयोजित हुआ?

(a) नई दिल्ली
(b) बंगलुरू
(c) जयपुर
(d) हैदराबाद

उत्तर - (b)

संबंधित तथ्य -

नीव साहित्यिक महोत्सव (Neev Literature Festival), 2023 आयोजित

- **बाल**—साहित्य प्रदर्शनी का प्रमुख उत्सव
- **कब** — 7-8 अक्टूबर, 2023
- **कहां** — येमलुर, बंगलुरू
- इस महोत्सव की शुरुआत वर्ष 2017 में हुई थी।

प्रोजेक्ट उद्भव

प्रश्न - अक्टूबर, 2023 में 'प्रोजेक्ट उद्भव' किसके द्वारा शुरू किया गया?

(a) डीआरडीओ
(b) इसरो
(c) सीएसआईआर
(d) भारतीय सेना

उत्तर - (d)

संबंधित तथ्य -

प्रोजेक्ट उद्भव

- **क्या है** — यह भारतीय सेना द्वारा सैन्य संदर्भों में भारतीय विरासत को खोजने की एक पहल।
- **उद्घाटन** — रक्षा मंत्री श्री राजनाथ सिंह द्वारा।
- **कब शुरू हुआ** — अक्टूबर, 2023 में।
- **प्रमुख उद्देश्य** — प्राचीन ज्ञान को आधुनिक सैन्य शिक्षाशास्त्र का हिस्सा बनाना।
- यह शिमला स्थित 'आर्मी ट्रेनिंग कमांड और दिल्ली के यूनाइटेड सर्विस इंस्टीट्यूशन ऑफ इंडिया (USI) का एक संयुक्त प्रयास है।

साप्ताहिक करेंट अफेयर्स की फ्री पीडीएॅफ़ पाने के लिए हमारे टेलीग्राम चैनल और ग्रुप से जुडें...

https://t.me/ssgcp

https://t.me/ssgcpl

सम-सामयिक घटना चक्र

घटना चक्र

Android App

DOWNLOAD

GET IT ON Google Play

या ssgcp.com

@SamSamayikGhatnaChakraPvtLtd

https://www.facebook.com/ssghatnachakra

https://twitter.com/samsamyikghatna

https://www.instagram.com/ssgcpl/

https://t.me/ssgcpl

ऑनलाइन आर्डर भेजें अथवा अपने नज़दीकी पुस्तक विक्रेता से प्राप्त करें